विषविकारमपाकरोति ॥ १७ ॥ त्वामेव वीततमसं परवादिनोऽपि नून विभो हरिहरादिधिया प्रपन्नाः। किं काचकामलिभिरीश सितोऽपि शङ्खो नो गृह्यते विविधवर्णविपर्ययेण ॥ १८ ॥ धर्मोपदेश समये सविधानुभावादास्तां जनो भवति ते तरुरप्यशोकः। अभ्युद्गते दिनपतौ स महीरुहोऽपि कि वा विवोधमुपयाति न जीव लोक. ॥ १९ ॥ चित्रं विभो कथमवाङ्मुखवृन्तमेव विष्वक्पतत्य विरला सुरपुष्पवृष्टि॰। त्वद्गोचरे सुमनसा यदि वा मुनीश! गच्छन्ति नूनमध एव हि वन्धनानि ॥ २० ॥ स्थानेगभीरहृदयोदधिसम्भवाया. पीयूषतां तव गिरः समुदीरयन्ति। पीत्वा यत॰ परमसंमदसङ्गभाजो भव्या व्रजन्ति तरसाप्यजरामरत्वम् ॥२१॥ स्वामिन्सुदूरमवनम्य समुत्पतन्तो मन्ये वदन्ति शुचय. सुरचामरौघा॰। येऽस्मै नतिं विदधते मुनिपुङ्गवाय ते नूनमूर्ध्वगतय खलु शुद्धभावा ॥२२॥ श्यामं गभीरगिरमुज्ज्वलहेमरत्नसिंहासनस्थमिह भव्यशिखण्डिनस्त्वाम्। आलोकयन्ति रभसेन नदन्तमुच्चैश्चामीकराद्रिशिरसीव नवाम्बुवाहम् ॥२३॥ उद्गच्छता तव शितिद्युतिमण्डलेनलुप्तच्छदच्छविरशोकतरुर्बभूव। सान्निध्यतोऽपि यदि वा तव वीत राग? नीरागता व्रजति को न सचेतनोऽपि ॥ २४ ॥ भो भो प्रमादमवधूय भजध्वमेनमागत्य निर्वृतिपुरीं प्रति सार्थवाहम्। एतन्निवेदयति देव जगत्त्रयाय मन्ये नदन्नभिनभः सुरदुन्दुभिस्ते ॥ २५ ॥ उद्योतितेषु भवता भुवनेषु नाथ तारान्वितो विधुरय विहताधिकार.। मुक्ताकलापकलितोरुसितातपत्रव्याजात्त्रिधा धृतधनुर्ध्रुवमभ्युपेत ॥ २६ ॥ स्वेन प्रपूरितजगत्त्रयपिण्डितेन कांतिप्रतापयशसामिव सञ्चयेन ॥ माणिक्यहेमरजतप्रविनिर्मितेन

सालत्रयेण भगवन्नभितो विभासि ॥२७॥ दिव्यस्रजो जिन नमत्त्रि-
दशाधिपानामुत्सृज्य रत्नरचितानपि मौलिबन्धान्। पादौ श्रयन्ति
भवतो यदि वा परत्र त्वत्सङ्गमे सुमनसो न रमन्त एव ॥ २८ ॥
त्वं नाथ जन्मजलधेर्विपराङ्मुखोऽपि यत्तारयस्यसुमतो निज-
पृष्ठलग्नान्। युक्तं हि पार्थिवनिपस्य सतस्तवैव चित्रं विभो
यदसि कर्मविपाकशून्यः ॥ २९ ॥ विश्वेश्वरोऽपि जनपालक दुर्ग-
तस्त्वं किं वाक्षरप्रकृतिरप्यलिपिस्त्वमीश। अज्ञानवत्यपि सदैव
कथंचिदेव ज्ञानं त्वयि स्फुरति विश्वविकासहेतु ॥ ३० ॥
प्राग्भारसम्भृतनभांसि रजांसि रोषादुत्थापितानि कमठेन शठेन
यानि। छायापि तैस्तव न नाथ हता हताशो ग्रस्तस्त्वमीभिर-
यमेव परं दुरात्मा ॥ ३१ ॥ यद्गर्जदूर्जितघनौघमदभ्रभीम-
भ्रश्यत्तडिन्मुसलमांसलघोरधारम्। दैत्येन मुक्तमथ दुस्तरवारि
दध्रे तेनैव तस्य जिन दुस्तरवारिकृत्यम् ॥ ३२ ॥ ध्वस्तोर्ध्व-
केशविकृताकृतिमर्त्यमुण्डप्रालम्बभृद्भयदवक्त्रविनिर्यदग्निः। प्रेत-
व्रजः प्रति भवन्तमपीरितो यः सोऽस्याभवत्प्रतिभवं भवदुःख-
हेतु ॥ ३३ ॥ धन्यास्त एव भुवनाधिप ये त्रिसन्ध्यमाराधयन्ति
विधिवद्विधुतान्यकृत्याः। भक्त्योल्लसत्पुलकपक्ष्मलदेहदेशा पाद-
द्वयं तव विभो भुवि जन्मभाजः ॥ ३४ ॥ अस्मिन्नपारभववारि-
निधौ मुनीश ! मन्ये न मे श्रवणगोचरतां गतोऽसि। आकर्णिते
तु तव गोत्रपवित्रमन्त्रे किं वा विपद्विषधरी सविधं समेति ॥३५॥
जन्मान्तरेऽपि तव पादयुगं न देव। मन्ये मया महितमीहितदान-
दक्षम्। तेनेह जन्मनि मुनीश ! पराभवानां जातो निकेतनमहं म-
थिताशयानाम् ॥ ३६ ॥ नूनं न मोहतिमिरावृतलोचनेन पूर्वं विभो

सकृदपि प्रविलोकितोऽसि । मर्माविधो विधुरयन्ति हि मामनर्थाः प्रोद्यत्प्रबन्धगतयः कथमन्यथैते॥ ॥३७ ॥ आकर्णितोपि महितोऽपि निरीक्षितोपि नूनं न चेतसि मया विधृतोऽसि भक्त्या। जातोऽस्मि तेन जन बान्धव दु:खपात्रं यस्मात्क्रियाः प्रतिफलन्ति न भावशून्याः ॥ ३८ ॥ त्वं नाथ दुःखिजनवत्सल हे शरण्य ! कारुण्यपुण्यवसते वशिनां वरेण्य। भक्त्या नते मयि महेश दया विधाय दुःखाकुरोद्दलनतत्परता विधेहि ॥ ३९ ॥ निःसंख्यसारशरण शरणं शरण्यमासाद्य सादितरिपुप्रथितावदानम्। त्वत्पादपङ्कजमपि प्रणिधानवन्ध्यो वन्ध्योऽस्मि तद्भुवनपावन हा हतोऽस्मि ॥ ४० ॥ देवेन्द्रवन्द्य विदिताखिलवस्तुसार संसारतारक विभो भुवनाधिनाथ। त्रायस्व देव करुणाह्रद मां पुनीहि सीदन्तमद्य भयदव्यसनाम्बुराशेः ॥४१॥ यद्यस्ति नाथ भवदङ्घ्रिसरोरुहाणां भक्तेः फलं किमपि सन्ततसञ्चितायाः। तन्मे त्वदेकशरणस्य शरण्यभूयाः स्वामी त्वमेव भुवनेऽत्र भवान्तरेऽपि ॥ ४२ ॥ इत्थं समाहितधियो विधिवज्जिनेंद्र सान्द्रोल्लसत्पुलककञ्चुकिताङ्गभागाः। त्वद्बिम्बनिर्मल मुखाम्बुजबद्धलक्ष्या ये संस्तवं तव विभो रचयन्ति भव्याः ॥ ४३ ॥ जननयनकुमुदचन्द्र—प्रभास्वराः स्वर्गसम्पदो भुक्त्वा। ते विगलितमलनिचया अचिरान्मोक्षं प्रपद्यन्ते ॥ ४४ ॥

२७—कल्याणमन्दिर (भाषा)

दोहा—परमज्योति परमात्मा, परमज्ञान परवीन।
वंदू परमानन्दमय, घट घट अन्तर लीन ॥

निर्भय करण परम परधान। भव समुद्र जल तारण यान ॥
शिव मन्दिर अघहरण अनिंद। वंदू पार्श्व चरण अरविन्द ॥ १ ॥

कमठ मान भंजन वरवीर । गरिमा सागर गुण गम्भीर ॥
सुर गुरु पार लहैं नहिं जासु । मैं अजान गुण बरणूं तासु ॥ २ ॥
प्रभु स्वरूप अति अगम अथाह । क्यों हमसे यह होय निवाह ॥
ज्यों दिन अन्ध उलूको पोत । कहि न सकै रविकिरण उद्योत ॥३॥
मोह हीन जाने मनमांहि । तोहि न तुम गुण बरणे जाहिं ॥
प्रलय पयोधि करे जल गौन । प्रगटहिं रतन गिने तिहि कौन ॥४॥
तुम असंख्य निर्मल गुण खान । मैं मतिहीन कहौं निज बान ॥
ज्यों बालक निज बांहि पसार । सागर परिमित कहै विचार ॥५॥
जो योगीन्द्र करहिं तप खेद । तेऊ न जानहिं तुम गुण भेद ॥
भक्ति भाव मुझ मन अभिलाष । ज्यों पक्षी बोलै निज भाष ॥६॥
तुम यश महिमा अगम अपार । नाम एक त्रिभुवन आधार ॥
आवै पवन पद्म सर होय । ग्रीष्म तपन निवारै सोय ॥ ७ ॥
तुम आवत भविजन मनमांहि । कर्म निबन्ध शिथिल ह्वै जाहिं ॥
ज्यों चन्दन तरु बोलै मोर । डरहिं भुजंग भगैं चहुं ओर ॥ ८ ॥
तुम निरखत जन दीनदयाल । संकट तैं छूटैं तत्काल ॥
ज्यों पशु घेरि लेहिं निशि चोर । ते तज भागहिं देखत भोर ॥ ९ ॥
तुम भविजन तारक किम होहि । ते चित धार तिरहिं लै तोहि ॥
यह ऐसे कर जान स्वभाव । तिरहिं मसक ज्यों गर्भित बाव ॥१०॥
जिन सब देव किये वश वाम । तैं छिनमें जीत्यो सो काम ॥
ज्यों जल करै अग्नि कुल हान । बडवानल पीवै सो पान ॥११॥
तुम अनन्त गुरुवा गुण लिये । क्योंकर भक्ति धरूं निज हिये ॥
ह्वै लघुरूप तरहिं संसार । यह प्रभु महिमा अगम अपार ॥ १२ ॥
क्रोध निवार कियो मन शान्ति । कर्म सुभट जीते किहि भांति ॥

यह पट्टुनर देखहु संसार। नील वृक्ष ज्यों दहै तुपार ॥ १३ ॥
मुनि जन हिये कमल निज टोहि। सिद्ध स्वरूप सम ध्यावैं तोहि ॥
कमल कर्णिका विन नहि और। कमलवीज उपजन्नकी ठौर ॥१४॥
जव तुम ध्यान धरे मुनि कोय। तव विदेह परमातम होय ॥
जैसे धातु शिला तनु त्याग। कनक स्वरूप धरै जव आग ॥१५॥
जाके मन तुम करहु निवास। विनश जाय क्यों विग्रह नास ॥
ज्यों महन्त विच आवे कोय। विग्रह मूल निवारै सोय ॥१६॥

करहिं विविध जो आतम ध्यान। तुम प्रभावतैं होय निदान ॥
जैसे नीर सुधा अनुमान। पीवत विष विकारकी हान ॥ १७ ॥
तुम भगवन्त विमल गुण लीन। समल रूप मानहि मतिहीन ॥
ज्यों नीलिया रोग दृग गहै। वर्ण विवर्ण शंख सो कहै ॥ १८ ॥

दोहा—निकट रत उपदेश सुन, तरुवर भया अशोक। ज्यों रवि ऊगत जीव सव, प्रकट होत भुवि लोक ॥ १९ ॥ सुमन वृष्टि ज्यों सुर करहि हेठ वीठ मुख सोय। ज्यों तुम सेवत समन जन वन्ध अधोमुख होय ॥२०॥ उपजी तुम हिय उदधितैं, वाणी सुधा समान। जिहिं पीवत भविजन लहै, अजर अमर पदथान ॥ २१ ॥ कहहिं सार तिहुं लोकको, यह सुर चामर दोय। भाव सहित जो जिन नमैं, तिस गति ऊरध होय ॥ २२ ॥ सिंहासन गिरि मेरु सम प्रभु धुनि गरजत घोर। श्याम सुतन तनरूप लखि, नाचत भवि-जन मोर ॥ २३ ॥ छविहित होय अशोक दल, तुम भामण्डल देख। वीतरागके निकट रह, रहै न राग विशेष ॥ २४ ॥ सीख कहै तिहुलोकको, यह सुर दुंदुभिनाद। शिवपथ सारथ वाह जिन, भजो तजो परमाद ॥ २५ ॥ तीन छत्र त्रिभुवन उदित,

मुक्ताफल छवि देत। त्रिविध छत्र मनहुँ शशि सेवत नखत समेत ॥ २६ ॥

पद्धड़ी छन्द—प्रभु तुम शरीर दुति रतन जेम, परताप पुञ्जजिमि शुद्ध हेम। अति धवल सुयश रूपासमान, तिनके गुण तीन विरा जमान ॥ २७ ॥ सेवहिं सुरेन्द्रकर नमत भाल, तिन सीस मुकुट तज देय माल। तुम चरण लगत लहलहै प्रीत, नहिं रमहिं और जन सुमन रीति ॥ २८ ॥ प्रभु भोग विमुख तन कर्म दाह जन पार करत भवजल निवाह। ज्यों माटी कलश सुपक्व होय ले भार अधोमुख तिरहिं तोय ॥ २९ ॥ तुम महाराज निर्धन निराश, तज वैभव सब जग प्रकाश। अक्षर स्वभाव सुलिखे न कोय महिमा भगवन्त भगवन्त होय ॥ ३० ॥ कोपियो कमठ निज वैर देख तिन करी धूलि वर्षा विशेष। प्रभु तुम छाया नहिं भई हीन सो भयो पापि लम्पट मलीन ॥ ३१ ॥ गर्जत घोर घन अन्धकार, चमकत विज्जु जल मुसलधार। बरसंत कमठ धर ध्यान रुद्र, दुस्तर करन्त निज भव समुद्र ॥३२॥ वस्तु छन्द—मेघ माली मेघ माली आप बल फोरि भेजे तुरतपिशाच गण नाथ पास उपसर्ग कारण। अग्नि जाल झूलंत मुख धुनि करत जिमि मत्त वारण॥ काल रूप विकराल तन मुण्डमाल हित कण्ठ। ह्वै निशंक वह रंक निज करें कर्म दृढ़ गंठ ॥३३॥

चौपाई—जे तुम चरण कमल तिहुँकाल,सेवहिं तज माया जंजाल। भाव भक्ति मन हर्ष अपार, धन्य धन्य जग तिन अवतार ॥ ३४ ॥ भवसागर महि फिरत अजान मैं तुम सुयश सुन्यौं नहिं कान। जो प्रभु नाम मन्त्र मन धरै तासों विपति भुजङ्गम डरै ॥ ३५ ॥ मन

वाछित फल जिन पद माहि। मैं पूरव भव पूजे नाहिं॥ माया मगन मैं फिरो अज्ञान। करहिं रक जन मुझ अपमान॥ ३६॥ मोह तिमिर छाये द्रग मोहि। जन्मान्तर देखो नहिं तोहि॥ तो दुर्जन सङ्गति मुझ गहै। मरम छेदके कुवचन कहै॥ ३७॥ सुनो कान यश पूजे पांय। नैनन देखो रूप अघाय॥ भक्ति हेतु न भयो चितचाव। दुखदायक किया विन भाव॥ ३८॥ महाराज शरणागतपाल। पतित उधारण दीनदयाल॥ सुमिरण करहु नाय निज शीस। मुझ दुख दूर करो जगदीश॥ ३९॥ कर्मनिकन्दन महिमा सार। अशरणशरण सुयश विस्तार॥ नहिं सेऊं तुमरे प्रभु पांय। तो मुझ जन्म अकारथ जाय॥ ४०॥ सुरपतिवन्दित दयानिधान। जगतारण जगपति जगयान॥ दुख सागर ते मोहि निकास। निर्भय थान देहु सुखरास॥ ४१॥ मैं तुम चरणकमल गुण गाय। वहुविधि भक्ति करी मनलाय। जन्म जन्म प्रभु पाऊं तोहि। यह सेवा फल दीजे मोहि॥ ४२॥

रोडक छन्द—यह विधि श्रीभगवन्त सुयश जे भवि जन भाषहिं। ते निज पुण्य भंडार सञ्च चिर पाप प्रणाशहिं॥ रोम रोम हुलसन्त अन्त प्रभु गुण मन ध्यावें। स्वर्ग सम्पदा भुञ्ज वेग पञ्चम गति पावें॥ ४३॥

दोहा—यह कल्याण मन्दिर कियो, कुमुदचन्द्रकी बुद्ध।
भाषा कहत वनारसी, कारण समकित शुद्ध॥ ४४॥

२८—विषापहार स्तोत्र भाषा।

दोहा—आतम लीन अनन्तगुण स्वामी ऋषभ जिनेन्द्र।
नित प्रति वन्दित चरण युग, सुर नागेन्द्र नरेन्द्र॥ १॥

विश्व सुभाय विमल गुण ईश। विहरमान वन्दों जिन बीस॥ गणधर गौतम शारदमाय। वर दीजे मोहि बुद्धि सहाय॥२॥ सिद्ध साधु सत गुरु आधार। करूं कवित्त आतम उपकार॥ विषापहार स्तवन उद्धार। सुनत औषधी अमृत सार॥ मेरा मंत्र तुम्हारा नाम। तुम ही गारुड़ गरुड़ समान॥ तुम सम वैद्य नहीं संसार। तुम स्वामी तिहुं लोक मझार॥४॥ तुम विषहरण करन जग सन्त। नमो नमों तुम देव अनन्त॥ तुम गुण महिमा अगम अपार। सुरगुरु शेष लहैं नहिं पार॥५॥ तुम परमातम परमा-नन्द। कल्पवृक्ष पद सुखके कन्द॥ सुमिरत मेटत भय भविजन पीर। विद्यासागर गुण गम्भीर॥६॥ तुम छवि मदन महा बलवीर। संकट विकट भयभंजन धीर॥ तुम जगतारण तुम जगदीश। पतित उधारण विश्वा बीस॥७॥ तुम गुणमणि चिन्तामणि राश। चित्रवेलि चितहरण विलास॥ चित्रहरण तुमनाम अनूप। मंत्र यंत्र तुमही मणिरूप॥८॥ जैसे वज्र पर्वत परिहार। त्यों तुम नाम सु विषापहार॥ नागदमन तुम नाम सहाय। विषहर विषनाशक समुदाय॥९॥ तुम सुमरण चिन्ते मनमाहिं। विष पीवे अमृत हो जाहिं॥ नाम सुधारस वर्षे जहां। पाप व कलमष रहै न तहां॥१०॥ ज्यों पारसके परसे लोह। निज गुण तज कंचन सम होइ॥ त्यों तुम सुमरण साधे सूंघ। नीच को पावे पदवी ऊंच॥११॥ तुमहि नाम औषधि अनुकूल। महा मन्त्र सार औषध मूल। मूरख मर्म न जाने भेय। कर्म कलङ्क दहन तुम देव॥१२॥ तुम हो नाम गारुड़ गाढ़ गहै। काल भुजङ्गम कैसे रहै॥ तुमरो धनमन्तर हो जिनराय। मरण न पावेको तुम दाय॥१३॥ तुम सूरज उदयाचल आस।

संशय शीत न व्यापे तास ॥ जीवे दादुर वर्षे तोय। सुन वाणी सर जीवन होय ॥ १४ ॥ तुम विन कौन करै मुझ पार। तुम कर्त्ता हर्त्ता किरपाल ॥ १५ ॥ शरण आयो तुम्हरी जिनराज। अव मो काज सुधारो आज ॥ मेरे यह धन पूंजी पूत। साह कहे घर राखो सून ॥ १६ ॥ करौं वीनती वारम्वार। तुम विन कर्म करैको क्षार ॥ १७ ॥ विग्रह ग्रह दुख विपति वियोग। और जु घोर जलंधर रोग ॥ चरण कमल रज टुक तन लाय। कुष्ट व्याधि दीरघ मिट जाय ॥ १८ ॥ मैं अनाथ तुम त्रिभुवननाथ। मात पिता तुम सज्जन साथ ॥ तुम सा दाता कोई न आन ॥ और कहा जाऊ भगवान ॥ १६ ॥ प्रभुजी पतित उधारन आह। वाह गहेकी लाज निवाह ॥ जहा देखों तहा तुम्हीं आय। घट २ ज्योति रही ठहराय ॥ २० ॥ वाट सुघाट विषय भय जहा। तुम विन कौन सहाई तहां ॥ विकट व्याधि व्यंतर जल दाह। नाम लेत क्षण माहिं विलाह ॥ २१ ॥ आचार्य मानतुङ्ग अवसान। सकट सुमिरो नाम निधान ॥ भक्ता-मरकी भक्ति सहाय। प्रण राखे प्रगटे तिस ठाय ॥२२॥ चुगल एक नृप विग्रह ठहो। वादिराज नृप देखन गयो ॥ एकीभाव कियो निसन्देह। कुष्ट गयो कञ्चनसम देह ॥२३॥ कल्याण मन्दिर कुमुद चन्द्रठयो। राजा विक्रम विस्मय भयो ॥ सेवक जान तुम करी सहाय। पारसनाथ प्रगटे तिस ठाय ॥ २४ ॥ गई व्याधि विमल मति लही। तहा फुनि सुनिधी तुमही कही ॥ भवसुदत्त श्रीपाल नरेश। सागर जल संकट सुविशेष ॥ २५ ॥ तहा पुनि तुमही भये सहाय। आनन्दसे घर पहुंचे जाय ॥ सभा दुश्शासन पकडो चीर द्रुपदी प्रण राखो कर धीर ॥ २६ ॥ सीता लक्ष्मण दीनो साज।

रावण झीत विमीषण राज ॥ सेठ सुदर्शन साहस दियो । शूलीसे सिंहासन कियो ॥ २७ ॥ वारिषेण नृप परियो ध्यान । ततक्षण उपजो केवल ज्ञान ॥ सिंह सर्पादिक जीव अनेक । जिन सुमिरे तिन राखी टेक ॥ २८ ॥ ऐसी कीरति जिनकी कहूं । सात कहै शरणागत रहु ॥ इस अवसर आवे यह काज । मुझ सन्देह मिटे तत्काल ॥ २९ ॥ कभी छोड़ विरद महाराज । अथवा विरद निबाहो आज ॥ और अर्थ पन मेरे नाहिं । मैं निश्चय कीनो मन माहिं ॥ ३० ॥ चरण कमल छोड़ों ना सेव । मेरे तो तुम सतगुरु देव ॥ तुम ही सूरज तुमही चन्द । मिथ्या मोह निकन्दन कन्द ॥३१॥ धर्मचक्र तुम धारण धीर । विघ्नहर चक्रविदारन वीर ॥ घोर अग्नि जल भूत पिशाच । जल जन्तु मरती उपपास ॥ ३२ ॥ दुर दुष्ट्मन राजा वश होय । तुम प्रसाद गर्व नहिं कोय ॥ हय गज युद्ध सबल सामंत । सिंह शार्दूल महा मयवंत ।।३३।। दुखस्थान विपद विकराल । तुम सुमरत पूरें तत्काल ॥ पांचन पनही ममक न लाज । ताको तुम दाता गजराज ।।३४।। एक उपाय पच्यो धुन साज । तुम प्रभु बड़े गरीबनिवाज । पानीसे पैदा सब करे । भरी झाल तुम रीती करे ॥ ३५ ॥ हरता कर्ता तुम जिनराज । कौड़ी कुञ्जर करत निहाल ॥ तुम समरण अवर नो ध्यान । कहंसग प्रभुजी करों बखान ॥ ३६ ॥ आगम पन्थ न सूझे मोहि । तुमरे चरण बिना किमि होहि । भये प्रसन्न तुम साहस कियो । दयावन्त तर दर्शन दियो ॥ ३७ ॥ साह पुत्र जब चेतन भयो । हंसन हंसन घर तब गयो ॥ धनदर्शन पायो मनभावन । आज भानु मुख मयन ... मेरो

भयो ॥ कर युग जोड नवाउं शीश । मुझ अपराध क्षमो जगदीश ॥३९॥ सत्रह सौ पन्द्रह शुभ थान । नारनौल तिथि चौदश जान । पढे सुने तहां परमानन्द । कल्पवृक्ष महा सुख कन्द ॥४०॥ अष्ट सिद्धि नवनिधिसो लहै । अचलकीर्ति आचार्य कहै ॥ याको पढ़ो सूनो सब कोय । मनवांछित फल निश्चय होय ॥ ४१ ॥

दोहा—भय भञ्जन रञ्जन जुगत, विषापहार अभिराम ।
संशय तज सुमिरो सदा श्रीजिनवरको नाम ॥ ४२ ॥

॥ इति ॥

२६—एकीभाव स्तोत्र भाषा

दोहा—वादराजशमुनिराजके, चरण कमल चित लाय ।
भाषा एकीभावकी करूं स्वपर सुखदाय ॥

चौवीस मात्रा काव्य छन्द ।

जो अति एकीभाव भयो मानो अनिवारी । सो मुझ कर्म प्रबन्ध करत भव भव दुख भारी ॥ ताहि तिहारी भक्ति जनत रवि जो निरवारै । तो अब और कलेश कौन सो नाहि विदारै ॥ १ ॥ तुम जिन ज्योति स्वरूप दुरित अन्धियारी निवारी । सो गणेश गुरू कहै तत्व विद्या धनधारी ॥ मेरे चित घर माहि वसो तेजो मय यावत । पाप तिमरि अवकाश तहां सो क्योंकर पावत ॥२॥ आनन्द आंसू बदन धोय तुम सों चित सानै । गद्गद् सुरसों सुयश मन्त्र पढ पूजा ठानै ॥ ताके बहु विधि व्याध व्याल चिर काल निवासी भाजैं थानक छोड देह वम्वईके वासी ॥ ३ ॥ दिवतै आवनहार भये अवि भाग उदय वल । पहले ही सुर आय कनक मय कीय महीतल ॥ मनगृह ध्यान दुवार आय निवसे जग

नामी । जो तुममें रम करो कौन यह भवदल स्वामी ॥४॥ प्रभु सब जगके बिना हेतु बान्धव उपकारी । निरावर्ण सर्वज्ञ शक्ति जिनराज तिहारी ॥ भक्ति रचित मम चित्त सेज नित वास करोगे । मेरे दुख सन्ताप देख किम धीर धरोगे ॥ ५ ॥ भव वनमें चिरकाल भ्रमों कछु कहिय न जाई । तुम थुति कथा पियूष वापिका भाग न पाई ॥ शशि तुषार घनसार हार शीतल नहिं जा सम । करत न्हौन ता माहिं क्यों न भवताप बुझै मम ॥ ६ ॥ श्री विहार परिवाह होत शुचिरूप सकल जग । कमल कनक आभाव सुरभि श्रीवास धरत पग ॥ मेरो मन सर्वंग परस प्रभुको सुख पावै । अब सो कौन कल्याण जो न दिन २ ढिग आवै ॥ ७ ॥ भव तज सुख पद बसे काम मद सुभट संहारे । जो तुमको निरखन्त सदा प्रिय दास तिहारे । तुम वचनामृत पान भक्ति अञ्जलि सो पीवे । तिन्हे भयानक क्रूररोग रिपु कैसे छीवे ॥ ८ ॥ मानथम्भ पाषाण मान पाषाण पटन्तर । ऐसे और अनेक रत्न दीखें जग अन्तर ॥ देखत दृष्टि प्रमाण मानमद तुरत मिटावे । जो तुम निकट न होय शक्ति यह क्योंकर पावे ॥ ९ ॥ प्रभु तन पर्वत परस पवन उरमें निबहै है । तासों ततछिन सकल रोग रज बाहर ह्वै है । जाके ध्यानाहूत बसो उर अम्बुज माहीं । कौन जगत उपकार करण समरथ सो नाहीं ॥ १० ॥ जन्म जन्मके दुःख सहे सबते तुम जानो । याद किये मुझ हिये लगे आयुधसे मानो ॥ तुम दयालु जगपाल स्वामि मैं शरण गही है । जो कछु करना होय करो परमाण वही है ॥ ११ ॥ मरण समय तुम नाम मन्त्र जीवक तें पायो । पापाचारी श्वान प्राण तज अमर कहायो ॥ जो मणिमाला लेय जपै

तुम नाम निरन्तर। इन्द्र संपदा लहै कौन संशय इस अन्तर ॥१२॥ जे नर निर्मल ज्ञान मान शुचि चारित्र साधै। अनवध सुखकी सार भक्ति कूंची नहीं हाथै॥ सो शिव वाछिक पुरुष मोक्षपट केम उघारे। मोह मुहर दृढ़ करी मोक्ष मन्दिरके द्वारे ॥ १३ ॥ शिवपुर केरो पंथ पाप तम सो अति छायो। दुख स्वरूप बहु कूप खाड़ सो विकट बताओ॥ स्वामी सुखसों तहा कौन जग मारग लागे। प्रभु प्रवचन मणि दीप जौनके आगे आगे ॥ १४ ॥ कर्म पटल भू माहि दबी आतम निधि भारी। देखत अति सुख होय विमुखजन नाहिं उधारी॥ तुम सेवक तत्काल ताहि निश्चय कर धारैं थुति कुदाल सों खोदि वन्द भू कठिन विदारैं॥ १५ ॥ स्यादवाद गिर उपज मोक्ष सागर लों धाई। तुम चरणाम्बुज परस भक्ति गंगा सुखदाई॥ मोचित निर्मल थयो न्हौन रवि पूरव तामैं। अव वह होय मलीन कौन जिन संशय यामैं ॥१६॥ तुम शिव सुखमय प्रगट करत प्रभु चिन्तन तेरे। मैं भगवान समान भाव यों वरते मेरे॥ यदपि झूठ है तदपि तृप्त निश्चल उपजावै। तुम प्रसाद सकलङ्क जीव वाछित फल पावे ॥१७॥ वचन जलधि तुम देव सकल त्रिभुवनमें व्यापै। भङ्ग तरङ्गिन विकथ वाद मलमलिन उथापै। मन सुमेर सो मथै ताहि जे सम्यक ज्ञानी। परमामृत सों तृप्त होहिं ते चिर लों प्राणो ॥ १८ ॥ जो देव छविहीन वसन भूषण अभिलाषैं। वैरि सों भयभीत होय सो आयुध राखै॥ तुम सुन्दर सर्वाङ्ग शत्रु समरथ नहि कोई। भूषण वसन गदादि ग्रहण काहेको होई॥ १६ ॥ सुरपति सेवा करे कहा प्रभु प्रभुता मेरी। सोशलाघ ना लहै मिटै जगसों जग फेरि॥ तुम भवजल

थि जिहाजि तोहि शिव पन्थ बतरिये। तुही जगत् जनपालक नाथ थुतिकी थुति करिये ॥ २० ॥ वचन जाल जड़ रूप आप चिन्मूरत झांई। तातें थुति आलाप नहिं पहुँचे तुम तांई ॥ तो भी निष्फल नाहिं भक्ति रस भीने वायक ॥ सन्तनको सुरतरु समान वांछित वरदायक ॥ २१ ॥ कोप कभी नहिं करो प्रीत कबहूं नहिं धारो। अति उदास बेचाह चित्त जिनराज तिहारो ॥ तदपि आनि जग बहै बैर तुम निकट न लहिये। यह प्रभुता जग तिलक कहां तुम बिन सरधारिये ॥ २२ ॥ सुर तिय गावें सुयश सर्वगति ज्ञान स्वरूपी। जो तुमको थिर होय नमैं भवि आनन्द रूपी ॥ ताहि छेमपुर चलन वाट बाकी नहिं हो है। श्रुतिके सुमिरण माहिं सो न कब ही नर मोहै ॥ २३ ॥ अतुल चतुष्टय रूप तुमैं जो चितमें धारै। आदर सों तिहुँकाल माहिं जग थुति विस्तारै ॥ सो सुकृत शिव पन्थ भक्ति रचना कर पूरै। पञ्च कल्याणक ऋद्धि पाय निश्चय दुख चूरै ॥ २४ ॥ अहो जगत्पति पूज्य अवधि ज्ञानी मुनि हारे। तुम गुण कीर्तन माहिं कौन हम मंद विचारे ॥ थुति छल सों तुम विषें देव आदर विस्तारे। शिव सुख पूरण हार कल्पतरु-यही हमारे ॥ २५ ॥ वादिराज मुनिराज शब्द विद्याके स्वामी। वादिराज मुनिराज तर्क विद्यापति नामी ॥ वादिराज मुनिराज काव्य करता अधिकारी। वादिराज मुनिराज बड़े भवजन उपकारी ॥ २६ ॥

मूल अर्थ बहु विधि कुसुम, भाषा सूत मझार।
भक्तिमाल भूधर करी, करो कण्ठ सुखकार ॥

३०—इष्ट छत्तीसी।

सोरठा—प्रणमूं श्री अरहंत। दयाकथित जिन धर्मको। गुरु निरग्रन्थ महन्त, अवर न मानूं सर्वथा ॥१॥ विन गुणकी पहिचान जानै वस्तु समानता। तातैं परम वखान, परमेष्ठी गुणको कहूं ॥२॥ रागद्वेपयुत देव, माने हिंसाधर्म पुनि। सग्रन्थगुरुकी सेव, सो मिथ्याती जग भ्रमै ॥ ३ ॥

अरहन्तके २४ गुण।

दोहा—चौंतीसों अतिशय सहित, प्रातिहार्य पुनि आठ।
अनत चतुष्टय गुणसहित, छीयालीसों पाठ ॥४॥

अर्थ—३४ अतिशय, ८ प्रातिहार्य,४ अनंतचतुष्टय—ये अरहंतके ४६ मूल गुण होते हैं। अब इनका भिन्न भिन्न वर्णन करते हैं

जन्मके १० अतिशय।

अतिशय रूप सुगन्ध तन, नाहि पसेव निहार। प्रियहितवचन अतोल बल, रुधिर श्वेत आकार। लच्छन सहसरु आठ तन, समचतुष्कसंठान। वज्रवृपभनाराय युत, ये जनमत दश जान ॥५॥

अर्थ—१ अत्यन्त सुन्दर शरीर, २ अति सुगन्धमय शरीर, पसेवरहित शरीर, ४ मलमूत्ररहित शरीर, ५ हितमित प्रिय वचन बोलना, ६ अतुल बल, ७ दुग्धवत् श्वेत रुधिर, ८ शरीरमें एक हजार आठ लक्षण, ९ समचतुरस्रस्थान १० वज्रवृपभनाराच संहुनन ये दश अतिशय अरहंत भगवानके जन्मसे ही उत्पन्न होते हैं।

केवलज्ञानके १० अतिशय।

योजन शत इकमें सुभिख, गगनगमन मुख चार। नहिं अदया, उपसर्ग नहिं नाहीं कवलाहार ॥ सब विद्या ईश्वरपनों नाहिं बढ़ें नख केश। अनिमिष दृग छायारहित, दश केवलके वेश ॥ ८ ॥

अर्थ—१ सौ योजनमें सुभिक्षता अर्थात् जिस स्थानमें केवली हों उनसे चारों तरफ सौ सौ योजनमें सुकाल होता है २ आकाशमें गमन, ३ चार मुखोंका दीखना ४ अदयाका अभाव, ५ उपसर्गरहित, ६ कवल (ग्रास) वर्जित आहार, ७ समस्त विद्याओंका स्वामीपना, ८ नखकेशोंका नहीं बढ़ना ९ नेत्रोंकी पलकें नहीं झपकना १० छायारहित शरीर—ये १० अतिशय केवलज्ञान उत्पन्न होनेसे प्रकट होते हैं ॥ ८ ॥

देवकृत १४ अतिशय।

देवरचित हैं चार दश अर्द्ध मागधी भाष। आपस मांही मित्रता निर्मल दिश आकाश ॥ ९ ॥ होत फूल फल ऋतु सबै, पृथवी कांच समान। चरण कमलतल कमल हैं, नभ तें जयजय बान ॥१०॥ मन्द सुगन्ध बयारि पुनि गंधोदककी वृष्टि। भूमिविषैं कंटक नहीं, हर्षमयी सब सृष्टि ॥ ११ ॥ धर्मचक्र आगे रहै, पुनि वसु मङ्गल सार। अतिशय श्रीअरहंतके, ये चौतीस प्रकार ॥

अर्थ—१ भगवानकी अर्द्ध मागधी भाषाका होना, २ समस्त जीवोंमें परस्पर मित्रताका होना दिशाओंका निर्मल होना, ४ आकाशका निर्मल होना ५ सब ऋतुके फल पुष्प धान्यादिकका एकही समय फलना ६ एक योजन तककी पृथिवीका दर्पणवत् निर्मल होना, ७ चलते समय भगवानके चरण कमलके तले सुवर्ण

कमलका होना ८ आकाशमे जयजय ध्वनिका होना, ९ मंदसुगन्धित पवनका चलना, १० सुगन्धमय जलकी वृष्टिहोना ११पवनकुमार देवोंकेद्वारा भूमिका कण्टक रहित होना १२ समस्तजीवोंका आनन्दमय होना, १३ भगवानके आगे धर्मचक्रका चलना १४ छत्र चमर ध्वजा घन्टादि अष्ट मङ्गल द्रव्योंका साथ रहना इस प्रकार सब मिल कर ३४ अतिशय अरहंत भगवान्के होते हैं ॥ १२ ॥

अष्ट प्रतिहार्य।

तरु अशोकके निकटमें, सिंहासन छविदार। तीन छत्र सिरपर लसै भामण्डल पिछवार ॥ १३ ॥ दिव्यध्वनि मुखतें खिरै पुष्पवृष्टि सुर होय। ढ़ारैं चौसठि चमर लख। बाजें दुंदुभि जोय ॥ १४ ॥

अर्थ—१ अशोक वृक्षका होना २ रत्नमय सिंहासन ३ भगवान्के सिरपर तीन छत्रका फिरना ४ भगवान्के पीछे भामण्डल का होना, ५ भगवान्के मुखसे दिव्यध्वनिका होना, ६ देवताओंके द्वारा पुष्पवृष्टिका होना ७ यक्षदेवोंद्वारा चौसठ चवरोंका ढुरना, दुदुभी बाजोंका बजना ये आठ प्रातिहार्य्य हैं।

अनन्तचतुष्टय।

ज्ञान अनन्त अनन्त सुख दरस अनन्त प्रमान।
बल अनन्त अरहत सो, इष्टदेव पहिचान ॥ १५ ॥

अर्थ—१ अनन्तदर्शन, २ अनन्तज्ञान, ३ अनन्तसुख, ४अनन्त वीर्य—जिसमें इतने गुण हों वह अरहन्त परमेष्टी है।

अष्टादशदोषवर्जन।

जनम जरा तिरषा क्षुधा विस्मय आरत खेद। रोग शोक मद मोह भय निद्रा चिन्ता स्वेद ॥ १६ ॥ रागद्वेष अरु मरण जुत यह

मयास्त्र दोष। नाहिं होत अरहन्तके सो छवि लायक मोष।

अर्थ—१ जन्म, २ जरा, ३ तृषा ४ क्षुधा, ५ आश्चर्य, ६ अरति (पीड़ा) ७ खेद (दुख) ८ रोग ९ शोक, १० मद, ११ मोह १२ भय, १३ निद्रा १४ चिन्ता १५ पसीना, १६ राग १७ द्वेष १८ मरण—ये १८ दोष अरहन्त भगवानमें नहीं होते हैं ॥ १७ ॥

सिद्धोंके आठ गुण।

समकित दरसन ज्ञान अगुरुलघू अवगाहना।
सूक्ष्म वीरजवान निराबाध गुण सिद्धके ॥ १८ ॥

अर्थ—१ सम्यक्त्व, २ दर्शन, ३ ज्ञान ४ अगुरुलघुत्व ५ अव गाहनत्व ६ सूक्ष्मत्व ७ अनन्तवीर्य्य ८ अव्याबाधत्व—ये सिद्धों के ८ मूलगुण होते हैं ॥

आचार्यके ३६ गुण—द्वादश तप दश धर्मयुत पालें पंचाचार।
षट् आवश्यक गुप्तित्रय आचारज पदसार ॥

अर्थ—तप १२ धर्म १० आचार ५, आवश्यक ६, गुप्ति ३ ये आचार्य महाराजके ३६ मूलगुण होते हैं। अब इनको भिन्न भिन्न कहते हैं ॥ १९ ॥

द्वादश तप

अनसन ऊनोदर करें, व्रतसंख्या रस छोर। विविक्तशयन आसन धरें काय कलेश सुठोर। प्रायश्चित धर विनययुत वैयाव्रत स्वाध्याय। पुनि उत्सर्ग विचारके धरें ध्यान मन लाय ॥ २१ ॥

अर्थ—१ अनसन, २ ऊनोदर, ३ व्रतपरिसंख्यान ४ रसपरि त्याग ५ विविक्तशय्यासन ६ कायक्लेश, ७ प्रायश्चित्त धैमा८पोश

प्रकारका विनय करना, ६ वैयाव्रतकरना, १० स्वाध्याय करना११ व्युत्सर्ग (शरीरसे ममत्व छोडना) और १२ ध्यान करना—ये बारह प्रकारके तप हैं ॥ २१ ॥

दश धर्म—छिमा मार्दव आरजव, सत्यवचन चित पाग ।
संजम तप त्यागी सरव आकिञ्चन तियत्याग ॥

अर्थ—१ उत्तमक्षमा २ मार्दव ३ आर्जव ४ सत्य ५ सौच ६ संयम, ७ तप, ८ त्याग, ९ आकिंचन १० ब्रह्मचर्य ये दश प्रकारके धर्म हैं ॥ २२ ॥

षट् आवश्यक—समता धर वंदन करैं, नाना थुती बनाय ।
प्रतिक्रमण स्वाध्याय जुत, कायोत्सर्ग लगाय ॥

अर्थ—१ समता (समस्त जीवोंसे समता भाव रखना) २ वदना, स्तुति (पञ्च परमेष्ठीकी स्तुति) करना ४प्रतिक्रमण (लगे हुये दोषोंपर पश्चात्ताप] करना ५ स्वाध्याय और ६ कायोत्सर्ग [ध्यान] करना—ये छह आवश्यक हैं ॥ २३ ॥

पंचाचार और तीन गुप्ति

दर्शन ज्ञान चारित्र तप, वीरज पंचाचार ।
गोपे मनवच कायको, गिन छत्तीस गुन सार ॥

अर्थ—१ दर्शनाचार, २ ज्ञानाचार ३ चारित्राचार, ४तपाचार ५ वीर्याचार मनोगुप्ति [मनको वशमें करना] २ वचनगुप्ति [वचनको वशमें करना] कायगुप्ति [शरीरको वशमें करना] इस प्रकार सब मिलाकर आचार्यके ३६ मूलगुण हैं ॥ २४ ॥

उपाध्यायके २५ गुण ।

चौदह पूरवको धरैं, ग्यारह अङ्ग सुजान ।
उपाध्याय पच्चीस गुण, पढ़ै पढावे ज्ञान ॥

अर्थ—११ अङ्ग १४ पूर्वको आप पढ़ें और अन्यको पढ़ावें—ऐसी उपाध्यायके २५ गुण हैं ॥ २५ ॥

ग्यारह अंग।

प्रथमहि आचारांग गुनि दूजो सूत्रकृतांग। ठाण अङ्ग तीजो सुभग, चौथो समवायांग ॥ २७ ॥ व्याख्या प्रज्ञप्ति पांचमो, ज्ञातृ कथा षट् आन। पुनि उपासकाध्ययन है, अन्तःकृत दशठान। अनुत्तरणउत्पाद दश, सूत्रविपाक पिछान। बहुरि प्रश्न व्याकरण जुत ग्यारह अङ्ग प्रमान ॥ २७ ॥

अर्थ—१ आचारांग, २ सूत्रकृतांग ३ स्थानांग ४ समवायांग ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति, ६ ज्ञातृकथांग, ७ उपासकाध्ययनांग ८ अन्तःकृतदशांग ९ अनुत्तरोत्पादकदशांग १० प्रश्नव्याकरणांग ११ विपाकसूत्रांग—ये ग्यारह अङ्ग हैं ॥ २८ ॥

चौदह पूर्व।

उत्पादपूर्व अग्रायणी, तीजो वीरजवाद। अस्ति नास्ति परवाद पुनि पञ्चम ज्ञानप्रवाद ॥ छट्ठो कर्म प्रवाद है सत्प्रवाद पहिचान। अष्टम आत्मप्रवाद पुनि नवमो प्रत्याख्यान ॥ ३० ॥ विद्यानुवाद पूरव दशम पूर्व कल्याण महन्त। प्राणवाद किरिया बहुल लोकबिन्दु है अन्त ॥ ३१ ॥

अर्थ—१ उत्पादपूर्व २ अग्रायणी पूर्व ३ वीर्यानुवादपूर्व, ४ अस्तिनास्तिप्रवादपूर्व ५ ज्ञानप्रवादपूर्व ६ कर्मप्रवादपूर्व, ७ सत्यप्रवाद पूर्व ८ आत्मप्रवादपूर्व ९ प्रत्याख्यानपूर्व १० विद्यानुवादपूर्व ११ कल्याणवाद पूर्व १२ प्राणानुवादपूर्व १३ क्रियाविशालपूर्व १४ लोकबिन्दुपूर्व—ये १४ पूर्व हैं ॥ ३१ ॥

सर्वसाधुके २८ मूल गुण।

पञ्चमहाव्रत—हिंसा अनृत तस्करी अब्रह्म परिग्रह पाय।
मनवचनतैं त्यागवो, पञ्च महाव्रत थाय ॥३२॥

अर्थ—१ अहिंसा महाव्रत, २ सत्य महाव्रत, ३ अचौर्य महाव्रत, ४ ब्रह्मचर्य महाव्रत, ५ परिग्रह त्याग—ये पांच महाव्रत हैं।

पाच समिति—ईर्य्या, भाषा, एषणा, पुनि क्षेपन, आदान।
प्रतिष्टापनायुत क्रिया, पाचों समिति विधान ॥३३॥

अर्थ—१ ईर्य्या, २ भाषा, ३ एषणा, ४ आदाननिक्षेपण ५, प्रतिष्ठापना—ये पांच समिति हैं॥

पाच इन्द्रियोंका दमन।

सपरस रसना नासिका, नयन श्रोत्रका रोध।
षट आवशि मजन तजन, शयन भूमिको शोध ॥ ३४ ॥

अर्थ—१ स्पर्शण (त्वक्), २ रसना, ३ घ्रान, ४ चक्षु और ५ श्रोत्र—इन पांच इन्द्रियोंका वश करना सो इन्द्रियदमन है।

शेष सात गुण।

वस्त्रत्याग कचलोंच अरु, लघु भोजन इक बार।
दांतन मुखमें ना करैं, ठाढे लेहिं अहार ॥ ३५ ॥

अर्थ—१ यावज्जीव स्नानका त्याग, २ शोधकर (देखभालकर) भूमिपर सोना, ३ वस्त्रत्याग (दिगम्बर होना), ४ केशोंका लौंच करना ५ एकबार लघु भोजन करना, ६ दन्तधावन नहीं करना ७ खडे खडे आहार लेना—इन सात गुणों सहित २८ मूल गुण सर्व मुनियोंके होते हैं॥ ३५ ॥

साधर्मी भवि पाठनको, इष्टछत्तीसो ग्रन्थ।

भवदधि बुधजन ध्यावो, हितमित शिवपुरपन्थ ॥१६॥

इति पञ्चपरमेष्ठी १४३ मूल गुणोंका वर्णन समाप्त ।

३१—पंचपरमेष्ठीकी आरती ।

मनवचतनकर शुद्ध पंचपद, पूजो भविजन सुखदाई । सकल मिलकर दीप धूप ले करहु आरती गुणगाई ।।टेक।। प्रथमहि श्री अरहन्त परमगुरु चौंतिस अतिशय सहित बसे, प्रातिहार्य वसु अनन्त चतुष्टय सहित समवसृत मांहि लसै । क्षुधा तृषा भय जन्म जरा मृत रोग शोक रति आरति अहा ॥ विस्मय खेद स्वेद मद निद्रा राग द्वेष चिन्ता मोह यहा । इन अष्टादश दोष रहित जिन इन्द्रादिक पूजत आई ।। सब० ॥ दूजे सिद्ध सदा सुखदाता सिद्धशिलापर राजत हैं । सम्यग्दर्शन ज्ञान वीर्य अरु, सूक्ष्मपना को साजत हैं । अगुरु लघु अवगाहन शक्तिधर बाधारहित अनन्त-वीरा हैं । जिनका सुमरण नित्य किये तैं शीघ्र नशत भव पीरा हैं या कारण नित चित्सुख कर, भजहु सिद्ध शिवके दाई ॥ सब० ॥ तीजे श्रीआचार्य परमगुरु छत्तिस गुणके धारी हैं । दर्शन ज्ञान चरण तप वीरज पञ्चाचार प्रचारी हैं ॥ द्वादशतप दशधर्म गुप्ति-त्रय षट आवश्यक नित पालें । सब मुनिगणको प्रायश्चित दे मुनिव्रतके दूषण टालें ॥ ऐसे श्रीआचार्य गुरुनकी पूजा करिये चितलाई ॥ सब० ॥ चौथे श्रीउवझाय चरण पंकजरज सुखदा भविजनको । ग्यारह अङ्ग सुपूर्व चतुर्दश, पढ़ें पढ़ावें मुनिगणको ॥ मुनिके सब आचरण आचर, द्वादश तपके धारी हैं । स्याद्वाद सुखकारी विद्या सब जगमें विस्तारी हैं ॥ ऐसे श्रीउवझायगुरुनके चरणकमल पूजहु भाई ॥ सब ॥ पञ्चमि आरति सर्व साधुकी

लोभसे मृत्यु ।

आठवीस गुण मूलधरें। पञ्चमहाव्रत पञ्चसमिति धर, इन्द्रिय पाँचोदमन करें॥ षट् आवश्यक केशलोंच। इकवार खड़े भोजन करते॥ दांतन स्नान त्याग भू सोवत, यथाजात मुद्रा धरते॥ या विधि "पन्नालाल" पञ्चपद पूजन भवदु:ख नस जाई॥ सब०॥

इस प्रकार आरती बोलकर नीचे लिखा श्लोक दोहा और मन्त्र पढ़कर आरतीको मस्तक चढ़ावें।

ध्वस्तोद्यमान्धीकृतविश्वविश्व। मोहान्धकारप्रतिघातदीपान्।
दीपैः कनत्काँचनभाजनस्थै जिनेन्द्रसिद्धान्तयतीन यजेहम्॥

दोहा—स्वपरप्रकाशकजोति अति, दीपक तमकर हीन।
जासूं पूजूं परम पद, देव शास्त्र गुण तीन॥ १॥

३२—आलोचना पाठ।

दोहा—वन्दो पांचों परम गुरु, चौबीसों जिनराज।
कहू शुद्ध आलोचना, शुद्ध करनके काज॥ १॥

सखी छन्द (१४ मात्रा)

सुनिये जिन अरज हमारी। हम दोप किये अति भारी॥
तिनकी अब निर्वृतिकाजा। तुम शरन लही जिनराजा॥ २॥
इक वे ते चऊ इन्द्री वा। मनरहित सहित जे जीवा॥ तिनकी नहि करुना धारी। निरदई ह्वै घात विचारी॥ ३॥ समरम्भ समारम्भ आरम्भ। मनवचतन कीने प्रारम्भ॥ कृत कारित मोदन करिकै। क्रोधादि चतुष्टय धरिकै॥ ४॥ शत आठ जु इम भेदनतै अघ कीने पर छेदन तैं॥ तिनकी कहुंकोलौं कहानी। तुम जानत केवल ज्ञानी॥ ५॥ विपरीत एकान्त विनयके। संशय अज्ञान कुनयके॥ वश होय घोर अघ कीने। वचतें नहिं जात कहीने॥ ६॥

कुगुरुनकी सेवा कीनी। केवल अदयाकरि भीनी ॥ या विधि मिथ्यात भ्रमायो। चहुंगति मधि दोष उपायो ॥ ७ ॥ हिंसा पुनि झूठ जु चोरी। परवनितासों दृगजोरी ॥ आरम्भपरिग्रह भीनो। पुन पाप जु या विधि कीनो ॥ ८ ॥ सपरस रसना घ्राननको। चखु कान विषय सेवनको ॥ बहु करम किये मनमानी ॥ कछु न्याय अन्याय न जानो ॥ ९ ॥ फल पंच उदम्बर खाये। मधु मांस मद्य चित चाहे ॥ नहिं अष्ट मूल गुणधारी। बिसन जु सेये दुखकारी ॥ १० ॥ दुइ बीस अभख जिन गाये। सो भी निशिदिन भु जाये कछु भेदा भेद न पायो। ज्यों त्यों करि उदर भरायो ॥ ११ ॥ अनंतान जु बंधी जानो। प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो ॥ संज्वलन चौकरी गुनिये। सब भेद जु षोडश सुनिये ॥ १२ ॥ परिहास अरति रति शोग। भय ग्लानि तिवेद संयोग ॥ पनबीस जु भेद भए इम। इनके बश पाप किये हम ॥ १३ ॥ निद्रावश शयन कराई। सुपने मधि दोष लगाई ॥ फिर जागि विषय वन धायो। नाना विध विषफल खायो ॥ १४ ॥ किए हार निहार विहारा। इनमें नहिं जतन विचारा ॥ बिन देखी धरी उठाई। बिन शोधी भोजन खाई ॥ १५ ॥ तब ही परमाद सतायो। बहु विधि विकलप उपजायो ॥ कछु सुधि बुधि नाहिं रही है। मिथ्या मति छाय गई है ॥ ॥ १६ ॥ मरजादा तुम ढिग लीनी। ताहू में दोष जु कीनी ॥ भिन्न भिन्न अब कैसे कहिये। तुम ज्ञान विषै सब पइये ॥ १७ ॥ हा हा मैं दुठ अपराधी। त्रस जीवन राशि विराधी ॥ थावरकी जतन न कीनी। उरमें करुणा नहिं लीनी ॥ १८ ॥ पृथ्वी बहु खोद कराई। महलादिक जागां चिनाई। पुन बिन गाल्या जल ढोल्यो। पंखातें

पवन विलोल्यो ॥ १६ ॥ हाहा मैं अदयाचारी । वहु हरितकाय जु विदारी ॥ या मधि जीवनके खंदा । हम खाए धरि आनन्दा ॥२०॥ हा मैं परमाद वसाई । विन देखे अगनि जलाई । तामधि जे जीव जु आए । तेहू परलोक सिधाए ॥ २१ ॥ वींधो अन रात्रि पिसायो । ईंधन् बिन सोध्यो जलायो ॥ झाडू ले जाँगा वुहारी । चिण्टो आदिक जीव विदारी ॥ २२ ॥ जल छानि जीवानी कीनी । सोहू पुनि डारि जु दीनी ॥ नहि जलथानक पहुचाई । किरिया विन पाप उपाई ॥ २३ ॥ जल मलमोरिन गिरवायो । कृमि कुल वहु घात करायो ॥ नदियनि विच चीर धुवाए । कोसनके जीव मराए ॥ २४ ॥ अन्नादिक शोध कराई । तामैं जु जीव मिसराई ॥ तिनका नहि जतन कराया । गरियाले धूप डराया ॥ २५ ॥ पुनि द्रव्य कमावन काज । वहु आरम्भ हिसा साज ॥ कीए तिसनावश भारी । करुना नहिं रञ्च विचारी ॥ २६ ॥ इत्यादिक पाप अनंता । हम कीने श्रीभगवन्ता ॥ सन्तति 'चिरकाल उपाई । वानीतैं कहिय न जाई ॥ २७ ॥ ताको जु उदय जब आयो । नानाविध मोहि सतायो ॥ फलभुंजत जिय दुख पावै । वचतैं कैसैं करि गावै ॥ २८ ॥ तुम जानत केवल ज्ञानो । दुख दूर करो शिवथानो ॥ हम तौ तुम शरण लही हैं । जिन तारन विरद सही है ॥ २९ ॥ जो गांवपती इक होवै । सो भी दुखिया दुख खोवे ॥ तुम तीन भुवनके स्वामी । दुख मेटो अंतरजामी ॥ ३० ॥ द्रोपदिको चीर वढ़ायो । सीतापति कमल रचायो ॥ अंजनसे किए अकामी । दुख मेटो अंतरजामी ॥ ३१ ॥ मेरे अवगुन न चितारो । प्रभु अपनो वि

सुख मेरडु म तरजामो ॥ ३२ ॥ इन्द्रादिक पदवी न चाहू । विषयनि में नाहिं लुभाऊं ॥ रागादिक दोष हरीजे । परमातम निज पद दीजे ॥ ३३ ॥

दोषरहित जिनदेवजी, निजपद दीज्यो मोहि ।
सब जीवनके सुख बढ़े आनन्द मङ्गल होय ॥ ३४ ॥
अनुभव माणिक पारखी जौहरी आप जिनन्द ।
येही वर मोहि दीजिए, चरन शरण आनन्द ॥ ३५ ॥

इति आलोचना पाठ।

स्वर्गीय कविवर पं० रूपचन्दजी पाण्डेयकृत—

३३—पचकल्याण पाठ ।

श्रीगर्भकल्याणक ।

पणविवि पंच परम गुरु, गुरु जिनशासनो । सकलसिद्धिदातार सु, विघनविनाशनो ॥ शारद अरु गुरु गौतम सुमति प्रकाशनो मङ्गल कर चउ संघहिं पापपणासनो ॥

पापे पणासन गुणहि गरुवा, दोष अष्टादश रहे । धरि ध्यान कर्म विनाशि केवल-ज्ञान अविचल जिन लहे । प्रभु पंचकल्याणक विराजित सकल सुर नर ध्यावहीं । त्रैलोक्यनाथ सुदेव जिनवर जगत मङ्गल गावहीं ॥ १ ॥

जाके गरभकल्याणक, धनपति आइयो । अवधिज्ञान-परवान सुइन्द्र पठाइयो ॥ रचि नव बारह योजन नयरि सुहावनी । कनकरयणमणि मंडित, मन्दिर अति बनी ॥

अति बनी पौरि पगारि परिखा, सुवन उपवन सोहिए । नर नारि सुन्दर चतुरभेष सु देख जनमन मोहिए ॥ तहाँजनकगृह

छह मास प्रथमहि रतनधारा वरषियो। पुनि रुचिकवासनि जननि सेवा, करहि सब विधि हरषियो ॥ २ ॥

सुरकुञ्जर सम कुञ्जर धवल धुरन्धरो। केहरि केशर शोभित नखशिख सुन्दरो ॥ कमलाकलश न्हवन, दोय दाम सुहावनी। रवि शशि मण्डल मधुर, मीन जुग पावनी ॥

पावनी कनक घट युगम पूरण, कमलकलित सरोवरो। कल्लोलमालाकुलित सागर, सिंहपीठ मनोहरो ॥ रमणीक अमरविमान फणपति—भुवन भुवि छवि छाजए। रुचि रतनराशि दिपन्त दहन सु, तेजपुञ्ज विराजिए ॥ ३ ॥

ये सखि सोलह सुपने, सूतो सयनहीं। देखे माय मनोहर, पच्छिम रयनहीं ॥ उठि प्रभात प्रिय पूछियो, अवधि प्रकाशियो। त्रिभुवनपति सुत होसी, फल तिहिं भासियो ॥

भासियो फल तिहि चित्त दम्पति, परम आनन्दित भए। छहमास परि नवमास पुनि तह रयन दिन सुखसूं गए ॥ गर्भावतार महंत महिमा, सुनत सब सुख पावहीं। भणि "रूपचन्द्र" सुदेव जिनवर, जगत मङ्गल गावहीं ॥

श्रीजन्मकल्याणक।

मतिश्रुत अवधि विराजित, जिन जब जनमियो। तिहुलोक भयो छोभित, सुरगण भरमियो ॥ कलपवासि घर घट, अनाहद वज्जियो। ज्योतिष घर हरिनाद, सहज गल गज्जियो ॥

गज्जियो सहजहि शंख भावन—भुवन शब्द सुहावने। विंतर निलय पटु पटहि बज्जिय, कहत महिमा क्यों बने। कंपत सुरासन अवधि बल जिन,—जनम निहचै जानियो। धनराज तब गजराज माया,—मयी निरमय आनियो ॥ ५ ॥

योजन लाख गयन्द, वदन-सौ निरमए। वदन वदन वसु दन्त दन्त सर संठये॥ सर सर सौ पनबीस कमलिनी छाजहीं। कम-लिनी कमलिनी कमल पचीस विराजहीं॥

राजहीं कमलिनी कमल अठोतर, सो मनोहर दल बने। दल दलहिं अपछरा नटहिं नवरस हावभाव सुहावने॥ मणि कनक किंकण वर विचित्र सुअमरमण्डप सोहिये। घन घण्ट चवर धुजा पताका, देखि त्रिभुवन मोहिये।

तिहि करि हरि चढ़ि आयउ सुरपरिवारियो। पुरहि प्रदच्छना देय सु, जिन जय कारियो॥ गुप्त जाय जिन—जननि सुखनिद्रा रची। मयामई शिशु राखि तौ, जिन आन्यो सची॥

आन्यो सची जिनरूप निरखत, नयन तृपति न हूजिये। तब परम हरषित हृदय हरिने, सहस लोचन पूजिये॥ पुनि करि प्रणाम जु प्रथम इन्द्र उछंग धरि प्रभु लीनऊ। ईशानइन्द्र सु चन्द्रछवि शिर, छत्रप्रभुके दीनऊ॥ ७॥

सनतकुमार महेन्द्र, चमर दुई ढारहीं। शेष शक्र जयकार शब्द उचारहीं॥ उच्छव सहित चतुर्विधि सुर हरषित भए। योजन सहस निन्यानवे गगन उलंघि गए॥

लंघि गये सुरगिरि जहां पांडुक-वन विचित्र विराजहीं। पांडुकशिला तहां अर्द्धचन्द्रसमान मणि छवि छाजहीं॥ योजन पचास विशाल दुगुणायाम वसु ऊंची गनी। वर अष्ट मंगल कनक कलशनि सिंहपीठ सुहावनी॥ ८॥

रचि मणि मण्डप शोभित मध्य सिंहासनो। थाप्यो पूरब-मुख

तहां, प्रभु कमलासनौ ॥ वाजहि ताल मृदङ्ग, वेणु वीणा घने। दुन्दुभी प्रमुख मधुर धुनि और जु वाजने ॥

वाजने वाजहिं सची सब मिलि, धवल मङ्गल गावहीं। पुनि करहिं नृत्य सुरागना सब, देव कौतुक धावहीं ॥ भरि छीरसागर जल जु हाथहिं, हाथ सुर गिरि ल्यावहीं। सौधर्म अरु ईशानइन्द्र सु, कलश ले प्रभु न्हावहीं ॥ ६ ॥ वदन उदर अवगाह, कलशगत जानिये। एक चार वसु योजन, मान प्रमानिये ॥ सहस अठोतर कलशा, प्रभुके सिर ढरे। फुनिशृङ्गारप्रमुख आचार सबै करें ॥ करि प्रकट प्रभु महिमा महोच्छव, आनि फुनि मातहिं दियो। धनपतिहि सेवा राखि सुरपति, आप सुरलोकहिं गयो ॥ जनमाभिषेक महन्त महिमा, सुनत सब सुख पावहीं ! भण रूपचन्द्र' सुदेव जिनवर, जगत मङ्गल गावहीं ॥ १० ॥

श्रीतप कल्याणक।

श्रमजलरहित शरीर सदा सब मल रहिउ। छीर-वरन वर रुधिर, प्रथम आकृति लहिउ ॥ प्रथम सार संहनन, सरूप विराजहीं। सहज—सुगन्ध सुलच्छन, मण्डित छाजहीं ॥ छाजहीं अतुलबल परम प्रिय हित, मधुर वचन सुहावने। दश सहज अतिशय सुभग मूरति वाललील कहावने ॥ आवाल काल त्रिलोकपति मन रुचित उचित जु नित नये। अमरोपुनीत पुनोत अनुपम सकल भोग विभोगये ॥ ११ ॥ भवतन—भोग विरक्त, कदाचित चित्तये। धन यौवन प्रिय पुत्त, कलत्त अनित्तए ॥ कोई न शरन मरन दिन, दुख चहु गति भरयो। सुख दुख एकहि भोगत, जिय विधवश परयो ॥ परयो विधि वश आन चेतन, आन जड़ जु कलेवरो। तन अशुचि

परतें होय आस्रव, परिहर सो संवरो ॥ निर्जरा तपबल होय समकित बिन सदा त्रिभुवन भ्रम्यो। दुर्लभ विवेक बिना न कबहूं, परम धरम थिर रम्यो ॥ १२ ॥ ये प्रभु बारह पावन भावन भाइया। लौकान्तिक वर देव नियोगी आइया ॥ कुसुमाञ्जलि दे चरन कमल शिर नाइया। स्वयंबुद्धि प्रभु थुति करि तिन समुझा इया ॥ समुझाय प्रभु ते गये निजपद पुनि महोच्छव हरि कियो। रुचिरुचि रचित्र विचित्र शिविका कर सुनन्दन वन लियो ॥ तहं पञ्चमुष्टी लोंच कीनों प्रथम सिद्धनि नुति करो। मण्डित महाव्रत पञ्च दुद्धर, सकल परिग्रह परिहरी ॥ १३ ॥ मणिमयभाजन केस परिठिय सुरपती। छीर समुद्र जल खिपिकरि, गये अमरावती ॥ तप संयमबल प्रभुको मनपरजय भयो। मौनसहित तप करत, काल कछु तह गयो ॥ गयो कछु तह काल तपबल रिद्ध वसु विधि सिद्धिया। जसु धर्मध्यानबलेन क्षयगय सप्त प्रकृति प्रसि द्धिया ॥ खिपि सातवें गुण जतन विन तह तीन प्रकृति जु बुधि बढ़े। करि करण तीन प्रथम शुकलबल खिपकश्रेणी प्रभु चढ़े ॥१४॥ प्रकृति छतीस नवे गुण स्थान विनासिया। दशमें सूक्षम लोभ प्रकृति तह नासिया ॥ शुकल ध्यानपद दूजो पुनि प्रभु पूरिय बारहमें गुण सोलह, प्रकृति जु चूरियो ॥ चूरियो त्रेसठि प्रकृति इह विधि घातिया कर्मह तणी। तप कियो ध्यान प्रयन्त बारह विधि त्रिलोक शिरोमणी ॥ निःकर्मकल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पावहीं। भन 'रूपचन्द' सुदेव जिनवर जगत मंगल गावहीं ॥१५॥

ज्ञानकल्याणक

तेरहमें गुणस्थान संयोग जिनेसुरो। अनन्तचतुष्टयमण्डित

भयो परमेसुरो ॥ समवसरन तव धनपति वहुविधि निरमयो। आगम जुगति प्रमाण, गगनतल परिठयो ॥ परिठयो चित्रविचित्र मणिमय, सभामण्डप सोहिये। तिह मध्य वारह वने कोठे वैठ सुर नर मोहिये ॥ मुनि कलपवासिनी अरजिका पुनि, ज्योति-भौमभुवन तिया। पुनि भवन व्यंतर नभग सुर नर, पशुनि कोठे वैठिया ॥१६॥ मध्य प्रदेश तीन, मणि पीठ तहां वने। गंधकुटी सिंहासन कमल सुहावने ॥ तीन छत्र सिर शोभित, त्रिभुवन मोहिये। अन्तरीक्ष कमलासन, प्रभुतन सोहिये ॥

सोहए चौसठि चमर ढरत अशोकतरु तल छाजिये। फुनि-दिव्यधुनि प्रतिशब्द जुत तहं, देव दुन्दुभि वाजए ॥ सुरपुहुप वृष्टि सुप्रभामण्डल, कोटि रवि छवि छाजए। इमि अष्टअनुपम प्रातिहारज, वर विभूति विराजए ॥ ७ ॥ दुइसे योजन मान, सुभिक्ष चहु दिशी। गगन गमन अरु प्राणी, वध नहिं अहनिशी ॥ निरुप-सर्ग निरहार, सदा जगदीसए। आनन चार चहुं दिशि शोभित दीसये ॥ दोसय अशेप विशेप विद्या, विभव वर ईसुरपनो। छाया विवर्जित शुद्धफटिक, समान तन प्रभुको वनो ॥ नहि नयन पलक पतन कदाचित, केश नख सम छाजहीं। ये घातिया छय जानि अ-तिशय, दश विचित्र विराजहीं ॥ १८ ॥ सकल अरथमय मागधि, भाषा जानिए। सकल जीवगत मैत्री—भाव वखानिए। सकल ऋतुज फलफूल, वनस्पति मन हर। दर्पणसम मनि अवनि पवन गति अनुसरै ॥ अनुसरै परमानन्द सबको, नारि नर जे सेवता। योजन प्रमाण धरा सुमार्जहिं जहा मारुत देवता ॥ पुनि करहि मेघकुमार गंधोदक सुवृष्टि सुहावनी। पदकमलतर सुर खिपहिं

कमल सु धरणि शशिशोभा धर्नो ॥ १९ ॥ अमल गगन तल अरु दिशि तह अनुसारहीं। चतुरनिकायी देवगण जयजयकारहीं ॥ धर्मचक्र चले आगे रवि जह लाजहीं। फुनि भृंगार-प्रमुख वसु मङ्गल राजहीं ॥ राजहीं चौदह चारु अतिशय, देवरचित सुहावने जिनराज केवल ज्ञानमहिमा, अवर कहत कहा घने ॥ तब इन्द्र आनि कियो महोत्सव सभा शोभित अति बनी ॥ धर्मोपदेश दियो तहां उच्चरिय वाणी जिनतनी ॥ २० ॥ क्षुधा तृषा अरु राग द्वेष असुहावने। जनम जरा अरु मरण, त्रिदोष भयावने ॥ रोग शोक भय विस्मय, अरु निद्रा घनी। खेद स्वेद मद मोह अरति चिन्ता गणो ॥ गनिये अठारह दोष तिन करि रहित देव निरञ्जनों ॥ नव परमकेवल लब्धिमण्डित शिवरमणि मनरंजनों ॥ श्रीज्ञानकल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पावहीं। भणि "रूपचन्द्र" सुदेव जिनवर जगत मङ्गल गावहीं ॥ २१ ॥

श्रीनिर्वाण कल्याणक।

केवलदृष्टिचराचर, देख्यो जारिसों। भविजनप्रति उपदेस्यो जिनवर तारिसो ॥ भवभयभीत भविजन शरणें आइया। रत्नत्रय लक्षण शिवपन्थ लगाइया ॥ लगाइया पंथ सु भव्य पुनि प्रभु तृतिय शुकल सु पूरियो। तजि तेरहैं गुणथान योग अयोग पथ-पग धारियो ॥ पुनि चौदहैं चौथे सुकलबल, बहत्तर तेरह हती। इमि घाति वसुविधि कर्म पहुंच्यो समयमें पञ्चमगती ॥२२॥ लोक शिखर तनुवात वलयमह संठियो। धर्मद्रव्य बिन गमन न जिहि आगे कियो। मयनरहित मूषोदर अंबर जारिसों। किमपि हीन निजतनुतैं भयौ प्रभु तारिसो ॥ तारिसो पर्जय नित्य अविचल,

अर्थपर्जय क्षणक्षयी। निश्चयनयेन अनन्तगुण विवहार, नय वसु गुणमयी॥ वस्तु स्वभाव विभावविरहित शुद्ध परणति परिणयो। चिद्रूप परमानन्द मन्दिर सिद्ध परमातम भयो॥ २३॥ तनुपरमाणू दामिनिपर, सब खिर गये। रहे शेष नखकेशरुप, जे परिणए॥ तब हरि प्रमुख चतुरविधि सुरगण शुभ सच्यो। माया मई नखकेश रहित जिनतनु रच्यो। रचि अगर चन्दन प्रमुख, परिमल द्रव्य जिन जयकारियो। पद पतत अग्निकुमार मुकटानल सुविधि संस्कारियो॥ निर्वाण कल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पाइयो भण रूपचन्द्र सुदेव जिनवर जगत मङ्गल गाइयो॥ मैं मतिहीन भक्तिवश भावना भाइयो। मङ्गल गीत प्रबन्ध सो निज गुण गाइयो। जे नर सुनहिं बखानहीं स्वर धरि गावहीं। मन वाछित फल ते नर निश्चय पावहीं॥ पावैं तो आठो सिद्धि नवनिधि मन प्रतीत जो आनिए। भ्रम भाव छूटे सकल मनके जिन स्वरूप ए जानिए। पुनि हरैं पातक टरत विघ्न सो होय मङ्गल नित नए। भण रूपचन्द्र त्रिलोकपति जिनदेव चौसगहि गए॥

॥ इति श्रीजिनेन्द्रनिर्वाण कल्याणक मगल समाप्तम्॥

श्रीयुत पण्डित दौलतरामजी कृत

२४—छहढाला

तीन भुवनमें सार, वीतराग विज्ञानता।
शिवस्वरूप शिवकार नमहु त्रियोग सम्हारिके॥

प्रथमढाल—चौपाई छन्द १५ मात्रा॥

जे त्रिभुवनमें जीव अनन्त। सुख चाहैं दुखतैं भयवन्त॥ तातै दुखहारी सुखकार। कहैं सीख गुरु करुणाधार॥ १॥ ताहि सुनो

मवि मन थिर आन। जो चाहो अपनो कल्यान॥ मोह महामद
पियो अनादि। भूल आपको भरमत वादि॥ २॥ तास भ्रमण-
की है बहु कथा। पै कछु कहूं कही मुनि यथा॥ काल अनन्त
निगोद मझार। बीतो एकेन्द्री तन धार॥ ३॥ एक श्वासमें अठ
दशबार। जन्मो मरो भरो दुख भार। निकस भूमि जल पावक
भयो। पवन प्रत्येक वनस्पति थयो॥४॥ दुर्लभ लहि ज्यों चिन्ता
मणी। त्यों पर्याय लही त्रस तणी॥ लट पिपील अलि आदि
शरीर। धर-धर मरो सही बहुपीर॥५॥ कबहूं पंचेन्द्रिय पशु भयो।
मन बिन निपट अज्ञानी थयो। सिंहादिक सैनी ह्वै क्रूर। निर्बल
पशु हति खाए भूर॥ ६॥ कबहूं आप भयो बलहीन। सबलनकर
खायो अति दीन॥ छेदन भेदन भूख प्यास। भार वहन हिम
आतप त्रास॥७॥ वध बन्धन आदिक दुख घने। कोटि जीभकर जात
न भने॥ अतिसंक्लेश भावसें मरो। घोर श्वभ्र सागरमें परो॥८॥
तहाँ भूमि परसत दुख इसो। बीछू सहस डसैं नहि तिसो॥ तहाँ
राध श्रोणित वाहिनी। कृमि कुल कलित देह दाहिनी॥ ९॥ सेमर
तरु जुत दल असिपत्र। असि ज्यों देह विदारैं तत्र। मेरु समान
लोह गलि जाय। ऐसी शीत उष्णता थाय॥१०॥ तिल तिल करैं
देहके खण्ड। असुर भिड़ावैं दुष्ट प्रचण्ड॥ सिन्धु नीरतैं प्यास
न जाय। तो पण एक न बूंद लहाय॥ ११॥ तीन लोकको नाज
जो खाय। मिटै न भूख कणा न लहाय॥ ये दुख बहु सागरलौं
सहै। करम जोगतैं नरगति लहै॥१२॥ जननी उदर वसो नवमास
अङ्ग सकुचतैं पाई त्रास॥ निकसत जे दुख पाये घोर। तिनको
कहत न आवै ओर॥ १३॥ बालपनेमें ज्ञान न लह्यो। तरुण समय

तरुणी रत रह्यो ॥ अर्द्ध मृतक सम बूढापनो । कैसे रूप लखे आपनो ॥१४॥ कभी अकाम निर्जरा करै। भवनत्रिकमें सुर-तन धरै ॥ विषय चाह दावानल दह्यो। मरत विलाप करत दुख सह्यो ॥१५॥ जो विमानवासी हू थाय। सम्यकदर्शन विन दुख पाय ॥ तहते चय थावर तन धरै। यों परिवर्तन पूरे करै ॥ १६ ॥

द्वितीय ढाल—पद्धरीछन्द १५ मात्रा।

ऐसे मिथ्या दृग ज्ञान चर्ण। वश भ्रमत भरत दुख जन्म मर्ण तातें इनको तजिये सुजान। सुन तिन संक्षेप कहू वखान ॥ १ ॥ जीवादि प्रयोजन भूततत्व। सरधै तिन माहि विपर्ययत्व ॥ चेतनेको है उपयोग रूप। विन मूरति चिन्मूरति अनूप ॥२॥ पुद्गलनभ धर्म अधर्म काल। इनतैं न्यारी हैं जीव चाल ॥ ताकूं न जान विपरीति मान। करि करैं देहमें निज पिछान ॥ ३ ॥ मैं सुखी दुखी मैं रङ्क राव। मेरो धन गृह गोधन प्रभाव ॥ मेरे सुत तिय मैं सवल दीन। वे रूप सुभग मूरख प्रवीन ॥ ४ ॥ तन उपजत अपनी उपज जान। तन नशत आपको नाश मान ॥ रागादि प्रगट ये दुःख दैन। तिनहीको सेवत गिनत चैन ॥ ५ ॥ शुभ अशुभ वन्धके फल मझार रति अरति करै निज पद विसार। आतम हितहेतु विराग ज्ञान। ते लखें आपकू कष्ट दान ॥६॥ रोके न चाह निज शक्ति खोय। शिवि रूप निराकुलता न जोय। याही प्रतीत युत कछुक ज्ञान। सो दुखदायक अज्ञान जान ॥ ७ ॥ इन जुत विषयनिमें जो प्रवृत्त ताकूं जानो मिथ्या चरित्त। यों मिथ्यात्वादि निसर्ग जेह। अब जे गृहीत सुनिये सुतेह ॥ ८ ॥ जो कुगुरु कुदेव कुधर्म सेव ॥ पोखै चिर दर्शन मोह एव ॥ अन्तर रागादिक धरै जेह। वाहर धन

मंधरतें सनेह ॥९॥ धारैं कुलिंग लहि महत भाव। ते कुगुरु जन्म जल उपलनाव ॥ जे राग द्वेष मलकरि मलीन। वनितागदादि जुत चिन्ह चीन्ह ॥१०॥ ते हैं कुदेव तिनकी जु सेव। शठ करत न तिन भवभ्रमणछेव ॥ रागादि भाव हिंसा समेत। दर्वित त्रसथावर मरण खेत ॥ ११ ॥ जे क्रिया तिन्हैं जानहु कुधर्म। तिन सरधै जीव लहै अशर्म ॥ याकू गृहीत मिथ्यात जान। अब सुन गृहीत जोहै अजान ॥१२॥ एकान्त वाद दूषित समस्त। विषयादिक पोषक अप्रशस्त ॥ कपिलादि रचित श्रुतका अभ्यास। सोहै कुबोध बहु देन त्रास ॥१३ जो ख्यातिलाभ पूजादि चाह। धर करत विविध विध देहदाह ॥ आतम अनात्मके ज्ञान हीन। जे जे करनी तन करन छीन ॥ १४ ॥ ते सब मिथ्या चारित्र त्याग। अब आतमके हितपन्थ लाग ॥ जग जाल भ्रमणको देय त्याग। अब दौलत निज आतम सु पाग ॥१५॥

तृतीय ढाल। जोगीरासा।

आतमको हित है सुख सो सुख आकुलता बिन कहिये। आकुलता शिवमांहि न तातैं शिव मग लाग्यो चहिये॥ सम्यग्दर्शन ज्ञानचरन शिव मग सो द्विविधि विचारो। जो सत्यारथ रूपसो निश्चय कारण सो व्यवहारो ॥ १ ॥ परद्रव्यनतैं भिन्न आप मैं, रुचि सम्यक्त भला है। आप रूपको जानपनोसो, सम्यग्ज्ञान कला है ॥ आपरूपमें लीन रहे थिर, सम्यक् चारित सोई। अब विवहार मोक्ष मग सुनिये हेतु नियतको होई ॥ २ ॥ जीव अजीव तत्व अरु आस्रव बन्ध रु संवर जानो। निर्जर मोक्ष कहे जिन तिनको ज्योंको त्यों सरधानो ॥ है सोई समकित विवहारी अब इन रूप बखानो। तिनको सुन सामान्य विशेषै दृढ़ प्रतीति उर

आनो ॥३॥ वहिरातम अन्तर आतम परमातम जीव त्रिधा है। देह जीवको एक गिने, वहिरातम तत्त्व मुधा है॥ उत्तम मध्यम जघन त्रिविधिके, अन्तर आतम ज्ञानी। द्विविधि संग विन शुध उपयोगी, मुनि उत्तम निजध्यानी ॥४॥ मध्यम अन्तर आतम हैं जे, देशव्रती आगारी। जघन कहे अविरत समदृष्टी, तीनों शिवमगचारी॥ सकल निकल परमातम द्वैविधि तनमें घाति निवारी। श्रीअरहंत सकल परमातम, लोकालोक निहारी॥ ५॥ ज्ञानशरीरी त्रिविधि कर्ममल वर्जित सिद्ध महंता। ते हैं निकल अमल परमातम, भोगें शर्म अनन्ता॥ वहिरातमता हेय मानि तजि, अन्तर आतम हूजे। परमातमको ध्याय निरन्तर, जो नित आनन्द पूजे ॥६॥ चेतनता विन सो अजीव हैं, पंच भेद ताके हैं। पुद्गल पञ्चवरण रस गंध दो फरसवसू जाके हैं॥ जियपुद्गलको चलन सहाई धर्मद्रव्य अनुरूपी। तिष्ठत होय अधर्म सहाई, जिन विन मूर्ति निरूपी॥७॥ सकलद्रव्यको वास जासमें, सो आकाश पिछानो। नियत वर्तना निशिदिन सो व्यवहार काल परिमानो॥ यों अजीव अव आश्रव सुनिये, मन वच काल त्रियोगा। मिथ्या अविरत अरु कषाय परमाद सहित उपयोगा ॥८॥ ये ही आतमको दुखकारण तातैं इनको तजिये। जीव प्रदेश बंधै विधिसों सो, बन्धन कबहु न सजिये॥ शमदमतें जो कर्म न आवै, सो संवर आदरिये। तपबल विधितैं झरत निर्जरा, ताहि सदा आचरिये ॥९॥ सकल कर्मतैं रहित अवस्था, सो शिव थिर सुखकारी। इहि विधि जो सरधा तत्त्वनकी, सो समकित व्यवहारी॥ देव जिनेन्द्र गुरू परिग्रह विन, धर्मदयाजुन सारो। येहु मान समकितको कारण, अष्ट अंग जुतधारो॥ १०॥

वसुमद टारि निवारि त्रिशठता षट अनायतन त्यागो। शंकादिक वसु दोष बिना संवेगादिक चित पागो॥ अष्ट अङ्ग अरु दोष पचीसों तिन संक्षेपहु कहिये। बिन जाने तें दोष गुननकों कैसे तजिये गहिये॥११॥ जिन वचमें शंका न धार वृष भवसुख वांछा भानै। मुनितन मलिन न देख घिनावे तत्वकुतत्व पिछाने॥ निजगुण अरु पर औगुण ढाँके वा जिनधर्म बढ़ावे। कामादिक कर वृषतें चिगते निज परको सु दृढ़ावे॥१२॥ धर्मी सो गऊ बच्छ प्रीति सम कर जिन धर्म दिपावे। इन गुणतें विपरीत दोष वसु तिनको सतत खिपावे। पिता भूप वा मातुल नृप जो होय न तो मद ठाने। मद न रूपको मद न ज्ञानको धनबलको मद भाने॥१३॥ तपको मद न मद जु प्रभुताको करै न सो निज जाने। मद धारे तो यही दोष वसु समकितको मल ठाने॥ कुगुरु कुदेव कुवृष सेवककी नहि प्रशंस उचरै है। जिन मुनि श्रुति बिन कुगुरादिक, तिन्हैं न नमन करै है। दोष रहित गुण सहित सुधी जे सम्यकदर्श सजे हैं चरित मोहवश लेश न संजम पै सुरनाथ जजे हैं॥ गेही पै गृहमें न रचें ज्यों जलमें भिन्न कमल है। नगरनारिको प्यार यथा कादेमें हेम अमल है॥१५॥ प्रथम नरक बिन षट्भू ज्योतिष वान भवन षंढ नारी। थावर विकलत्रय पशुमें नहि उपजत सम्यक्धारी॥ तीनलोक तिहुंकाल माहि नहि दर्शन सो सुखकारी। सकलधरम को मूल यही इस बिन करनी दुखकारी॥१६॥ मोक्षमहलको परथम सीढ़ी या बिन ज्ञान चरित्रा। सम्यकता न लहै सो दर्शन धारो भव्य पवित्रा॥ दौल समझ सुन चेत सयाने, काल वृथा मत खोवै यह नरभव फिर मिलन कठिन है। जो सम्यक नहि होवै॥१७॥

चतुर्थ ढाल।

दोहा—सम्यक श्रद्धा धारि पुनि, सेवहु सम्यक ज्ञान।
स्वपर अर्थ बहु धर्मयुत, जो प्रगटावन भान॥

रोलाछन्द २५ मात्रा।

सम्यक साथै ज्ञान होय पै भिन्न अराधो। लक्षण श्रद्धा जान दुहूमें भेद अबाधो॥ सम्यक कारण जान, ज्ञान कारज है सोई। युगपत होतेहू प्रकाश दीपकतें होई॥ १॥ तास भेद दो है, परोक्ष परतक्ष तिन माहीं। मति श्रुत दोय परोक्ष, अक्ष मनतें उपजाहीं अवधि ज्ञान मन पर्य्यय, दो है देश प्रत्यक्षा। द्रव्यक्षेत्र परिमाण लिए जानै जिय स्वच्छा॥ २॥ सकल द्रव्यके गुण अनन्त पर्य्याय अनन्ता। जानें एके काल प्रगट केवलि भगवन्ता॥ ज्ञान समान न आन जगतमें सुखको कारण। इहि परमामृत जन्म जरामृत रोग निवारन॥ ३॥ कोटि जन्म तप तपै, ज्ञान बिन कर्म झरे जे। ज्ञानीके छिनमांहि त्रिगुप्तितैं सहज टरें ते। मुनिव्रत धार अनन्त बार ग्रीवक उपजायो। पै निज आतम ज्ञान बिना सुखलेश न पायो॥ तातें जिनवर कथित तत्व अभ्यास करीजै। संशय विभ्रम मोह त्याग आपो लखि लीजै। यह मानुष पर्याय सुकुल सुनवो जिनवानी। इह विधि गये न मिलैं, सुमनि ज्यों उदधि समानी॥ ५॥ धन समाज गज बाज, राज सो काज न आवै। ज्ञान आपको रूप भये, फिर अचल रहावै॥ तास ज्ञानको कारण स्वपर विवेक बखानो। कोटि उपाय बनाय भव्य ताको उर आनो॥६॥ जे पूरब शिव गए, जाहिं अब आगे जैहैं। सो सब महिमा ज्ञान तणी मुनिनाथ कहे हैं॥ विषय चाह दवदाह, जगत जन अरनि

बुझावै। तास उपाय न आन ज्ञान घन-घान बुझावै ॥ ७ ॥ पुण्य पाप फल माहिं, हरख बिलखो मत भाई। यह पुद्गल पर्याय उपजि बिनसै फिर थाई ॥ लाख बातकी बात, यही निश्चय उर लावो तोरि सकल जगद्वन्द्व—फन्द निज आतम ध्यावो ॥८॥ सम्यग्ज्ञानी होय बहुरि दृढ़ चारित लीजै। एक देश अरु सकल देश, तसु भेद कहीजै। त्रस हिंसाको त्याग वृथा थावर न संघारै, परवध कार कठोर निन्द्य, नहिं वयन उचारै ॥ ९ ॥ जलमृत्तिका बिन और नहीं कछु गहै अदत्ता। निज वनिता बिन सकल, नारिसौं रहै विरत्ता ॥ अपनी शक्ति विचार, परिग्रह थोरो राखै। दश दिश गमन प्रमाण ठान, तसु सीम न नाखै ॥१०॥ ताहूमें फिर ग्राम, गली गृह बाग बजारा। गमनागमन प्रमाण ठान अन सकल निवारा। काहूकी धन हानि किसी जय हार न चिन्ते। देय न सो उपदेश, होय अघ बनज कृषीतैं ॥ ११ ॥ कर प्रमाद जल भूमि वृक्ष पावक ना विराधै। असि धनु हल हिंसोप—करण नहिं दे यश लाधै ॥ राग द्वेष करतार कथा कबहू न सुनीजै। औरहु अनरथ दण्ड, हेतु अघ तिन्हैं न कीजै ॥ १२ ॥ धर उर समता भाव, सदा सामायिक करिये। पर्व चतुष्टय माँहि, पाप तज प्रोषध धरिये ॥ भोग और उपभोग, नियम कर ममत निवारै। मुनिको भोजन देय, फेर निज करहि अहारै ॥ १३ ॥ बारह व्रतके अतीचार, पन पनन लगावै। मरण समय संन्यास, धार तसु दोष नशावै। यों श्रावक व्रत पाल, स्वर्ग सोलम उपजावै। तहांतै चय नर जन्म पाय मुनि ह्वै शिव जावै।

पंचम ढाल।

मनोहर छन्द १४ मात्रा।

मुनि सकल व्रती वड़ भागी। भव भोगनतैं वैरागी॥ वैराग्य अपावन माई। चिन्तै अनुपेक्षा भाई॥१॥ इन चिन्तत समरस जागै जिम ज्वलन पवनके लागे॥ जवही जिय आतम जानै। तवही जिय शिवसुख ठानै॥२॥ जोवन गृह गो धन नारी। हय गयजन आज्ञाकारी॥ इन्द्रिय भोजन छिन थाई। सुरधनु चपला चपलाई॥३॥ सुर असुर खागाधिप जेते॥ मृग ज्यों हरि काल दले ते॥ मणिमन्त्रतन्त्र वहु होई। मरते न वचावे कोई॥४॥ वहुगति दुख जीव भरे हैं। परिवर्तन पञ्च करे हैं॥ सव विधि संसार असारा। तामें सुख नाहिं लगारा॥५॥ शुभ अशुभ करम फल जेते। भोगें जिय एकहिं तेते॥ सुत दारा होय न सीरी। सव स्वारथके हैं भीरी॥६॥ जलपय ज्यों जियतन मेला। पै भिन्न २ नहिं भेला॥ जो प्रगट जुदे धन धामा। क्यों ह्वै इक मिल सुत रामा॥७॥ पल रुधिर राध मल थैली। कीकस वसादितैं मैली॥ नव द्वार वहै घिनकारी। असदेह करै किम यारी॥८॥ जे भोगनकी चपलाई। तातैं ह्वै आश्रव भाई॥ आश्रय दुखकार घनेरे। वुद्धि-वन्त तिन्हें निरवेरे॥९॥ जिन पुण्य पाप नहिं कीना। आतम अनुभव चित दीना॥ तिनहीं विधि आवत रोके। संवर लहि सुख अवलोके॥१०॥ निज काल पाय विधि झरना। तासों निजकाज न सरना॥ तप करि जो कर्म खपावै। सोई शिवसुख दरसावै॥११॥ किनहूं न करो न धरै को। पट् द्रव्य मयी न हरै को॥ सो लोकमांहि विन समता। [illegible]

भ्रमता ॥ १२ ॥ अन्तिम ग्रीवकलौंकी हद। पायो अनन्त विरियां पद। पर सम्यग्ज्ञान न लाधौ। दुर्लभ निजमें मुनि साधौ ॥ १३ ॥ जे भाव मोहतैं न्यारे। दृगज्ञान व्रतादिक सारे ॥ सो धर्म जबै जिय धारै। तबही सुख अचल निहारै ॥ १४ ॥ सो धर्म मुनिनकरि धरिये। तिनकी करतूति उचरिये ॥ ताकू सुनिये भवि प्रानी। अपनी अनुभूति पिछानी ॥ १५ ॥

अथ षष्ठम ढाल।

हरिगीतिका छन्द २८ मात्रा।

षटकाय जीवन हननतैं सब, विध दरब हिंसा टरी। रागादि भाव निवारतैं, हिंसा न भावित अवतरी ॥ जिनके न लेश मृषा न जल तृण, हू बिना दीयौं गहैं। अठदश सहस विधि शीलधर, चिद्ब्रह्ममें नित रमि रहैं ॥१॥ अन्तर चतुर्दश भेद बाहर, संग दशधा तैं टलैं। परमाद तजि चउकर मही लखि, समिति ईर्यातैं चलैं ॥ जग सुहितकर सब अहित हर श्रुति सुखद सब संशय हरैं। भ्रम रोग हर जिनके वचन मुखचन्द्रतैं अमृत झरैं ॥२॥ छ्यालीस दोष बिना सुकुल, श्रावक तनै घर असनको। लैं तप बढ़ावन हेत नहिं तन, पोषते तजि रसनको ॥ शुचि ज्ञान संयम उपकरण लखिकै गहैं लखिकै धरैं। निर्जन्तु थान विलोक तन मल मूत्र श्लेषम परिहरैं ॥३॥ सम्यक्प्रकार निरोध मन वच काय आतम ध्यावते। तिन सुथिर मुद्रा देखि मृगगण उपल खाज खुजावते ॥ रस रूप गंध तथा फरस अरु शब्द शुभ असुहावने। तिनमें न राग विरोध पंचेंद्रिय जयन पद पावने ॥ ४ ॥ समता सम्हारैं थुति उचारैं वन्दना जिनदेवको। नित करैं श्रुति रति करैं प्रतिक्रम

तजे तन अहमेवको। जिनके न न्हौन न दन्तधोवन, लेश अम्बर आवरण। भूमाहिं पिछली रयनमें कछु शयन एकासन करण ॥५॥ इक बार लेत अहार दिनमें खडे अलप निज पानमें। कचलोंच करत न डरत परिषह सों लगे निज ध्यानमें॥ अरि मित्र महल मसान कंचन, काच निन्दन थुतकरण। अर्घावतारण असि प्रहारण में सदा समता धरण ॥ ६ ॥ तप तपैं द्वादश धरैं वृष दश, रत्नत्रय सेवैं सदा मुनि साथमें वा एक विचरैं चहैं नहिं भवसुख कदा॥ यों है सकल सयम चरित सुनिये स्वरूपाचरण अब। जिस होत प्रगटै आपनी निधि, मिटै परकी प्रवृति सब ॥ ७ ॥ जिन परम पैनी सुबुद्धि छैनी डार अन्तर भेदिया। वरणादि अरु रागादितैं, जिन भावको न्यारा किया॥ निजमाहिं निजके हेत निजकर आपको आपै गह्यो। गुणगुणी ज्ञाता ज्ञानज्ञेय, मंझार कछु भेद न रह्यो॥ तहं ध्यान ध्याता ध्येयको न विकल्प वच भेद-न जहां। चिद्भाव कर्म चिदेश कर्ता, चेतना किरिया तहां॥ तीनों अभिन्न अखिन्न शुद्ध, उपयोगकी निश्चय दशा। प्रगटी जहाँ दृगज्ञानव्रत ये, तीनधा एकै लशा ॥ ८ ॥ परमाण नय निक्षेपको न उद्योत, अनुभवमें दिखै। दृगज्ञान-सुख-बल मय सदा नहिं, आन भाव जो मो विखै। मैं साध्य साधक मैं अवाधक, कर्म अरु तसु फलनितैं॥ चितपिंड चंड, अखंड सुगुन करंड च्युत पुनि कल नितैं ॥ १० ॥ यों चिन्त्य निजमें थिर भए तिन अकथ जो आनन्द लहो। सो इन्द्र; नाग नरेन्द्र वा अहमिन्द्र के नाहीं कह्यो ॥ तबही शुकल ध्यानाग्नि करि चऊ, घात विधि कानन दहों। सब लख्यो केवलज्ञान करि भवि लोकको शिवमग कह्यो ॥११॥ पनि घाति शेष

अघाति विधि, छिनमांहि अष्टम भू बसे। वसु कर्म विनसे सुगुण वसु, सम्यक आदिक सब लसैं॥ संसार खार अपार पारावार, तरि तीरहि गये। अविकार अकल अरूप शुच, चिद्रूप अविनाशी भये ॥ १२ ॥ निजमांहि लोक अलोक गुण पर्याय प्रतिबिम्बित थये। रहि हैं अनन्तानन्त काल यथा तथा शिव परनये॥ धनि धन्य हैं जे जीव नरभव, पाय यह कारज किया। तिनही अनादी भ्रमण पञ्च प्रकार तजि वर सुख लिया॥ १३॥ मुख्योपचार दुभेद यों बड़ भागि रत्नत्रय ध रैं। अरु धरैंगे ते शिव लहैं तिन सुयशजल-जगमल हरैं॥ इम जानि आलस हानि साहस ठानि यह सिख आदरौं। जबलौं न रोग जरा गहै, तब लौं झटित निजहित करौं ॥ १४ ॥ यह राग आग दहै सदा तातैं समामृत पीजिये॥ चिर भजे विषय कषाय अब तो त्याग निजपद लीजिये॥ कहा रच्यो पर पदमें न तेरो पद यहै, क्यों दुख सहै। अब दौल होव सुखी स्वपद रचि दाव मत चूको यहै॥ ५॥

दोहा—इक नव वसु इक वर्षकी तीज शुकुल वैशाख।
कर्यो तत्त्व उपदेश यह, लखि बुधजनकी भाख॥ १॥
लघु धी तथा प्रमादतैं, शब्द अर्थकी भूल।
सुधी सुधार पढ़ो सदा जो पावो भव कूल॥ २॥

३६—सामायिक पाठ भाषा

प्रथम प्रतिक्रमण कर्म।

काल अनन्त भ्रम्यो जगमें सहियो दुख भारी। जन्ममरण नित किये पापको है अधिकारी॥ कोटि भवांतरमांहि मिलन दुर्लभ सामायिक धन्य आज मैं भयो जोग मिलियो सुखदायक॥ १॥ हे

सर्वज्ञ जिनेश किये जु पाप जु मैं अब। ते सव मनवचकाय योग-की गुप्ति विना लभ ॥ आप समीप हजूर माहिं मैं खड़ो खड़ो अव। दोष कहूं सो सुनो करो नठ दुख देहिं जब ॥२॥ क्रोध मान मद लोभ मोह मायावश प्रानी। दुःखसतित जे किये दया तिनकी नहिं आनी ॥ विना प्रयोजन एकेन्द्रिय वितिं चउ पंचेन्द्रिय। आप प्रसादहि मिटै दोष जो लाग्यो मो जिय ॥ ३ ॥ आपसमें इकठोर थापि करि जे दुख दीने। पेलि दिये पगतलें दावकरि प्राण हरीने आप जगतके जीव जिते तिन सवके नायक। अरज करौं मैं सुनो दोष मेटो सुख दायक ॥४॥ अंजन आदिक चोर महा घनघोर पाप-मय। तिनके जे अपराध भये ते क्षिमाक्षिम किय ॥ मेरे जे अब दोष भये ते क्षमो दयानिधि। यह पड़िकोणो कियो आदि षट कर्ममाहि विधि ॥ ५ ॥

अथ द्वितीय प्रत्याख्यान कर्म।

जो प्रमादवश होय विराधे जीव घनेरे। तिनको जो अपराध भयो मेरे अघ ढेरे ॥ सो सब झूठो होउ जगपततिके परसादै। जा प्रसादतैं मिले सर्व सुख दुःख न लाधे ॥ ६ ॥ मैं पापी निर्लज्ज दया करि हीन महाशठ। किये पाप अति घोर पापमति होइ चित्त दुठ ॥ निंदूं हूं मैं बारबार निज जियको गरहूं। सबविधि धर्म उपाय पाय फिर पापहिं करहूं ॥ ७ ॥ दुर्लभ है नर जन्म तथा श्रावककुल भारी। सतसगति संयोग धर्म निजश्रद्धाधारी ॥ जिनवचनामृत धार समावर्ते जिनवानी। तौहू जीव संहारे धिक धिक धिक हम जानी ॥८॥ इन्द्रियलपट होय खोय निज ज्ञान जमा सब। अज्ञानी जिमि करै तिसी विधि हिंसक ह्वै अब ॥ गमनागमन करन्तो जीव विराधे

मोहि। ते सब दोष किये निन्दूं अब आलोचन सोधे ॥ ९ ॥ आलोचन विधि थकी दोष लागे जु घनेरे। ते सब दोष विनाश होउ तुमतैं जिन मेरे ॥ बार बार इस भाँति मोहमद दोष कुटिलता। ईर्षादिकतैं भये निन्दिये जे भयभीता ॥ १० ॥

अथ तृतीय सामायिक कर्म।

सब जीवनमें मेरे समताभाव जग्यो है। सब जिय मो सम समता राखो भाव लग्यो है ॥ आर्त्त रौद्र द्वय ध्यान छांडि करिहूं सामायक ॥ संयम मो कब शुद्ध होय यह भाव बधायक ॥ ११ ॥ पृथ्वी जल अरु अग्नि वायु चउ काय वनस्पति। पांचहि थावर माहिं तथा त्रस जीव बसैं जित ॥ बे इन्द्रिय तिय चउ पंचेन्द्रिय माहिं जीव सब। तिनसैं क्षमा कराऊं मुझपर क्षमा करो अब ॥ १२ ॥ इस अवसरमैं मेरे सब सम कञ्चन अरु तृण। महल मसान समान शत्रु अरु मित्रहि सम गण ॥ जामन मरणसमान जानि हम समता कीनी। सामायिकका काल जितै यह भाव नवीनी ॥ १३ ॥ मेरो है इक आतम तामें ममत जु कीनो ॥ और सबै मम भिन्न जानि समता रस भीनो ॥ मात पिता सुत बन्धु मित्र तिय आदि सबै यह। मोतैं न्यारे जानि जथारथ रूप कर्यो गह ॥ १४ ॥ मैं अनादि जगजालमाहिं फंस रूप न जाण्यो। एकेन्द्रिय दे आदि जन्तुको प्राण हराण्यो ॥ ते अब जीव समूह सुनो मेरी यह अरजी। भवभवको अपराध छमा कीज्यो करि मरजी ॥ १५ ॥

अथ चतुर्थ स्तवन कर्म।

नमूं ऋषभ जिनदेव अजित जिन जीत कर्मको। संभव भव दुखहरण करण अभिनन्द शर्मको ॥ सुमति सुमति दातार

भवसिन्धु पारकर। पद्म पद्मपद्माभ भानि भवभीति प्रीतिधर ॥१६॥ श्रीसुपार्श्व कृत पास नाश भव जास शुद्धकर। श्रीचन्द्रप्रभचन्द्र कान्तिसम देहकान्ति धर। पुष्पदन्त नमि दोषकोप भवि पोष रोषहर। शीतल शीतल करन हरन भवताप दोषहर ॥ १७ ॥ श्रेय रूप जिन श्रेय धेय नित सेय भव्यजन। वासुपूज्य शतपूज्य वासवादिक भवभय हन ॥ विमल विमल मतिदेन अन्तगन है अनन्त जिन। धर्म शर्म शिवकरण शाति जिन शांतिविधायिन ॥ १८ ॥ कुन्थ कुन्थ मुख जीवपाल अरनाथ जाल हर। मल्लि २ सममोह मल्ल मारण प्रचार धर ॥ मुनिसुव्रत व्रत करण नमत सुरसंघहि नमि जिन। नेमिनाथ जिन नेमि धर्मरथ माँहि ज्ञान धन ॥ १९ ॥ पार्श्वनाथ जिन पार्श्व उपलसम मोक्षरमापति। वर्द्धमान जिन नमूं नमूं भवदुःख कर्मकृत ॥ याविधि मैं जिनसंघरूप चउबीस संख्यधर। स्तऊं नमूं हू वार वार वन्दौं शिव सुखकर ॥ २० ॥

पञ्चम वन्दनाकर्म।

वन्दूं मैं जिनवीर धीर महावीर सुसन्मति। वर्द्धमान अतिवीर वन्दहों मनवचतनकृत ॥ त्रिशलानन्दन महेश धीश विद्यापति वन्दूं। वन्दूं नितप्रति कनकरूप तनु पाप निकन्दूं ॥२१॥ सिद्धारथ नृपनंद द्वंद दुखदोष मिटावन। दुरित दवानल ज्वलितज्वाल जगजीव उधारन ॥ कुण्डलपुर करि जन्म जगतजिय आनन्दकारन। वर्ष बहत्तरि आयु पाय सब ही दुख टारन ॥२२॥ सप्त हस्त तनु तुंग भंग कृत जन्ममरण भय। बालब्रह्ममय ज्ञेय हेय आदेय ज्ञानमय ॥ दे उपदेश उधारि तारि भवसिन्धु जीवधन आप बसे शिवमाहिं ताहि वन्दौ मन वच तन ॥ २३॥ जाके वन्दन थकी दोष दुख दूरहिं

आवे। जाके पम्दतयको मुक्ति तिम सम्मुख आवे ॥ जाके अन्वेषण की वंद होये सुरगनके। ऐसे वीर जिनेश वन्दिहूं क्रमयुग तिनके ॥ २४ ॥ सामायिक षटकर्ममाहि वन्दन यह पञ्चम। वन्दे वीरजिनेन्द्र इन्द्रशतवन्द्य वन्द्य मम ॥ जन्म मरण भय हरो करो अघ शांति शांति मम ॥ मैं अघ कोष सुपोष दोषको दोष विनाशन ॥ २५ ॥

छठा कायोत्सर्ग कर्म

कायोत्सर्गविधान करूं अन्तिम सुखदाई। कायत्यजन मय होय काय सबको दुखदाई ॥ पूरब दक्षिण नमूं दिशा पश्चिम उत्तर मैं। जिनगृह वन्दन करूं हरूं भवपाप तिमिर मैं ॥ २६ ॥ शिरोनती मैं करूं नमूं मस्तक कर धरिकै। आवर्तादिक क्रिया करूं मनवच मद हरिकै। तीन लोक जिन भवनमाहि जिन हैं जु अकृत्रिम। कृत्रिम हैं द्वयअर्द्ध द्वीपमाहीं वन्दौं जिम ॥ २७ ॥ आठ कोड़िपरि छप्पन लाख जु सहस सत्याणूं। चारि शतकपरि असी एक जिनमन्दिर जाणूं ॥ व्यन्तर ज्योतिषमाहिं संख्यरहिते जिनमन्दिर। जिनगृह वन्दन करूं हरहु मम पाप संघकर ॥ २८ ॥ सामायिक सम नाहिं और कोउ वैर मिटायक ॥ सामायिक सम नाहिं और कोउ मैत्रीदायक ॥ श्रावक अणुव्रत आदि अन्त सप्तम गुणथानक। यह आवश्यक किये होय निश्चय दुखहानक ॥ २९ ॥ जे भवि आतम काज करण उद्यमके धारी। ते सब काज विहाय करो सामायिक सारी ॥ राग दोष मद मोह क्रोध लोभादिक जे सब। बुध महाचन्द्र विलाय जाय तातैं कीज्यो अब ॥ ३० ॥

३६—सामायिक पाठ (संस्कृत)

सत्वेषु मैत्रीं गुणिषु प्रमोदं, क्लिष्टेषु जीवेषु कृपापरत्वम् । माध्यस्थभावं विपरीतवृत्तौ सदा ममात्मा विदधातु देव ॥ १ ॥ शरीरतः कर्त्तुमनन्तशक्तिं, विभिन्नमात्मानमपास्त दोषम् । जिनेन्द्र कोषादिव खड्गयष्टिं, तव प्रसादेन ममास्तु शक्तिः ॥ २ ॥ दुःखे सुखे वैरिणि बन्धुवर्गे, योगे वियोगे भवने वने वा । निराकृताशेष ममत्वबुद्धे समं मनो मेऽस्तु सदापि नाथ ! ॥३॥ मुनीश ! लीनाविव कीलिताविव, स्थिरौ निपाताविव बिम्बिताविव । पादौ त्वदीयौ मम तिष्ठतां सदा, तमोधुनानौ हृदि दीपकाविव ॥ ४ ॥ एकेन्द्रियाद्या यदि देव ! देहिनः । प्रमादतः संचरता इतस्ततः । क्षता विभिन्ना मिलिता निपीड़िितास्तदस्तु मिथ्या दुरनुष्ठितं तदा ॥५॥ विमुक्तिमार्ग प्रतिकूलवर्त्तिना मया कषायाक्षवशेन दुर्धिया । चारित्र शुद्धेर्यदकारि लोपनं तदस्तु मिथ्या मम दुष्कृतं प्रभो ॥ ६ ॥ विनिन्दनालोचनगर्हणैरहं मनोवच. काय कषायनिर्मितम् । निहन्मिपापं भवदु खकारणं भिषग्विषं मन्त्रगुणैरिवाखिलम् ॥ ७ ॥ अतिक्रमं यं विमतेर्व्यतिक्रमं, जिनातिचारं सुचरित्रकर्म्मण. । व्यधामनाचारमपि प्रमादतः, प्रतिक्रमं तस्य करोमि शुद्धये ॥ ८ ॥ क्षतिं मनः शुद्धि विधेरतिक्रमं व्यतिक्रमं शीलव्रतेर्विलंघनम् । प्रभोऽतिचारं विषयेषु वर्तनं, वदन्त्यनाचारमिहातिशक्तताम् ॥ ९ ॥ यदर्थमात्रापदवाक्य हीनं मया प्रमादाद्यदि किञ्चनोक्तम् । तन्मे क्षमत्वा विदधातु देवी सरस्वती केवलबोधलब्धि ॥१०॥ बोधिः समाधिः परिणाम शुद्धिः स्वात्मोपलब्धि. शिवसौख्यसिद्धि । चिन्तामणिं चिन्तितवस्तुदाने, त्वां वंद्यमानय ममास्तु देवि ॥ ११ ॥ य· स्मर्य्यते सर्व्वमुनीन्द्र

वृन्दैः, यः स्तूयते सर्वनरामरेन्द्रैः।' यो गीयते वेदपुराणशास्त्रैः, स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥११॥ यो दर्शनज्ञानसुखस्वभावः समस्तसंसारविकार बाह्यः। समाधिगम्यः परमात्मसंज्ञः, स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥ १२ ॥ निषूदते यो भवदुःखजालम्, निरीक्षते यो जगदन्तरालम्। योऽन्तर्गतो योगिनिरीक्षणीयः, स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥१४॥ विमुक्तिमार्गप्रतिपादको यो यो जन्ममृत्युव्यसनाद्व्यतीतः। त्रिलोकलोकी विकलोऽकलङ्कः, स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥ १५ ॥ क्रोडीकृताशेषशरीरिवर्गाः रागादयो यस्य न सन्ति दोषाः। निरिन्द्रियो ज्ञानमयोऽनपाय स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥ १६ ॥ यो व्यापको विश्वजनीनवृत्तेः, सिद्धो विबुद्धो धुतकर्मबन्धः। ध्यातो धुनीते सकलं विकारं, स देवदेवो हृदये ममास्ताम् ॥ १७ ॥ न स्पृश्यते कर्मकलङ्कदोषैः यो ध्वान्तसंघैरिव तिग्मरश्मिः। निरञ्जनं नित्यमनेकमेकं तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ॥ १८ ॥ विभासते यत्र मरीचिमाली न विद्यमाने भुवनावभासी। स्वात्मस्थितं बोध मय प्रकाशं तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ॥ १९ ॥ विलोक्यमाने सति यत्र विश्वं विलोक्यते स्पष्टमिदं विविक्तम्। शुद्धं शिवं शान्तमनाद्यनन्तं, तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ॥ २० ॥ येन क्षता मन्मथमानमूर्च्छा विषादनिद्राभयशोकचिन्ता। क्षयोऽनलेनेव तरुप्रपञ्चः तं देवमाप्तं शरणं प्रपद्ये ॥ २१ ॥ न संस्तरोऽश्मा न तृणं न मेदिनी, विधानतो नो फलको विनिर्मितः। यतो निरस्ताक्षकषायविद्विषः। सुधीभिरात्मैव सुनिर्मलो मतः ॥२२॥ न संस्तरो भद्रसमाधिसाधनं न लोकपूजा न च संघ मेलनम्। यत स्ततोऽध्यात्मरतो भवानिशं विमुच्य सर्वामपि बाह्यवासनाम्

॥२३॥ न सन्ति बाह्या मम केचनार्था, भवामि तेषां न कदाचनाहम्। इत्थं विनिश्चित्य विमुच्य बाह्यं, स्वस्थः सदा त्वं भव भद्र मुक्त्यै ॥ २४ ॥ आत्मानमात्मन्यवलोक्यमानस्त्वं दर्शनज्ञानमयो विशुद्धः। एकाग्रचित्तः खलु यत्र तत्र, स्थितोपि साधुर्लभते समाधिम् ॥२५॥ एकः सदा शाश्वतिको ममात्मा विनिर्मलः साधिगमस्वभावः। बहिर्भवाः सन्त्यपरे समस्ता, न शाश्वताः कर्मभवाः स्वकीयाः ॥२६॥ यस्यास्ति नैक्यं वपुषापि सार्द्धं, तस्यास्ति किं पुत्रकलत्रमित्रैः। पृथक्कृते चर्मणि रोमकूपाः। कुतो हि तिष्ठन्ति शरीरमध्ये ॥२७॥ संयोगतो दुःखमनेकभेदं, यतो ऽश्नुते जन्म वने शरीरी। ततस्त्रिधासौ परिवर्जनीयो। यियासुना निर्वृतिमात्मनीनाम् ॥२८॥ सर्वं निराकृत्य विकल्पजालं संसारकान्तारनिपातहेतुम्। विविक्तमात्मानमवेक्ष्यमाणो निलीयसे त्वं परमात्मतत्त्वे ॥२९॥ स्वयं कृतं कर्म यदात्मना पुरा, फलं तदीयं लभते शुभाशुभम्। परेण दत्तं यदि लभ्यते स्फुटं, स्वयं कृतं कर्म निरर्थकं तदा ॥३०॥ निजार्जितं कर्म विहाय देहिनो, न कोपि कस्यापि ददाति किञ्चन। विचारयन्नेवमनन्यमानसः, परो ददातीति विमुच्य शेमुषीम् ॥ ३१ ॥ यैः परमात्माऽमितगतिवन्द्यः सर्वविविक्तो भृशमनवद्यः। शश्वदधीते मनसि लभन्ते, मुक्तिनिकेतं विभव वरं ते ॥३२॥

इति द्वात्रिंशता वृत्तैः परमात्मानमीक्षते।
योऽनन्य गत चेतस्को, यात्यसौ पदमव्ययम् ॥ ३३ ॥

३७—आरती संग्रह।

प्रथम आरती।

यह विधि मङ्गल आरती कीजै। पञ्च परम पद भजि सुख

कीजे ॥ टेक ॥ प्रथम आरती श्रीजिनराजा । भवदधि पार उतार जिहाजा ॥१॥ दूजी आरती सिद्धन केरी । सुमरण करत मिटै भव फेरी ॥ २ ॥ तीजी आरती सूर मुनिन्दा । जनम मरण दुख दूर करिन्दा ॥ ३ ॥ चौथी आरती श्री उवज्झाया । दर्शन देखत पाप पलाया ॥ ४ ॥ पांचवीं आरती साधु तुम्हारी । कुमति विनाशन शिव अधिकारी ॥ ५ ॥ छट्ठी ग्यारह प्रतिमा धारी । श्रावक वन्दौं आनन्दकारी ॥ ६ ॥ सातवीं आरती श्रीजिनवाणी । द्यानत स्वर्ग मुक्ति सुखदानी ॥ ७ ॥

द्वितीय आरती ।

आरती श्रीजिनराज तुम्हारी । कर्म दलन संतन हितकारी ॥ टेक ॥ सुर नर असुर करत तब सेवा । तुमही सब देवनके देवा ॥ १ ॥ पञ्च महाव्रत दुद्धर धारे । राग दोष परिणाम विदारे॥२॥ भवभयभीत शरण जे आये । ते परमारथ पन्थ लगाये ॥३॥ जो तुम नाम जपै मन माहीं । जनम मरण भय ताको नाहीं ॥४॥ समोसरण सम्पूरण शोभा । जीते क्रोध मान मद लोभा ॥५॥ तुम गुण हम कैसे कर गावें । गणधर कहत पार नहिं पावें ॥६॥ करुणा सागर करुणा कीजे । द्यानत सेवकको सुख दीजे ॥ ७ ॥

तृतिय आरती ।

आरती कीजे श्रीमुनिराजकी । अधम उधारन आतम काजकी ॥ टेक ॥ जा लछमीके सब अभिलाषी । सो साधन कर्दम वत नाखी ॥१॥ सब जग जीत लियो जिन नारी । सो साधनि नागिनि वत छारी ॥२॥ विषयन सब जगको वश कीने । ते साधन विषवत तज दीने ॥३॥ भुविको राज चहत सब प्राणी । जीर्ण तृणवत त्यागो

ध्यानी ॥४॥ शत्रु मित्र सुख दुख सम माने। लाभ अलाभ बराबर जाने ॥५॥ छहों काय पीडन व्रत धारैं। सबको आप समान निहारैं ॥६॥ यह आरती पढै जो गावैं। द्यानत मन वाछित फल पावैं ॥७॥

चतुर्थ आरती।

किस विधि आरती करौं प्रभु तेरी। अगम अकथ जस बुध नहिं मेरी॥ टेक॥ समुद्र विजय सुन रजमति छारी। यों कहि थुति नहिं होय तुम्हारी॥ १॥ कोटि स्तम्भ वेदि छवि सारी। समोसरण थुति तुमसे न्यारी ॥२॥ चारि ज्ञान युत तिनके स्वामी सेवकके प्रभु अन्तर्यामी॥ ३॥ सुनके वचन भविक शिव जाहीं सो पुद्गलमें तुम गुण नाहीं ॥४॥ आतम ज्योति समान बताऊं। रवि शशि दीपक मूढ़ कहाऊं॥ ५॥ नमत त्रिजग पति शोभा उनकी। तुम शोभा तुममें निज गुणकी॥ ६॥ मानसिंह महाराजा गावे। तुम महिमा तुम ही वन आवे॥ ७॥

पचम आरती।

यह विधि आरती करूं प्रभु तेरी। अगम अवाधित निज गुण केरी॥ टेक॥ अचल अखण्ड अतुल अविनाशी। लोकालोक सकल परकाशी॥ १॥ ज्ञान दरश सुख बल गुणधारी। परमात्मा अविकल अविकारी॥ २॥ क्रोध आदि रागादिक तेरे। जन्म जरा-मृत कर्म न नेरे॥ ३॥ अवपु अवध कारण सुखराशी। अभय अनाकुल शिवपद वासी ॥४॥ रूप न रेख न भेष न कोई। चिन्मूरति प्रभु तुमहीं होई॥ ५॥ अलख अनादि अनन्त अरोगी। सिद्ध विशुद्ध स्वआतम भोगी॥ ६॥ गुण अनन्त किम वचन बनावे। दीपचन्द्र भव भावना भावे॥ ७॥ इति॥

३८—चेतन सुमतिकी होली।

अबकी मैं होरी खेलौं सुमतिसे। यह मन भाय गई मेरे घटके ॥ टेक ॥ अनुभव गाग मम सुख पिचकारी, सखि २ मारे कुमति पर हटके ॥ १ ॥ ज्ञान गुलाल थाल निज परिणति झाकमझाक कुमाल पसरके ॥ २ ॥ प्रमुदित गाय समाधिक सखियां हम तुम साथ मन्दिरमें अटके ॥ ३ ॥ भयो २ फाग भयो २ अवसर बेढ़ि हमारी क्यों भव भटके ॥ ४ ॥

३९—आसाराम कृत होली।

होरी है मन तोहि खिलाऊं चेतन राम रिझाऊं। मन्दर मन्नु करों अति सुन्दर भूषण भाव बनाऊं। धर्म सखी पशु केसर घोरौं गावें गुलाल उड़ाऊं भलीविधि धूम मचाऊं ॥ १ ॥ शोभा चित करों अति सिपरो छिपरो मति अनूप अड़ाऊं। वामके सागरमें धसके तहां ते सगरी मधि ल्याऊं। भली विधि मधुप पाऊं ॥२॥ मन मृदङ्ग बजै मधुरी ध्वनि कर करुनाव पजाऊं। पञ्च सखी अपनी संग लेके सुपून धमार गवाऊं—भली विधि सो निरताऊं ॥३॥ ऐसी होरी जो मुनि खेलें शिवपद शीघ्र लहाऊं। आसाराम करें विनती प्रभु भक्ति अभय पद पाऊं। तब निज धाम बसाऊं।

४०—मानिक कृत होली।

कामें आपापमन बाकी होरी। हमारे को खेले ऐसी होरी हरिण्य हिंसादिक नित पाप पापके पशु लिपि कर पकरोरी। पाप

श्रीकृष्णकी माताके ७ स्वप्न।

मोहनीय कर्म ३

कींच बहु भाति लपेटत विषय कुरङ्ग छिरकोरी ॥ १ ॥ कुमति कुनारि डारि भ्रम फासी वहुत करी वरजोरी। कर्म धूल मङ्ग ल्यावत प्यावत मोह अमल कटोरी ॥ २ ॥ कषाय पचीस नृत्य-कारिन संग गति २ नाचत चोरी। राग द्वेष दोऊ छैल छबीली देत कुमगकी डोरी ॥ ३ ॥ यों चिरकाल खेल जिय 'मानिक' पाये दुःख करोरी। जैनधर्म परसाव भविक अव प्रीति सुपदसों जोरी ॥

४१—गङ्गा कृत होली।

खेलत फाग प्रवीना ॥ टेक ॥ दया वसन्त सखा दश लक्षण समकित रङ्ग जु कीना। ज्ञान गुलाल चरित्र अर्गजा शील अतरमें भीना ॥ १ ॥ ध्यानानल आस्रव होरी दोवन्ध त्रपत कर खीना। निर्जर नेह मुकत धन फगुआ निज परणतिको दीना ॥ २ ॥ 'गंगा' मन आनन्द भयो है सव विकल्प तज दीना। निज सर्वज्ञनाथ प्रभु आगे नाम निरन्तर लीना ॥ ३ ॥

४२—मेवाराम कृत होली।

अरे मत खेल खिलारी फाग रची संसारी ॥ टेक ॥ कामक्रोध दोऊ छैल छबीले कुमति हाथ पिचकारी। पाप कीच बहु भांति भरी है देत वदनपर डारी ॥ १ ॥ मोह मृदंग मजीरा मान मद लोभ तमूरा वारी। आशा तृष्णा नृत्य करत है लेत तान गति न्यारी ॥२॥ पांच पचीसी कामिनी घटमें गावत मनसो गारी। झगड़ २ मिलि फगुआ मांगत भाव वतावत भारी ॥ ३ ॥ खेलत खेलत युग बहु बीते अव जिय भयो दुखारी। मेवाराम जैन हित होरी अवकी वार हमारी ॥ ४ ॥

४३—मानिककृत होली।

कहा बानि परी पिय तोरी-कुमति संग खेलत है नित होरी ॥टेक॥ कुमति कूर कुशिला संग रांचा छाम शरम सब छोरी। राग द्वेष मय धूलि उड़ावे नाचे ज्यों बरजोरी। मस्त विषय मद भरि पिचकारी कुमति कुत्रिय सरजोरी। या प्रसंग थिर दुखी भये थिर प्रीति करत बरजोरी ॥ २ ॥ निज घरकी पिय सुधि बिसारके परत पराई पोरी। तीन लोकके ठाकुर कहियत सो विधि सबरी बोरी ॥३॥ परनि पारी परजों नहिं मानत ठानत हठ बरजोरी। हठ तजि सुमति सीख मति मानिक तो विलसो शिव गोरी ॥ ४ ॥

४४—दौलतकृत होली।

छांड़ि दे तू या बुधि भोरी-वृथा तनसों रति जोरी ॥ टेक ॥ ये पर है न रहै थिर पोषत ये सकल मलकी झोरी। इन सों करि ममता अनादिसे बन्धो कर्मकी डोरी। सहै भव दुःख हिलोरी ॥ १ ॥ ये जड़ है तू चेतन ज्योंही आप बतावत ओरी। सम्यक् दर्शन ज्ञान चरण तप इन सत्संग त्योरी ॥ सदा विलसो शिव गोरी ॥२॥ सुखिया भये सदाही जे नर यासों ममता छोरी। 'दौल' सिखि यह सीखो पीजो ज्ञान पीयूष कटोरी ॥ मिटै भव व्याधि कठोरी ॥ २ ॥

४५—इन्द्रिय शिक्षापर होली।

छैल मिलि कैसी होरी मचाई ॥ टेक ॥ दियो पीति छिपाय छोड़िके कोट मिले सिखवार। मुठ्ठे भगारी करें पिछारी होपी गोल बनाई। पड़ी मागे चटकाई ॥ छैल मिलि कैसी० ॥१॥ पूर

देवको पहिन पावमें तनिया खूब कसाई। वैठन नहिं पतलून देत है ठाढ़े करत मुनाई। धन्य अगरेजो आई। छैल० ॥२॥ टेढ़ा डंडा हाथ साथमें गडा श्वान छुहाई। गले गुलूबन्द फालर डटके मुखमें चुरट दबाई। धुवाँ फक फक उडाई ॥ छैल० ॥ ३ ॥ घरमें जा अगरेजी वोलैं समझत नाहिं लुगाई। मागे वाटर देती है रोटी बोल उठे झुंझलाई। डेम यू क्या ले आई ॥ छैल० ॥ ४ ॥ कौन बनावे रङ्ग वसन्ती कौन गुलाल उडाई। स्याहीकी डिबिया हाथ वुरुस है करते है वूट सफाई। छोडके सालमसाई ॥ छैल०॥ ४ ॥ सातों जाति मिडिलकर वैठे दूर भई पण्डिताई। गिट पिट मिष्टर होटल जावें मदिरा मटन उडाई। लेडीसे आंख लड़ाई ॥ छैल० ॥

४६—तीर्थंकरोंकी स्तुति प्रभाती।

वन्दौं जिनदेव सदा चरण कमल तेरे। जा प्रसाद सकल कर्म छूटत अघ मेरे ॥ टेक ॥ ऋषभ अजित सभव अभिनन्दन केरे। सुमति पद्म श्री सुपार्श्व चन्दा प्रभु मेरे ॥ १ ॥ पुष्पदन्त शीतल श्रीयास गुण घनेरे। वासपूज्य विमल अनन्त धर्म जग उजेरे ॥२॥ शान्ति कुन्थ अरह मल्ल मुनि सुव्रत केरे। नमि नेमि पार्श्वनाथ महावीर मेरे ॥ लेत नाम अष्ट याम छूटत भव फेरे। जन्म पाय जादोराय चरननके चेरे ॥ ४ ॥

४७—जवाहर कृत प्रभाती।

उठि प्रभात सुमिरन कर श्री जिनेन्द्र देवा ॥ टेक ॥ सिंहासन झिलमिलात तीन छत्र शिर सुहात चमर फहरात सदा भवि जन भजेवा ॥ १ ॥ भेंटे पार्श्व जिनेन्द्र कर्मके कटेंजु फन्द अस्वसेनके जु नन्द वामा सुखदेवा ॥ २ ॥ वानी तिहुकाल खिरे पशुवनपर दृष्टि

परै ममत सुरतरु मुनीन्द्रादिक चरन शीश नैया ॥ ३ ॥ प्रभुके चरणारविन्द जपत हैं 'भवाहरचन्द्र' कर जोरिं ध्यान धरै चाहत नित सेवा ॥ ४ ॥

४८—दौलतकृत प्रभाती ।

पारस जिन चरण निरखि हरख ज्यों लहायो । चितवन चन्दा चकोर ज्यों प्रमोद पायो ॥ टेक ॥ ज्यों सुनि घनघोर शोर मोरके मन हरख और रङ्क निधि समाज राज पाय मुदित थायो ॥१॥ ज्यों जन चिर क्षुधित कोय भोजन लहि सुखित होय भेषज मद हरन पाय आतुर हरषायो ॥ २ ॥ वासर धनि भाज दुरित दुरै चिर सुकृत भाज शास्ताकृत देखि महामोह तम विलायो ॥ ३ ॥ जाके गुन जानन योग्य भानन भव कानन इमि जान 'दौल' सरन आय शिव सुख ललचायो ॥ ४ ॥

४९—दौलतकृत प्रभाती ।

निरखत जिन चन्द्र वदन स्वपद सुरुचि आई ॥ टेक ॥ प्रगटी निज मानकी पिछान ज्ञान भानकी कला उद्योत होत काम यामि नी पलाई ॥१॥ शास्वत आनन्द स्वाद पायो विनसो विषाद आनन अनिष्ट इष्ट कल्पना नशाई ॥ २ ॥ साधी निज साधकी समाधि मोह व्याधिकी उपाधि कपिराधिके भराधना सुहाई ॥ ३ ॥ धन दिन छिन आज सुगुन चिन्ते जिनराई । सुधरे सब काज दौल अचल रिद्धि पाई ॥ ४ ॥

५०—णमोकार महिमा प्रभाती ।

प्रातकाल मन्त्र जपो णमोकार भाई । अक्षर पैंतीस शुद्ध हृदय

में धराई ॥टेक॥ नरभव तेरो सुफल होत पातक टर जाई। विघन जासु दूर होत संकटमें सहाई ॥ १ ॥ कल्पवृक्ष कामधेनु चिन्ता-मणि जाई। ऋद्धि सिद्धि पारस तेरे प्रगटाई ॥२॥ मन्त्र जन्त्र तंत्र सब जाही बनाई। सम्पति भण्डार भरे अक्षय निधि आई ॥ ३ ॥ तीन लोक माहि सार वेदनमें गाई। जगमें प्रसिद्ध धन्य मङ्गलीक भाई ॥ ४ ॥

५१—भागचन्दकृत प्रभाती।

परणति सब जीवनकी तीन भांति वरणी एक पुण्य एक पाप एक राग हरणी ॥ टेक ॥ जामें शुभ अशुभ बन्द बीतराग परणित सब भव समुद्र तरणी ॥१॥ छाँडि अशुभ क्रिया कलाप मत करो कदाचि पाप शुभमें न मगन होय अशुद्धता विसरणी ॥ २ ॥ यावत ही शुभोपयोग तावत ही मन उद्योग तावतही करणयोग कही पुण्य करणी ॥३॥ 'भागचन्द' जा प्रकार जीव लहे सुख अपार याको निरधार स्यादवादकी उचरणी ॥ ४ ॥

५१—जैनदासकृत प्रभाती।

उठि प्रभात पूजिये श्री आदिनाथ देवा। आलसका त्याग जागि पूजा विधि मेवा ॥ टेक ॥ जल चन्दन अक्षत प्रीति सम लेवा। पुष्प सुवास होय काम जरि जेवा ॥ १ ॥ नैवेद्य उज्ज्वल करि दीप रतन लेवा। धूपते सुगन्ध होय अष्ट कर्म खेवा ॥ २ ॥ श्रीफल बदाम लौंग डोंड़ा शुभ मेवा। उज्ज्वल करि अर्घ पूजि श्रीजिनेन्द्र देवा ॥ ३ ॥ जिनजी तुम अर्ज सुनो भवदधि उत-रेवा। जैनदास जन्म सुफल भगति प्रभू एवा ॥ ४ ॥

५३—भवानीकृत प्रभाती ।

ताण्डव सुरपतिने जहाँ हर्ष भाव धारो ॥ टेक ॥ रुनु रुनु रुनु नूपुर ध्वनि झुमकि झुमकि पैंजन पग झुन झुन झुन कीन छवि अगनि अति प्यारी ॥ १ ॥ थ न न न न सारङ्गनि स न न न न किन्नर अ घ घ घ गंधर्व सर्व देत जहाँ तारी ॥ २ ॥ धं धं धं पग झपटि फं फं फ फ म न न न न धं प मृदंग बाजे बीना धुन सारे ॥ ३ ॥ अ द द द द द विद्याधर दि दि दि दि दि दि देय सकल दास भवानी ज्यों कहैं जिन चरनन बलिहारी ॥ ४ ॥

५४—मानिककृत भजन ।

नहिं ऐसो और छवि जैनमें तेरी शान्ति छबी मन बस गई है ॥ टेक ॥ निर्विकार निग्रन्थ दिगम्बर देखत कुमति विनसि गई है ॥ १ ॥ चिर मिथ्यातम दूर करनको चन्द्रकला सी दरस रही है ॥२॥ मानिक मन मयूर हरषनको मेघ घटा सी दरस रही है ॥३॥

५५—नवलकविकृत खम्माच ।

आज कोई अद्भुत रचना रची ॥ टेक ॥ समोशरण शोभा देखनको होड़ा होड़ी मची ॥ १ ॥ स्वर्ग विमान लजै छवि जाके देखत मदन लिची ॥ २ ॥ जिन गुण स्वाद रसिया परनकी धीमम जात मची ॥ ३ ॥ नयन कहे ऐसो मन भावे हर्ष धार कर नची ॥ ४ ॥

५६—मोहनलालकृत झंझोटी ।

देखि सखी छवि आज भली यह यदि पशुनन्दन भावत है ॥ टेक ॥ तीन छत्र माथेपर सोहें त्रिभुवननाथ कहावत है ॥१॥

मोर मुकुट केसरिया जामा चौसठ चमर ढुरावत हैं ॥ २ ॥ ताल मृदंग साज सब वाजत आनन्द मङ्गल गावत हैं ॥ ३ ॥ मोहनलाल जास चरननकी झुकि झुकि शीश नवावत हैं ॥ ४ ॥

५७—विहारीकृत राग देश।

आज जिनराज दरशनसे भयो आनन्द भारी है ॥ टेक ॥ लहै ज्यों मोर घन गर्जे सुनिधि पाये भिखारी हैं। तथा मो मोदकी वार्ता नहीं जातो उचारी है ॥ १ ॥ जगतके देव सब देखे क्रोध भय लोभ भारी हैं ॥ तुम्हीं दोषावरण वित हो कहा उपमा तिहारी है ॥२॥ तुम्हारे दर्श विन स्वामी भई चहुगतिमें ख्वारी है। तुम्हीं पद कंज नमते ही मोहनी धूल भारी है ॥३॥ तुम्हारी भक्तिसे भवजन भये सब सिन्धु पारी हैं। भक्ति मोहि दीजिये अविचल सदा याचक विहारी है ॥ ४ ॥

५८—मानिककृत सोरठा।

ज्ञानी पिया क्यों विसरे निज देश। कुमति कुरमिनी सोत संग राचे छाय रहे परदेश ॥ टेक ॥ अनन्तकाल परदेशनि छाये पाये वहुत कलेश। देश तुम्हारो सुपद समारो त्रिभुवन होउ नरेश ॥ ११ ॥ भ्रम मद पाय छकाय रहो घन ज्ञान रहो नहिं लेश। दुखी भये विललात फिरत हो गति गति धरि दुरिभेष ॥ २ ॥ यह संसार जानि लख नीके सुख नहि रंचक लेश। मानिक काल लब्धि पावस लहि सुमति हाथ उपदेश ॥ ३ ॥

५९—पिल्लू।

स्वामी मुजरा हमारा लीजै ॥ टेक ॥ तुम तो वीतराग आनंद

अब हमको भी भव कीजे ॥ १ ॥ जगके देव सब रागी द्वेषी पाये निज गुण दीजे ॥ २ ॥ आदि देव तुम समानको बेग अपना पद दीजे ॥ ३ ॥

६०—हीरालालकृत रेखता।

भगवान आदिनाथ जिनसों मन मेरा लगा। आराम मुझे होत दुःख दर्दसे भगा ॥ टेक ॥ मरुदेवी नन्द धर्म कल्प कुक्षमें पुर लगा। नृप नाभिराजके कुमार जगत गुरु जगा ॥ १ ॥ युगका निवार धर्मको संसारको तगा। वसु कर्मको अराय शिव पन्थमें लगा ॥ २ ॥ अब तो करो निज्ञाव मिहरवान दिल लगा। कहै दास 'हीरालाल' होवे मुक्तिका मगा ॥ ३ ॥

६१—हजारीकृत गजल।

ख्याल कर दिल मझार चेतन अजब जगमें भ्रमाई गतियां ॥ टेक ॥ निगोद बस कर सुबोध खोया तिर्यग व नारक नरस्व तियां। कभी मनुष था कभी सुरग था अनादि से फिर फिराई गतियां ॥ २ ॥ यह दुःख भर भर मलीन हुआ न तोरकी कछु सुमाई गतियां। पड़ा है अब तो उसीके दरपर छुड़ों हजारी न यम की गतियां ॥ ३ ॥

६२—हजारीकृत लावनी।

प्रभू भवसागर पार करो मेरे रागादिक शत्रु हरो ॥ टेक ॥ तुमही हो नित्य निरञ्जनदेव। करें इन्द्रादिक थारी सेव ॥ सबके पाप हरें स्वयमेव। भजन नित कीजे हमारी टेव ॥ दोहा—तुम सुमरनसे आपदा, छीजे हमरो काज ॥ तुम देवनके देव हो त्रिलोक शिखिर महाराज ॥ जगतमें तारन बिरद धरो। मेरे रागादिक०

॥ १ ॥ जन्म मरणादि अनल भारी। चरण थुति झरत सलिल झारी ॥ तासु मिट जात तापकारी। होत सुख अविचल अविकारी दो०—ऐसे तुम गुण चिन्त वर, ता सम कीजे मोय। मोहादिक अरि अति प्रबल तिनको दीजे खोय ॥ आज तुम देखत काज सरो मेरे० ॥ २ ॥ कर्म वसु अग्नि दुखदाई। तासु वस ह्वै गति गति पाई ॥ नरक औ निगोद भटकाई ॥ गर्भ दुख कह्यो नही जाई ॥ दोहा बीते काल अनन्त चिर, लखो, न तुम दृग सोय। अब मो लब्धि भई करन, तुम दरशन पायो जोय ॥ शरण लखि निर्बल मोह परो। मेरे० ॥ ३ ॥ तुम्हीं अति दीन अधम तारे। किये बहुतनके निस्तारे ॥ आज धन धान्य भाग म्हारे। बेन तुम गुण मुख उच्चारे ॥ दोहा—तुम भ्राता तुम ही हितू, तुम माता तुम तात। दुःख रूप भव कूपते काढ़ि लेहु गहि हाथ ॥ हजारी शरण लयो तुम्हरो। मेरे रागादिक शत्रु हरो ॥ प्रभु० ॥ ४ ॥

६३—भजन संग्रह।

१ ठुमरी—तारन तरण तरण तारण प्रभु तुम तारणहम जानी। ॥ टेक ॥ तुम समान अब देव न दूजा भूरय माधुरी बानी ॥ २ ॥ लख चौरासी योनिमें भटको तब मैं आनि पिछानी ॥२॥ कामधेनु पारस चिन्तामणि मन वांछित फल दानी ॥ ३ ॥ चन्द्र स्वरूप ध्यान धरि प्रभुको दीजे मुक्ति निशानी ॥ ४ ॥

२ दादरा—निरखत छवि नाथ नैना छकित रस ह्वै गये ॥टे०॥ रवि कौट द्विति लज जात है नख दीप अपार ॥ १ ॥ इक तो परम वैरागी दूजे शान्ति स्वरूप ॥ २ ॥ उपमा हजारीसे न बने अनुपम जग चन्द्र, निरखत छविनाथ नैना छकित रसह्वै गये ॥ ३ ॥

● मदन कल्याणी—कहाँ गये जैन जातिके वीर भैया पार लगानेवाले॥टेक॥ कहाँ गये जम्बूस्वामि महाराज तत्पारथ भय रचा जहाज, क्यों नहीं रखते लज्जा आज, जैनी लज्जा रखनेवाले॥कहाँ०॥१॥ स्वामी रक्षक श्री अकलङ्क नाशा जैन जाति मार्तंड, फारा बौद्ध धर्मका डंक, जैनी ध्वजा उड़ानेवाले॥कहाँ०२॥ दैवत पात्र केसरीसिंह, पाको गज मार्गे कर सिंह। माते अब तुम क्यों न सिंह, भव्योंका भय हरनेवाले॥कहाँ०॥३॥ तब संतति हम विद्याहीन, बाल ब्याह कर धन बल छीन, फूटसे होय गये तेरा तीन सत्यानाश मिटानेवाले॥कहाँ०॥४॥ गट मद जांय विदेशी कांड़ रण्डी और नचावें भांड़ सारी लोक लाजको छांड़ बदरस्मोंके चलानेवाले॥कहाँ०॥५॥ लेमसले अब ना हो स्वच्छन्द, रखो पत्री जो तन कर॥व शुममति हायक मन जिन चन्द्र, जाति उन्नती करानेवाले॥कहाँ गये०॥६॥

६४—परमार्थ जकड़ी।

(दौलतराम कृत)

अब मन मेरा वे, सीख वचन सुन मेरा। भज जिनवर पद वै, जो विनशै दुख तेरा विनशै तेरा भवघन फेरा, मन वच तन जिन चरण भजो। पंच करण वश राख सुज्ञानी, मिथ्या मत मग दौर तजो॥ मिथ्या मतमग पग अनादि तै, तै चहु गति कीना फेरा। अबहूँ चेत अचेत होय मत, सीख वचन सुन मन मेरा॥१॥ इस भव वनमें वे ते साता नहिं पाई। वसु विधि वश हो वे, तैं निज सुधि बिसराई। तैं निज सुधि बिसराई भाई तातें विमल न बोध लहा। पर परणतिमें मग्न भयो तू जनम जरा मृत दाह

दहा ॥ जिनमत सार सरोवर कूं अब, गहो लाज निज चितनमें तो दुख दाह नशैं सब नातर, फेर बसै इस भव वनमें ॥ ॥ इस तनमें तू वे, क्या गुन देख लुभाया। महा अपावन वे सतगुरु याहि बताया ॥ सतगुरु याहि अपावन गाया, मल मूत्रादिकका गेहा ॥ क्रमि कुल कलित लखत घिन आवे, तासों क्या कीजे नेहा ॥ यह तन पाय लगाय आपनो, परिणति शिव मग साधनमें तो दुःख द्वन्द नशैं सब तेरा, यही सार है इस तनमें ॥ ३ ॥ भोग भले न सही, रोग शोकके दानी। शुभगति रोकन वे दुर्गति पथ अगवानी ॥ दुर्गति पथ अगवानो है जे, जिनकी लगन लगी इनसों। तिन नाना विधि विपति सही है, विमुख भया निज सुख तिनसों ॥ कुञ्जर झख अलि शलभ हिरन इन, एक अक्ष वश मृत्यु लही। यातैं देख समझ मन माहीं, भवमें भोग भले न सही ॥ ४ ॥ काज सरे तब वे, जब निज पद आराधै। नशै भवा बलिवे निरावाध पद लाधे ॥ तब निरावाध पद लाधै तब तोहि केवल दर्शन ज्ञान जहां। सुख अनन्त श्रुति इन्द्रिय मण्डित वीरज अचल अनत तहा ॥ ऐसा पद चाहैं तो भवि जिन वार धार अबको उचरै। 'दौल' मुख्य उपचार रत्नत्रय, जो सेवै नो काज सरे ॥ ५ ॥

६५—परमार्थ जकड़ी।

(रामकृष्ण कृत)

अरहन्त चरण चित लाऊं। पुन. सिद्ध शिवंकर ध्याऊं ॥ बन्दों जिन मुद्राधारी। निर्ग्रन्थ यती अविकारी। अविकार करुणावन्त वन्दों सकल लोक शिरोमणी। सर्वज्ञ भाषित धर्म प्रणमू देय सुख सम्पति घनी। ये परम मंगल चार जगमें चार लोकोत्तम

यही। भव भ्रमत इस असहाय जियको और रक्षक कोउ नहीं ॥१॥
मिथ्यात्व महारिपु दंडो। चिरकाल चतुर्गति हंडो ॥ उपयोग नयन
गुण खोयो। भर नींद निगोदे सोयो ॥ सोयो अनादि निगोदमें
जिय निकस फिर स्थावर भयो। भू तेज तोय समीर तरवर थूल
सूक्षम तन लियो। कृमि कुन्थु अलिसैनी असैनी व्योम जल थल
संचरो। पशु योनि बासठ लाख इस विधि भुगति मर मर अवतरो
॥ २ ॥ अति पाप उदय जब आयो। महा निंद नरकपद
पायो। थिति सागरों बन्ध जहां है। नाना विधि कष्ट तहां है ॥
है त्रास अति आताप वेदन शीत बहु युत है मही। जहां मार
मार सदैव सुनिये एक क्षण साता नहीं ॥ नारकि परस्पर युद्ध ठानें
असुरगण क्रीड़ा करें। इस विधि भयानक नरक थानक सहैं जी
परवश परें ॥ ३ ॥ मानुष गतीके दुख भूलो। बस उदर अधोमुख
झूलो, जन्मत जो संकट सेयो। अविवेक उदय नहीं वोयो ॥
वोयो न कछु लघुबाल वयमें वंश तरु कोंपल लगी। दल रूप यौवन
वय सो आयो काम द्यो तब उर जगी ॥ जब तन बुढ़ापो घट्यो
पौरुष पान पकि पीरा भयो। कफ वर्ये काल बयार बज्जत वाहि
नर भव यों गयो ॥४॥ अमरापुरके सुख कीने। मनो वांछित भोग
नवीने। उर माल जबै मुरझानी थितिपो आसन्न मृत्यु जानी ॥
मृत्यु जानि हाहाकार कीना शरण अब काको गहुं। यह स्वर्ग
सम्पति छोड़ अब मैं गर्भ वेदन क्यों सहूं। तब देव मिल सब
समझायो पर कुछ विवेक न उर बसो। सुर लोक गिरिसे गिर
अज्ञानी कुमति कांदो फिर फंसो ॥५॥ इस विधि इस मोदी कीने।
परिवर्तन पूरे कीने ॥ तिनकी बहु कष्ट कहानी। सो जानत केवल

ज्ञानो। ज्ञानी विना दु.ख कौन जाने जगत वनमें जों लहा। जरा जन्म मरण स्वरूप तीक्षण त्रिविध दावानल दहा। जिनमत सरोवर शीतपर अब न बैठ तपन बुझाय हूं। जय मोक्षपुरकी बाठ बूझौ अब न देर लगाय हूं ॥६॥ यह नर भव पाय सुज्ञानी। कर २ निज कारज प्राणी। तिर्यंच योनि जब पावे। तब कौन तुझे समझावे। समझाय गुरु उपदेश दीनो जो न तेरे उर रहै। तो जान जीव अभाग्य अपना दोष काहूको न है। सूरज परकाशे तिमिर नाशै सकल जनका भ्रम हरे। गिरि गुफा गर्भ उद्योत होत न ताहि भानू कहा करे ॥ ७ ॥ जग माहि विषय वन फूलों। मत मधुकर तिस विच भूलो। रस लीन तहां लिपटानो। रस लेत न रंच अघानो ॥ न अघाय क्यों हो रमौ निशि दिन एक क्षण भी ना चुके। नहीं रहे वरजो वरज देखो वार वार तहां झुके॥ जिनमत सरोज सिद्धान्त सुन्दर मध्य याहि लगाय हूं। अब रामकृष्ण इलाज याको किये हो सुख पाय हूं ॥ ८ ॥ इति ॥

६६—परमार्थ जकड़ी

(दौलतराम कृत)

वृषभादि जिनेश्वर ध्याउं। शारद अम्बा चित लाऊ ॥ दो विधि परिग्रह परिहारी। गुरु नमो स्वपर हितकारी ॥ हितकारि तारकदेव श्रु त गुरु परखि निज उर लाइये। दुखदाय कुपथ विहाय शिव सुखदाय जिन वृष ध्याइये। चिरसे कुमग पगि मोह ठगकर ठगो भव कानन परो। चोरासि लख नित योनिमें जरा-मरण जन्मन दो जरो ॥ मोह रिपुने दई है घुमरिया। तिस वश निगोदमें परिया। तहां स्वाँस एकके माहीं। अष्टादश मरण लहाहीं।

छहि मरण एक मुहूरतमें छासठ सहस्र शत तीन हीं। अत तीन काल अनन्त यों दुख सहे उपमा ही नहीं ॥ कबहूं लही नर आयु स्थिति बढ़ पवन पावक तन लगी। मधु मेव किंचित कहूं सो मुनि कहो श्री गौतम गणी ॥ २ ॥ पृथिवी दो भेद बखान। मृदु माटी कठिन पाषाण। मृदु द्वादश सहस्र परसकी। पाहन बाईस सहस की। पुन सहस्र सात कही उदक भय सहस्र तहीं है समीरकी। दिन तीन पावक वृक्ष सहस्र दश प्रमिति ना लघु पीरकी। जिनवात सूक्ष्म देहधारी अनतयुत गुरुतम भणो। जहां जनम तास्रण उपजन विकल छेद भेद न दुख सहो ॥ ३ ॥ लटआदि दो इन्द्रि प्राणी। थिति द्वादश वर्ष बखानी। कृमादि ते इन्द्रिय है ते। बासर उनचास जियते। चौथे वर्ष षट् अलि प्रमुख ब्यालीस सहस उरपतनी। नागकी बहत्तर सहस नव पूर्वा ग सरीसृपकी भनी। नर मत्स्य पूर्व कोड़िकी थिति कर्म भूमि बखानिये। असंख्य मिश्र कि जिन भोग भू नर पशु त्रिपल्य प्रमाणिये ॥४॥ अघवश नर नरक बसेरा भुगता तहां कष्ट घनेरा। छेद तिल पिल तन सारा। भेंटें दृढ पूति मझारा। मध्यार वज्रानल पचावें शूल उपर परें। सींचें देह जल क्षारसों कर करें गलीनके करें। वैतरणी सरिता समल जल अति दुःखद तन सेमर तने। अति भीमवन असि कौश समदल लगत दुख देवें घने ॥५॥ तिस भूमिमें हिम गरमाई। मेरु सम लोह गलाई। तहांकी थिति सिन्धु तनी है। यों दुःख नरक भरनी है। भरनी तहांकीसे निकस कबहूं जन्म पायो नरो। सर्वांगसकुचित अति अपावन जठर जननीके परो। तहां अधोमुख जननी रसांश पकी लियो नव मास लों। तिस पीरमें कोई सीर नाहीं सहे आप

निकास लों ॥६॥ जन्मत जो संकट पायो रसनासे जात न गायो। लहे बालपने दुख भारी। तरुणायो लियो दुखकारी। दुखकार इष्ट वियोग अशुभ संयोग शोक सरोगता। पर सेव ग्रीषम शील पावस सहे दुख अति भोगता। काहूकी त्रिय काहूको बांधव काहू सुता दुराचारिणी। काहू व्यसन रत पुत्र दुष्ट कलत्रके ऊपर ऋणी ॥ ७ ॥ वृद्धापनके दुःख जेते। लखिये सब नैनों तेते। मुख लार बहे तन हाले। बिना शक्ति न वसन सम्हाले। न सम्हाल जाको देहकी तों कहों क्या नृपकी कथा। तब ही अचानक यम ग्रसे यों मनुज जन्म गयो वृथा काहू जन्म शुभ ठान किंचित लियो पद चउ देवको। अभियोग किल्विष नाम पायो सहो अति ही दु खको ॥ ८ ॥ तहां देख महतसुर ऋद्धी। झूरोकर विषयों गृद्धी कबहूं परिवार नशानो। शोकाकुल हो विलखानो। विलखाय अति जब मरण निकटो सहो संकट मानसी। सुर विभव दुःखद लगो तबे जब लखो माल मलीनसी। तब अमर बहु उपदेश दें समुझाइयो समझो न क्यों। मिथ्यात्व युत, डिग कुगति पाई लहैं फिर सो सुपद क्यों ॥ ६ ॥ यों चिरभव अटवी गाही। किंचित् साता न लहाई॥ जिन कथित धर्म नहि जानो। पर मैं आपापन मानो ॥ न सम्यक्रत्नत्रय आत्म अनात्ममें फंसो। मिथ्या चरण दृग ज्ञान रंजो जाय नव ग्रीवक बसो ॥ पर लहो ना जिन कथित शिव मग वृथा भ्रम भूलों जिया। चिद्भावके दर्शाव विन सब गये पहले तप किया ॥ १० ॥ अब अद्भुत पुण्य कमायो। कुल जाति विमल तूं पायो ॥ याते सुन सीख सयाने। विषयोंसे रति मति ठाने। ठाने कहा रति विषयसे ये विषय विषधरसे

सखो। ये देय मरण ममस्त इनको त्याग आतम रस चाखो ॥ या रस रसिक भ्रम पसे शिव मय बसत फिर बसि है सखो। दौलत स्वबसि पर विरचि सतुगुरु सीख नित उर धर पाहो ॥११॥ इति ॥

—:०:—

पाचवा अध्याय ।

६७—फूलमाल पच्चीसी।

दोहा—जैन धरम में पन किया बया धरम संयुक्त।
पावो यंश तिथे कहे तीन ज्ञान करि युक्त ॥

भयो महोत्सव नेमिको जूनागढ़ गिरनार। जाति कुलाधिप जैनमत जुरे सोहनी वार ॥ २ ॥

माल भई जिनराजकी, गू थी कुसुम बनाय ॥
देशदेशके भव्य जन, जुरे जैनकी वाय ॥ ३ ॥

छप्पय—देश गौड़ गुजरात चौड़ सोरठि बीजापुर। करनाटक कशमोर मालवो भव अमरैपुर ॥ पानीपत हीसार और बैराट महा जपु। काशी भव मरहट मगध तिरहुत पहुत सिंधु ॥ तहं अंग बंग बब्बर सहित, तदपि पारसो जुरिय सब । आये सु जैन मह जैन सब माल सई गिरनारि जब ॥ ४ ॥

नाराच छन्द।

सुगन्ध पुष्प वेलि कुंदि केतकी मंगायकें। चमेली चंप सेवती जुही गुही सु लायकें। गुलाब कंज लायची सबै सुगन्ध जातिके। सुमालती महा प्रमोद ले अनेक भांतिके ।५॥ सुवर्णतार पोई बीच

मोती लाल लाइया। सु हीर पन्न नील पीत पद्म जोति छाइया॥ शची रची विचित्र भांति चित्त देवनांइ है। सुइन्द्रने: उछाहसों जिनेन्द्रको चढ़ाई है॥ ६॥ शुमागहीं अमोल माल हाथ जोरि वानियें। ज़ुरी तहां चुरासि जानि रावराज जानिये॥ अनेक और भूपलोग सेठ साहुको गनें। कहालुं नाम वर्णियेः सु देखते सभा वनें॥७॥ खण्डेलवाल, जैसवाल अग्रवाल, आइया वघेरवाल, पोरवाल, देशवाल, छाइया। सहेलवाल, दिल्लिवाल सेतवाल जातिके। वढ़ेलवाल पुष्पमाल श्री श्रीमाल पातिके॥ ८॥ सु ओसवाल पल्लिवाल चूरूवाल चौसखा। पद्मावतीय पोरवाल प्रवार अठेसखा। गंगेरवाल वन्धुराल तोर्णवाल सोहिला। करिन्द्वाल पल्लिवाल मेडवाल खोंहिला॥ ९॥ लमेंचु और माहुरे महिसुरी उदार हैं। सुगोलवार गोलपूर्व गोलहूं सिंघार हैं॥ वंधनौर मागधी विहारवाल गूजरा। सुखण्ड राग होय और जानराज घसरा॥१०॥ भुराल और सोरठा मुराल और चितोरिया। कपोल सोमराठ वर्ग हूंमड़ा नागौरिया॥ सीरागछोड़ भंडिया कनौजिया अजोधिया। मिवाड़ मालवान और जोधड़ा समोधिया॥ ११॥ सुभट्टनेर रायवल्ल नागरा रुधाकरा। सुकन्थ रारु जालुरारु वाल मीक भाकरा॥ परवार लाड़ चोडकोड़ गोड़ मोड़ समारा। सु खण्डिभात श्री खण्ठा चतुर्थ पञ्च मंभरा॥ १२॥ सु रत्नाकार भोजकार नारसिंह हैं पुरी। सु जम्बूवाल और क्षेत्रब्रह्म वैश्य लौ ज़ुरी॥ सु आई हैं चुरासि जाति जैनधर्मकी घनी। सवै विराजि गोठियों ज़ु इन्द्रकी सभा वनी॥ १३॥ सुमाल लेनको अनेक भूप-लोग आवही सु एक एकतैं सुमाग मालको वढ़ावहीं॥ कहैं ज़ु

हाथ जोरि-जोरि नाय माल दीजिये। मनुष्य देउ हिमरत सो मणहार कीजिये ॥ १४ ॥ पचेलपास बोकड़ा हजार बीस देत हैं। हजार दे पचास परवार फेरि लेत हैं। सु गौलपाल लाख देत मास लेत जोंपसों। सु दिढिपाल दोय लाख देत हैं मगोपसों ॥ १५ ॥ सु ममवाल बोलिये सु माल मोल लीजिये। हिमार देहु एक मस सो गिनाय लीजिये। बाण्डेलवाल बोलिया सु दोय लाख देहगो। सुबोलिके समोल मैं जिनेन्द्र माल लेउ गो ॥ १६ ॥ सुसंमरी कहै सुमेरि बानि लेहु बायके। सुवर्ण बानि देन हैं चितौड़िया बुलायके॥ अनेक भूप गोव देउ रायसो पमेरिका। बाजार बोलो कोठरी सु देत हैं ममेरिका ॥१७॥ सुगौड़पाल यों कहै गय न्द पीस लीजिये। मंगाय देश हिमदन्त मा० मोहि दीजिये ॥ पर मारके तुरङ्ग सजि देत हैं पिमा गिने। समाम जीन पाउुदे बड़ाव हिमके बने ॥ १८ ॥ कनौजिया कपूर देत गाड़िया भरायके। सुदीप मोती माल देत ओसवाल मायके ॥ सु दूंमड़ा दंकारहीं हमें न माल देहगे। भराइये जिहाजमें कितेक दाम लेहगे ॥ १९ ॥ कितेक लोग मायके खड़े है हाथ जोरिके। कितेक भूप देखिके खड़े सु पाग मोरिके ॥ कितेक सूम यों कहैं सु देखे लखि देत हो। सुदाय माल आपनो सु कूरमास लेत हो ॥ २० ॥ कहीं भवीन भाविका जिनेन्द्रको वधावहीं। कहीं सुकण्ठ रागसों खड़ी सु माल गावहीं। कहींसु नृत्यको करें करें अनेक भावहीं। कहीं सुराग तालपे सु मङ्गको फिरावहीं ॥ २१ ॥ कहैं गुरु उदार धी सु यों न माल पाइये। कराइये जिनेन्द्र यज्ञ विम्ब सु भराइये। चलाइये सु संघ जात संघवी कहाइये। तबे मनीप पुण्यसों अमोल माल

पाइए ॥ २२ ॥ संबोधि सर्व गोष्ठिसो गुरु उतारके लई । बुलायके जिनेन्द्रमाल संघ रायको दई । अनेक हर्षसों करैं जिनेन्द्र तिलक पाइये । सुमाल श्रीजिनेन्द्रकी विनोदीलाल गाइए ॥ २३ ॥

दोहा—माल भई भगवन्तकी, पाई संग नरिन्द । लालविनोदी उच्चरैं सबको जयति जिनन्द ॥ २४ ॥ माला श्री जिनराजकी, पावै पुण्य संयोग। यश प्रगटे कीरति बढे, धन्य कहैं सब लोग ॥ २५ ॥

६८—पुकार पच्चीसी ।

दोहा—जो यह भव ससारमें, भुगते दुःख अपार ।
सो पुकार पच्चीसिका करैं कविन इक ढार ॥

श्रीजिनराज गरीबनिवाज सुधारन काज सबे सुखदाई । दीन दयाल बडे प्रतिपाल दया गुणमाल सदा शिव नाई ॥ दुर्गति घारन पापनिवारन हो भवतारनको भवताई । बार ही बार पुकारतु हौं जनकी बिनती सुनिए जिनराई ॥ १ ॥ जन्म जरा मरणो त्रय दोष लगे हमको प्रभु काल अनाई । तासु नशावनको तुम नाम सुनो हम वैद्य महा सुखदाई ॥ सो त्रय दोष निवारनको तुम्हरे पद सेवतु हौं चित ल्याई । बार ही० ॥२॥ जो इक द्वै भवको दुःख होय तो राख रहों मनको समझाई । यह चिरकाल कुहाल भयो अब लों कहुं अन्त परो न दिखाई ॥ मो पर या जग मांहि कलेप परे दुख घोर सहे नहिं जाई ॥ बार ही० ॥३॥ देख दुखी पर होत दयाल सुहै इक* ग्रामपती] शिरताई ॥ हो तुम नाथ त्रिलोकपती तुमसे हम अर्ज करों शिर नाई ॥ मो दुख दूर करो भवके बसु कर्मनते प्रभु लेउ छुडाई । बार ही० ॥ ४ ॥ कर्म बड़े रिपु हैं हमरे हमरी बहु हीन दशा कर पाई । दुःख अनन्त दिए

इमको हर भांतिन भांतिन काय लगाई ॥ मैं हम बैरिनके वश है फरिके भटको सु कहो नहिं जाई। धार ही० ॥ ५ ॥ मैं इस ही भव काननमें भटको चिरकाल सुहाल गमाई। किञ्चित् ही तिनसे सुखको बहु भांति उपाय करे छलबाई ॥ बार गर्ने फिर मैं भटको जहां मेरु समान महा दुखदाई। बार ही० ॥ ६ ॥ नित्य निगोद अनादि रह्यो वसके तमको जहां दुर्गमताई। ज्यों क्रम सो निकस्यो वहां ते इतरौं इतर निगोद रह्यो चिरकाई ॥ सूक्षम बादर नाम भयो जब हीं यह भांति धरो पर्यायी ॥ बार ही० ॥ ७ ॥ जबही पृथ्वी जल तेज भयो पुनि मारुत होय वनस्पति काई। देह अभाव धरी जब सूक्षम धावत बादर वीरयताई ॥ एक तवे प्रत्येक भयो सह धारण एक निगोद बसाई। बार ही० ॥ ८ ॥ इन्द्रिय एक रही चिरमें कब लब्धि बई तरर्य क्षपशमताई। ये त्रय बार धरी जब इन्द्रिय देह उदै विकलत्रय भाई ॥ पञ्चम भांति कियौं पर्यन्त धरे इम इन्द्रियके त्रस काई। बार ही० ॥९॥ काय धरी पशुकी बहु बार भई जब असुरनकी पर्याई। जो थल मांहि अकाश रह्यो चिर होय पखेरु पवन लगाई ॥ मैं जितनी पर्याय धरीं तिनके वरणे कछु पार न पाई। बार ही० ॥ १० ॥ नरक मझार लियो अवतार परौ दुख भार न कोई सहाई। जो तिनसे सुख काज किए अपने सब नरकनमें सुधि भाई ॥ ता तियके तनकी पुतली हमरै पियरा करि लाल भिराई। बार हीं० ॥ ११ ॥ लाल प्रभा सु मही जब हैं भव संकर रैन उन्हार धराई। पङ्क प्रभा धू धूमप्रभा हैं तमसी सु प्रभासु महातम ताई ॥ जो नव लाख जो चोड्स पिण्ड तहां हमको छिनमें गल जाई ॥ बार ही० ॥ १२ ॥ जो भव वात महादुखदायक

मैं विषया रसके फल पाई। काटन हैं जयहीं निरदयत वहीं सरिता महिं देत वहाई॥ देव अदेव कुमार जहां विच पूरव वैर वतावत जाई॥ वार ही० ॥ १३॥ ज्यों नर देह मिली क्रम सों करि गर्भ कुवास महा दुखदाई। जे नव मास कलेश सवै मलमूत्र अहार महाजय वाई॥ जो दुख देखि जलै निकसी पुनि रोवत वालपने दुखदाई॥ वार ही० ॥१४॥ योवनमें तन रोग भयो कवहू विरहानल व्याकुलताई। मान विषें रस भोग चहों उन्मत्त भयो सुख मानत ताही। आय गयो क्षणमें विरधापन यह नर भव यह भांति गमाई॥ वार ही० ॥ १५॥ देव भयो सुर लोक विषें तव मोहि रहो तिरिया उर लाई। पाय विभूति वढ़े सुरकी पर सम्पति देखते झूरत जाई॥ माल जवै मुरझाय रही थित पूरण जानि तवै विल- लाई ॥ वार हो० ॥१६॥ जे दुखमैं भुगते भवके तिनके वरणे कहुं पार न पाई। काल अनादिन आदि भयो तहं मैं दुख भाजन हो अव माहीं॥ सो दुख जानत हो तुमहीं जवहीं यह भाँति धरी पर्यायी॥ वार ही० ॥१७॥ कर्म अकाज करे हमरे हमको चिरकाल भये दुखदाई। मैं न विगाड करो इनको विन कारण पाय भये अरि आई॥ मात पिता तुम हो जगके तुम छाडि फिरादि करो कह जाई॥ वार ही० ॥ १८॥ सो तुम सों सव दु.ख कहीं प्रभु जानत हो तुम पीर पराई। मैं इनको सत्सग कियो दिनहूं दिन आवत मोहि वुराई॥ ज्ञान महानिधि लूट लियो इन रङ्क कियो यह भाति हराई॥ वार ही० ॥ १९॥ मैं प्रभु एक सरूप सही सव यह इन दुष्टनको कुटिलाई। पाप सु पुण्य दुहू निज मारगमें हमको यह फांसि लगाई॥ वार ही० ॥ २०॥ यह विनती सुन

सेवककी निज मारगमें प्रभु सेव लगाई ॥ मैं तुम दास रहो तुमरे संग लाज करो शरणागति आई ॥ मैं कर दास उदास भयो तुमरी गुणमाल सदा उर लाई ॥ बार हीं० ॥ २१ ॥ वेर करो मत श्री करुणा निधि जू पति राखनहार निकाई । मोग जुरे क्रमसो प्रभुजी यह न्याय हजूर भयो तुम आई ॥ मात यही शरणागति हों तुम्हरी सुनिके तिहु लोक बड़ाई ॥ बार हीं० ॥ २२ ॥ मैं प्रभुजी तुमरी समको इन अन्तर पाय करो ठुसराई । न्याय न अन्त करो हमरो न मिले हमको तुमसी ठकुराई ॥ सन्तन राख करो अपनी जिम दुष्ट देहु निकास बहाई ॥ बार हीं० ॥ २३ ॥ दुष्टनकी सत्संगतिमें हमको कछु आन परी न निकाई । सेवक साहबकी दुविधा न रहे प्रभुजी करिये सु भलाई ॥ फेर नमों सु करों अरजी अब आकर आन परी शरणाई ॥ बार हीं० ॥ २४ ॥ यह विनती प्रभुके शरणागति जे नर चित्त लगाय करेंगे । ते जगमें अपराधकरे भय ते छणमात्र भरेमें हरेंगे ॥ ते गति नीच निवास सदा अन्तर सुखी सुरलोक धरेंगे । दीपीदास कहें क्रम सों पुनि ते भवसागर पार तरेंगे ॥ २५ ॥ इति ॥

६६—अथ कृपण पच्चीसी

एक समय वैदूर्यमें एक सभ बैठे हुते संघमें पान खाय स्वामीकी बड़ाई है । भलो है जो बाबो गिरनार परसन जाई जन्म सुफल और) कीर्ति बढ़ाई ॥ वहां बैठो हुती एक कृपण पुरुष नारि तिय यह सुनी बात अपनी बड़ाई है । सुनोजी पियारे पीव आवे जो तुम्हारे जीव हम तुम दोनों चलें भली बन आई है ॥ १ ॥

पुरुष वाक्य—वावरी भई है नारि काहूको लगी बयार बुद्धि गई मारी तोहि कहादिक आई है। मोसों तू कहन अविचारी ओंधी सोधी वात मेरे कुल माहीं कौनने चलाई है॥ कहा तोहि भूत लगा ज्ञान सब दूर भगा समझ न परे तुझे कौन वहकाई है। मोसे तू कहन धन खरचन जात जानत है गोरी हम क्योंकर कमाई है॥२॥

स्त्री वाक्य—जानत हों नाथ माया तुम्हींसे ऊपजी है, फेरके कमाय लीजो कहा याकूं गही है। चले हैं भलो जु साथ नेमनाथ पूजवेको फेर ऐसो साथ कहीं पायवेको नहीं हैं॥ ताते पिया कीजे जगमें सुयश लीजै भगवत पूजा कीजे यही सार सही है। लक्ष्मी अनेक वार आयके विलाय गई मुझे तो वताओ वह काके थिर रही है॥ ३॥

पुरुष वाक्य—वावरी न जाने वात कौन काज इतरात जगमें सुयश कहा पोट वाध लीजिये। तोडिये वे हाथ जिन हाथन खर्चा डारी अपनी कमाई धन आये नहिं दीजिये॥ कहातू सयानी भई मोहि समझाइवेको गोदमेंसे पूत डार पेट आश कीजिये। जानत न तिया गौरी, अन्त तोहि मति थोरी कहत चलन जात यातैं धन छीजिये॥ ४॥

स्त्री वाक्य—धन तो वढ़ेगा दिन सुन मेरे पीय धर्मके किये ते धन अति अधिकायगा। धर्मके किएसे यश कीरति प्रकट होन धर्मके किएसे नर भली गति जायगा॥ लक्ष्मी है चञ्चल फिरन चक्रके समान थिरता नहीं है धन क्षणमें पलायगा। तातैं पिया धरम कीजै, जगमें सुयश लीजै, चार विधि दान दीजै महा-सुख पाएगा॥ ५॥

पुत्र वाक्य—कहत कहा है रावू, घरमें भई है खोड़, मुझे किया चाहे भाड़ धन खरचायके। मोहि ना खान देत दिन रात लिय लेत ठाठे हु खोंगो भय और ठौर जायके॥ घर मैं निकसि गयो आप कहीं बैठ गयो तहां एक मित्र मिलो पूछी बनायके। कहा मेरे मित्र मांझ देख्यो दलगीर तोहें कारण सो कौन मुझे कहो समुझायके॥६॥

मित्र वाक्य—क्या तो मेरे मित्र तेरे घर कुछ चोरी हुई क्या हमारे मित्र द्वार मांगत फकीर है। क्या हमारे मित्र कुछ राजदण्ड दीनो काहू किधौं मित्र प्यारे तेरे तन कुछ पीर है॥ क्या हमारे मित्र तेरे कोई मिहमान आयो या हमारे मित्र तेरो मेरा हित वीर है। सांची बात कहो मोंसे ताहीको इलाज करूं मेरे मन सोच भयो भारी दलगीर है॥७॥

कृपण वाक्य—नाहो मेरे मित्र कुछ चोरी भई मेरे घर नहीं मेरे मित्र कुछ राजा दण्ड दिया है। न तो कोई मरा न तो कोई मिहमान आया ना तो भीख नहीं खोटा काम किया है॥ रात दिन मेरे मित्र घरमें सतावे नारि वही बात कहे जासो फना आत किया है। हमने ये रुपयो कमाई बड़े कष्टोंसे उसने उपाय धन खोयवेको किया है॥८॥ कहा कहूं मेरे मित्र कही पड़ती न काहु सोई बात कहे जासों होत उत्पात है। गिरनार चलूं कहे मोसे कहे तू भी चाल पतो सुन मित्र मेरा हियो फाट्यो जात है॥ आपके चढ़ावे एक बार फल फूल पान देवता न खाय सब मालो ले जात है। बड़ो दुःख कहो कैसे सहूं मेरे मित्र गिरनार गये घरबार भी नशात है॥९॥ मेरो कहो मान मित्र मतो दलगीर

भयो पापिनी तियाको वेग पीहर पठाइये। जात्री चले जाय जावें पचास साठ कोस फेर आदमीके हाथ दे संदेश बुलवाइये ॥ और भांति जीवन न पावो सुनो प्यारे मित्र! तुझे मैं सिखाऊं वही घरपर सुनाइये। तेरे बाप भाईके वधाई बटी वेग दे बुलाई तिया देर न लगाइये ॥१०॥ तेरे बिना मित्र! कौन मुझको सिखावे ऐसो मेरे प्राण रखे भाई जीवन दान दियो है। पर उपकारी तैं विचारी भली बात यह गयो हुयो घर मेरो तैंने राख लियो है। ऐसो मंत्र कौनको फुरत ऐसो अवसरमें उत्तम उपाय तै बताया यश लियो है। तेरी मैं बडाई करूं कहां तांई मेरे मित्र! रामकी दुहाई डूबतेकुं थाम लियो हैं ॥ ११ ॥

झूठा एक कागज बनायके सुनाया जाय सुन त्रिया चिट्ठी तेरे पीहरसे आई है। क्षेम हैं कुशल तेरे भाईके पुत्र हुआ लिखी है जरूर तेरे भाईने बुलाई है ॥ वेग चली जायने विलम्ब नहीं ठीक त्रिया दिन चारहीमें वहा बजत बधाई हे ॥ घणें दिन बीते पीछे गई न गई समान औसरके बीते कहा आदर बडाई हे ॥ १२ ॥ आदर बडाई मैंने छोडी सब स्वामी नाथ रहूं घर बैठी कहीं जाऊंगी न आऊगी। मेरी देह नीकी नाहिं ज्वर सो भयो हैं मेरे तातैं कछु औषध महीना एक खाऊ गी ॥ अब तो पड़ी हे जीकीं देखें कब होऊ नीकी हुई तौभी मास दो एक नहीं आऊ गी। सुणत वचन ये कृपण मन राजी भयो सुन्दर सलोनी तैंने बात कही जाऊ गी ॥ १३ ॥

इतनेमें सघ गिरनार कोउ सङ्घ चलो भट्टारक बोले तब दुन्दभी बजाई है। जाति चौरासी सब श्रावकोंमें चिट्ठी गई चतुर्विधि

सङ्ग लिये गोट सब भाइ हैं ॥ बाजत नकारे अति भारी-भारी लोग आये साजत मंगाड़े इन्द्र कैसी छवि छाई है। मानो सेठ सङ्घई करत मनुहार किनो घन घन कहैं सब तेरी ये कमाई है ॥ १४ ॥ नाचत सुपक्ष चले शोभित सुपक्ष सबै भूलत गयन्द मानो घटा सुर आई है। रथनके नाना भांति ध्वजा फहरात जात पालकी अनेक भांति लोगोंमें बनाई है। पदम मद भाले छड़ी आयथ अनूप बने प्यादे सवार से निशान चमकाइ हैं। ऐसी भांति गावत बजावत सकल सब बोलत हैं जो जो शब्द बाजत बधाई है ॥ १५ ॥ जहाँ २ जाय करवत बात भली भांति ठौर ठौर होत जैनकार पदपासकी। पांदत तम्बोल गांव गांव प्रति भली भांति कहां लों बड़ाई कीजे संघईके दानकी ॥ ऐसी राजी खुशी सेती संघ गिरनार गयो देखत समाज सबसे सुधि भानकी। संघ ही साथी मन गमन आनन्दभरे बारबार करत बड़ाई सनमानकी ॥ १६ ॥

गढ़ गिरनारकी तलहटीमें डेरे किये चलते सुपक्ष चक मानो जमाये हैं। बाजत नगारनामा गरजत घन जैसी बिजली चमक से निशान चमकाये हैं। बरषत मेघसे सरस लोक दान देत सुष सुष कीरति अधिक लोक भाये हैं। मिसुक अनेक देश देशनके ऐसे सब सुण्यो गिरनारजीपे जैनो लोग आये हैं ॥ १७ ॥ चढ़े गिरनारजी दे तीन प्रदक्षिणा दे जय जयकार बोल २ मन हरषे हैं। अष्ट द्रव्य हाथ लिये पूजनेका ठाठ किये बाजनके थार बीच मोती भरवाये हैं। रतनोंके दीपक दशांग धूप जासी करी आरती उतारी तन फूले ना समाये हैं ॥१८॥ पूजे नेमिनाथ जिन-नाथ तीन लोकनाथ इन्द्र चन्द्रनाथ पूजा कीनी रागोपतिकी।

पृथिवीके नाथ सुरनाथ मृत्यु लोकनाथ विद्याधरनाथ चक्रवर्ती पतिरनिकी। व्यन्तरके नाथ हरिनाथ प्रति हरिनाथ नारद सहित मुनिगण सब जानिकी। इत्यादिक पूजन हरष युत किये पीछे सब ही ने फेर पूजा कीनो राजमनिकी ॥१६॥ करी है प्रतिष्ठा बिंब हेमके बनाय नये चतुर्विध संघ सम्मान अति कीनो है। यथायोग्य सब पहरायके तम्बोल दीने गुरुने तिलक संघ पद्वीको दीनो है। मास एक पूजन विधान कियो भली-भाँति उलटे पलट फेर निज घर चीन्हों है। सुनके नगर लोग आदरसूं लेने आये कृपण सुणत मन नवीनो है ॥ २० ॥ हाय हाय हम हूं न गये ऐसे संघ बीच देखो माली ल्याओ सब लक्ष्मी बटोरके। जो कि हम जानत खाते तो पराय सिर चढती सो मैं ही लेतो मांगके बटोरके ॥ फूल माल मैं ही देतो नेवज समेट लेतो पैसा टका लेतो सबहीके हाथ जोरके। मैं तो मन्द-भागो मुझे कुमतिने घेर लियो छाती सिर पीट पीट रोवै सिर फोरके ॥ २१ ॥

घर आय खाट परे लक्ष्मीका शोक करे कालज्वर चढो आन अग ताप तपो है। वायु पित्त कफ बढे कठ घरडान लगो हाथ पांव तोरि मोरे बावरो सो भयो है ॥ सन्निपात व्याधि भई सुधि बुद्धि भूल गई हाय हाय करे देखो माली धन लियो है। आरितरु रुद्र परिणामन शरीर तजो मरके कृपण नर्क तीसरेमें गयो है ॥ २२ ॥

कृपणकी नारी भली क्रिया करी बालमकी बारमें दिवस सर्व पञ्चनको जिमायो है। देख सब लक्ष्मी विचार कियो मनबीच यह तो चञ्चल अनित्य भाव भयो है ॥ लगी [illegible]

को मवम कीनो कर। है प्रनिष्ठा घन खूब ही लगायो है। आप आप दई दिक्षा न इच्छा थी भोगनकी मनको वैराग्य भाव प्रगट दिखायो है॥ २३॥ श्रावकनुमें साथ मनमें वैराग्य लाय केशका कराय लोंच मर्जिका सो भई है। तप करे द्वादश पचीपह सहै दोय बीस तीसे चौथे दिन बठ दण्ड ग्रत भई है॥ तिहूं काल सामायक दश विधि धर्म पाले तीनों रतन हिय धार सूधो परनई है। ऐसे काल पूरो कीनो भक्त संन्यास लीनो शुभ ध्यान देह त्याग तीजे स्वर्ग गई है॥ २४॥

छप्पै—द्रुपद गयो भर नरक स्वर्ग सुख वनिता पायो। धिक धिक पापी पुरुष, नार जग जगने पायो॥ द्रव्य यथा नहिं संग पुण्यकर्मको जानीके। पाप भयथा रह ज्ञान बुद्धि नहिं हो सब हीके॥ कहैं लाल विनोदी जन सुनो द्रव्य पाप पद्म कीजियो। कर जाति मतिष्ठा पात्र शुभ दान सघनको दीजियो॥ २५॥ इति॥

७०—उपदेश पच्चीसी प्रारम्भ।

दोहा—वीतरागके चरण युग बन्दों शीश नवाय।
कहुं उपदेश पचीसिका श्रीगुरुदेवके पसाय॥

चौपाई—बसत निगोद काल बहु गयो। चेतन सावधान ना भयो॥ दिन दश निकस बहुर फिर परना। यही पर पता क्या करना॥ २॥ अनन्त जीवकी एकहो काय। जन्म मरण एकहि कराय॥ स्वांसमैंबार अठारह मरना। यही पर पता क्या करना॥ ३॥ अक्षर भाग अनन्तम कह्यो। चैतन ज्ञान यहांतक रह्यो॥ कौन शक्तिसे तहांको करना। यही पर पता क्या करना॥ ४॥ पृथ्वी तेज और अरु वायु। वनस्पतीमें वसे सुभाय॥ यही थविमें

बहु दुख भरना। एतेपर एता क्या करना ॥५॥ केतिक काल यहां ही गयो। तहसे कड विकलत्रय भयो॥ ताको दुख कुछ जाय न वरना। एतेपर एता क्या करना ॥ ६ ॥ पशु पक्षीकी काया पाई। चेतन तहां रहो लपटाई॥ विना विवेक कहो क्यों तरना। एतेपर एता क्या करना ॥ ७ ॥ इम तिर्यंच महा दुख सहे। सो काहूंते जाय न कहे॥ पाप कर्मसे इस गति परना। एते पर एता क्या करना ॥८॥ बहुरो पड़ौ नर्कके माहीं। सो दुख कैसे वरणें जाहीं॥ भू दुर्गन्ध नाक जहा लरना। एतेपर एता क्या करना ॥ ६ ॥ अग्नि समान तप्त भू कहीं। कितहूं शीत महा वन रही॥ शूली सेज क्षणक ना डरना। एतेपर एता क्या करना ॥१०॥ परम अधर्मी असुर कुमार। छेदन भेदन करे अपार॥ तिनके वशसे नाहिं उवरना। एतेपर एता क्या करना ॥११॥ रञ्चक सुख जहं जियको नाहीं। बसते यहां नर्क गति मांहीं॥ देखत दुष्ट महा भय भरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १२ ॥ पुण्य योग भयो सुर अवतार। फिरत फिरत इस जगति मझांर॥ आवत काल देख थर हरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १३ ॥ सुर मन्दिर अरु सुख संयोग। निशिदिन मन वांछित वर भोग॥ क्षण इक माहि तहासे टरना एतेपर एता क्या करना ॥ १४ ॥ बहुत जन्मतक पुण्य कमाय। तब कहु लहो मनुज पर्याय॥ तामें लयो जरादिक मरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १५ ॥ धन यौवन सबही ठकुराई। कर्म योगसे नव निधि पाई॥ सो स्वप्नान्तर कैसा झरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १६ ॥ इन विषयनके तो दुख दीनों। तबहू तु तिनहीं रस भीनो॥ तनक विवेक हृदय ना

नारी मात्र संयोग। यह संसार स्वप्नको भोग ॥ १५ ॥ यह सब थित धर शुद्ध स्वभाव। कीजे श्रीजिन धर्म उपाय। जया भाव तैसो गति गहे। जैसो मति तैसी सुख लहै ॥१६॥ जो मूर्ख ई धर्म कर होन। विषय मग्न इन्द्रियन नहि कीन। श्रीजिन भाषित धर्म न गहै। सो निगोदको मारग लहै ॥१७॥ मायस मन्द बुद्धि ई जास। कपटी विषय मग्न उर तास॥ कायरता मद परगुण ढकै। सो तिर्यञ्च योनि सब लखै॥१८॥मायत रुद्र ध्यान नितकरे। क्रोध मादि मनसरता धरे। हि सक कर भाव मनुसरे। सो पापिष्ठ नरक गति परै ॥ १९ ॥ कपटहीन करुणा चित माहि। ई उपाधि पै मूर्छे नाहि। भक्तिवन्त गुणवन्त जो कोय। सरल स्वभाव जो मानुष होय ॥२०॥ श्रीजिन वचन मग्न तप दान। जिन पूजे दे पात्रहि दान ॥ रहै निरन्तर विषय उदास। सोई लहै स्वर्ग आवास ॥२१॥ मानुष योनि मस्तके पाय। सुन जिन वचन विषय बिसराय। गहे महाव्रत दुद्धर धीर। शुक्लध्यान धर लहै शिव तीर ॥ २२ ॥ धर्म करत सुख होत अपार। पाप करत दुख विविध प्रकार। बाल गुपाल कहै सब नार। इह होय सोई व्यवहार ॥ २३ ॥ श्रीजिनधर्म मुक्ति दातार। हिंसा धर्म परत संसार। यह उपदेश जान मन माय। एक धर्म सो कर अनुराग ॥ २४ ॥ व्रत संयम जिन पद श्रुति सार। निर्मल सम्यक भाव विचार ॥ अन्त कषाय विषय छय करे। तो सुम भक्ति कामिनी वरे ॥ २५ ॥

दोहा—सुध दुखमयि याहि सुख करन सो दुख नाशन जान। कह्यों प्रभ जिन दास यह, मन्य धर्मकी खान ॥२६॥ यामत जे बांचें सुनै,मनमें करै उछाय। ते पावे सुख शान्ति भी, मन वाँछित फलदाय

अष्टकर्म चित्रावली

धरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ १७ ॥ पर संगति किरिया दुख पावै। तब भी तोकों लाज न आवै ॥ पावन संघ नीर ज्यों भरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ १८ ॥ देव धर्म गुरु शास्त्र न जाने। स्वपर विवेक न उरमें आने ॥ क्यों होसो भवसागर तरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ १९ ॥ पांचों इन्द्रिय मति वशमारे। परम धर्म धन मूसन हारे। आय पियावहिं ऐसा दुख भरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ २० ॥ सिद्ध समान न जाने आप। यासे तोहि लगत है पाप ॥ कोल देव भव पदहि धरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ २१ ॥ श्रीजिन वचन अमित रसखानी। पीवै नाहिं मूढ़ अज्ञानी ॥ जासे होय जन्म मृत्यु हरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ २२ ॥ जो चेते तो है यह दाव। नातर बैठा मधुस धाव। फिर यह भव मन वृक्ष न फरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ २३ ॥ भैया विनवे बारम्बार। चेतन चेत भलो अवतार। हो दुल्लभ जिनवाणी धरना। घटेपर ऐसा क्या करना ॥ २४ ॥

दोहा—ज्ञान मई दर्शन मई चारित्र मई सुभाय। सो परमातम ध्याइये यही मोक्ष सुखदाय ॥ २५ ॥ सप्तदशो इकताळीसके मार्ग शीर्ष निरपक्ष। तिथि शंकर गण लीजिये भीरस्विवार प्रत्यक्ष ॥२६॥

७१—धर्म पच्चीसी।

दोहा—भव्य कमल रवि सिद्ध जिन, धर्मधुरन्धर धीर।
नमत सुरेन्द्र जग तम हरण नमो त्रिविध गुणधीर।

चौपाई—मिथ्या विषयनमें रति जीव। ताते जगमें भ्रमें सदीव ॥ विविध प्रकार गहे परयाय। श्रीजिनधर्म न नेक सुहाय ॥ २६ ॥ धर्म बिना चहुंगतिमें परे। चौरासीलख फिर फिर धरे ॥

दुख दावानल माहिं तपन्त । कर्म करे फल भोग लहन्त ॥ ३ ॥ अति दुर्लभ मानुष पर्य्याय । उत्तम कुल धन रोग न काय ॥ इस अवसरमें धर्म न करे । फिर यह अवसर कवहुं न सरे ॥ ४ ॥ नर की देह पाय रे जीव । धर्म विना पशु जान सदीव ॥ अर्थ काममें धर्म प्रधान । ता विन अर्थ न ,काम न मान ॥ ५ ॥ प्रथम धर्म जो करै पुनीत । शुभसङ्गत आवे कर प्रीति ॥ विघ्न हरे सब कारज करे । धनसों चारों कोने भरे ॥ ६ ॥ जन्म जरा मृत्यु वश होय । तिहूं काल डोले जग सोय ॥ श्री जिन धर्म रसायन पान । कवहुं न रुचे उपजे अज्ञान ॥ ७ ॥ ज्यों कोई मूरख नर होय । हलाहल गहे अमृत खोय ॥ त्यों शठ धर्म पदारथ त्याग । विष-यन सों ठाने अनुराग ॥ ८ ॥ मिथ्यागृह गहिया जो जीव । छांड धर्म विपयन चितदीव ॥ ज्यों पशु कल्पवृक्षको तोड़ । वृक्ष धतू-रेकी भू जोड़ ॥ ९ ॥ नर देही जानों परधान । विसर विपय कर धर्म सुजान । त्रिभुवन इन्द्र तने सुख भोग । पूजनीक हो इन्द्रन जोग ॥ १० ॥ चन्द्र विना निश गज विन दन्त । जैसे तरुण नारि विन कन्त ॥ धर्म विना त्यों मानुष देह । तातें करिये धर्म सुनेह ॥ ११ ॥ हय गय रथ पावक वहु लोग । सुभट वहुत दल चार मनोग ॥ ध्वजा आदि राजा विन जान । धर्म विना त्यों नरभव मान ॥ १२ ॥ जैसे गन्ध विना हैं फूल । नीर विहीन सरोवर धूल । ज्यों विन धन शोभित नहीं भोन । धर्म विना त्यों नर चिन्तोन ॥१३॥ अरचे सदा देव अरहन्त । चर्चे गुरुपद करुणावन्त । खरचो दाम धरमसों प्रेम । रुचे विषय सुफल नर एम ॥ १४ ॥ कमला चपल रहै थिर नाहिं । योवन रूप जरा लिपटाहिं ॥ सुत मित

धरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १७ ॥ पर सङ्गति किनना दुख पाये। तब सो तोकों लाज न आये॥ बासन संग नीर ज्यों जरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १८ ॥ देव धर्म गुरु शास्त्र न जाने। स्वपर विवेक न उरमें आने ॥ क्यों होसी भवसागर तरना। एतेपर एता क्या करना ॥ १९ ॥ पांचों इन्द्रिय अति बरमारे। परम धर्म धन मूसन हारे। आप विचारि एता दुख भरना। एतेपर एता क्या करना ॥ २० ॥ सिद्ध समान न जाने आप। यासे तोहि लगत है पाप ॥ लोक देख मद परहि धमरना। एतेपर एता क्या करना ॥ २१ ॥ श्रीजिन वचन अमित रसवानी। पीवे नाहिं मूढ़ अज्ञानी ॥ जासे होय जनम मृत्यु हरना। एतेपर एता क्या करना ॥ २२ ॥ जो वेरी तो है यह दाव। नातर बेठा मजूष गाव। फिर यह नर भव मुश्किल न फरना। एतेपर एता क्या करना ॥ २३ ॥ भैया विनवे बारम्बार। चेतन चेत भलो अवतार। ह्वे दुल्लह शिवरानी वरना। एतेपर एता क्या करना ॥ २४ ॥

दोहा—ज्ञान मई दर्शन मई चारित्र मई सुभाय। सो परमातम ध्याइये यही मोक्ष सुखदाय ॥ २५ ॥ सत्रहसौ इकताळीसके मार्ग शीर्ष सितपक्ष। तिथि शंकर गण छोड़िये ग्रीरविवार प्रत्यक्ष ॥२६॥

७१—धर्म पचीसी।

दोहा—भव्य कमल रवि सिद्ध जिन, धर्मधुरन्धर धीर।
नमत सुरेन्द्र जग तम हरण, नमो त्रिविध गुणधीर।

चौपाई—मिथ्या विषयनमें रति जीव। ताते जगमें भ्रमै सदीव ॥ विविध प्रकार गहे परयाय। श्रीजिनधर्म न नेक सुहाय ॥ २६ ॥ धर्म विना बहुंगतिमें परै। चोरासीमध फिर फिर परै ॥

दुख दावानल माहिं तपन्त। कर्म करे फल भोग लहन्त ॥ ३ ॥ अति दुर्लभ मानुष पर्य्याय। उत्तम कुल धन रोग न काय ॥ इस अवसरमें धर्म न करे। फिर यह अवसर कबहु न सरे ॥ ४ ॥ नर की देह पाय रे जीव। धर्म विना पशु जान सदीव ॥ अर्थ काममें धर्म प्रधान। ता विन अर्थ न काम न मान ॥ ५ ॥ प्रथम धर्म जो करै पुनीत। शुभसङ्गत आवै कर प्रीति ॥ विघ्न हरे सब कारज करे। धनसों चारों कोने भरे ॥ ६ ॥ जन्म जरा मृत्यु वश होय। तिहुं काल डोले जग सोय ॥ श्री जिन धर्म रसायन पान। कबहुं न रुचे उपजे अज्ञान ॥ ७ ॥ ज्यों कोई मूरख नर होय। हलाहल गहे अमृत खोय ॥ त्यों शठ धर्म पदारथ त्याग। विषयन सों ठाने अनुराग ॥ ८ ॥ मिथ्यागृह गहिया जो जीव। छांड धर्म विषयन चितदीव ॥ ज्यों पशु कलपवृक्षको तोड़। वृक्ष धतूरेकी भू जोड़ ॥ ९ ॥ नर देही जानों परधान। विसर विषय कर धर्म सुजान। त्रिभुवन इन्द्र तने सुख भोग। पूजनीक हो इन्द्रन जोग ॥ १० ॥ चन्द्र विना निश गज विन दन्त। जैसे तरुण नारि विन कन्त ॥ धर्म विना त्यों मानुष देह। तातें करिये धर्म सुनेह ॥ ११ ॥ हय गय रथ पावक बहु लोग। सुभट बहुत दल चार मनोग ॥ ध्वजा आदि राजा विन जान। धर्म विना त्यों नरभव मान ॥ १२ ॥ जैसे गन्ध विना हैं फूल। नीर विहीन सरोवर धूल। ज्यों विन धन शोभित नहीं भोन। धर्म विना त्यों नर चिन्तोन ॥१३॥ अरचे सदा देव अरहन्त। चर्चे गुरुपद करुणावन्त। खरचो दाम धरमसों प्रेम। रुचे विषय सुफल नर एम ॥ १४ ॥ कमला चपल रहें थिर नाहिं। योवन रूप जरा [illegible]

गोत्र कर्म ७

वेदनीय
कर्म ८

नारकीय दुःख

DKVarma

७२—अध्यात्म पञ्चासिका।

दोहा—आठ कर्मके वन्धमें, वन्धेजीव भव वास। कर्म हरै सब गुण भरै, नमों सिद्धि सुखरास ॥ १ ॥ जगत माहिं बहु गति विषैं, जन्म मरण वश जीव। मुक्ति माहिं तिहु कालमें, चेतनअमर सदीव ॥ २ ॥ मोक्ष माहि सेती कभी, जगमें आवे नाहिं। जगके जीव सदीव ही कर्म काट शिव जाहि ॥ ३ ॥ पूर्व कर्म उद्योगतें जीव करे परिणाम। जैसे मदिरा पानते, करै गहल नर काम ॥४॥ तातैं बाधैं कर्मको, आठ भेद दुखदाय। जैसे चिकने गातमे, धूलि पुञ्ज जम जाय ॥५॥ फिर तिन कर्मनके उदय, करे जीव बहु भाय। फिरके बाधे कर्मको ये ससार सुभाय ॥६॥ शुभ भावन ते पुण्य है, अशुभ भावतें पाप। दुहूं आच्छादित जीवसो, जान सके नहिं आप ॥ ७ ॥ चेतन कर्म अनादिके, पावक काठ वखान। क्षीर नीर तिल तेल ज्यों खान कनक पाखान ॥ ८ ॥ लाल वन्ध्यों गठडी विषै, भानु छिपो घन माहि। सिंह पिञ्जरे मैं दियो, जोर चले कछु नाहि ॥ ६ ॥ नीर बुझावै आगको, जले टोकनी माहिं। देह माहि चेतन दुखी, निज सुख पावत नाहिं ॥१०॥ तदपि देहसों छुटत हैं, अन्तर तन हैं सङ्ग। सो न ध्यान अग्नी दहै, तब शिव होय अभग ॥ ११ ॥ राग दोष तैं आप ही, पड़े जगतके माहिं। ज्ञान भावते शिव लहैं, दूजा संगी नाहि ॥ १२ ॥ जैसे काहू पुरुषके द्रव्य गड़ो घर माहिं। उदर भरे कर भीखसे, व्योरा जाने नाहिं ॥ १३ ॥ ता नरसे कीन्हीं कहा, तू क्यों मागे भीख। तेरे घरमें निधि गड़ी, दीनी उत्तम सीख ॥ १४ ॥ ताके वचन प्रतीत सो, वह कीयो मन माहि। खोद निकाले धन विना, हाथ परे कुछ नाहिं ॥ १५ ॥ त्यों

अनादिकी भीचके, परके बुधि बखान । मैं सुर नर पशु नारकी, मैं मूरख मतिमान ॥१६॥ तासों सतगुरु कहत हैं तुम चेतन अभिराम । निश्चय मुक्ति स्वरूप हो, ये तेरे नहिं काम ॥ १७ ॥ काच कलश पतीत सों कहत आपमें आप पूरण ज्ञान भये बिना मिटै न पुण्य अरु पाप ॥ १८ ॥ पाप कहत हैं पुण्यको जीव सकल संसार । पाप कहत हैं पुण्यको ते विरले मति धार ॥१९॥ बन्दी खानेमें परे, यातें छूटे नाहिं । बिन उपाय उद्यम किये त्यों ज्ञानी जग माहिं ॥२०॥ साबुन ज्ञान विराग जल, कोरा कपड़ा जीव । रजक दक्ष धोवै नहीं मिलन न जावै सदीव ॥ २१ ॥ ज्ञान पवन तप अगन बिन बहै मूस जिय हेम । कोड़ यत्न सों राखिये शुद्ध होय मन केम ॥२२॥ दरब कर्म नो कर्मते, भाव कर्मतें भिन्न । विकलप नहीं सुबुद्धिके, शुद्ध चेतना चिन्ह ॥ २३ ॥ वाटें माहीं सिवके दुवारेकि माहिं । वार मिलासे मोक्ष है, और वास कछु नाहिं ॥२४॥ ज्ञाता जीवन मुक्ति है एक देश यह बात । ध्यान अग्नि बिन कर्म बन जलै न भिन्न भिन्न जात ॥ २५ ॥ दर्पण काई अथिर जल, मुख दीखै नहिं कोय । मन निर्मल थिर बिन भये आप दरश क्यों होय ॥ २६ ॥ बाहिभाव चिन्तन कहो सहस वर्ष तप ठान । सोई पावो अन्तरसी एक महूरत ज्ञान ॥२७॥ राग दोष संकल्प हैं नयके भेद विकल्प । दोष भाव मिट जाय जब, तब सुख होय अनल्प ॥ २८ ॥ राग विराग दुभेद सो दोय रूप परणाम । रागी भूमि या अघतके वैरागी शिव धाम ॥२९॥ एक भाव है हिरणके, भूख लगै तृण खाय । एक भाव मंजारके, जीव खाय न अघाय ॥ ३० ॥ विविध भावके जीव बहु, दीसत हैं जग माहिं । एक कछू चाहै नहीं एक गजे

कछु नाहिं ॥ ३१ ॥ जगत अनादि अनन्त है, मुक्ति अनादि अनन्त । जीव अनादि अनन्त है कर्म दुविधि सुन सन्त ॥ ३२ ॥ सबके कर्म अनादिके कमे भव्यको अन्त । कर्म अनन्त अभव्यके तीन काल भटकन्त ॥ ३३ ॥ फरस वरन रस गन्ध सुर, पाचों जाने कोय । बोले डोले कौन है, जो पूछे है सोय ॥३४॥ जो जाने सो जीव है, जो माने सो जीव । जो देखे सो जीव है, जीवे जीव सदीव ॥३५॥ जात पना दो विधि लसे, विषै निर विषय भेद । निर विषयी संवर लसे विषयी आश्रव वेद ॥३६॥ प्रथम जीव श्रद्धान सो, कर वैराग्य उपाय । ज्ञान किया सो मोक्ष है, यही बात सुखदाय ॥ पुद्गलसे चेतन वन्ध्यो, यही कथन है वेय । जीव बध्यो निज भाव सों यही कथन आदेय ॥ ३८ ॥ वन्ध लखे निज ओरसे उद्यम करै न कोय । आप वन्ध्यों निज सों समझ, त्याग करै शिव होय ॥ ३९ ॥ यथा भूपको देखके, ठौर रीतिको जान । तन धन अभिलाषी पुरुष, सेवा करे प्रधान ॥ ४० ॥ तथा जीव सरधान कर, जाने गुण परयाय । सेवे शिव धन आश धर, समता सो मिल जाय ॥ ४१ ॥ तीन भेद व्यवहारसों, सर्व जीव सब ठाम । श्रीअरहन्त परमात्मा, निश्चय चेतनराम ॥ ४२ ॥ कुगुरु कुदेव कुधर्म रति, अह बुद्धि सब ठोर । हित अनहित सरधे नहीं, मूढ़नमें शिरमौर ॥ ४३ ॥ ताप आप पर पर लखे हेय उपादे ज्ञान । अव्रती देश व्रती महा, व्रती सबे मतिमान ॥ ४४ ॥ जा पदमें सब पद लसे, दर्पन ज्यों अविकार । सकल निकल परमात्मा, नित्य निरंजन सार ॥४५॥ वहिरात्मके भाव तज, अन्तर आतम होय । परमातम ध्यावे सदा, परमातम सो होय ॥४६॥ वून्द उदधि मिल होत दधि, वीती

कमल प्रकाश। त्यों परमातम होत है, अध्यातम अभ्यास ॥ ४७ ॥ सब आगमको सार ज्यों सब साधनको धेय। जाको पूजें इन्द्र सो सब हम पायो देव ॥ ४८ ॥ सोहं सोहं नित जपे, पूजा आगम सार। सत सङ्गतिमें बैठना, यहै करै व्यवहार ॥ ४९ ॥ अध्यातम पञ्चासिका माहि कह्यो जो सार। द्यानत ताहि लगी रहो सब संसार असार ॥ ५० ॥ इति ॥

७३—श्रीजिनगिरा स्तवन।

शरण आया माता जिनेश्वर वाणी सुख करो। विरद अनुपम तेरा प्रगट जगमाता सुख करो। भ्रमो जग चहुंघेरा सहा दुख जन्मन मरणका। टरै नाहीं टारा, पड़ा चहु कोना हरणका ॥ १ ॥ सबे चहुते देवा करी बहु सेवा शरणकी। कैसे भय दुख खोदी न पाई आशा शरणकी। अब विधि बल भारी हमारी कीनी दुर्दशा। इन्होंने घेरा माता भवोदधि दुखमें मैं फंसा ॥ २ ॥ सकल चारों गतिमें भ्रमाय मोको पै पकी। ज्ञान धनको हरिके भुलाई मोको शिवगली। नरक पशु नर देवा चतुर्गतिमें जो दुख सहो। कहा जाता माहीं तुम्हीं सब जानों जो सहो ॥ ३ ॥ निपट मोको पाके, सतावें पै बाल मति घने। शरण राखो माता बचावो इनसे निरा अभी। सुमति अब दे माता। चिनमयों माठो पलकमें। पहुंचौं शिवपुर पंथा बहुरों ना फिर भय जन्मनमें ॥ ४ ॥ अरज मति दें माता सुमति निज दीजे दासकों। यही विनती मेरी, पुरावो मनके आशाको। तुमस पदको सेवा करत नर देवा व्यापके। लहत शिव सुख मेवा शरण मां तेरो पायके ॥ ५ ॥

दोहा—तुम पदाम्बुजमो उर बसो नशो तिमिर अज्ञान।
सेवक आपपनको. दीजे मोक्ष स्थान ॥ ६ ॥ इति ॥

७४—श्रीजिनवर पच्चीसो।

छप्पै छन्द—ऋषभ आदि चौबीस तीर्थपति तिन गुनगाऊं। दिवपुर कुल पितु मातु वर्ण लक्षण वतलाउं। कार्य आयु शिव आसन अरु शिव थान मनोहर। कहू सर्व दरशाय जाय पातक भव भय हर। प्रात काल प्रतिदिन पढे स्वर्ग मुक्ति सुख सों लहै। क्रमश. ऊंचे पाय पद नाथूराम सेवक कहै॥ १ ॥ सर्वार्थसिद्धिसे ऋषभ आयकर वसे अयोध्या। वंशइक्ष्वाकु प्रधान नाभि पितु अनुपम योद्धा। मरुदेवी जिनमात वर्ण कञ्चन तनु सोहैं। वृष लक्षण शत पाच चाप तनु लख जग मोहे। तिथि चौरासी पूर्व लख पद्मासन कैलास गिरि। मुक्ति थान जिनराज नवो जन्म ना होय फिर ॥२॥ तज सर्वार्थसिद्धि अयोध्या वसे अजित जिन। श्रेष्ठ वश इक्ष्वाकु पिता जित शत्रु कहे तिन। विजयासेना मात तनु गज लक्षणवर। ढोंच शतेक धनु तनु तिथि पूर्व लाख वहत्तर कायोत्सर्ग आसन विमल मुक्ति थान सम्मेदचल। नमो त्रियोग सम्हालके त्रिजग नाथ तुमको स्वथल ॥ ३ ॥ सम्भव ग्रीवक त्याग जन्म श्रीवसती लीना। वंश कहो इक्ष्वाकु जितारि पितुहि सुख दीना। मात सुसेना हेमर्ण घोटक शुभ लक्षण। शतक चार धनु देह साथ लख पूर्ण आयु गण। खडगासनसे शिव गये मुक्ति थान सम्मेद गिरि। नमो त्रिलोकीनाथको जन्म मरन ना होय फिर ॥ ४ ॥ अभिनन्दन तज विजय अयोध्या पितु सवर घर। सिद्धार्था जिन मात वश इक्ष्वाकु जन्म वर। कनक वर्ण कपि चिन्ह ढूंठ शत चाँप कायु जिन। पूर्व लाख पच्चास आयु षड्गासन है तिन श्रीसम्मेदाचल विमल मुक्तिनाथ जिनराजका। त्रिकाल वदों

मायसे धन्य जगम हैं मातका ॥ ५ ॥ वजयन्त तज सुमति भयो
ललनगरी आये । पिता मेघ प्रभु मात मङ्गला मति मन भाये ।
विमल वंश इक्ष्वाकु हेम तनु चकवा लक्षण । धनुष तीन सौ
देह तुङ्ग त्रिभुवनके रक्षण । आयु पूर्व चालीस लक्ष षड्गासन
राखे मदम। सम्मेद शिखरसे शिव गये नमों नमों तुमको स्वयम
॥ ६ ॥ पद्म प्रभु ग्रीवक सु त्याग कौशाम्बी आये । धारण नृप
पितुमात सुसीमा आनन्द पाये । वंश कहो इक्ष्वाकु कमल सम
लाल वर्ण तन । कमल चिन्ह तन तुङ्ग चाप दुई सौ भगवन ।
आयु तीस लक्ष पूर्वका षड्गासनसे शिव गये । सम्मेद शिखर
शिव होय जिन नमो भाव आनन्द भये ॥ ७ ॥ नाथ सुपार्श्व ,ग्रीव
कसे काशी उपजाये । सुप्रतिष्ठित पितु माता पृथिवीके मन भाये ।
विमल वंश इक्ष्वाकु हरित तन स्वस्तिक लक्षण । धनुष दोयसौ
काय बीस लक्ष पूर्व आयु मण । षड्गासन सम्मेदगिरि सिद्धि-
क्षेत्रसे शिव गये । त्रिजग ताप हर्तारिको ताप क्षेम हम हर गये
॥ ८ ॥ वेजयंत तज चन्द्रपुरे चन्द्रप्रभु स्वामी । महासेन पितु
मात लक्ष्मणाके भये नामी ॥ श्वेत वंश इक्ष्वाकु शुक्ल तनु शशि
लक्षण वर । धनुष डेढ़ सौ देह लाख दश पूर्व आयु धर । षड्
गासनसे मुक्त हो अजर अमर अव्यय भये । शिव धाम शिखर
सम्मेद तिन तिन पदको हम मिल गये ॥ ९ ॥ पुष्पदन्त आरण्य
दिव तज काकन्दी राजे । पिता नृपति सुग्रीव मात रामा सुख
साजे ॥ वंश कहो इक्ष्वाकु शुक्ल तनु मगर लक्षण । सौधनु शुभ
शरीर आयु दो लाख पूर्व मण ॥ षड्गासनसे शिवगये सम्मेदाचल
मुक्ति थल । नमों त्रिलोकीनाथ मैं तुम पद पंकज युग विमल ॥१॥

शीतल अच्युत त्याग वास मङ्गल पुर लीना। दृढ़ रथ तात सुमात सुनन्दाको सुख दीना॥ निर्मल कुल इक्ष्वाकु हेम तन श्रीतरु लक्षण। नव्वे धनुश शरीर आयु लख पूर्व विचक्षण॥ खड्गासन दृढ धारके सम्मेदाचल ध्यान धर। मुक्ति भये तिनको नवें शीश नाय हम जोड़कर॥ ११॥ श्रेयान्स पुष्पोत्तरसे चय वसे सिंहपुर। विष्णु पिया विष्णू श्रीमाता उभय धर्मधुर॥ वशे-क्ष्वाकु पुनीत हेम तन गेंडा लक्षण। असीचाप तनु लाख असी चउ वर्ष आयु भण। खड्गासन दृढ़ शिव समय मुक्ति थान सम्मेदगिर। नमों त्रियोग लगायके अशुभ कर्म खलु जाय खिर॥ १२॥ वासपूज्य कापिष्ट स्वर्गसे चय चम्पापुर। लिया जन्म वसुपूज्य पिता माता विजया उर॥ ख्यात वश इक्ष्वाकु अरुण तनु महिषा लक्षण॥ सत्तर धनुष शरीर उच्च जग जनके रक्षण॥ लाख वहत्तर वर्षकी आयु पद्म आसन अटल। सिद्ध क्षेत्र चंपापुरी वन्दों सुखदाता अचल॥ १३॥ विमल शुक्र दिव त्याग कम्पिला जन्म लिया वर। कृत वर्म्मा जिन तात सुरम्या मात गुणाकार॥ विमल वश इक्ष्वाकु कनक तन वराह लक्षण। साठ चाप तन तुङ्ग साठ लख वर्ष आयुगण॥ खड्गासन सम्मेदगिर मुक्ति थान वन्दन करों त्रिभुवननाथ प्रमादसे अब न भवोदधिमें परों॥ १४॥ सहस्रार दिवसे अनन्त जिन जन्म अयोध्या। सिंहसेन पितुग्रेह लिया भविजन प्रति बोधा॥ सर्व यशा जित मात वश इक्ष्वाकु बखानो। हेमवर्ण सेई लक्षण जिनवरके जानो॥ काय धनुष पचासका आयु तीसलख पूर्व जिन। खड्गासन सम्मेदशिव नवों चरण कर जोड़ तिन॥ १५॥ पुष्पोत्तरसे धर्मनाथ

चय बसे रत्नपुर। भानु पिता सुव्रता मात इक्ष्वाकु वंश पुर॥ हैमवर्ण लक्षण सुवज्र तनु धनु पैंतालिस। आयु काल दश वर्ष लंग मासन विधि नासिस॥ सम्मेदाचल मुक्ति थल धर्मपोत धर भव्य जन। पार किये भव उदधिसे करुणाकर करुणायतन॥ १६॥ शांतिनाथ पुष्पोत्तरसे चय गजपुर मापे। विश्वसेन पर माता गृह वसि बधाये॥ कुरुवंशी तनु हैमवर्ण लक्षण मृग सोहैं। काय धनुष चालीस आयु लख वर्ष लखो हैं। पद्मासनते शिव गये मुक्तिधाम सम्मेदगिरि। युग चरण कमल मस्तक धरौं वंधे कर्म अलु आंय फिरि॥ १७॥ कुंथुनाथ पुष्पोत्तरसे चय जन्मे गजपुर। सूर्य पिता श्री देवी माता उसय धर्मधुर॥ कुरुवंशी तनु हैमवर्ण लक्षण अज जानो। काय धनुष तैतीस काम सुरकी पहिचानो। आयु सहस पंचानवे वर्ष खंड मासन कहो। सम्मेद शिखर शिवक्षेत्र शुभ जिन वन्दत हम सुख लहो॥ १८॥ अरहनाथ सर्वार्थसिद्धसे गजपुर भाये॥ पिता सुदर्शन माता मित्रा अरु सुख पाये॥ शुभ कुरुवंश महान हैम तनु मच्छ चिन्हवर। तीस चाप तनु तुङ्ग विशाल मनमोहन सुन्दर॥ सहस चवरासी वर्षका आयु खण्ड मासन मदल। शिवधाम शिखर सम्मेद जिन चरणों निरखे पद कमल॥ १९॥ मल्लिनाथ तज विजय जन्म मिथिलापुर कीना। कुम्भ पिता रक्षिता माताको बहु सुख दीना॥ वंश कहौं इक्ष्वाकु हैम तनु घट लक्षण धर। काय धनुष पच्चीस तुङ्ग महँ लख सुरनर॥ आयु वर्ष पचपन सहस खड़ मासन सोहैं मदल। शिवधाम शिखर सम्मेदवर तीर्थराज निरखै न पद॥ २०॥ मुनि सुव्रत अपराजितसे कुशाग्रपुर राजे। पितु सुमित्र पद्मावत माता

को सुख साजैं ॥ हरिवंशी तनु श्याम कच्छ लक्षण, शुभ सोहै। बीस धनुषका काय तुङ्ग देखत मन मोहै॥ तीस सहस्र सुवर्षका आयु खड्ग आसन सुभग। सम्मेद शिखर शिवथान प्रभु तीर्थराज भवि मुक्ति मग ॥ २१ ॥ प्राणत तज नमिनाथ जन्म मिथलापुर लीना। विजय पिता विप्र माताको अति सुख दीना ॥ विमल वंश इक्ष्वाकु वर्ण तनु हेम सुहावन। पद्म पाखुरी अङ्क पञ्चदश पांच सुभग तन ॥ आयु वर्ष दश सहस्रका पद्मासनसे शिव गये। सिद्धक्षेत्र सम्मेदगिरि वंदिन हो मङ्गल नये ॥२२॥ वैंजयन्तसे नेम-नाथ सूरीपुर प्रगटे। सिद्ध विजय शिवदेवीके देखत दुख विघटे। लहो श्रेष्ठ हरिवंश श्याम तनु शंख अङ्क वर। काय धनुप दश सहस्र वर्षका आयु पूर्णधर॥ खड्गासन गिरिनारिसे राजमती पति शिव गये। पशुवंदि छुडाई दयाकर तिन पदपंकज हम नये ॥२३॥ पारस प्रभु आनत दिव तज काशीमें राजे। अश्वसेन वामा माता गृह दुन्दुभि वाजे॥ उग्र वश तनु नील चिह्न अहिराज विराजे। नव कर काय उतंग आक शत वर्ष, सुछाजे॥ खड्गासन सम्मेदगिरि मुक्ति थान मद कमठ हर। मन वच तन वन्दन करों चो वीसम जिनराजवर ॥ २४ ॥ वर्धमान पुष्पोत्तरसे कुण्डलपुर आये। सिद्धार्थ पितु त्रिशला माता लख सुख पाये॥ नाथ वंश तनु हेमवर्ण हरि चिन्ह मनोहर। सात हाथ तनु आयु वहत्तर अब्द लयोवर॥ खड्गासन पावापुरकी मुक्ति थान जगताप हर। नवे सु नाथूराम नित हाथ जोड युग शीश धर ॥२५॥ इति॥

७५—सूतकनिर्णय

सूतकमें देवशास्त्र गुरुका पूजन प्रक्षालादि तथा मन्दिरजीका

पञ्चामृताभिषेक स्पर्शनको मनाई है तथा पात्रदान भी वर्जित है सूतक पूर्ण होनेके बाद प्रथम दिन पूजन प्रक्षाल तथा पात्रदान करके पवित्र होवे। सूतक विवरण इस प्रकार है। १ जन्मका दस दिन माना जाता है। २, स्त्रीका गर्भ जितने मासका पतन हुआ हो उतने दिनका सूतक मानना चाहिये, विशेषता यह है कि यदि तीन माससे कमका हो तो तीन दिनका सूतक मानना चाहिये। ३, प्रसूती स्त्रीको ४५ दिनका सूतक होता है। इसके पश्चात् वह स्नान दर्शन करके पवित्र होवे। कहीं कहीं चालीस, दिनका भी माना जाता है। ४ प्रसूत स्थान एक मास तक अशुद्ध है। ५, रजस्वला स्त्री पांचवें दिन शुद्ध होती है। ६, व्यभिचारिणी स्त्रीके सदा ही सूतक रहता है, कभी भी शुद्ध नहीं होती। ७ मृत्युका सूतक १२ दिनका माना जाता है। तीन पीढ़ी-तक १२ दिन चौथी पीढ़ीमें ६ दिनका, छठी पीढ़ीमें ४ दिन, सातवीं पीढ़ीमें ३ दिन आठवीं पीढ़ीमें एक दिन रात नवमी पीढ़ीमें स्नानमात्रसे शुद्धता कही है। ८ जन्म तथा मृत्युका सूतक गोत्रके मनुष्योंको ५ दिनका होता है। ९ आठ वर्षतक-के बालक की मृत्युका ३ दिनका और तीन दिनके बालकका सूतक १ दिनका जानो। १० अपने कुलका कोई गृहत्यागी उसका सन्यासमरण अथवा किसी कुटुम्बीका संग्राममें मरण हो जाय तो १ दिनका सूतक होता है। यदि अपने कुलका देशान्तरमें मरण करे और १२ दिन पूरे होनेके पहले मालूम हो तो शेष दिनोंका सूतक मानना चाहिये। यदि दिन पूरे हो गये होवे तो स्नानमात्र सूतक जानो। ११ घोड़ी, भैंस गौ आदि पशु तथा

दासी अपने गृहमें जने तो १ दिनका सूतक होता है। गृह वाहर जने सूतक नहीं होता। १२ दासी, दास तथा पुत्रीके प्रसूत होय या मरे, तो ३ दिनका सूतक होता है। यदि गृह वाहर होतो सूतक नहीं। यहापर मृत्युकी मुख्यतासे ३ दिनका कहा हैं। प्रसूनका १ ही दिन जानो। १३, अपनेको अग्नि जलाकर सती होकर मरे तिसका छह मासका तथा और और हत्याओंका यथायोग्य पाप जानना। १४, जनें पीछे भैंसका दूध १५ दिनतक गायका दूध १० दिनतक और वकरीका दूध ८ दिनतक अशुद्ध है, पश्चात् खाने योग्य है। प्रकट रहे कि कही देश-भेदसे सूनक विधान में भी भेद होता है, इसलिये देशपद्धति तथा शास्त्रपद्धतिका मिलानकर पालन करना चाहिये॥ (श्रावकधर्मसग्रहसे उद्धृत)

७६—जिनगुण मुक्तावली।

दोहा—श्रीजिनेश यतीशको, सुमिर हिये उपकार।
जिनवर गुण मुक्तावली, लिखूँ स्वपर सुखकार ॥१॥

तीर्थंकर पदके गुण वर्णे। धन धरावत जाहि न गिणे॥ यथाशक्ति करिये चिन्तोन। जाते होय पाप विप वौन ॥२॥ सतयुगमें प्रगटे परवीन। मानुप देह दोपकर हीन॥ आर्य्य खण्ड आय अवतरे। युगल सृष्टिमें जन्म न धरे॥ ३॥ क्षत्री वंश विना नहिं और। जाके गर्भ जन्मको ठौर॥ माताके रज दोप न होय। एक पूत जन्में शुभ सोय ॥४॥ मातपिताके देह मझार। मल अरु मूत्र नहीं निर्धार॥ गर्भ शोध देवी आदरे। स्वर्ग सुगन्धि लाय शुचि करें ॥५॥ जाके औदारिक तन माहिं। सात कुधातु मूल ते नाहिं॥ यातैं परमौदारिक कहो। आदि पुराण देख सर दहो॥ ६॥ केवल

प्राम समय तन सोय । सहज निगोद बिना तव होय ॥ नारि नपु सकके सम्पराय । तीर्थंकर पद उदय न थाय ॥८॥ जाके संयम समय सही । आलोचन विधि धरणो नहीं ॥ मस्तक माग विराजे केश । श्याम सचिक्कन सुभग सुवेश ॥८॥ अधिक हीन जिस अङ्ग न होय आधि व्याधि व्यापे नहि कोय ॥ विष शस्त्रादिक कारण पाय । आयु कर्मस्थिति छेदन ताय ॥ ९ ॥

दोहा—इत्यादिक महिमा घणी, तीर्थ कर परमेश ।

दश विधि जाके जन्मतैं अतिशय और विशेष ॥ १० ॥

प्रभुके अङ्ग न होय पसेव । नहीं निहार क्रिया स्वयमेव ॥ नाशा नेत्र कर्ण मल नहीं । ओस अन्त मल मूच न कहीं ॥ ११ ॥ क्षीर बराबर रुधिर अनूप । शंका वर्ण शुचि मान सरूप ॥ समच-तुरस्र शुभ संठाण । तुङ्ग देह दश ताल प्रमाण ॥ १२ ॥

दोह—अपने कर अङ्गुष्ठको मध्यमिका परयंत ।

बारह अंगुल ताल यह अब भारो मतिवन्त ॥१३॥

याही अपने तालसों दशगुण ऊंचा शरीर ।

सम चतुरस्र संठानको यह प्रमाण है धीर ॥ १४ ॥

चौपाई—प्रथम सार संहनन अभिद्य । वज्रवृषभ नाराच प्रसिद्ध रूप सम्पदा अपरम्पकार । सुर नर नाग नयन मनहार ॥ १५ ॥ सहस अठोत्तर लक्षण लसें । सबहीके तन चोसठ बसें ॥ लक्षण नाम सुलक्षण मिन्न । सो प्रतिमाके आसन चिन्ह ॥ १६ ॥ सहज सुगन्धि बसे वपुमाहिं । सब सुगन्धि जासो सम नाहिं ॥ कोन उठावन शक्ति निवास । अतुल अनन्त देह बल जास ॥ १७ ॥ प्रिय हित वचन अमृत उनहार । सब जगजन्तु श्रवण सुखकार ॥ जन्म

जात अतिशय दश येह । अब दश केवलके सुन लेह ॥१८॥ दो सौ योजन परिमिति लोय । चहु दिशमें दुर्भिक्ष न होय ॥ व्योम विहार भूमिवत जास । वपुसों होय न प्राण निवास ॥ १९ ॥ सब उपसर्ग रहित जग सूर । निराहार अति तृप्त स्वरूप ॥ एक दिशा सम्मुख मुख जोय । चतुरानन देखे सम कोय ॥ २० ॥ सब विद्या है अति गंभीर । छाया वरजित विमल शरीर ॥ पलक पात लोचन नहिं गहे । नख अरु केश एकसे रहे ॥ २१ ॥

सोरठा—नई रसादिक धात, होय न अशन अभावतैं ।
तिस कारणतें भ्रात, नख अरु केश बढ़े नहीं ॥ २२ ॥

दोहा—ये दश अतिशय ज्ञानके, लिये ग्रन्थ परमान ।
चौदह सुरकृत होत हैं, ते अब सुनो सुजान ॥२३॥

भाषा अर्धमागधी नाम । सकल जीव समझे तिहि ठाम ॥ मागध नाम देव परिभाव । यह गुण प्रगटे सहज सुभाव । २४ ॥ सबकी होय एकसी टेव । उर मैत्री वरते स्वयमेव ॥ सब ऋतुके फल फूल समेत । वनस्पति अति शोभा देत ॥२५॥ रत्नभूमि दर्पण उनहार । गति अनुकूल पवन संचार ॥ सकल सभा आनन्द रस लेह । मरुत कुमार बुहारी देह ॥ २६ ॥ योजन मिति निर्मल भू ठवे मेघकुमार गन्धि जल चवे । छप्पन छप्पन चहुं दिश माहि । कचन कमल गमन पथ जांहि ॥ २७ ॥ एक सरोज मध्य सुर करै । तातैं अधर पैंड़ प्रभु धरे ॥ निर्मल दिश निर्मल नभ होय । जन आह्वान करैं सुरलोय ॥ २८ ॥ धर्म चक्र आगे तन भिन्न । चलै धर्मचक्री पति चिन्ह ॥ भारी दर्पण प्रमुख मनोज्ञ । मङ्गल द्रव्य आठ विधि योग्य ॥ २९ ॥ दोहा—आठ प्रातिहार्यव विभव. तीरथ प्रभुके जोग ।

नाम ठाम तिनके सगम, सुमिरे सज्जन कोय ॥ ३० ॥ समोसरणमें मणिजड़ित, मध्य त्रिमेखलपीठ । गन्धकुटी तापर बनी चतुरानन मन ईठ ॥ ३१ ॥ बीच सिंहासन जगमगै, मणिमाणिक सम रूप । अन्तरीक्ष राजै तहां पद्मासन जग भूप ॥ ३२ ॥

सोरठा—समोसरणमें मीत प्रभु पद्मासन ही रहैं ।

यह मनादिकी रीति, और भांति मत जानिये ॥३३॥

दोहा—तीन छत्र सिर सोहिये चन्द बिम्ब उनहार । भामण्डल प्रभु दिपत है रवि छवि छिपे निहार ॥ ३४ ॥ पत्र चमर चौसठ-चमर, ढारत भरे सुहाहि । बरषैं सुमन सुहावने, सुर दुन्दुभि गरजाहि ॥ ३५ ॥ आवत गोधे नायको उपजी सेवक ठाम । शोक शोकके हरणतैं, सो अशोक अभिराम ॥३६॥ तीनकाल वाणी खिरे, छह छह घड़ी प्रमाण । भौतासनके श्रवणसों सो निरक्षरी जान ॥३७॥ इह विधि जिनवर गुण कथा कहत कहत को पार । बाहिज गुण निज प्रगट सो लिखे ग्रन्थ अनुसार ॥ ३८ ॥ अन्तरगुण महिमा अतुल कापै बरणी जाय । सुरगुरुसे नहि कह सके, थके स्थविर मुनिराय ॥३९॥ तीर्थंकर गुण चिन्तवन परम पुण्यको हेत । सम्यक् दल अंकुर है उपजै मनि सर खेत ॥ ४० ॥ जिनवर गुण मुक्तावली, जन्द सूतमें पोय । गुणमाला भूधर गुही, करत कंठ सुख होय ॥ ४१ ॥

७७—सुआबत्तीसी ।

दोहा—नमस्कार जिनदेवको करों दुहु करजोड़ । सुआबत्तीसी सरस मैं, कहु मति दल मोर ॥ १ ॥ आतम सुआ सुगुरु वचन पढ़त रहै दिन रैन ॥ करत काज कवरीतिके, यह अचरज अति

नैन ॥ २ ॥ सुगुरु पढावें प्रेमसों यही पढत मन लाय ॥ घटके पट जो ना खुले, सबहिं अकारथ जाय ॥ ३ ॥

सुवा पढ़ायो सुगुरु बनाय । करम वनहिं जिन जइयो भाय । भूले चूके कबहु न जाहु । लोभ नलिनिप दगा न खाहु ॥ ४ ॥ दुर्जन मोह दगाके काज । बाधो नलिनी तर धर नाज ॥ तुम जिन बैठहु सुवा सुजान । नाज विषय सुख लहि तिहि थान ॥ ५ ॥ जो बैठहु तो पकरि न रहियो । जो पकरो तो दृढ निज गहियो ॥ जो द्रढ गहो तो उलटि न जइयो । जो उलटो तो तजि भजि धइयो ॥ ६ ॥ इह विधि सुवा पढायो निच्त । सुवटा पढ़िके भवो विचित्त पढत रहे निशदिन ये वैन । सुनत लहैं भव प्रानी चैन ॥ ७ ॥ इक दिन सुवटे आई मनें । गुरु सङ्गत तज भज गये वनै ॥ वनमें लोभ नलिन अति वनी । दुर्जन मोह दगाको तनी ॥ ८ ॥ ता तरु विषय सुखनके काज । वैठ नलिनपै विलसैं राज ॥ ९ ॥ वैठो लोभ नलि-नपै जवै । विषय स्वाद रस लटके तवै ॥ लटकत तरे उलटि गये भाव । तर मुण्डी ऊपर भये पाव ॥ १० ॥ नलिनी द्रढ़ पकरैं पुनि रहैं मुखतैं वचन दीनता कहैं ॥ कोउ न वनमें छुडावनहार । नलनी पकरहि करहि पुकार ॥ ११ ॥ पढत रहैं गुरुके सव वैन । जे जे हितकर सिखये ऐन । सुवटा वनमें उड निज जाहु । जाहु तो भूल खता निज खाहु ॥ १२ ॥ नलनीके जिन जइयो तीर । जाहु तो तहा न वैठहु वीर । जो वैठो तो द्रढ़ ना गहो । जो द्रढ़ गहो तो पकरि न रहो ॥ १२ ॥ जो पकरो तो चुगा न खइयो जो तुम खायो तो उलट जइयो । जो उलटो तो तज भज धइयो । इतनी सीख हृदयमें लहियो ॥ १३ ॥ ऐसे वचन पढत पन रहै ।

छोभ मछनि भखतो न चहै ॥ पायो दुर्लभ दुर्लभ रूप। पकड़े
सुपटा सुन्दर रूप ॥ १५ ॥ डारि दुखके जाल मझार। सो दुख
कहत न आवे पार ॥ भूख प्यास बहु संकट सहै। परवस परे
महादुख लहै ॥ १६ ॥ सुपटाको सुधि बुधि सब गई। यह तो
बात और कछु भई ॥ आय परे दुख सागर माहि। अब इततैं
कितको भज जाहि ॥ १७ ॥ कैतो काल गयो इह ठौर। सुपटा
जियमें ठानी और ॥ यह दुख जाल कटे किहँ भांति। ऐसी मनमें
उपजी खांति ॥ १८ ॥ रात दिना प्रभु सुमरन करे। पाप जाल
काटन चित धरे ॥ क्रम क्रम कर काट्यो अघ जाल। सुमरन फल
भयो दीन दयाल ॥१९॥ अब इततैं जो भजके जाऊं। तौं वनमें
पर पैठ न पाऊं। पायो दाव भज्यो ततकाल। तज दुर्लभ दुर्गति
जंजाल ॥ २० ॥ आये सघन बहुरि वनमाहि। बैठे तरुवरद्रुमके
छाहि ॥ तित इक साधु महा मुनिराय। धर्म देशना देत सुभाय
॥२१॥ यह संसार कर्म वन रूप। तामहि चेतन सुआ अनूप ॥ पढ़त
रहै गुरु वचन विशाल। तौहू न अपनी करे सम्भाल ॥२२॥ लोभ
नलिनी पै बैठे आय। विषय स्वाद रस लटके आय ॥ पकरहि दुर्जन
दुर्गति परे। तामें दुःख बहुत जिय भरे ॥ २३ ॥ सो दुख कहत न
आवे पार। जानत जिनवर ज्ञान मझार ॥ सुमरौं सुपटा चोरयौं
आप। यह तो मोहि परयो सब पाप ॥ २४ ॥ ये दुख तो सब मैं
ही सहे। जो मुनिवरने मुखसौं कहे। सुपटा सोचै हियो मझार
ये गुरु साँचे तारनहार ॥ २५ ॥ मैं शठ फिरियो करम वन मांहि।
ऐसे गुरु कहुं पाये नाहि ॥ अब मोहि पुण्य उदय कछु भयो।
साँचे गुरुको दर्शन लयो ॥ २६ ॥ गुरुकी गुण स्तुति बारम्बार। सु

मिरे सुवटा हिये मझार ॥ सुमरत आप पाप भज गयो घटके पट खुल सम्यक थयो ॥२७॥ समकित होत लखी सब बात। यह मैं यह परद्रव्य विख्यात। चेतनके गुण निजमहि धरे। पुद्गल रागादिक परिहरे ॥३८॥ आप मगन अपने गुण माहिं। जन्म मरण भय जियकों नाहिं ॥ सिद्ध समान निहारत हिये। कर्म कलंक सबहिं तज दिये ॥२९॥ ध्यावत आप माहिं जगदीश। दुहुंपदक एक विराजत ईश ॥ इह विधि सुवटा ध्यावत ध्यान। दिन दिन प्रति प्रगटत कल्याण ॥ ३० ॥ अनुक्रम शिवपद जियका भया। सुख अनन्त विलसत नित नया ॥ सतसंगति सबको सुख देय। जो कुछ हियमें ज्ञान धरेय ॥ ३१ ॥ केवलिपद आतम अनुभूत। घट घट राजत ज्ञान सजूत ॥ सुख अनन्त विलसै जिय सोय। जाके निजपद परगट होय ॥ ३२ ॥ सुवा बत्तीसी सुनहु सुजान। निजपद प्रगटे परम निधान ॥ सुख अनन्त विलसहु ध्रुव नित्त। 'भैयाकी' विनती धर चित्त ॥३३॥ संवत सत्रह त्रेपन माहिं। आश्विनपहले पक्ष कहाहिं ॥ दशमी दिशों दिशा परकास। गुरु संगतिमें शिव सुखभास ॥ ३४ ॥

७८—नामावली स्तोत्र।

जय जिनंद सुखकंद नमस्ते। जय जिनंद जितफंद नमस्ते ॥ जय जिनंद वरबोध नमस्ते। जय जिनंद जित क्रोध नमस्ते ॥ १ ॥ पापताप हर इन्दु नमस्ते। अर्ह वरन जुत बिन्दु नमस्ते ॥ शिष्टाचार विशिष्ट नमस्ते। इष्ट मित्र उत्कृष्ट नमस्ते ॥२॥ परम धर्म वर शर्म नमस्ते। मर्म भर्म धन धर्म नमस्ते ॥ दृगविशाल वर भाल नमस्ते। हृद दयाल तुनमाल नमस्ते ॥ ३ ॥ शुद्धबुद्ध अविरुद्ध

नमस्ते। रिद्धिसिद्धि वर वृद्ध नमस्ते ॥ वीतराग विज्ञान नमस्ते। चिद्विलास धृत ध्यान नमस्ते ॥४॥ स्वच्छ गुणाम्बुधि रत्न नमस्ते। सत्त्व हितंकर यत्न नमस्ते ॥ कुनयकरी मृगराज नमस्ते। मिथ्या खग वर बाज नमस्ते ॥५॥ भव्य भवोदधि पार नमस्ते। शर्मामृत सित सार नमस्ते ॥ दरश ज्ञान सुखवीर्य नमस्ते। चतुराणन धर धीर्य नमस्ते ॥ ६ ॥ हरिहर ब्रह्मा विष्णु नमस्ते। मोह मर्द मनु जिष्णु नमस्ते ॥ महादान महभोग नमस्ते। महा ज्ञान मह योग नमस्ते ॥७॥ महा उग्र तप सूर नमस्ते। भवसमुद्र शत सेतु नमस्ते ॥८॥ विदानंद गुणगेह नमस्ते। इन्द्रादिक नुत शोभ नमस्ते ॥ जय रत्नत्रय राह नमस्ते। सकल जीव सुखदाय नमस्ते ॥९॥ असरणशरण सहाय नमस्ते। भव्य सुपन्थ लगाय नमस्ते ॥ निराकार साकार नमस्ते एकानेक अधार नमस्ते ॥१०॥ लोकालोक विलोक नमस्ते। त्रिधा सर्व गुण थोक नमस्ते ॥ सल्ल मल्ल दल मल्ल नमस्ते। कल्ल मल्ल जित छल्ल नमस्ते ॥११॥ भुक्ति मुक्ति दातार नमस्ते। उक्ति सुक्ति शृंगार नमस्ते ॥ गुण अनन्त भगवन्त नमस्ते। जै जै जै जयवन्त नमस्ते ॥ १२ ॥

इति पठित्वा जिनचरणाग्रे परि पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।

७६—ढुंढकमतनिषेध पच्चीसी।

दोहा—वंदों वीर जिनेशपद, कहो धर्म जगसार। चरते पंचम कालमें जगत जीव हितकार ॥१॥ ताहि न त्यागे भूल सो जारै उर निज ज्ञान। देखो चतुर विचारके, तिनसम कौन अयान ॥२॥

चौपाई छन्द—है जगमें पुद्गलरूप सार, तिनमें धर्म पदारथ सार। जाके सर्व होय सब सिद्ध, या बिन मनकी एक न रिद्ध ॥३॥

सो पुनि दया रूप जिन कहो, करुणाविन कहुं धर्म न लहो। यामें छहों कायकी घात, लहिये कहा दयाकी वात ॥४॥ सो अव सुनो सवै विरतत, सुनिके त्याग करो मतिवन्त। हरित कायकी उत्पति येह, अग्नि सयोग भूमि गनि लेह ॥५॥ अग्नि नीर हैं याको साज, इन विन सरै नहीं यह काज। काढत धूम वदनतें जान, होय समीर कायको हान ॥६॥ इह विधि थावर दया न होई, त्रसको त्रास होय सुनि सोई। कुथू आदि जीव या माहि, खैंचत स्वास सवै मर जाहि ॥७॥ उपजै जीव गुड़ाखू वीच। हुई है तहा त्रसनकी मीच। हिसा होय महा अघ सच, ऐसी दया पलै नहिं रंच ॥८॥ यही वात जाने सव कोय, जहा हिसा तहाँ धर्म न होय। वहुर धर्म नाश भयो जहा, सकल पदारथ विनसे तहां ॥६॥ तातें निद्य जानि यह कर्म, पापमूल खोवें धन धर्म। यामें कोई न दीसे स्वाद, प्रात होत ही आवे याद ॥१०॥ भव्य जीव सामायक करे, सव जीवनसों समता धरें। यह जोरे सव याको साज, और सकल विसरे घर काज ॥११॥ सेवें याहिं पुरुष उर अन्ध, यातें मुख आवे दुर्गन्ध। उत्तम जीवनको नहिं काम। सिलगे हलक होय उर श्याम ॥१२॥ जाको कोई न आदरे। सो कुवस्तु सव यामें परे। यातें सव पवित्रता जाई। परको जूठ गहै मन लाई ॥१३॥ यासों कछू पेट नहिं भरे, हाथ जरै मुख कड़वो परे। गिने न याकर रैनी सवार, वुरो व्यसन है देख विचार ॥ १४ ॥

दोहा—स्वाद नहीं स्वारथ नहीं, परमारथ नहिं होय।
क्यों झपटै जग जूठको, यही अचम्भो मोय ॥१५॥

साधरमी जन वैठे जहा, सोहे नहीं पुरुष वह तहा। जिमि

हंसनकी गोठ मझार, काग न शोभा लहै अपार ॥१६॥ यामें नफा नहीं तिल मात्र, प्रकट हानि है देख समान । यह विवेक बुध हिरदय धरो ऐसो मानि मूढ मत करो ॥१७॥ इनकी विनतीपै हठ गहै, मोह स्वरूप त्याग नहिं करै । तासों मेरी कछु न बसाय, काली कंप न मारो साय ॥१८॥

दोहा—सरल चित्त सुनि भेद यह, तजै आपसों आप । हठ माहीं हठ गहि रहै जिनके पीछे पाप ॥१९॥ सठी पुरुष प्रति हित वचन सबै अकारथ जाहिं । ज्यों कपूरको मेलिये कूकरके मुख माहिं ॥२०॥ 'भूधरदास' सबसों कही, यही यथारथ बात । सुहित जान हिरदै धरो कोप करो मत भ्रात ॥२१॥ सबहीको हित सोच है, काहे भेद नहिं कोय । अमृत पान कोऊ करै, ताहीको गुण होय ॥२२॥

कवित्त तम्बाकूके विषयमें ।

महरकी सासु सुत सुतकी हलाहलकी बीछीकी पतिनपर पंचरूप साजी है । माली करियारीकी धतूरेकी ममानी पितियानी पन्नगनागकी अटामें विराजी है । कहैं गञ्जनता यह पचावें धन्य प्राणी और अफीमको जिठानी विषखोपरीकी भाभी है । मातुलकी मौसी महतारी सिंधियाकी यह तमाखू सर्वमारीको जिनमें उपराजी है ॥२३॥ चित्तको भ्रमाय देत मनको सुभाय देत सुमनको न देवे कछु आवे क्या भलाई है । प्राण विनाश करै मुखमें दुर्गन्धि लहै उत्पाताकी बापानि रचना सुनाई है । गर्भमके मूत्रपन नामन लगाय कर हमीकार पोष पुनि समुद करि तपाई है । धन्य है दयोधनको चाँप जो तमाखूको समामांझ दूर दोष पसपनो बताई है ॥२४॥

लावनी—धर्म भुल आचरण विगाडा इसका हेतु नहीं रहा इलम ! विवेक जाता रहा हियेसे सबकी जूं ठी पियें चिलम ॥टेक॥ प्रथम तमाखू महा अशुचि है, म्लेच्छ इसको बनाते हैं। छूने योग्य नहीं बिलकुलके अपना तोय लगाते हैं। डंडो चिलममें धूम योगतें जीव असंख्य बताते हैं। पीते ही मर जाय सभी वह यह जिन श्रुतिमें गाते हैं ॥ होती इसमें अपार हिंसा जरा दया नहीं आती गिलम। विवेक जाता० ॥ कौम रिजालोंके साथ पीते गई आबरू ये क्या बनी है। हया दूर कर धर्म जलाते उन्हींमें जा उनकी मत सनी है। वे चर्स गांजा पिवें पिलावें उन्होंने बुद्धि तेरी ये हनी है। स्वास प्रगट कर वदन जलाता प्राण हरणको ये हरफनी है ॥ लगाना दमका बहुत बुरा है पीते तनमें पडे खिलम। विवेक० ॥ थावर त्रसकर सहित भपा जल कुवास है ए निधान हुका। सुतोय परते सुजीव मरते हैं पापका ए निधान हुका ॥ रोग भिन्न हो जाय कहे मर पीते हैं हम यह जान हुका। शुद्ध औषधि करो ग्रहण तुम अशुचि दूर करिये जान हुका। सीख सुगुरुकी यही रूपचन्द त्यागो जल्द मत करो विलम। विवेक० ॥

८०—नेम ब्याह।

मौर धरो शिर दूलहके कर ककण बाध दई कस डोरी। कुण्डल काननमें झलकें अति भालमें लाल विराजत रोरी ॥ मोतिनकी लड शोभित है छवि देखि लजें वनिता सब गोरी। लाल विनोदीके साहिबको मुख देखनको दुनिया उठ दौरी ॥ १ ॥ छत्र फिरे शिर दूलहके तब बारह रत्न शिवादेवी मैया। कृष्ण इते बलभद्र उते कर ढोरत चमर चले दोऊ भैया ॥ भूप समुद्र विजय

सब संघ चले वसुदेव उछाह करैया। लाल विनोदीके साहिबकी वनिता सब हो मिलि खेल खलैया ॥ २ ॥ गौने गये जब नेम प्रभू पशु पक्षिन बैन पुकार करो है। आपसे आप भये प्रतिपाल दयाल सुनो विनती हमारी है। बन्दि पड़े बिललाय सबै बिन कारण विपदा आनि पड़ी है। पूछत लाल विनोदीके साहिब सारथी क्यों न बन्दि भरी है ॥ ३ ॥ सारथीने कर जोड़ कही सुन नाथ इन्हें जु निवारेंगे अब। यादव संग जुरे सबरे तिन कारण ये सब मारेंगे अब ॥ इनकी रक्षा वनमें किसपै इनको ये भक्ष संहारेंगे अब। तातें तुमसे फर्याद करें हमरी गति नाथ सुधारेंगे अब ॥ ॥ ४ ॥ बात सुनी जबतें इनसे पशु पक्षिनकी सब बन्दि छुड़ाई। जाओ सबै अपने थलको हमपे अपराध क्षमा करो भाई ॥ धृग है ऐसो जीवो जगमें तबहीं प्रभु भावन भावना भाई। देव लौकान्तिक आय गये तिन धन्य कहें सब पावन राई ॥ ५ ॥ प्रभु तो बिन ऐसो कौन करे औ को जगमें यह बात विचारे। कौन तजे सुख बन्धु वधू सबको जगमें ममता निरवारे ॥ कोमल कर्मनि जीत सके अरु आप तरे अरु औरन तारे। लाल विनोदीके साहबने यश गीत लियो जग जीतन हारे ॥ ६ ॥ नेम उदास भये जबसे कर जोड़के सिद्धका नाम लियो है। अम्बर भूषण डार दिए शिर मौर उतारके डार दियो है। रूप धरो मुनिका जब ही तब ही चढ़िके गिरनारि गयो है। लाल विनोदीके साहिबने तहां पंच महाव्रत योग लयो है ॥ ७ ॥ नेम कुमारने योग लयो जब होनेको सिद्धवधू मन हरषा। या जगके सुख जान अनित्य लखो भासुर एक तृणवत्की निसा। स्नेह तजो परिवार तजो नहि भोग विला

सनकी मन भिक्षा। लाल विनोदीके साहिबके संग भूप सहस्र लई तब दिक्षा ॥ ८ ॥ काहूने जाय कही सुन। राजुल तेरो पिया गिरनारि चढ़ो है। इतनी सुन भूमि पछार लई मानो तन सेती जीव कढ़ो है॥ सो उग्रसेनसे जाय कही सुन तात विधाता अनर्थो गढ़ो है। लाज सबै सुध भूल गई पिय देखनको जु उछाह चढ़ो है ॥ ६ ॥ लाड़ली क्यों गिरनारि चढ़े उस ही पति तुल्य सुधी वर लाऊं। प्रोहितको पठवाऊं अभी बहु भूपरके सब देश ढुंढाऊं। व्याह रचो फिरके तुम्हरो महि मण्डलके सब भूप बुलाऊं। लाल विनोदीके नाथ विना द्युतिवन्तको कन्त तुझे परणाऊं ॥ १० ॥ काहे न बात सम्हाल कहो तुम जानत हो यह बात भली है। गालियां काढ़त हो हमको सुनो तात भली तुम जीभ चली है। मैं सबको तुम तुल्य गिनों तुम जानत ना यह बात रली है। या भवमें पति नेम प्रभू वह लाल विनोदीको नाथ चली है ॥ ११ ॥ मेरो पिया गिरनारि चढ़ो सुन तात मैं भी गिरनारि चढ़ोंगो। सग रहों पियके वनमें तिन ही पियको मुख नाम पढ़ोगी। और न बात सुहाय कछू पियकी गुणमाल हियेमें पढोंगी। कन्त हमारे रचें शिवसे शिव याको मैं भो सिवान चढ़ोंगी ॥ १२ ॥ इति ॥

८१—लावनी।

धन्य दिवस धन्य घड़ी आजकी जिन छवि नजर पड़ी। स्वपर भेद बुद्धि प्रकट भई उर भर्म बुद्धिविसरी ॥ टेक—नासिकाग्र हैं दृष्टि मनोहर वर विराग सुथरी। आतम शुद्ध सुराजान मानी अनुभव सुरस भरी ॥ १ ॥ शान्त्याकृति निरखत ही परकी आरत

सर्वगरी। सिर मिथ्या तम साग करनको मानों मधुन करो ॥ २ ॥ बोतराग ताका सुदेतु सुनि मोद मुझग विसरी। पद भूषण पिनये सुन्दरता माहीं रहु दरी ॥ ३ ॥ जाकी द्युति शत कोट चन्द्रम मद्गुत जग विस्तरी। तारक रूप निहारि हिय छवि मानिक मगम करी ॥ ४ ॥

८२—वेश्या कुटलाई।

मत कचो मोनि वेश्या विष बुझो कटारी। है यही सकल रोग नको धाम हत्यारी ॥ टेक ॥ औषधि अनेक हैं सर्प डसेकी भाई। पर इसके काटकी नहिं कोई दवाई ॥ नर इसे धाम तो जीवन दृ दहि जाई। पर इसके नैनके बाणसे होय सफाई ॥ है रोम रोम विष भरी फरो न यारी। है यही सकल रोगनको खान हत्यारी ॥ १ ॥ यह तन मन धन हर लिय मधुर बोलीमें। बहुतोंका करे शिकार डमर मोलीमें ॥ कर दिये हजारों छोट पोट झोलीमें। लाखोंका दिल कर लिया कैद चोलीमें ॥ गई इसी कर्ममें लाखों की जमींदारी। है यही सकल रोगनकी खान हत्यारी ॥ २ ॥ हो गये हजारोंके बल वीर्य छारा। लाखोंका इसमे वंश नाश कर डारा ॥ गठिया प्रमेह मतिशने देह बिगारा। भारत गारत हो गया इसीका मारा। कर दिये हजारों इसमे चोर और जुआरी। है यही सकल दुगु णकी खानि हत्यारी ॥ ३ ॥ इसही छ्यलनीने मद्य मांस सिखलाया। सब धर्म कर्मको इसने धूर मिलाया ॥ और दया क्षमा लज्जाको मार भगाया। ईश्वर भक्तीका मूल नाश करवाया। हों इसमे नयासक रौरवके अधिकारी। है यही० ॥ ४ ॥ यह नवयुव कोंको नैन सैनसे बावे। और धनवालोंको बहु गहु कर खावे ॥

धन हरण करे फिर पीछे राह बतावे। करे तीन पाच तो जूते भी लगवावे॥ पिटवाकर पीछे ल्यावे पुलिस पुकारी। है यही० ॥५॥ फिर किया पुलिसने खूब अतिथि सत्कारा। हो गई सजा मिला मजा इश्कका सारा॥ जो झूठ होय तो सज्जन करो विचारा। दो त्याग झूठ करो सत्य वचन स्वीकारा॥ अब तजो कर्म यह अति निन्दित दुःखकारी। है यही सकल रोगोंकी खानि हत्यारी॥ ६ ॥

८१—प्रतिमा चालीसो।

दोहा—दुःख हरण सब सुख करण श्रीजिन मुद्रासार। नित-प्रति वंदे भव्य जन निन्दा करें गंवार॥ १ ॥ प्रतिमा आगे विघ्नक्षय मङ्गल होय हजूर। जैसे आंधी मेटके घन वर्षे भरपूर॥ २ ॥ दर्शन चिन्ता कोटि फल करते कोटा कोट। कोटा कोट कोटी पथ फल अनन्त प्रभु ओर॥ ३ ॥

अब जो ढूंढिया करत है आन। प्रतिमा निन्दाचार विधान॥
प्रथम उचोतन कृत्रिम होय। एकेंद्री अरु आरम्भ होय॥ ४ ॥
(उत्तर दोहा)—मासों जैनी कहत है उत्तर चार विचार
साच होय तो पूजिये तज झूठा हकार॥ ५ ॥

(अचेतनका उत्तर) चौपाई।

वाणी श्रीजिनवरकी होय। पद्गलमई अचेतन सोय॥ तिनके सुनते प्रगटे ज्ञान॥ यूं प्रतिमा लख उपजे ध्यान॥ ६ ॥ जिनवर अमर भये शिव पाय। रहौं अचेतन जडमय काय॥ सो पूजी वन्दो सुर राय। बहुविध नाचे गाय बजाय॥ ७ ॥

(प्रतिमाका उत्तर) चौपाई ।

उत्तम रतनमय अनेक प्रकार । ढाल चीमनी मानिक सार ॥
पड़ते सुनते पुण्य बढ़ाय । क्यों प्रतिमा तो निर्मल भाय ॥ ८ ॥

(एकेन्द्रीका उत्तर)—दोहा

वनस्पती कागद कलम, स्याही अग्नि सुभाय ।
एकेन्द्री पुस्तक प्रकट, क्यों मानो सिर नाय ॥ ६ ॥

प्रश्नोत्तर दोहा

पोथी पञ्चेन्द्री लिखे, तातैं कहो मनोज्ञ । प्रतिमा पञ्चेन्द्री घड़े सो क्यूं नाहीं योग्य ॥ १० ॥ पोथी वाणी प्रगट है, तातें उपजे बोध । पूजा वरनी करन है आरम्भ दोष विरोध ॥ ११ ॥

(आरम्भका उत्तर) गीता छन्द ।

जिम गर्भ होत नगर बसायो न्हवन जन्म कल्याणमें तपमें करी वर्षा पहुपकी याग सरवर बागमें । निर्वाण होत शरीर दाहा इन्द्र द्रव्य सुरगमें गया । यह पञ्चकल्याण भक्ति कर पक भव तारी भया ॥ १२ ॥

(भक्तीको आरम्भका फल) चौपाई ।

भरत समकिती पुर व्रत धार । सेना सहित नाग असवार ॥
पूज्यो आदीश्वर जिनराय । अवधि ज्ञान पायो सुखदाय ॥ १३ ॥
भरत आय कैलाश पहार । करी बहत्तर जिनमह सार ॥ तामें धरे बहत्तर बिम्ब । मुक्त भये तनके प्रतिबिम्ब ॥ १४ ॥ श्रेणिक हो हाथी असवार । महावीर पूजो जिनसार ॥ बांध्यो शुभ तीर्थंकर गोत । आरम्भको फल प्रगट उद्योत ॥ १५ ॥

दोहा—साधु वन्दने जात हो जूती पहिन हमेश । पल पाप

तुमको लगे, किधों साधुका लेश ॥ १६ ॥ जो पातक तुमको चढ़ै, क्यों जाओ हो वीर। जो मुनिवरको लगत है, मने करे किन धीर ॥१७॥ पूजामें हिंसा सहल, पुण्य अनन्त अपार। विष कनिका नहिं कर सके, सागर दोष लगार ॥ १८ ॥ पैसेका टोटा जहां, बढ़ता लाख किरोर। सो व्यापार करे नहीं, सोच कहो तज थोर ॥ १६ ॥ चित्र लिखी नारी लखे, मन गदला बहु होत। मूर्ति शाति जिनेशकी देखे ज्ञान उद्योत ॥ २० ॥ यह बातें प्रगटे सुनो, जवाब दियो नहिं जाय। हार मानके यूं कह्यो, मन नहिं माने भाय ॥ २१ ॥

चौपाई—नाम थापना द्रव्यरु भाव। निक्षेपे हैं चार स्वभाव तीनों मानत हो महाराज। थापन नहिं मानो किह काज ॥ २२ ॥ पैतालीसों आगम माहिं। प्रतिमा पूजा में सब थाहिं ॥ सो तुम साधु सुनी सब लोय। नरभव सफल करो भ्रम खोय ॥ २३ ॥ जीवा अभिगम ग्रन्थ मझार। सुरविज इन्द्र नामनेसार ॥ अक्रित्रिम प्रतिमाकी बहु करो। पूजा भक्ति विनय बहु धरी ॥२४॥ जब वाईके कथन निहार। अड्डड सन्यासी व्रत धार॥ निज पूजा वन्दना सो करी। है कि नहीं तुम भाषो खरी॥ २५॥ ज्ञातृ कथामें देखो वीर। सती द्रोपदीने धर धीर॥ कृत्रिम प्रतिमा पूजा करी महा सतीमें सो गुण भरी ॥ २६ ॥ नाम उपासक दशा प्रधान। दशश्रावकने किया प्रधान॥ परतीर्थ परदेवक रमे। निज तीरथ निजदेव सो रमें ॥ २७ ॥ सूत्र कृताग माहिं विस्तार। प्रतिमा भेजी अक्षय कुमार। आर्द्र कुमार मीतको जान। तिसतें पायो सम्यक ज्ञान ॥ २८॥ सूत्र भगोती माहिं विचार। जघा चारण विद्या चार ॥ अक्रितम पूजा करी। महामुनोने थुतिरस भरी ॥

दोहा—कहैं आदि बहु ग्रन्थ है, आगममें है धीर।
सांचोंके झूठो कहो, पक्षपात मत वीर ॥ ३० ॥

(प्रतिमा मानी तिसका वचन)

दोहा—प्रतिमा दर्शन योग्य है, दीप चढ़ावन योर।
दीप धूप फल फूल वर चन्दन अक्षत थोर ॥ ३१ ॥

(उत्तर) दोहा—भादों आरम्भके किये गये स्वर्ग के मांहि।
तिनकी कथा प्रसिद्ध है, जिन आगमके मांहि ॥ ३२ ॥

(पूजाफल) कवित्त।

नीरके चढ़ाये भवनीर तीर पावे जीव चन्दन चढ़ाये चन्दसेवे दिन रात है। अक्षत सो पूजते न पूजे अक्षपुञ्ज जाको पुष्पनसों पूजे फूल जातमें न जात है। दीजे नैवेद्य तातें लीजे निर्वेदपद दीपक चढ़ाये ज्ञान दीपक विकसात है। धूपके खेयते भ्रमवीर धूप जाय जैसे फल सेती मोक्ष फल सर्व अघघात है ॥ ३३ ॥

सवैया—साधुन की पूजातें हजार गुणा फल जिन बिनती हजार गुणा फल पूजा सिद्धकी ॥ सिद्धतें हजार गुणा फल पूजा प्रतिमाको तिहूंकाल दाता आठौं नवों निधिसिद्धकी ॥ ग्रन्थ मुद्रा भेष साधु अरहन्त सिद्ध भगे प्रतिमा ही कर्ता है पांचों पद वृद्धिकी। कहै न बखान सिद्ध होनेको है यही ध्यान मोक्षफल देय कौन बात स्वर्ग ऋद्धिकी ॥ ३४ ॥

कुण्डली छन्द—जूठा कहो उनकी नीर बुहारी पक्ष। बड़ा द्रव्य उपावना जहां कार्य असंख्य। हरण हलोंके पाप सर्व फलमें बखानूं। जिन पूजा गुरु सेव बहुत समय तप जानूं। सबसे पहिले प्रात उठन पूजा शुभ सूझा। कर पूजा जिनराज काज तब बाकी जूठा ॥ ३५ ॥

सवैया—धन्य जिन भवन करे है सो भी धन्य बिम्ब धरे दोनों निस्तरे वह सघई कहावई। कोई पूजा करे आय कोऊ न्हौन देखे आय गन्धोदक पाय लाय आनन्द बढ़ावई॥ कोई द्रव्य लावे कोई पढ़े कोई नमे ध्यावे कोई छत्र चमर सिंहासन चढ़ावई। कोई नाचे गावे या बजावे भक्तिको बढावे पुण्य तीन लोकमें न पूजा सम पावई॥ ६॥

दोहा—तीन लोक तिहुकालमें, पूजा सम नहिं पुन्य।
ग्रहवासोको प्राप्त हो बिन पूजा घर शून्य॥ ३७॥

अडिल्ल—ढूंढक मनके शास्त्र उक्त बातें कहीं। निज मत पोषा नाहि न परनिन्दा गही॥ समझे सज्जन सत बताय न मूढसो। ज्ञान हियेमें नाहिं लगे हैं रूढ़ सो॥ ३८॥

दोहा—थोडासा यह कथन है। लेहु बहुन कर मान।
नित प्रति पूजा कीजिये, यह परभव सुखदान॥ ३९॥

चौपाई—दिली तख्त बख्त परकाश। सत्रहसे ईक्यासी मास॥
जेठ शुक्ल कुलचन्द उदोत। द्यानत प्रगट्यो प्रतिमा जोत॥ ४०॥

मूढ दशा सवैया।

ज्ञानके लखन हारे विरले जगत माही ज्ञानके लिखनहारे जगतमें अनेक हैं। भाषे निरपक्ष बैन सज्जन पुरुष कोई दीसत बहुत जिन्हें वचनकी टेक है। चूक परे रिस खात ऐसे जीव बहु-भ्रात और अचूक थोरे धरे जो विवेक हैं। ज्ञाता जन थोरे मूढ मति बहुतेरे नर जाने नहिं ज्ञान सर कूप कैसे भेक हैं॥४१॥

— —

छठवां अध्याय

काशी निवासी कविवर वृन्दावनदासजी कृत।

८४—अरहन्तपासाकेवली ।

दोहा—श्रीमत वीरजिनेशपद वन्दों शीस नवाय। गुरु गौतमके चरन नमि, नमों शारदा माय॥१॥ जे जिन मतके पुण्यतें भाषी गणधर देव। जगतहेत अरहन्त यह नाम 'केवली सेव' ॥२॥ चतुरनके पासाविषै चारों ओर सुजान। एक एक अक्षर लिखो जो 'अरहन' विधान॥३॥ तीन बार डारो तबै करिवर मन्त्र उचार। जो अक्षर पांसा कहै ताको करो विचार॥४॥ तीन मन्त्र हैं तासुके, सात सातहो बार। फिर है पांसा डारियों करिके शुद्ध उचार॥५॥ जानि शुभाशुभ तासुतें फल निज वर धनियोग। मन प्रसन्न ह्वै सुमरियो प्रभुपद सेयहु जोग॥६॥

प्रथम मन्त्र—ॐ ह्रीं श्रीं बाहुबलि लंबबाहु ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षौं क्षः अवव मुआ कुरु कुरु शुभमशुभं कथय कथय भूतभविष्यति वर्तमानं दर्शय दर्शय सत्यं ब्रूहि सत्यं ब्रूहि स्वाहा।

(प्रथम मंत्र सात बार जपना)

दूसरा मंत्र ॐ ह्रः ॐ ह्रः ॐ ह्रः सत्यं वद सत्यं वद स्वाहा।

(सात बार जपना)

तीसरा मन्त्र ॐ ह्रीं श्रीं विश्वमालिनी विश्वप्रकाशिनि नमो

---

* मन एकत्र करि जिनेन्द्र सहित अपना अभिप्राय विचारकरि श्री अरहंत भगवानके नामाक्षरका पांसा तीन बेर डालना जो जो अक्षर पड़ें तिन अक्षरका अर्थ बांच उसका निश्चय करना। जिन मार्गमें यह बड़ा निमित्त है इसे हमने लिखा है कि अपना वा पराया उपकार होय। (वृन्दावन)

घ्नादिनि सत्यं ब्रूहि सत्यं ब्रूहि राह्यहि राह्यहि त्रिश्वमालिनि स्वाहा।

(यह मन्त्र भी सात बार जपना)

अथ अकारादि प्रथम प्रकरण।

अअअ। जो परे तीन अकार। तो जानि सुखविस्तार। कल्याणमंगल होय। सम्मान वाढ़ै सोय॥ १॥ लक्ष्मी वसे नित धाम। व्यापारमें वहु दाम। परदेशमें धन लाभ। संग्राममें जय लाभ॥ २॥ नृपद्वारमें सम्मान। सकट कटै प्रमान। सव रोग अरु दुर्भागि। तत्काल जावे भागि॥ ३॥ प्रगटै सकल कल्यान। यामें न संशय जान। यह महा उत्तम अङ्क। फल अटल जासु निशंक॥ ४॥

अअर। दो अकारपर परै रकार। मध्यम फल है सुनो विचार। जो कारज चिन्तो मनमाहिं सो तौ शीघ्र होनको नाहिं॥ ५॥ पूरव पाप उदय है जानि। सोई करत काजकी हानि। तातैं इष्टदेव आराधि। कुल देवीको पूजि सुसाधि॥ ६॥ तासु जजान आराधन किये। किंचित होय काज सुनि हिये। मध्यम प्रश्न परयो है येह। मति मानो यामें सन्देह॥ ७॥

अअह। जह दो अकारके अन्त माहिं। हकार परै सो शुभ कहाहिं। धनधान्य समागम लाभ होय। परदेश गयो जो चहै सोय॥८॥ तो मनवाछितकी सिद्धि जान। अरु मित्र वधुसों प्रीति मान। तत्काल शत्रुको होय नाश। तव विघ्न मिटै अनयास तास॥९॥घरमें प्रगटै मगलविभूति। नव पुण्य प्रभाव प्रवल अकूत। यह उत्तम प्रश्न सुनो पुमान। यों कहत केवली गनिविगाग ॥ १० ॥

अमल । जाइ धुर मकार पर हुवै तकार । तहं शुभ फल जानो है उदार । बहु मित्र मिलें भू धसन ताहि । अरु पुत्र पौत्र है सदन माहिं ॥ ११ ॥ रोगीको रोग विनाश होय । क्रूर ग्रहको निग्रह भी होय ॥ जो मित्र बन्धु परदेश होय । घर आवें अति मन मुदित सोय ॥ १२ ॥ कुलवृद्धि तथा सज्जन महान । तिनसों नित प्रीति बढ़े सयान । दिन दिन अति लाभ मिलै पुनीत । यह प्रश्न केवली कहत मीति ॥ १३ ॥

अरम । धुर मकारके मध्य रकार । पांसा परे तासु सुधि धार ॥ उत्तम फलकारी यह होत । नित नव मंगल होत उद्योत ॥ १४ ॥ पूरव जो धन गयो नसाय । सो सब लोहि मिलैगो आय । राजा करहिं बहुत सनमान । धसन भूमि हय देवहि दान ॥ १५ ॥ स्वजन मित्र समागम होहि । सब विधि सकलमहोच्छव तोहि । सकल पापको होय विनाश । धर्मबुद्धि नित करै प्रकाश ॥ १६ ॥

मरर । जो मरर प्रगटै बरन । तो सकल मंगल करन । धन लाभ सुयश देह । बराकिया विमल जस लेह ॥ १७ ॥ जाइ जाय बहु मतिवंत । तहं लहै पूजा संत ॥ हुवै स्वपरबन्धु मिलाप । उत्तम विपें थी आप ॥ १८ ॥ उम्र बोर पावक मरी । ये सकहिं नहिं किछु करी । सब शत्रु कीजै हान । प्रगटै सकल कल्यान ॥ १९ ॥ श्रीय धरमके परभाय । यह जान हुवै सुभाय । उत्तम कहत फल बहु । उत्तम गहो निःशल्य ॥ २० ॥

मरई । मरई परै जो बरन । सौभाग्यसम्पतिकरन । तो जो मनोरथ होय । मनयास पूरै सोय ॥ २१ ॥ कछु क्लेश हुवै घर माहिं । तसु रंच हो भय नाहिं । निज इष्ट पूजाउं जाय । सब

विघन जाय नसाय ॥२२॥ मन सोच तजि थिर होहि । आनन्द मगल तोहि । सब सिद्ध ह्वै है काज । अरहं कहत महराज ॥२३॥

अरत । जब अरत पाँसा ढरैं । तब सकल सुख विस्तरै । तोहि तिया प्रापति होय । सुत होय पौत्रपि होय ॥ २४ ॥ कुल-गोत सब सोभन्त । तब भाल तिलक लसंत । जह जाहुगे तुम मीति । तह लहहु पूजा नीत ॥ २५ ॥ जनमध्य हो तुम केम । तारा विषै शशि जेम । यह रुचिर प्रश्न सुजान । मनमें धरो प्रभु ध्यान ॥ २६ ॥

अहअ । जो अहंअ छवि देय । तो सुनहु पूछक भेय । पहिले कछुक दुख होय । फिर नाश ह्वैहै सोय ॥ ५७ ॥ धन लाभ दिन दिन वढै । अरु सुजन संगम चढ़ै । जो काल चिन्तहु वद्ध । सो सकल ह्वैहै सिद्ध ॥ २८ ॥

अहंर । जब अहर सु दरसाय । तब अरथलाभ कराय । जसलाभ पृथ्वी लाभ । यह देख पडत सुसाफ (?) ॥ २९ ॥ राजादि वन्धूवर्ग । सब करहि आदर सर्ग । भ्रातादि इष्टमिलाप । धनधान्य आगम व्याप ॥ ३० ॥ व्यवहार अरु परदेश । सब ओर उत्तम तेस । सब सोच संशय हरहु । शुभ तुमहि धीरज धरहु ॥ ३१ ॥

अहह । जो अहंह-है अंक सो कहत हैं फल रंक । दीखे न कारज सिद्ध यह काज तोर सुवृद्ध ॥ ३२ ॥ धन नाश ह्वै है तोहि । तन क्लेश पीडा होहि । व्यापारमें धनहान । परदेश सिद्धि न जान ॥ ३३ ॥ तिहि हेत कर भविजीव । जिन जजन भजन सदीव । जप दान होम समाज । तब होइ कछु इक काज ॥ ३४ ॥

अहत । अक्षर अहत परै । तब सकल शुभ विस्तरै । कल्या-

होय उदार । यामें न संशय करहु । शुभ जानि धीरज धरहु ॥ ४८॥

अथ रकारादि द्वितीय प्रकरण ।

रअअ । आदि रकार अकार दुइ, जब ये प्रगटे वर्न । तब धन सम्पति लाभ बहु सुजनसमागम कर्न ॥ ४६ ॥ सोना रूपा ताम्र बहु, वसनाभरन सुरत्न । प्राप्त होय निश्चय सकल, चिन्तित वित जुतजत्न ॥५०॥ अन्तरैन दीखै सुपन, माला सुमन सुजान । हयगजरथ आरूढ़ अरु, देवागमन विमान ॥५१॥

रअर । आदि रकार अकार पुनि, तापर परै रकार । सुनि पूछक त तासु फल, है अभिमत दातार ॥ ५२ ॥ देश प्रजा को लाभ है, खेती वर व्यापार । धन पावे परदेशमें, घरमें सब सुख-सार ॥५३॥ संसार संकट ।घोरमें, कुलदेवी सुखदाय । करै सहाय प्रसाद तसु, सब विधि सिद्धि लहाय ॥ ५४ ॥

रअह । आदि रकार अकार पर, ह प्रगटे जब आय । भयकारी धनहानि यह, क्लेश अशेष कराय ॥ ५५ ॥ यह कारज कर्तव्य नहिं, लाभ नाहिं या माहि । बाधरमित्र वियोगता अस यह सगुन कहाहि ॥ ५६ ॥ जाह कहुं जाहु विदेश तहं, सिद्ध न होवैं काज । तातैं थिर है कछुक दिन, सुमिरहु श्रीजिनराज ॥५७॥

रअत । रअत परै पासा कहै, मग धन लूटहिं चोर । द्रव्यहानि होवहि बहुत, अशुभ फलहिं चहुं ओर ॥ २८ ॥ नाव बुझै पावक लगै, रोगरु कष्ट कुजोग । कियो काज विनशै सकल अशुभ करमके भोग ॥५६॥ ताते शोक न कीजिये भावीगति बल-वान । थिर न निशदिन सुमिरिये, कृपासिन्धु भगवान ॥६०॥

ररअ । ररअ अङ्क आवे जहा तब ऐसो फल जान । तब

चित चंचल चपल मति, सुनि प्रेच्छक मतिमान ॥६१॥ है कारज अर्थागमन मुखमाग तसु होय। रामदृष्ण चौरासि भय तनदुख तोहि बहोय ॥ ६२ ॥ समय तिया चौपयनिसों है है तोहि वियोग भवरौं तिसरे बरसमह करहिं सकल सुखभोग ॥ ६३ ॥

ररर। तिहुं रकारको फल सुनो मन वांछित फलदाय। धरा धान्य धनलाभ तोहि, मिलहिं वस्तु सब आय ॥ ६४ ॥ तिया समय सुत बन्धु धन, इष्टबन्धु संयोग। इत उत्तम कल्याण तोहि, मिले सकल संयोग ॥ ६५ ॥ महालाभ उधमनिर्षे स्वजन तथा परदेश। सुफल काज तुम होय नित यामें भ्रम नहि लेश ॥६६॥

ररई। दुइ रकारपर ई परै, तब मनवांछित होय। क्षेम भीक सुख संपदा सहज मिलावै सोय ॥६७॥ मंगल दुन्दुभि होंहिं पुनि अरथलाभ बहु तोहि। मिलि है बसुधा देश पुर, यह अति भासत मोहि ॥६८॥ जौन काज तुम चित धरत सुरित होय है तौन। भूपति अति आनन्द करै, तिन प्रति अतुल भौन ॥ ६९ ॥

ररउ। ररउ वरन यह कहत है, सुम पूछक चित लाय। परतियकी अभिलाषपरें, किये अनर्थ उपाय ॥ ७० ॥ अरथनाश ताव भयो भव विभव परमाहिं। रामदृष्ण तेसे कहै, यामें संशय नाहिं ॥७१॥ तातें परतिय परिहरहु सुभमारग पग देहु। प्रभयरजगुन प्रभु भजो, मरमचपो फल लेहु ॥ ७२ ॥

ररम। ररमकार आवे जहां लहै उत्तम फललाभ। वनिता पुत्र धनागमन बन्धुसमागम मान ॥ ७३ ॥ अरथ लाभ जसलाभ पुनि परमलाभ है तोहि। रन विदेश व्यापारमें विजय सुरनति होहि ॥ ७४ ॥

रहंर । रहंर आवे जबहिं, तब विषम काज जिय जान । उद्यम सुफल न होय कछु, घर बाहर हैरान ॥ ७५ ॥ शत्रु बहुत सुख कतहु नहिं, तातैं तजि यह काज । जग सुख निष्फले जानि जिय, भजो सदा जिनराज ॥ ७६ ॥

रहहं । हंजुग आदिरकार कह, सुनिये पूछनहार । अशुभ उदय फल अशुभ है, जानहु निज उर धार ॥ ७७ ॥ मति विश्वास करो हिये, मित्र बन्धु जिय जानि । 'शत्रु होय ये परिनवहिं, करहिं वित्तकी हानि ॥७८॥ धन चिन्ता निंत करत हो, सो सुपनेहू नहिं होई । धरम चिन्ति कुल देव भजि, तातै कछु सुख जोइ ॥ ७९ ॥

रहंत । रहं तासुपर प्रगट त, सुनि फल पूछनहार । याको फल मैं कहा कहों, सब सुखको दातार ॥ ८० ॥ विद्या लाभ कवित्तता, सुफल लाभ व्यवहार । वनिता सुतकौ लाभ है द्रव्यलाभ व्यापार ॥ ८१ ॥ मित्रबन्धु वसनाभरण सहित समागम होइ । बहहु सुखित परिवार सों कुलदेवोकृत जोइ ॥ ८२ ॥

रतअ । रतअ बरन पासा कहत, तुव सम्मुख सौभाग्य । अरथागम कल्याणकर, असन सुखद अनुराग ॥ ८३ ॥ मंत्रजन्त्र औषधिविषैं, सकल सिद्ध ध्रुव होइ । चित चिन्तित पुत्रादि सुख निश्चय पैहैं सोइ ॥ ८४ ॥

रतर । रतर बरन पांसा कहत, सुनि पूछक गहि मौन । उद्यममैं लक्ष्मी बसै, ज्यों पंखेमें पौन ॥ ८५ ॥ तातैं उद्यम करहु तुम, अरथलाभ तह होइ । तनय धरनि धरनी मिलै, नृप सनमाने सोय ॥ ८६ ॥ वसन मिलै, घोडा मिलै, अनायास है काज । शुभ मङ्गल तोहि सर्वदा, सेये श्रीजिनराज ॥ ८७ ॥

रतन। रतन कहत विचारिके, सुनि पूछक है काम। पहिले कए प्रभुत लहै सो सब गये सुधाम ॥ ८८ ॥ धनकी चिन्ता चल- चित, सो सब पूरन होहिं। वनिता सुत वसनाभरन, निश्चय मिलि हैं तोहि ॥ ८९ ॥ भाविपवामि दुख नसहिं सब, चिन्ता करहु न कोय। देवधर्म परसादसौं, काज सफल सब होय ॥ ९० ॥

ततत। ततत धरन सुनिपूछक, सकल सुफल सुख काम। मन वांछित धनसम्पदा पैहो अति अभिराम ॥ ९१ ॥ जो कारज चित धर रह्यो, अनायास सो होय। मनमैं मति संशय करो, धर्मबुद्धि फल होय ॥ ९२ ॥ शिवहित चाहत तप धरन तामैं ह्वैहै सिद्ध। गहो जिनेश्वर कथित तप ज्यों होवै सुखवृद्धि ॥ ९३ ॥

अथह कारादि तृतीय प्रकरण।

हंमम। हंमम वर्न परै जहं भाई। तासु सुनो फल है दुखिताई ॥ सूखक चन्द्रक चित्त विचारो। कोकपियें निरजावधमारो ॥ ९४ ॥ सकुलमैं नहिं जीव दिखावे। उद्यममैं नहिं काम उठावे। जासु जहां कछु कारज हैती। सिद्ध न होय तहां तुम सेती ॥ ९५ ॥ त्याग करो यह कारज यातैं। सेवहु श्रीजिनधर्म सुधा तैं। धर्म बिना सुखको नहिं लेखा। श्रीभगवान कहैं जिन देखा ॥ ९६ ॥ रोग निवार अरोग शरीरं। पुत्र महा बलपौरुष धीरं। चाहत हो पर देश सिधारे। होय मिलाप तहां शुभ सारो ॥ ९७ ॥

हंमर। हंमर भाषत है सुख सारा। होय मनोरथ सिद्ध सुम्दारा। अर्थ तिया सुत मङ्गलताई। आनन्द संयुत बांधव भाई ॥ ९८ ॥ उद्यममैं मन प्रापति जानो देशविदेश जहां मनमानो। रोगीको रुग जाय नसाई। बांधवमित्र मिलै सब भाई ॥ ९९ ॥

देव अराधहु भाव लगाई। सो मनवांछित सिद्ध कराई। ज्यों विन मल पादपै जानो, त्यों विनधर्म न आनन्द पानो ॥ १०० ॥

लडनयुग वीर । करे डेरा सरयूके तीर ॥ सुनन आये लड़ने रघुवीर चलाये खेंच विविध शर धीर ॥ दोहा—प्रवल युद्ध पुत्रन किया हरि वल मुहरा फेर । चक्र चलाया तव लक्ष्मणने, विकल भयो सो हेर ॥ विचारा येहो हरि वलराय । नाथ कर कृपा हरो दुख आय ॥ ८ ॥ फागमे भामण्डल हनुमान ॥ कही ये सीता सुत वल-वान ॥ मिले तव हरि वल आनन्द ठान । अवधमें बाढो हर्ष महान ॥ दोहा ॥ तव सवने विनती करी, सीता लेहु वुलाय । सो स्वीकार करी रघुवरने, सव नृप लाये धाय ॥ मिलनको चलीं सिया हर्षाय ॥ नाथ कर कृपा हरो दुख आय ॥ ९ ॥ चेत्रमें वोले, राम रिसाय । धीज विन लिये न आवो धाय ॥ तवै वोलीं सीता विलखाय । कहो सो लेह धीज दुखदाय ॥ दोहा—विप खाऊं पावक जलूं करूं जो आज्ञा होय । कही राम पावकमें पैठो सीता मानी सोय ॥ दयो तव पावक कुण्ड जलाय । नाथकर कृपा हरो दुख आय ॥१०॥ जपति वेसाखमें प्रभुका नाम । अग्निमें पेठी रघुवर भाम ॥ शील महिमासे देव तमाम । अग्निका कीना जल तिस ठाम ॥ दोहा—कमलासन पर जानकी वैठारी सुर आव । वढानीर जल डूवन लागे करते भये विलाप ॥ करो रक्षा हम सीता माय । नाथ कर कृपा हरो दुख आय ॥ ११ ॥ जेठमें राम मिलन चाले । लूंचि कच सिय सन्मुख डाले ॥ लयी दीक्षा अणुव्रत पाले । किया तप दुर्द्धर अघ जाले ॥ दोहा—त्रिया लिङ्ग हनि दिव भयो, सोलम स्वर्ग प्रतेन्द्र । अनुक्रमसे अव शिवपुर पैहै । भाषी एम जिनेन्द्र ॥ कहै यो दयाराम गुण गाय । नाथ कर कृपा हरो दुख आय ॥ १२ ॥

११०—बाईस परिषह

क्षुधा तृषा हिम उष्ण डंसमशक दुःख भारी। निरावरण तन अरति खेद उपजावत नारी ॥ चर्या आसन शयन दुष्टवायस वध बंधन। याचें नहीं अलाभ रोग तृण स्पर्श निबन्धन। मलजनित मान सम्मान वश प्रज्ञा और अज्ञानकर। दर्शन मलिन बाईस सब साधु परीषह जान नर ॥

दोहा—सूत्रपाठ अनुसार ये, कहे परीषह नाम।
इनके दुःख जे मुनि सहैं तिन प्रति सदा प्रणाम।

१ क्षुधापरीषह—अनशन ऊनोदर तप पोषत हैं पक्ष मास दिन बीत गये हैं। जो नहीं बने योग्य भिक्षा विधि सूक अंग सब शिथिल भये हैं ॥ तब तहां दुस्सह भूखकी बेदन सहित साधु नहीं नेक नये हैं। तिनके चरण कमल प्रति प्रति दिन हाथ जोड़ हम सीस नये हैं ॥

२ तृषा परीषह—पराधीन मुनिवरकी भिक्षा पर घर लेंहें कहैं कछू नाहीं। प्रकृत विरुद्ध पारणा भुंजत बढ़त प्यासकी त्रास तहां ही ॥ ग्रीषमकाल पित्त अति कोपे लोचन दोय फिरे जब जाहीं। नीर न चहैं सीससे मुनिवर जयवन्तो वरतो जग मांही ॥

३ शीत परीषह—शीतकाल सब ही जन कम्पें खड़े जहां वन वृक्ष दहे हैं। झंझा वायु बहें वर्षा ऋतु वर्षत बादल झूम रहे हैं ॥ तहां धीर तटिनी तट चौपट ताल पालपर कर्म दहे हैं। सहैं सम्हाल शीतकी बाधा ते मुनि तारणतरण कहे हैं ॥

४ उष्ण परीषह—भूख प्यास पीड़े उर अन्तर प्रजले आंत देह सब दागे। अग्नि स्वरूप धूप ग्रीषमकी ताती बायु झालसी

नर्क दुःख चित्रादर्श नं० ३

सीताकी अग्नि परीक्षा।

लागे ॥ तपें पहाड़ ताप तन उपजै कोप पित्त दाहज्वर जागे। इत्यादिक गर्मीकी बाधा सहै साधु धैर्य्य नहिं त्यागे ॥

५—दंशमशक परीषह—दंशमशक माखी तनु काटैं पीढ़े वन पक्षी बहुतेरे। डसे ब्याल विषहारे बिच्छू लगें खजूरे आन घनेरे। सिंघ स्याल शुण्डाल सतावें रीछ रोज दुख देंय घनेरे। ऐसे कष्ट सहैं समभावन से मुनिराज हरो अघ मेरे।

६ नग्न परीषह—अन्तर विषय वासना वर्ते बाहिर लोक लाज भय भारी, ताते परम दिगम्बर मुद्रा धर नहिं सकै दीन संसारी। ऐसी दुर्द्धर नग्न परीषह जीतें साधु शीलव्रत धारी। निर्विकार बालकवत् निर्भय तिनके पांयन धोक हमारी ॥

७ अरति परीषह—देश कालको कारण कहिके होत अचैन अनेक प्रकारैं। तब तहां खिन्न होयें जगवासी कलबलाय थिरता-पन छारें। ऐसी अरति परीषह उपजत तहां धैर्य्य उर धारैं। ऐसे साधुनके उर अन्तर बसो निरन्तर नाम हमारे ॥

८ स्त्री परीषह—जे प्रधान केहरको पकड़े पन्नग पकड़ पान से चम्पत। जिनकी तनक देख भौं बांकीं कोटिन सूर दीनता जम्पत ॥ ऐसे पुरुष पहाड़ उठावन प्रलय पवन त्रिय वेज पयम्पत ॥ धन्य धन्य ते साधु साहसी मन सुमेरु नहिं जिनको कम्पत ॥

९ चर्य्या परीषह—चार हाथ परिणाम निरख पथ चलत दृष्टि इत उत नहीं तानें। कोमल पांव कठिन धरतीपर धरत धीर बाधा नहिं मानें। नाग तुरङ्ग पालकी चढ़ते ते स्वाद उर याद न आनें। यों मुनिराज सहैं चर्य्या दुख तब दृढ़ कर्म्म कुचाल भानैं ॥

१० आसन परीषह—गुफा मसान शैल तरु कोटर निवसें

जहां गुरु मू हैरैं। परिमिति काल रहैं निश्चल तन बारबार आसन नहि फेरैं ॥ मानुषदेव अचेतन पशुकृत बैठे विपत आन जब घेरैं। ठौरन तजैं भजै थिरता पद ते गुरु सदा बसो उर मेरे ॥

११ शयन परीषह—जे महान् सोनेके महलों सुन्दर सेज सोय सुख जोवैं। ते अब अचल अङ्ग एकासन कोमल कठिन भूमिपर सोवैं ॥ पाहन खण्ड कठोर कांकरी गड़त कोर कायर नहि होवैं। ऐसी सयन परीषह जीतत ते मुनि कर्म कालिमा धोवैं ॥

१२ आक्रोश परीषह—जगत् जीवयावन्त चराचर सबके हित सबको सुखदानी। तिन्हें देख दुर्वचन कहैं शठ पाखण्डी ठग यह अभिमानी। मारो याहि पकड़ पापीको तपसी भेष चोर है छानी। ऐसे कुवचन वाणकी विरियां क्षमा ढाल ओढ़ मुनि ज्ञानी ॥

१३ वध बन्धन परीषह—निरपराध निर्वैर महामुनि तिनको दुष्ट लोग मिल मारैं। कोई बैंच खम्भसे बांधैं कोई पावकमें पर जारैं ॥ तहां कोप नहि करैं कदाचित पूरब कर्म विपाक विचारैं। समरथ होय सहैं वध बन्धन ते गुरु सदा सहाय हमारे ॥

१४ याचना परीषह—घोर वीर तप करत तपोधन भये क्षीण सूखी गलबाहीं। अस्थिचाम अवशेष रहेतनु नसा जाल झलके जिस माहीं ॥ औषधि असन पान इत्यादिक प्राण जाय परयाचित नाहीं। दुद्धर अयाचिक व्रत धारे करहिं न मलिन धर्म परछाहीं॥

१५ अलाभ परीषह—एकवार भोजनकी विरियां मौन साध बस्तीमें आवैं। जो नहि बने योग भिक्षा विधि तो महन्त मन खेद न लावैं। ऐसे भ्रमत बहुत दिन बीतें तब तप वृद्धि भावना भावैं। यों अलाभकी कठिन परीषह सहैं साधु सोही शिव जावैं ॥

१६ रोग परीषह—वात पित्त कफ शोणित चारों ये जय घटे बद तनु माहीं। रोग संयोग शोक तब उपजत जगत् जीव कायर हो जाहीं॥ ऐसी व्याधि वेदना दारुण सहैं सूर उपचार न चाहीं। आतमलीन विरक्त देहसे जैन यती निज नेम निवाहीं॥

१७ तृण स्पर्श परीषह—सूखे तृण और तीक्ष्ण काटे कठिन काकरी पाय विदारैं। रज उड आन पड़े लोचनमें तीर फास तनु पीर विथारै॥ तापर पर सहाय नहि वाछत अपने करसों काढ़ न डारें। यों तृणस्पर्श परीषह विजयी ते गुरु भव भव शरण हमारे॥

१८ मल परीषह—यावज्जीवजल न्हौन तजो तिन नग्न रूप वन थान खडे हैं। चले पसेव धूपकी विरियां उडत धूल सब अङ्ग भरे हैं॥ मलिन देहको देख महा मुनि मलिन भाव उर नाहीं करे हैं। यों मल जनित परीषह जीतैं तिन्हें पाय हम सीस धरे हैं॥

१९ सत्कार तिरस्कार परीषह—जो महान विद्यानिधिविजयी चिर तपसी गुण अतुल भरे हैं। तिनकी विनय वचन सों अथवा उठ प्रणाम जन नाहि करे हैं॥ तौ मुनि तहा खेद नहि माने उर मलीनता भाव हरे हैं। ऐसे परम साधुके अहनिशि हाथ जोड़ हम पाय परे हैं॥

२० प्रज्ञा परीषह—तर्क छन्द व्याकरण कलानिधि आगम अलङ्कार पढ़ जानैं। जाको सुमति देख परवादी विलखे होंय लाज उर आनैं॥ जैसे सुनत नाद केहरिको वन गयन्द भाजत भय मानैं। ऐसी महाबुद्धिके भाजन ये मुनीश मद रञ्ज न ठानैं॥

२१ अज्ञान परीषह—सावधान वर्तें निशि वासर संयम शूर परम वैरागी। पालतगुप्ति गये दीरघ दिन सकल सङ्ग ममतापर

त्यागी ॥ मतिविभ्रम अथवा मन पर्यय केवल बुद्धि न भाखई जागी। यों विकल्प नहिं करें तपोधन सो अज्ञान विजयी बड़भागी

२६ अदर्शन परीषह—मैं चिरकाल घोर तप कीनो अजहुं ऋद्धि अतिशय नहिं जागी। तप बल सिद्ध होय सब सुनियत सो कछु बात झूठसी लागी ॥ यों कदापि चितमें नहिं चिन्तत समकित शुद्ध शान्तिरस पागी,सोई साधु अदर्शन विजयी ताकेदर्शनसे अघ भागे।

जिन कर्मके उदयसे कौनसी परीषह होती है।

ज्ञानावरणीते दोय प्रज्ञा अज्ञान होय एक महामोहतें अदर्शन बखानिये। अन्तराय कर्म सेती उपजै अलाभ दुःख सप्त चारित्र मोहनी केवल जानिये। नग्न निषद्यानारी मान सम्मान गारि याचना अरति सब ग्यारह ठीक ठानिये। एकादश बाकी रही वेदनी उदयसे कहीं बाईस परीषह उदय ऐसे उर आनिये।

अडिल छन्द—एक बार इन माहिं एक मुनिके कही। सब उन्नीस उत्कृष्ट उदय आवें सही ॥ आसन शयन विहार दोय इन माहिंकी। शीत उष्णमें एक तीन ये नाहिंकी ॥

१११—बारहमासा मुनिराजजी

राग मरहठी—मैं वन्दू साधु महन्त बड़े गुणवन्त सभी चित लाके। जिन अथिर लखा संसार बसे वन जाके ॥ टेक ॥

चित चैतमें व्याकुल रहे काम तन दहे न कछु बस आवे। फूली वनराई देख मोहमद छावे। जब शीतल चले समीर स्वच्छ हो नीर मगन सुख भावे। किस तरह योग योगीश्वरसे बन आवे।

(झड़)—तिस अवसर श्रीमुनि ज्ञानी, रहें मगन ध्यानमें ध्यानी। जिन काया लखी पयानी। जग ऋद्धि बराबर सम जानी ॥

उस समय धीर धर रहें अमर पद लहे ध्यान शुभ ध्याके। जिन अथिर लखा संसार वसे वनजाके॥ १॥

जब आवत है वैसाख, होय तृण खाक तापसे जलके। सब करें धाम विश्राम पवन झलझलके॥ ऋतु गर्मीमें संसार पहिन नर नार वस्त्र मलमलके। वे जलसे करते नेह जो हैं जी थलके॥

(झड़)—जिस समय मुनी महराजे, तन नग्न शिखर गिरि राजे। प्रभु अचल सिंहासन राजे, कहो क्यों न कर्म दल लाजे। जो घोर महा तप करें मोक्षपद धरे वसें शिव जाके। जिन आथिर लखा संसार वसे वन जाके॥ २॥

जब पडे ज्येष्ठमें ज्वाला होय तन काला धूपके मारे। घर बाहर पग नहिं धरे कोई घरवारे॥ पानीसे छिडके धाम करें विश्राम सकल नर नारी। धर खसकी टटिया छिपें लूहकी मारी॥

(झड)—मुनिराज शिखर गिर ठाढ़े, दिन रैन रिद्धि अति वाढे। अति तृषा रोग भय वाढे, नव रहे ध्यानमें गाढ़े॥ सब सूखे सरवर नीर जलें शरीर रहें समझाके। जिन अथिर लखा ससार वसे वन जाके॥ ३॥

अषाढ़ मेघका जोर वोलते मोर गरजते बादल। चमके बिजली कड कडेपडे धारा जल॥ अति उमडे नदिया नीर गहर गम्भीर भरे जलसे थल। भोगीको ऐसे समय पड़े कैसे कल॥

(झड)—उस समय मुनी गुणवन्ते, तरुवट तट ध्यान धरन्ते॥ लति कार्टें जीव अरु जन्ते, नहीं उनका सोच करन्ते। वे काटें कर्म जंजीर नहीं दिलगीर रहें शिव पाके। जिन अथिर लखा संसार वसे वन जाके॥ ४॥

भावनमें है त्योहार भूलती नार चढ़ी हिंडोले। वे गावें राग मल्हार पहन नये चोले॥ अग मोह तिमिर मन बसे सर्व तन कसे हेत भकझोले। इस अवसर श्रीमुनिराज करत हैं मोले॥

(मद्द) ये शीतें रिपुसे लरके कर ज्ञान खड्गसे करके। शुभ शुक्ल ध्यानको धरके, परफुल्लित केवल वरके॥ नहीं लहीं वो यम का भास खड़े शिव वास अपार लखाके। जिन मंदिर सखा संसार बसे वन जाके॥ ५॥

मादव अंधियारी रात सूझे ना हाथ घुमर रहे बादर। वन मोर पपीहा कोयल बोलें दादुर॥ अति मच्छर भिन भिन करें साँप फुंकारें पुकारें थरथर। बहु सिंह बघेरा गज घूमें वन अन्दर॥

(मद्द)—मुनिराज ध्यान शुभ पूरे, कर कारें कर्म मजूरे। तनु चिपटत काम खजूरे, मधु मक्ष ततये भूरे॥ बिच्छियोंने विष लगाये, आप मुनि खड़े हाथ लटकाके। जिन मंदिर सखा संसार बसे वन जाके॥ ६॥

आश्विनमें वर्षा गई समय नहिं रही दशहरा आया। नहिं रही वृष्टि मत कामदेव लहराया॥ कामी नर करें शिकार बजावें ढोल करें मनभाया। हैं धन्य साधु जिन आतम ध्यान लगाया॥

(मद्द)—बहु चाम योगमें भीने मुनि आप कर्म क्षय कीने। उपदेश सबनको दीने, अमिवनको शिवपद लीने॥ हैं धन्य धन्य मुनिराज हाथके ताज भर्यु गिर जाके। जिन मंदिर सखा संसार बसे वन जाके॥ ७॥

कातिकमें आया शीत भई विपरीत अधिक ठण्डाई। संसारी बोलें शुभा कर्म दुखदाई॥ हाय नर नारीका मेल

मिथुन सुख केल करें मन भाई। शीतल रितु कामी जनको हैं सुखदाई ॥

(झड़)—जब कामी काम कमावें, मुनिराज ध्यान शुभ ध्यावें। सरवर तट ध्यान लगावें सो मोक्ष भवन सुख पावें ॥ मुनि महिमा अपरम्पार न पावें पार कोई नर ताके। जिन० ॥८॥

अगहनमें टपके शीत यही जगरीत सेज, मन भावै। अति शीतल चले समीर देह थरांवे ॥ शृंगार करें कामिनी रूप रस ठनी साम्हने आवे। उस समय कुमति वन सबका मन ललचावे ॥

(झड़)—योगीश्वर ध्यान धरे हैं, सरिताके निकट खड़े हैं। कहिं ओले अधिक परे हैं, मुनि कर्मका नाश करे हैं। जब पडे वर्फ घनघोर करें नहीं शोर जयी दृढ़ताके। जिन० ॥ ६ ॥

यह पौष महीना भला शीतमें घुला कापती काया। वे धन्य गुरू जिन इसरितु ध्यान लगाया ॥ घरवारी घरमें छिपें वस्त्र तन लिपें रहै जैडाया। तज वस्त्र दिगम्बर हो मुनि ध्यान लगाया ॥

(झड़)—जलके तट जग सुखदाई, महिमा सागर मुनिराई। धर घोर खडे है भाई, निज आतमसे लवलाई ॥ है यह संसार असार वे तारणहार सकल वसुधाके ॥ जिन० ॥ १० ॥

है माघ वसन्त वसन्त नार अरु कन्थ युगल सुख पाते। वे पहिने वस्त्र वसन्त फिरें मदमाते ॥ जब चढ़े मदनकी शयन पड़े नहि चैन कुमति उपजाते। हैं वड़े धीर जन बहुधा वे डिग जाते ॥

(झड़)—तिस समय जु हैं मुनि ज्ञानी, जिन काया लखी पयानी। भवि डूवत वोधे प्रानी जिन ये वसन्त जिय जानी ॥ चेतन सो खेलें होरीं ज्ञान पिचकारी योग जल लाके ॥ जिन० ॥

जब सभी महीमा फाग करें अनुराग सभी नरनारी। है सिरे पें डमें गुणास भर पिचकारी ॥ जब श्रीमुनिवर गुणखान अबक भर ध्यान करें तप भारी। कर शील सुधारस कर्मन ऊपर डारी ॥

(भड़)—कोशिं कुकर्म बनावे कर्मोसे फाग रचावें। जो बारहमासा गावे, सो अजर अमर पद पावे ॥ यह मार्ग क्रिया-काम धर्म गुणमाल योग दर्शावे ॥ जिन० ॥

११२—बारहमासा राजुल।

राग मरहटी [खड़ी]

मैं लूंगी श्रीअरहन्त सिद्ध भगवन्त साधु सिद्धान्त चारका सरना। निर्नेम नेमबिन हमें जगत् क्या करना ॥ टेक ॥

आसाढमास [खड़ी]

सखि आया आषाढ़ घनघोर मोर चहुं ओर मचा रहे शोर इन्हें समझावो। मेरे प्रीतमको तुम पवन परीक्षा लावो। है कहां मेरे भरतार कहां गिरनार महाव्रत धार बसे किस वनमें। क्यों बांध मोड़ दिया तोड़ क्या सोची मनमें ॥(झर्वट)—जा जा रे पपैया जारे प्रीतमको दे समझारे। रही नौ भव संग तुम्हारे क्यों छोड़ दई मझधारे ॥ (झर्वट)—क्यों बिना दोष भये रोष नहीं सन्तोष यही अफसोस बात नहीं बूझी। दिये जादों छप्पन कोड़ छोड़ क्या सूझी। मोहि राखो शरण मैंझार मेरे भर्तार करो उद्धार क्यों दे गये झुरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना ॥

श्रावण मास [खड़ी]

सखि श्रावण संवर करे समन्दर भरे दिगम्बर करे क्या करिये। मेरे जीमें ऐसी आवे महाव्रत धरिये। सब त जदू

शृंगार तजूं संसार क्यों भव मंझारमें जी भरमाऊं। क्या परा-धीन तिरियाका जन्म नहिं पाऊं [झर्वटे]—सब सुन लो राज दुलारी। दुख पड़ गया हमपर भारी। तुम तज दो प्रीति हमारी कर दो संयमकी त्यारी [झडी]—अब आ गया पावस काल करो मत टाल भरे सब ताल महा जल बरसै। बिन परसे श्रीभगवन्त मेरा जी तरसै। मैं तज दई तीज सलौन पलट गई पौन मेरा है कौन मुझे जग तरना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत क्या करना

भादों मास [झडी]

सखि भादों भरे तलाव मेरे चितचाव करूंगी उछावसे सोलहकारण। करूं दसलक्षणके व्रतसे पाप निवारण। करूं रोट तीज उपवास पञ्चमी अकाश अष्टमी खास निशल्य मनाऊं। तपकर सुगन्ध दशमीको कर्म जलाऊं॥ (झवटे)—सखि दुर्द्धर रसकी बारा। तजिहार चार परकारा। करूं उग्र उग्र तपसारा ज्यों होय मेरा निस्तारा (झड़ी)—मैं रत्नत्रय व्रत धरूं चतुर्दशी करूं जगत से तिरूं करूं पखवाड़ा। मैं सबसे क्षिमाऊं दोष तजू सब राडा। मैं सातो तत्व विचार कि गाऊं मल्हार तजा संसारतौ फिर क्या करना। निर्नेम नेम बिन हमें जगत् क्या करना।

आसोज मास [झड़ी]

सखि आ गया मास कुआर लो भूषण तार मुझे गिरनारकी दे दो आज्ञा। मेरे पाणिपात्र आहारकी है परतिज्ञा। लो तार ये चूड़ामणी रतनकी कणी सुनो सब जनी खोल दो वेनी। मुझको अवश्य परभातहि दीक्षा लेनी॥ (झर्वटे) मेरे हेतु कमण्डल लावो। इक पीछी नई मंगावो मेरा मत ना जी भरमावो। मत

पौस मास [झड़ी]

सखी लगा महीना पोह ये माया मोह जगत्से द्रोह रु प्रीत करावे। हरे ज्ञानावरणी ज्ञान अदर्शन छावे। पर द्रव्यसे ममता हरे तो पूरी पर जु सम्वर करैं तो अन्तर टूटै। अस ऊंच नीच कुल नामकी संज्ञा छूटै॥ (झर्वट)—क्यों ओछी उमर धरावै। क्यों सम्पतिको विलगावे। क्यों पराधीन दुख पावे। जो संयममें चित लावें॥(झडी)—सखि क्यों कहलावे दीन क्यों हो छवि छीन क्यों विद्याहीन मलीन कहावे। क्यों नारि नपु सक जन्मे कर्म नचावें। तजे शील शृङ्गार रुले संसार जिने दरकार नरकमें पडना। निर्न०

माघ मास [झड़ी]

सखि आगया माह वसन्त हमारे कन्त भये अरहन्त वो केवल-ज्ञानी उन महिमा शील कुशीलकी ऐसे वखानी। दिये सेठ सुदर्शन सूल भई मखतूल वहा वरसे फूल हुई जयवाणी वे मुक्ति गये अरु भई कलङ्कित राणी॥ (झर्वट)-कीचकने मन ललचाया। द्रौपदीप भाव धराया। उसे भीमने मार गिराया। उन किया जैसा फल पाया॥ (झड़ी)—फिर गह्या दुर्योधन चीर हुई दिलगीर जुड गई भीर लाज अति आवे। गये पाण्डु जुयेमें हार न पार वसावै। भये परगट शासन वीर हरी सब पीर बन्धाई धीर पकड लिये चरना॥ निर्नेम नेम विन०॥

फाल्गुन मास [झड़ी]

सखि आया फाग बड़ भाग नो होरी त्याग अठाही लाग के मैंनासुन्दर। हरा श्रीपालका कुष्ट कठोर उदम्बर। दिया धवल सेठने डार उदधिकी धार तो हो गये पार वे उस ही पलमें। अरु जापरणी गुणमाल न डूवे जलमें॥

(मर्वट)—मिली रैन मैथुया प्यारी। जिन स्वद्वा शीलको धारी। परी सेठ पै मार करारी। गया नर्कमें पापाचारी॥

(मर्द्री)—तुम सम्बो द्रोपदी सती होय नहि परी कहँ दुर्मति पदमके चपाल। हुमा प्रातकी खण्ड उदार शील इस बाइसन। अब फूटे घड़े मफार दिया जल डाल तो वे आधार थमा जल मरता॥ निर्मम नेम०॥

चैत मास [मर्द्री]

सखि चैतमें चिन्ता करै न कारज सरै शीलसे टरै कर्मकी रेखा। मैंने शीलसे शीलको होता जगत गुरु देखा। सखी शीलमें सुकलो तिरी सुतारा सिरी चन्दनासी करी घोरगुनलन। अब मिली शील परताप पलमसे अम्जन॥

(मर्वट)—रावणने कुमति उपाई। फिर गया विभीषण भाई। छिनमें सब लंक गमाई। कुछ भी नहि पार बसाई॥

(मर्द्री)—सीता सती अग्निमें पड़ो तो उसकी पड़ी वह शीलसे पड़ी बड़ी जल धारा। खिल गये कमल भये गगनमें जय जय-कारा। यम पूजे इन्द्र धरिन्द्र भई शीतेन्द्र सौभाग्यने ऐसा करना। निर्मम नेम बिन०॥

बसाख मास [मर्द्री]

सखि भाई वैसाखी मेघ भड़ीमें देख पै उत्तम रैन पड़ी मैं करमें। मैरा हुमा जनम शुं हीं अब सिवके घरमें। नहि किया करम मैं भोग पड़ा है भोग करो मत सोग जाऊं गिरनारी। है मात पिता सब धातसे क्षमा हमारी॥

(झर्वटें)—मैं पुण्य प्रताप तुम्हारे। घर भोगें भोग अपारे। जो विधिके अङ्क हनारे। नहीं टरें किसीके टारे।

(झड़ी)—मेरी सखी सहेली वीर न हो दिलगीर धरो चित धीर मैं क्षमा कराऊं। मैं कुलको तुम्हारे कवहु न दाग लगाऊं। वह ले आज्ञा उठ खड़ी थी मङ्गल घड़ी वनमें जा पड़ी सुगुरुके चरना। निर्नेम नेम विन० ॥

जेठ मास [झडी]

अजी पड़ी जेठकी धूप खड़े सब भूप वह कन्या रूप सती वड़ भागन कर सिद्धनको प्रणाम किया जग त्यागन। अजि त्यागे सव संसार चूड़िया तार कमण्डलु धार के लई पिछौठी। अरु पहर के साड़ी श्वेत उपाटी चोटी ॥

(झर्वटें)—उन महा उग्र तप कीनो। फिर अच्युतेन्द्र पद लीना, है धन्य उन्हींका जीना नहिं विपयमें चित्त दीना ॥

(झड़ी)—अजी त्रिया वेद मिट गया पाप कट गया पुण्य चढ़ गया वढ़ा पुरुपारथ। करे धर्म अरथ फल भोग रुचे परमारथ वो स्वर्ग सम्पदा भुक्ति जायगी मुक्ति जैनकी उक्तिमें निश्चय धरना निर्नेम नेम० ॥

जो पढ़े इसे नर नारि वढ़े परिवार सव संसारमें महिमा पावैं सुन सतियन शील कथान विघ्न मिट जावैं। नहीं रहैं सुहागिन दुखी, होय सव सुखी मिटे वेरूपा करै पति आदर। वे होंय जगत में महा सतियोंकी चादर ॥

(झर्वटें)—मैं मानुप कुल में आया। जाति यती कहलाया। है कर्म उदयकी माया। विन संयम जन्म गंवाया ॥

नये जहां कर्म। पिछले रुक प्रगटे निज धर्म ॥ ९ ॥ थिति पूर्ण ह्वे खिर २ जाय। निर्जर भाव अधिक अधिकाय। निर्मल होय चिदानन्द आप। मिटे सहज परसंग मिलाय ॥१०॥ लोक माहि तेरी कछु नाहिं। लोक अन्य तू अन्य लखाहिं॥ वह सब पट् द्रव्यनका धाम तू चिन्मूरति अन्तर राम ॥११॥ दुर्लभ परको रोकन भाव। सो तो दुर्लभ है सुन राव। जो तेरे है ज्ञान अनन्त। सो नहि दुर्लभ सुनी महन्त ॥ १२ ॥ धर्म स्वभाव आपही जान। आप स्वभाव धर्म सोइ मान॥ जब वह धर्म प्रगट तोहि होइ। तब परमातम पद लाख सोइ ॥१३॥ ये ही वारह भावन सार। तीर्थंकर भावैं निर्धार। होय राग महाव्रत लेय। तब भव भ्रमण जलाजलि देय ॥ १४ ॥ भैया भावो भाव अनूप। भावत होय तुरत शिव भूप। सुख अनन्त विलसो निशि दीश। इस भावो स्वामी जगदीश ॥ १५ ॥

दोहा—प्रथम अथिर अशरण जगत, कहैं अन्य अशुचान।
आश्रव संवर निर्जरा, लोक वोध तुम मान ॥६॥

११४—वारह भावना भूधरदास कृत

दोहा—राजा राणा छत्रपति हथियनके असवार। मरणा सब को एक दिन, अपनी अपनी वार ॥ १ ॥ दल वल देवी देवता, मात पिता परिवार। मरती विरियां जीवको, कोई न राखनहार ॥२॥ दाम बिना निर्धन दुखी, तृष्णा वश धनवान। कहीं न सुख संसारमें सब जग देखो छान ॥ ३ ॥ आप अकेला अवतरे, मरे अकेला होय। यूं कबहू इस जीवका, साथी सगा न कोय ॥४॥ जहां देह अपनी नहीं, तहां न अपना कोय। पर सम्पति पर प्रगटये, पर हैं परिजन लोय ॥५॥ दिये चाप चादर मढ़ी हाड पींजरा देह। भीतर या सम जगतमें, और नहीं घिन गेह ॥ ६ ॥

सोरठा—मोह नींदके जोर, जगवासी घूमैं सदा। कर्म चोर चहुं ओर, सरवस लूटे सुध नहीं ॥७॥ सतगुरु देय जगाय मोह नींद जब उपशमै। तब कुछ बने उपाय कर्म चोर आवत रुकें ॥८॥

दोहा—ज्ञान दीप तप तेल भर घर शोधै भ्रम छोर। या विधि बिन निकसै नहीं, बैठे पूरब चोर ॥९॥ पञ्च महाव्रत संचरण सुमति पञ्च परकार। प्रबल पञ्च इन्द्री विजय, धार निर्जरा सार ॥१०॥ चौदह राजु उतंग नभ, लोक पुरुष संठान। तामें जीव अनादितै, भरमत हैं बिन ज्ञान ॥११॥ जाचे सुरतरु देय सुख चिन्तत चिन्ता रैन। बिन जाचे बिन चिन्तये धर्म सकल सुख देन ॥१५॥ धन कन कंचन राज सुख सबै सुलभ कर जान। दुर्लभ है संसारमें एक यथारथ ज्ञान ॥१२॥ सम्पूर्ण ॥

११५—बारह भावना बुधजनदास कृत

गीता छन्द—जेती जगतमें वस्तु तेती अथिर परिणमती सदा परणमन राखन नाहि समरथ इन्द्रचक्री मुनि कदा ॥ तन धन यौवन सुत नारि परकर जान दामिन दमकसा। ममता न कीजे धारि समता मानि जलमें नमकसा ॥१॥ चेतन अचेतन परिग्रह सब हुआ अपनी थिति लहैं। सो रहैं आप करार माफिक अधिक राखे ना रहैं ॥ अब शरण काकी लेयगा जब इन्द्र नाहीं रहत हैं। शरण तो इक धर्म आतम याहि मुनिजन गहत हैं ॥२॥ सुर नर नरक पशु सकल हेरे कर्म चेरे बन रहे। सुख शास्वता नहीं भासता सब विपतिमें अति सन रहे ॥ दुख मानसी तो देवगतिमें नारकी दुख ही भरे। तिर्यंच मनुज वियोग रोगी शोक संकटमें जरे ॥३॥ क्यों भूलता शठ फूलता है देख पर कर थोकको ॥ लाया कहाँ तै

श्रीमुक्तागिरिजी।

श्रीमांगीतुंगीजी।

श्रीपावापुरी।

श्रीसम्मेदशिखरजी।

जायगा क्या फौज भूषण रोकको। जन्मन मरण तुझ एकलेको काल केता होयगा। संग अरु नाहीं लगे तेरे सीख मेरी सुन भगा ॥ ४॥ इन्द्रीनसे जाना न जावे तू चिदानन्द अलक्ष है। स्व सम्वेदन करत अनुभव हेत तव प्रत्यक्ष है। तन अन्य जन जानो सरूपी तू अरूपी सत्य है। कर भेद ज्ञान सो ध्यान धर निज और वात असत्य है ॥५॥ क्या देख राचा फिरे नाचा रूप सुन्दर तन लिया। मल मूत्र भाड़ा भरा गाढ़ा तू न जाने भ्रम गया। क्यों सूग नाहीं लेत आतुर क्यों न चातुरता धरे। तोहि काल गटके नाहिं अटके छोड तुमको गिर परे ॥ ६ ॥ कोई खरा अरु कोई बुरा नाहीं वस्तु विविध स्वभाव हैं। तू वृथा विकलप ठान उरमें करत राग उपाव है। यों भाव आश्रम बनत तू ही द्रव्य आश्रव सुन कथा। तुझ हेतुते पुदगल करम वन निमित्त हो देते व्यथा ॥ ७ ॥ तन भोग जगत सरूप लख डर भविक गुरु शरणा लिया। सुम धर्म धारा भर्म गारा हर्ष रुचि सन्मुख भया। इन्द्री अनिन्द्री दान्ति लीनी त्रस स्थावर बस तजा। तब कर्म आश्रव द्वार रोके ध्यान निजमें जा सजा ॥ ८ ॥ तजा शल्य तीनों वरत लीनों वाह्य भ्यंतर तप तपा। उपसर्ग सुर नर जड़ पशु कृत सहे निज आतम जपा ॥ तब कर्म रस बन होन लागे द्रव्य भावन निर्जरा। सब कर्म हरके मोक्ष वरके रहत चेतन ऊजरा ॥ ९ ॥ बिच लोकनन्तालोक माहीं लोकमें द्रव सब भरा। सब भिन्न २ अनादि रचना निमित्त कारणकी करा॥ जिनदेव भाषा तिन प्रकाशा भर्म नाशा सुन गिरा ॥ सुर मनुष तिर्यंच नारकी है उर्ध्व मध्य अघोधरा ॥ १० ॥ अनन्त काल निगोद अटका निकस थावर तन धरा। भूवार तेज वयार

है के ये इन्द्रिय बल भवतरा। फिर हो देहस्यी या श्वोस्यी पंचैन्द्री मन बिन बना। मन युत मनुष गति होना दुर्लभ ज्ञान अति दुर्लभ घना ॥ ११ ॥ महामा धोना तीर्थ जाना धर्म नाहीं जप जपा तप तपना धर्म नाहीं धर्म नाहीं तप तरा ॥ वर धर्म निज आत्म स्वभावा ताहि बिन सब निष्फला। बुधजन धर्म निज धार लीना तिन ही कीना सब भला ॥ १२ ॥

दोहा—अथिर शरण संसार है एकत्व अनित्यहि जान।

अशुचि आस्रव संवरा निर्जर लोग बखान ॥ १३ ॥

बोध औ दुर्लभ धर्म ये, बारह भावन जान।

इनको ध्यावे जो सदा क्यों न लहैं निर्वाण ॥ १४ ॥

॥ इति बारह भावना बुधजन कृत सम्पूर्ण ॥

११६—वैराग्य भावना।

दोहा—बीज राग फल भोगवे ज्यों किसान जग माँहि।

त्यों चक्री सुख है मगन धर्म विसारे नाहिं।

इस विधि राज्य करै नरनायक भोगे पुण्य विशाल। सुख सागरमें मग्न निरन्तर जात न जानो काल ॥ एक दिवस शुभकर्म योगसे क्षेमंकर मुनि वन्दे। देखे श्रीगुरुके पद पङ्कज लोचन अलि आनन्दे ॥ १ ॥ तीन प्रदक्षिणा दे शिर नायो कर पूजा स्तुति कीनी साधु समीप विनय कर बैठो चरणोंमें दृष्टि दीनी ॥ गुरु उपदेशो धर्म शिरोमणि सुन राजा वैरागो। राज्यरमा वनितादिक जो रससो सब नीरस लागो ॥२॥ मुनि सूरज कथनी किरणावलि लगत भर्म बुधि भागी। भव तन भोग स्वरूप विचारो परम धर्म अनुरागी ॥ या संसार महावन भीतर भरमत छोर न आवे। जन्मन मरन जरा

यों दाहे जीव महा दुख पावे ॥ ३ ॥ कबहूं कि जाय नर्क पद भुंजे छेदन भेदन भारी। कबहूं कि पशु पर्याय धरे तहां वध बन्धन भयकारी ॥ सुरगतिमें परि सम्पति देखे राग उदय दुख होई। मानुष योनि अनेक विपति मय सर्व सुखी नहिं कोई ॥ ४ ॥ कोई इष्ट वियोगी विलखे कोई अनिष्ट संयोगी। कोई दीन दरिद्री दीखे कोई तनका रोगी ॥ किस ही घर कलिहारी नारी के वैरी सम भाई। किस हीके दुख बाहर दीखे किसही उर दुखदाई ॥ ५ ॥ कोई पुत्र विना नित झूरे होय मरै तब रोवै। खोटो सन्ततिसे दुख उपजे क्यों प्राणी सुख सोवे॥ पुण्य उदय जिनके तिनको भी नाहिं सदा सुख साता। यह जग बास यथारथ दीखे सबही है दुखदाता ॥ ६ ॥ जो ससार विषें सुख होते तीर्थंकर क्यों त्यागे। काहेको शिव साधन करते संयमसे अनुरागे। देह अपावन अथिर घिनावनी इसमें सार न कोई। सागरके जलसे शुचि कीजे तोभी शुद्धि न होई ॥७॥ सप्त कुधातु भरी मलमूत्र चर्म लपेटी सोहै। अन्तर देखन या सम जगमें और अपावन को है ॥ नव मल द्वार श्रवे निशवासर नाम लिये घिन आवे। व्याधि उपाधि अनेक जहां तहां कौन सुधी सुख पावे ॥८॥ पोषत तो दुख दोष करे अति सोषत सुख उपजावे। दुर्जन देह स्वभाव बराबर मूरख प्रीति बढ़ावे ॥ राचन योग्य स्वरूप न याको विरचन योग्य नहीं हैं। यह तन पाया महातप कीजे इसमें सार यही है ॥ ९ ॥ भोग बुरे भवरोग बढ़ावे वैरी हैं जग जीके। वे रस होय विपाक समय अति सेवत लागे नीके ॥ वज्र अग्नि विषसे विषधरसे हैं अधिक दुखदाई। धर्म रत्नको चोर प्रबल अति दुर्गति पन्थ सहाई ॥१०॥मोह उदय यह जीव अज्ञानी भोग भले कर जाने

ज्यों कोई जन खाय धतूरा सो सब कञ्चन माने ॥ ज्यों ज्यों भोग संयोग मनोहर मन वांछित जन पावै। तृष्णा नागिन त्यों त्यों डंकै लहर ज़ोम विष मावे ॥ ११ ॥ मैं चक्रीपद पाय निरन्तर भोगे भोग घनेरे ॥ तोभी तनक भये ना पूरण भोग मनोरथ मेरे राज समाज महा अघ कारण वैर बढ़ावन हारा। वेश्या सम लक्ष्मी अति चञ्चल इसका कौन पत्यारा ॥ १२ ॥ मोह महा रिपु वैर विचारै जग जीव संकट डारै। घर कारागर वनिता बेड़ी परजन जन रखवारे ॥ सम्यग्दर्शन ज्ञान चरण तप ये जियको हितकारी। यै ही सार असार और सब यह चक्री चित धारी ॥१३॥ छोड़े चौदह रत्न नवोनिधि और छोड़े सङ्गसाथी। कोडि अठारह घोड़े छोड़े चौरासी लख हाथी ॥ इत्यादिक सम्पति बहु तेरी जीर्ण तृणवत त्यागी। नीति विचार नियोगी सुतको राज्य दियो बड़ भागी ॥१४ होय निशल्य अनेक नृपति संग भूषण वसन उतारे। श्रीगुरुचरण धरी जिन मुद्रा पञ्च महाव्रत धारे ॥ धन्य यह समझ सुबुद्धि जगोत्तम धन्य यह धैर्यधारी। ऐसी सम्पति छोड़ बसे वन तिन पद धोक हमारी ॥ १५ ॥

दोहा—परीग्रह पोट उतार सब, लीनो चारित्र पन्थ।
निज स्वभावमें स्थिर भये वज्र नाभि निग्रन्थ ॥

११७—समाधिमरण।

गौतम स्वामी वन्दों नामी मरण समाधि भला है। मैं कब पाऊं निशदिन ध्याऊं गाऊं वचन कला है ॥ देव धरम गुरु प्रीति महा दृढ़ सात व्यसन नहि जाने। त्यागि बाइस अभक्ष संयमी बारह व्रत नित ठाने ॥ १ ॥ चक्की उखरी चूलि बुहारी पानी

त्रस न विरोधे। वनिज करे पर द्रव्य हरे नहिं छहो करम इमि साधे॥ पूजा शास्त्र गुरनकी सेवा सयम तप चहु दानी। पर उपकारी अल्प अहारी सामायक विधि ज्ञानी॥२॥ जाय जपे तिहं योग धरे दृग तनकी ममता टारे। अन्त समय वैराग्य सम्हारे ध्यान समाधि विचारे॥ आग लगे अरु नाव डूबे जब धर्म विघन जब आवे। चार प्रकार अहार त्यागिके मन्त्र सुमनमें ध्यावे॥३॥ रोग असाध्य जहा बहु देखे कारण और निहारे। बात बड़ी है जो बनि आवे भार भवनको डारे॥ जो न बने तो घरमें रह करि सबसों होय निराला। मात पिता सुत त्रियको सौंपे निज परिगृह इहि काला॥४॥ कछु चैत्यालय कछु श्रावक जन कछु दुखिया धन देई। क्षमा क्षमा सबही सों कहिके मनकी शल्य हरेई॥ शत्रु न सों मिलि निज कर जोरे मैं बहु करी है बुराई। तुमसे प्रीतम को दुख दीने ते सब बकसो भाई॥५॥ धन धरती जो मुख सो मागे सो सब दे सतोषे। छहो कायके प्राणी ऊपर करुणा भाव विशेषे॥ ऊंच नीच घर बैठ जगह इक कछु भोजन कछु पेले। दूधा धारी क्रम क्रम तजिके छाछ अहार पहेले॥६॥ छाछ त्यागिके पानी राखे पानी तजि संथारा। भूमिमाहि फिर आसन माड़े साधर्मी ढिग प्यारा॥ जब तुम जानो यह न जपै है तब जिनवाणी पढ़िये। यों कहि मौन लियो सन्यासी पंच परम पद गहिये॥७॥ चौ आराधन मनमें ध्यावे बारह भावन भावे। दश लक्षण मन धर्म विचारे रत्नत्रय मन लावे। पैंतिस सोलह षट पन चौ दुइ इक वरन विचारे। काया तेरी दुखकी ढेरी ज्ञान मई तू सारे॥८॥ अजर अमर निज गुण सो पूरे परमानन्द

सुमावे। भामण्डल्द बिरानन्द साहब तीम जगतपति स्वामे।
सुधा तृषादिक होय परीषह सहै भाव सम रसकी। अतीचार
पाँचों सब त्यागे ज्ञान सुधारस चाखे॥ १॥ हाड़ मांस सब सूखि
जाय जब धरम लीन तन त्यागे। अद्भुत पुण्य उपाय सुरगमें
सेज उठे ज्यों जागे। तह तें आवें शिवपद पावें विलसें सुख
अनन्तो। धानत यह गति होय हमारी जैन धरम जयवन्तो ॥१०॥

११८—मेरी द्रव्य पूजा।

कृमि-कुल-कलित नीर है जिसमें मच्छ—कच्छ मैंडक फिरते,
हैं मरते औ वहीं जनमते प्रभो! मूत्रादिक भी करते।
दूध निकालें लोग छुड़ाकर बच्चेको पीते पीते, है उच्छिष्ट
अनीतिलब्ध यों योग्य तुम्हारे नहिं दीखे॥ १॥ दही घृतादिक
भी ऐसे हैं कारण उनका दूध यथा, फूलोंको भ्रमरादिक सूंघे,
वे भी हैं उच्छिष्ट तथा। दीपक तो पतङ्ग-कालानल जलते
जिसपर कौन सखा, त्रिभुवनसूर्य! आपको अथवा दीप दिखाना
नहीं भला॥ २॥ फल मिष्टान्न अनेक यहां पर उसमें ऐसे एक
नहीं। मल छिंया मक्खीने जिसको भाकर प्रभुवर! छुआ नहीं।
यों अपवित्र पदार्थ, अरुचिकर तु पवित्र सब गुण घेरा किस
विधि पूजूँ क्या हि चढ़ाऊं चित्त डोलता है मेरा॥ ३॥ औ
आता है ध्यान तुम्हारे क्षुधा-तृषाका लेश नहीं, नाना रस-युत
अन्नपानका अतः प्रयोजन रहा नहीं। नहिं वांछा न विनोद भाव
नहिं राग अंशका पता कहीं, इससे व्यर्थ चढ़ाना होगा, औषध
सम जब रोग नहीं॥४॥ यदि तुम कहो रत्न-वस्त्रादिक भूषण क्यों
न चढ़ाते हो अन्य सदृश पावन हैं अर्पण करते क्यों सकुचाते हो।

तो तुमने निःसार समझ जब, खुशी २ उनको त्यागा, हो वैराग्य-लीन मत स्वामिन ! इच्छाका तोडा तागा ॥ ५ ॥ तब क्या तुम्हें चढ़ाऊं वे ही, करूं प्रार्थना ग्रहण करो ! होगी यह तो प्रकट अज्ञता, तव स्वरूपकी, सोच करो । मुझे धृष्टता दीखे अपनी और अश्रद्धा बहुत बडी, हेय तथा सम्यक्त वस्तु यदि तुम्हें चढाऊं घड़ी घड़ी ॥ ६ ॥ इससे 'युगल' हस्त मस्तकपर रखकर नम्रीभूत हुआ, भक्ति सहित मैं प्रणमूं तुमको, बार बार गुण-लीन हुआ । सस्तति शक्ति समान करूं औ, सावधान हो नित तेरी, काय वचनकी यह परिणति ही अहोद्रव्य-पूजा मेरी ॥७॥भाव भरी इस पूजासे ही, होगा आराधन तेरा, होगा तव सामीप्य प्राप्त औ सभी मिटेगा जग फेरा । तुझमें मुझमें भेद रहेगा नहि स्वरूपसे तव कोई, ज्ञानानन्द—कला प्रगटेगी, थी अनादिसे जो खोई ॥ ८ ॥

११६—अठारह नाते ।

कोई किसीका सगा नहीं झूठी सब नातेदारी । अठारह नाते हुए हैं एक जन्महीमें जारी ॥ टेक ॥ मालव देश उज्जैन शहरमें सेठ सुदत्त बसें भारी, बसन्ततिलिका वेश्या जिन्होंने निज घरमें डारी । रोग सहित सब भई बेसवा सेठि अरुचि चितमें धार, गर्भवतीको महलसे छिनमें कर दीनी उनने न्यारी ॥

शेर—निरादर हो गणिका वहांसे घर अपने आई है । खड़ी दिलगीर हो सोचें पड़ी कैसी तबाही है ॥ जने लडका और लडकी जोड़ले ऐसी माई है । जुदे इनको करूं घरसे जभी मेरी रिहाई है ॥ सुत डारा उत्तरदिशि मांहीं तनुजा दक्षिणदिशि डारी अठारह नाते हुए हैं एक जन्महीमें जारी ॥ १ ॥ प्रयागवासी

बनजारेकी लड़की पर आ नजर पड़ी। उठा गोदमें नाम कमला-आ रक्खा किसी घड़ी॥ तूजे बनजारे सुमद्रकी लड़के पर आ द्रुष्टि पड़ी। उठा गोदमें नाम धनदेव रक्खा परवरिस करी॥ वे लड़का अरु लड़की दोनों वे अपनी घर आए हैं। परिवरिस पा बड़े हुये ब्याहने योग्य पाए हैं॥ बनी दुलहिन कमला दुलहा धन देव भाई है। मिला संयोग हुए ऐसा बहिन भाई बिवाहे हैं॥ भोग भोगवें भाई बहिन मिल्ल विधना तेरी बलिहारी॥ अठारह नाते हुए हैं एक जन्महीमें भारी॥२॥ समय पाय व्यापार हेत धनदेव गया उज्जैन नगर। दैवयोगसे मई मिल माताकी वो बार नजर॥ अमरथ ऐसा हुआ किया विभचार जु दोनोंने मिलकर। भेद न जाना भोगने भोग सभी माता सुत हुए॥ कई दिनतक वहां धनदेवको गणिका रमाया है। योग संयोग हुए ऐसा धरण एक बालक आया हैं। कहीं कमलाने यह सब भेद मुनिवर सेती पाया है पालना झूलता बालक तरुण अ हपर बताया है।
पहुंची सो उज्जैन नगर बाई रक्खा देखी संसारी। अठारह नाते हुए हैं एक जन्महीमें भारी॥३॥ हाय हाय सो करें अरे विधना तूने कीनी क्यारी। होते हीसे मुझे क्यों नहि तूने गर्दन मारी॥ क्या कहके अब मुलाऊ इस वीरनको बता विचारी। छै नाते हैं मेरे इस बालकसे सुन महतारी प्रथम तो पुत्र है मेरा तू मुझ भरतारसे उपजा। तनुज धनदेव भाईका लगा जिससे भतीजा है॥ मेरी तेरी एक है माता लगा इस रीतसे भ्राता है। मेरे मालिकका लघु भाई लगा देवर का नाता है॥ माता मेरीका तू देवर चचा इस तरह होता है।

सौतके पुत्रका तू पुत्र इत नातेसे पोता है॥ छहनातेकर त्रिरन भुलाऊं कथा करी जाहर सारी। अठारह नाते हुए हैं एक जन्मही में जारी॥४॥ गणिका पतिसे हुआ पिता जिस लघु भाई मुझ चाचा है। चचा पिता सो सगा धनदेव लगा मो दादा है। मेरा मालिक हुआ धन देव जिसने मुझे व्याहा है। मेरी तेरी है मात एक जिससे लगा तु भाया है॥ वेश्या सौत है मैं हूं धनदेव पुत्र मेरा हैं। मैं गणिका सुत वधू गनिकापति यों लगा ससुरा है॥ कहे धनदेवसे नाते जताया भेद सारा है। सुना अहवाल घबराके शब्द हाहा पुकारा है॥ देखा जगका हाल हुए कैसे कैसे अचरज-कारी। अठारह नाते हुए हैं एक जन्मही में जारी ॥ ५ ॥ प्रथम पैदा किया मुझको इस नाते महतारी है। मेरे भाईकी स्त्री है जिस करके मुझ भाबी है। पिया मुझ धनदेव है जिसकी माता तू दादी है सौत भी है वह जु मेरे मालिककी प्रिय प्यारी है॥ सौत पुत्र वधू गणिका सो मेरी भी वधू जाहिर। मैं उसके पुत्रकी स्त्री लगी मेरी सासू सरासर। कहे नाते अठारह अन्तमें इक सुगुरु सीख है। छुटा जगजालसे यहां कर्म शत्रु का वड़ा डर है। कुन्दन ऐसे अनर्थ माया विधना जगमें विस्तारी। अठारह नाते हुए है एक जन्महीमें जारी ॥ ६ ॥ इति ॥

११०—अठारह नातेकी कथा।

मालवदेश उज्जयनीविषैं राजा विश्वसैन तहां सुनत्त नाम श्रेष्ठी वसै सोलह कोटिको धनी सो वसन्ततिलका नाम वेश्यापर आसक्त होय ताहि अपने घरमें राखी, सो गर्भवती भई, जब रोग सहित देह भई, तब घरमेंसे काढि दई बहुरि वसन्त-

गिलका दुखी होकर अपने घर भाई सो उसके गर्भतें एक पुत्र और एक पुत्री साथही जुगल उत्पन्न होनेके कारण खेद खिन्न हुई तब क्रोधित होकर तिन दोऊ बालकनको जुदे २ कम्मलमें लपेटि पृथ्वीको तो दक्षिण द्वारपर डाली सो प्रयागनिवासी वन जारेने लेकर अपनी स्त्रीको सौंपा कमला नाम धरा, अर पुत्रको उत्तर द्वारपर डाला सो साकेतपुरेके एक सुभद्र बनजारेने अपनी स्त्री सुव्रताको दिया और धनदेव नाम धरा। बहुरि पूर्वोपार्जित कर्मके वशतें धन देव और कमलाके साथ विवाह हुआ, स्त्री-भर तार हुए, पाछे धनदेव व्यापार करनेके वास्ते उज्जयनी नगरी गया तहां वसन्ततिलका वेश्यासों लुब्ध भया तब ताके संयोग तें वस न्ततिलकाके पुत्र भया वरुण नाम धरा, उधर एक दिन कमलाने निमित्तज्ञानी मुनिसे इसकी कुशल वार्ता पूछी सो मुनिने पूर्व भवसों लेकर वर्तमानतक सकल वृत्तान्त कहा।

इनका पूर्व भव वर्णन

इसी उज्जयनी नगरीविषैं सोमशर्मा नाम ब्राह्मण ताकी काश्यपी नाम स्त्री तिनके अग्निभूत सोमभूत नामके दोय पुत्र सो दोनों पढ़ाते पढ़कर आवें थे, मार्गमैं जिनदत्तमुनिको ताकी माता सो जिनमती नाम अर्जिकाकू शरीर समाचार पूछता देखा और जिनभद्रनामा मुनिको सुभद्रानामा अर्जिका पुत्रकी स्त्री थी सो शरीर समाचार पूछती देखी तहां दोनों भाईने हास्य करी की तरुणके वृद्ध स्त्री और वृद्धके तरुणी स्त्री विधाताने अच्छे विपरीत रचना करी सो हास्यके पापतें सोमशर्मा तो वसन्त तिलका वेश्या हुई बहुरि अग्निभूत दोनों भाई मरिकरि वसन्त

तिलाकें पुत्र पुत्री जुगल हुये तिनने कमला अरु धनदेव नाम पाये बहुरि काश्यपी ब्राह्मणीका जीव धन देवके संयोगतें वरुण नाम पुत्र भया इस प्रकार पूर्वभवका उज्जयनी नगरीविषैं सकल वृत्तान्त सुननेसे कमलाको पहिले जन्मकी जानि स्मरण हुई तव वह बसन्त तिलकाके घर गई तहां वरुण पालनेमें भूलै था सो तोको कहती भई कि हे बालक ! तेरे साथ मेरे छै नाते हैं सो सुन-

१ प्रथम तो मेरा भरतार जो धनदेव ताके संयोगतैं तु पैदा भया सो मेरा भी (सौतेला) पुत्र है—२ दूजे धनदेव मेरा भाई है साका तूं पुत्र तातै मेंरा भतीजा भी है । ३—तीजे तेरी माता वसन्तातिलका सो ही मेरी माता है तिस तैं सहोदर है—४ चौथे तू मेरे भरतार धनदेवका छोटा भाई तिसकारण मेरा देवर भी हैं—५ पाचवें धनदेव मेरी माता वसन्त तिलकाका भरतार है तातौं धनदेव मेरापिता भया ताकातूं छोटा भाई तातौं काका हुवा छठें धनदेव मेरा पुत्र ताकातूं पुत्र तातें तूं तेरा पोता भो है

इस प्रकार वरुणके साथ छह नाते कहत हती सो वसन्त— तिलका तहा आई और कमलाको बोली कि तूं कौन है सो मेरे पुत्र सों इस प्रकार छै नाते सुनावै है ? तब कमला बोली तेरे साथ भी मेरे छह नाते हैं सो सुन—

१ प्रथम तो तू मेरी माता है क्योंकि धनदेवके साथ तेरे ही उदरसे युगल उपजी हू—२ दूजे धनदेव मेरा भाई ताकी तू स्त्री तातें मेरा भौजाई भो है—तीजे तू मेरी माता ताका भर्तार धनदेव मेरा पिता भया ताकी तू माना तातें मेरी दादी भी है—४ चौथे मेरा भरतार धनदेव ताकी तु स्त्री तातें मेरी सौतिन भी

है—५ पांचवें धनदेव तेरा पुत्र सो मेरा भी पुत्र ताकी स्त्री तातें मेरी पुत्र वधू भी है—६ छठे मैं धनदेवकी स्त्री तू धनदेवकी माता सो मेरा सासू भी है।—इस प्रकार वेश्या के नाते सुनकर विरामें विचारने लगी त्योंही वहां धनदेव आया ताकों देखि कमला बोली कि तुम्हारे साथ भी मेरे छह नाते हैं सो सुनो—१ प्रथम तो तू और मैं इसी वेश्याके उदर सों जुगल उपजे सो मेरा भाई है—२ दूजे तेरा मेरा विवाह भया सो मेरा पति भी है—३ तीजे वसन्त तिलका मेरी माता ताका तू भरतार तातें मेरा पिता भी है—४ चौथे वरुण तेरा छोटा भाई सो मेरा काका भया ताका तू पिता सो काकाका पिता सो मेरा दादा भी भया—५ पांचवें मैं वसन्त तिलकाकी सौत भइ तू मेरा सौतिनि पुत्र तातें तू मेरा भी पुत्र है—छठे तू मेरा भरतार तातें तेरी माता वसन्ततिलका मेरी सासू भई और सासुके तुम भरतार तातें मेरे ससुर भी भये।

इस प्रकार एक ही जन्ममें इन प्राणियोंके परस्पर अठारह नाते ये ताको उदाहरण [दृष्टान्त] कहा कि इस भांति इस संसार की विचित्र विड़ म्बना है इसमें कुछ सन्देह नहीं।

इस प्रकार अठारह नातेका ब्यौरा समाप्त।

नववा अध्याय

१२१—चौवीस तीर्थकरोंके चिन्ह।

१ ऋषभनाथके बैल २ अजितनाथके हाथी ३ संभवनाथके घोड़ा ४ अभिनन्दन नाथके बन्दर ५ सुमतिनाथके चकवा ६ पद्म

प्रभुके कमल ७ सुपार्श्वनाथके साथिया ८ चन्द्रप्रभुके चन्द्रमा ६ पुष्पदन्के नाकू १० शीतलनाथके कल्पवृक्ष ११ श्रेयांसनाथके गेंडा १२ वासुपूज्यके भैंसा १३ विमलनाथके सुअर १४ अनन्तनाथके सेही १५ धर्मनाथके वज्रदण्ड १६ शान्तिनाथके हिरण १७ कुंथनाथके वकरा १८ अरहनाथके मच्छी १६ मल्लनाथके कलश २० मुनिसुव्रतनाथके कछवा २१ नमिनाथके कमल २२ नेमिनाथके शख २३ पार्श्वनाथके सर्प २४ महावीरके सिंह।

१२२—बारह चक्रवर्ती

भरतचक्री, २ सगरचक्री, ३ मघवाचक्री ३ सनत्कुमारचक्री ५ शान्तिनाथचक्री (तीर्थंकर,) ६ कुन्थनाथचक्री (तीर्थंकर, ७ अरनाथचक्री (तीर्थंकर) ८ सभूमचक्री, ६ पदमचक्री वा महापद्म १० हरिपेणचक्री ११ जयचक्री १२ ब्रह्मदत्तचक्री।

१२३—नव नारायण।

१ त्रिप्रष्ट, २ द्विपृष्ट, ३ स्वयंभू, ४ पुरुपोत्तम, ५ पुरुपसिंह, ६ पुण्डरीक, ७ दत्त, ८ लक्ष्मण ६ कृष्ण।

नव प्रतिनारायण।

१ अश्वग्रीव, २ तारक, ३ मेरक, ४ मधु (मधुकैटभ)' ५ निशुंभ, ६ वली, ७ प्रह्लाद, ८ रावण, ६ जरासंध।

१२५—नव बलभद्र।

१ अचल, २ विजय, ३ भद्र ४ सुप्रभा ५ सुदर्शन, ६ आनन्द, ७ नन्दन (नन्द) ८ पद्म (रामचन्द्र) ६ राम (बलभद्र)।

१२६—नव नारद।

१ भीम, २ महाभीम, ३ रुद्र ४ महारुद्र, ५ काल ६ महाकाल ७ दुर्मुख, ८ नरकमुख ९ अधोमुख।

१२७—ग्यारह रुद्र।

१ भीमबली २ जितशत्रु ३ रुद्र ४ विश्वानल ५ सुप्रतिष्ठ ६ अचल ७ पुण्डरीक ८ अजितधर, ९ जितनाभि, १० पीठ, ११ सात्यकी।

१२८—चौबीस कामदेव।

१ बाहुबली, २ अमिततेज ३ श्रीधर, ४ दशभद्र, ५ प्रसेनजीत ६ चन्द्रवर्ण ७ अग्निमुक्ति, ८ सनत्कुमार (चक्रवर्ती) ९ वत्सराज, १० कनकप्रभु ११ मेघवर्ण, १२ शांतिनाथ (तीर्थंकर) १३ कुंथु नाथ (तीर्थंकर) १५ विजयराज १६ श्रीचन्द्र १७ राजा नल १८ हनुमान, १९ बलराजा २० वसुदेव २१ प्रद्युम्न २२ नागकुमार, २३ श्रीपाल, २४ जंबूस्वामी।

१२९—चौदह कुलकर।

१ प्रतिश्रुति २ सन्मति ३ क्षेमंकर ४ क्षेमंधर ५ सीमंकर, ६ सीमंधर ७ विमलवाहन ८ चक्षुष्मान् ९ यशस्वी १० अभिचन्द्र, ११ चंद्राभ, १२ मरुदेव १३ प्रसेनजित १४ नाभिराजा।

१३०—बारह प्रसिद्ध पुरुष

१ नाभि २ श्रेयांस ३ बाहुबली ४ भरत ५ रामचन्द्र ६ हनुमान ७ सीता ८ रावण ९ कृष्ण १० महादेव ११ भीम १२ पार्श्वनाथ।

१३१—विदेहक्षेत्रके २० विद्यमान तीर्थंकर।

१ सीमन्धर २ युगमन्धर, ३ बाहु ४ सुबाहु, ४ सुजात, ६ स्वयप्रभु ७ वृषभानन, ८ अनन्तवीर्य ६ सूरप्रभ, १० विशाल-कीर्त्ति ११ वज्रधर १२ चन्द्रानन १३ चन्द्रबाहु १४ भुजंगम, १५ ईश्वर १६ नेमप्रभ (नमि) १७ महाभद्र, १६ देवयश २० अजितवीर्य ।

१३२—भूतकालकी चौबीसी।

१ श्रीनिर्वाण २ सागर ३ महासिन्धु ४ विमलप्रभ ५ श्रीधर ६ सुदत्त ७ अमल प्रभ ८ उद्धार ६ अङ्गिर १० सन्मति ११ सिन्धु-नाथ १२ कुसुमाजलि १३ शिवगण १४ उत्साह १५ ज्ञानेश्वर १६ परमेश्वर १७ विमलेश्वर १८ यशोधर १६ कृष्णमति २० ज्ञानमति २१ शुद्धमति २२ श्रीभद्र २३ अतिक्रांत २४ शाति ।

१३३—भविष्यकी चौबीसी।

१ श्रीमहापद्म २ सुरदेव ३ सुपार्श्व ४ स्वयप्रभ ५ सर्वात्मभू ६ श्रीदेव ७ कुलपुत्रदेव ८ उदकदेव ६ प्रोष्ठिलदेव १० जयकीर्ति ११ मुनिसुव्रत १२ अरह (अमम) १३ निष्पाप १४ निष्कषाया १५ विपुल १६ निर्मल १७ चित्रगुप्त १८ समाधिगुप्त १६ स्वयंभू अनिवृत्त २१ जयनाथ २२ श्रीविमल २३ देवपाल २४ अनन्त-वीर्य ।

नोट—तीर्थंकर चक्रवर्ती नारायण प्रतिनारायण बलभद्र यह त्रेषठ शिलाका पुरुष कहाते हैं तथा नारद रुद्र कामदेव कुलकर और तीर्थंकरोंके माता पिता१ ६६ पुन्य पुरुष कहते हैं।

१३४—चौदह गुणस्थान।

१ मिथ्यात्व २ सासादन ३ मिश्र ४ अविरत सम्यक्त्व ५ देशव्रत ६ प्रमत्त ७ अप्रमत्त ८ अपूर्वकरण ९ अनिवृत्तिकरण १० सूक्ष्मसांपराय ११ उपशांतकषाय वा उपशांतमोह १२ क्षीण कषाय वा क्षीणमोह १३ सयोगकेवली १४ अयोगकेवली।

१३५—सोलह कारण भवन।

१ दर्शनविशुद्धि २ विनयसंपन्नता ३ शीलव्रतेष्वनतिचार ४ अभीक्ष्णज्ञानोपयोग ५ संवेग ६ शक्तितस्त्याग ७ तप ८ साधु समाधि ९ वैय्यावृत्य १० अर्हद्भक्ति ११ आचार्यभक्ति १२ बहुश्रुतभक्ति १३ प्रवचनभक्ति १४ आवश्यकापरिहाणी १५ मार्ग प्रभावना १६ प्रवचनवात्सल्य।

१३६—श्रावकोंके उत्तमगुण।

१ लज्जावंत २ दयावंत ३ प्रसन्नता ४ प्रतीतिवंत ५ परदोषाच्छादन ६ परोपकारी ७ सौम्यदृष्टि ८ गुणग्राही ९ मिष्टवादी १० दीर्घविचारी ११ दानवंत १२ शीलवंत १३ कृतज्ञ १४ तत्त्वज्ञ १५ धर्मज्ञ १६ मिथ्यात्व रहित १७ संतोषवंत १८ स्याद्वाद भाषी १९ अभक्ष्य त्यागी २० षट्कर्मप्रवीण

१३७—श्रावककी ५३ क्रिया।

८ मूलगुण १२ व्रत १२ तप १ समताभाव ११ प्रतिमा ४ दान ३ रत्नत्रय १ जलगालनक्रिया १ रात्रिभोजनत्याग और दिनमें अन्नादिक शोधकर खाना अर्थात् छानबीन कर देखभाल कर खाना।

श्रावकके ८ मूलगुण—५ उदंबर। ३ मकार।

१२ व्रत—५ अणुव्रत, ३ गुणव्रत, ४ शिक्षाव्रत।

५ अणुव्रत—१ अहिंसाअणुव्रत, २ सत्याणुव्रत ३ पर-स्त्री त्याग अणुव्रत; ४ (अचौर्य) चोरी त्याग अणुव्रत, ५ परि-ग्रह-प्रमाण अणुव्रत।

३ गुणव्रत—१ दिग्व्रत २ देश ३ अनर्थदण्डत्याग।

४ शिक्षाव्रत—१ सामायिक, २ प्रोषधोपवास, ३ अ-तिथि-संविभाग, ४ भोगोपभोगपरिमाण।

१२ तप—आचार्यके ३६ गुणोंमें लिखें हैं इनके भी वही नाम। श्रावकोंके अणुव्रत कम परीषह वाले।

११ प्रतिमा—दर्शनप्रतिमा, व्रत, सामायिक, प्रोषधो-पवास, सचित्तत्याग, रात्रिभुक्ति त्याग, ब्रह्मचर्य, आरम्भ त्याग, परिग्रह त्याग, अनुमतित्याग, उद्दिष्टत्याग।

चारदानआहारदान, औषधदान, शास्त्रदान, अभयदान।

३ रत्नत्रय—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यकचारित्र।

दातारके २१ गुण—९ नवधाभक्ति, ७ गुण, ५ आभू-षण। यह २१ गुण दातारके हैं अर्थात् दान देनेवाले दातारमें यह २१ गुण होने चाहिये।

नवधाभक्ति—पात्रको देख बुलाना, उच्चासन पर बैठाना चरण धोना, चरणोदक मस्तकपर चढ़ाना, पूजा करना, मन शुद्ध रखना, विनयरूप बोलना, शरीर शुद्ध रखना, शुद्ध आहार देना।

दातारके सात गुण—श्रद्धावान शक्तिवान् अलोभी, दयावान् भक्तिवान, क्षमावान, और विवेकवान्।

दातारके पांच भूषण-आनन्दपूर्वक देवे, आदर पूर्वक देवे, प्रियवचन कहकर देवे, निर्मल भाव रखे जन्म सफल माने।

दातारके पांच दूषण-बिलम्बसे देवे, विमुख होकर देवे, दुर्वचन कहकर देवे, निरादर करके देवे, देकर पछतावे।

१३८—ग्यारहप्रतिमाओंका सामान्य स्वरूप।

प्रणमि पंच परमेष्ठि पद, जिन आगम अनुसार, श्रावक प्रतिमा एक दश, कहुं भविजन हितकार ॥१॥ सवैया ॥ अष्टाकर व्रत पाले सामयिक दोष टाले, पोसो मांड सचित कों त्यागी को ध्यायके। रात्रिभुक्ति परिहरै ब्रह्मचर्य नित धरैं, आरम्भको त्याग करै सब वच कायके। परिग्रह काज टारैं अघ अनुमत छारै स्वनिमित त्तज टारैं असन बनायकें। सब एकादश भेद प्रतिमा शु धर्म गेह, धारैं देव व्रती वर हरष बढ़ायके।

दर्शन प्रतिमा।

अष्ट मूलगुण संग्रह करै, विसन सप्त सर्व परिहरै॥
पुन अष्टांग शुद्ध सम्यक्त, धरहिं प्रतिमा दर्शन रक्त ॥ १ ॥

व्रत प्रतिमा स्वरूप।

अणुव्रतपन अतिचार विहीन, धारह जो पुन गुणव्रत तीन शिक्षाव्रत संयुत जो सोय व्रत प्रतिमा धर श्रावक होय ॥२॥

सामायिक प्रतिमा स्वरूप-गीतका छन्दमें—

सब विषयमें समभाव धर शुभ भावना संयममहीं, दुरध्यान आरत रौद्र तजकर त्रिविध काल प्रमाणहीं। परमेष्टि[1] पन जिन वचन जिन वृष बिम्ब जिन जिनगृह तनी वन्दन त्रिकाल करहु सुधामहु मध्य सामायिक धनी ॥ ३ ॥

प्रोषध प्रतिमा स्वरूप (पद्धरी छन्द)

वर मध्यम जघन्य त्रिविध धरेय, प्रोषध विधि युत निजबल प्रमेय, प्रति मास चार पर्वी मंझार, जानहु सो प्रोषध नियम धार ॥

सचित्तत्याग प्रतिमा स्वरूप—(चौपाई)

जो परिहरै हरी सब बीज, पत्र प्रवाल—कन्द फल—बीज,
अरु अप्रासुक जल भी सोय, सचित त्याग प्रतिमा धर होय ।

रात्रि भुक्तत्याग प्रतिमा स्वरूप—(अडिल्ल छन्द)

मन वच तन कृत कारित अनुमोदै सही, नवविध मैथुन दिवस माहिं जो वर्ज ही । अरु चतुविध आहार निशा माही तजै, रात्रिमुक्ति परित्याग प्रतिमा सो सजै ॥ ६ ॥

ब्रह्मचर्यप्रतिमा स्वरूप—(चौपाई)

पूर्व उक्त मैथुन नव भेद, सर्व प्रकार तजै निरखेद ।
नारि कथादिक भी परिहरै ब्रह्मचर्य प्रतिमा सो धरै ॥

आरंभ त्याग प्रतिमा स्वरूप—(चौपाई)

जो कछु अल्प बहुत अघ काज, ग्रह सन्बन्धी सो सब त्याज
निरारम्भ ह्वै वृष रत रहै, सो जिय अष्टम प्रतिमा वहै ॥ ८ ॥

परिग्रहत्याग प्रतिमा स्वरूप—(चौपाई)

वस्त्र मात्र रख परिग्रह अन्य, त्याग करै जो व्रतसंपन्न,
तापै पुनःमूर्छा परहरै, नवमी प्रतिमा सो भवि धरै ॥ ९ ॥

अनुमतत्याग प्रतिमास्वरूप—(चौपाई)

जो प्रमाण अघमय उपदेश देय नहीं परको लवलेस ।
अरु तसुअनुमोदन भी तजै सोही दशमी प्रतिमा सजै ॥१०॥

उद्दिष्टत्याग प्रतिमास्वरूप—(चौपाई)

ग्यारम थान भेद द्वै होय इक क्षुल्लक इक ऐलक सोय
खण्ड वस्त्रधर प्रथम सुजान युत कोपी महि दुतिय प्रमान ॥११॥
ए गृह त्याग मुनिन ढिग रहैं या मठ मन्दिरमें निवसहीं,
उत्तर उद्दण्ड उचित आहार, करहिं शुद्ध अन्तराय नि वार ॥
दोहा—इम सब प्रतिमा एकदश दोअलेशव्रत यान,
गहै अनुक्रम मूल सह पालै भवि सुखदान ॥

१३९—श्रावकों के १७ नियम ।

१ भोजन, २ सचित वस्तु, ३ गृह, ४ संग्राम, ५ दिशागमन, ६ औषधिविलेपन, ७ तांबूल ८ पुष्पसुगन्ध ९ नाच १० गीत श्रवण ११ स्नान १२ ब्रह्मचर्य, १३ आभूषण, १४ वस्त्र,१५ शैय्या, १६ औषध खानी, १७ घोड़ा बैलादिककी सवारी ।*

१४०—सात व्यसनका त्याग ।

जूवा मांस मदिरा गणिका शिकार, चोरी परस्त्री ।

१४१—बाईस अभक्ष्यका त्याग ।

पांच उदम्बर—उदम्बर (गूलर) २ कठूम्बर, ३ पड़फल, ४ पीपलफल, ५ पाकर फल (पिलखन फल)।

तीन मकार १ मांस २ मधु, ३ मदिरा।

शेष १५ अभक्ष्य—ओला विदल, रात्रि भोजन, बहुबीजा बैंगन कन्दमूल, बगेर जाना फल, अचार विष, माटी बरफ, तुच्छ फल चलित रस, माखन ।

---

* नोट—प्रतिदिन जिन चीजोंकी जरूरत हो उसका प्रमाण करे कि आज यह करूं या वैसा प्रतिदिन त्याग करे।

१४२—श्रावकके षट् कर्म।

देवपूजा, गुरु सेवा, स्वाध्याय, संयम, तप, दान-यह छह कर्म प्रत्येक श्रावकको करना चाहिये।

१४३—दशलक्षण धर्म।

उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन ब्रह्मचर्य।

१४४—लघु अभिषेक पाठ।

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्यजगत्त्रयेशं स्याद्वादनायकमनन्तचतुष्टयार्हम्
श्रीमूलसंघसुदृशा सुकृतैकहेतुर्जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाभ्यधायि॥

(इसको पढकर पुष्पांजलि छोडनी चाहिये)

श्रीमन्मन्दर सुन्दरे शुचिजलै धौते सदर्भाक्षतै
पीठे मुक्तिकरं निधाय, रचित त्वपादपद्मस्रज.
इन्द्रोऽहं निजभूषणार्थकमिदं यज्ञोपवीतं दधे।
मुद्राकङ्कणशेखरान्यपि तथा जैनाभिषेकोत्सवे॥

(इस श्लोकको पढ़कर अभिषेक करनेवालोंको यज्ञोपवीत तथा नाना प्रकार सुन्दर आभूषण धारण करना चाहिये।)

सौगन्धसंगतमधु व्रतझङ्कृतेन, संवर्ण्यमानमिव गंधमनिंद्यमादौ।
आरोपयामि विबुधेश्वरवृन्दवन्द्यपादारविन्दमभिवन्द्य जिनोत्तमानां

(इसे पढ़कर अभिषेक करनेवालोंको अंगमें चन्दनके नव तिलक करना चाहिये)

ये सन्ति केचिदिह दिव्यकुलप्रसूता नागाः प्रभूतबलदर्प युता विबोधा। संरक्षणार्थममृतेन शुभेन तेषां प्रक्षालयामि पुरतः स्नपनस्य भूमिम्॥

उद्दिष्टत्याग प्रतिमास्वरूप—(चौपाई)

ग्यारम थान भेद द्वै होय इक क्षुल्लक इक ऐलक सोय,
खण्ड वस्त्रधर प्रथम सुजान दुत कोपीन मद्धि कुत्सित प्रमाण ॥११॥
घर तज त्याग मुनिन ढिग रहै या मठ मन्दिरमें निवसई,
उत्तर कदरह उचित आहार, करहि गुरु आज्ञाय विचार ॥
दोहा—इम सब प्रतिमा एकदश दौलतेश्यत थान
गहै अनुक्रम मूल सह पाले भवि सुखदान ॥

१३९—श्रावकों के १७ नियम ।

१ भोजन, २ सचित वस्तु, ३ गृह ४ संग्राम ५ दिशागमन, ६ औषधिविलेपन, ७ तांबूल ८ पुष्पसुगन्ध ९ नाच, १० गीत श्रवण, ११ स्नान १२ ब्रह्मचर्य १३ आभूषण, १४ वस्त्र १५ शैय्या, १६ औषध आदि, १७ घोड़ा बैलगाड़ीआदिकी सवारी ।*

१४०—सात व्यसनका त्याग ।

जुआ मांस मदिरा गणिका, शिकार, चोरी परस्त्री ।

१४१—बाईस अभक्ष्यका त्याग ।

पांच उदम्बर—उदम्बर (गूलर), २ कठूमर, ३ बड़फल, ४ पीपलफल ५ पाकर फल (पिलखन फल)।

तीन मकार १ मांस, २ मधु, ३ मदिरा।

शेष १५ अभक्ष्य—ओला, विदल, रात्रि भोजन बहुबीजा बैंगन कन्दमूल, घघेर अजाना फल, अचार विष, माटी, बरफ, तुच्छ फल चलित रस माखन।

---

* नोट—प्रतिदिन जिन चीजोंकी जरूरत हो उसका प्रमाण करे कि आज इस कदर या इतना प्रतिदिन त्याग करे।

१४२—श्रावकके षट् कर्म ।

देवपूजा, गुरु सेवा, स्वाध्याय, संयम, तप, दान-यह छह कर्म प्रत्येक श्रावकको करना चाहिये ।

१४३—दशलक्षण धर्म ।

उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन ब्रह्मचर्य ।

१४४—लघु अभिषेक पाठ ।

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्यजगत्त्रयेशं स्याद्वादनायकमनन्तचतुष्टयार्हम्
श्रीमूलसंघसुदृशां सुकृतैकहेतुर्जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष महाभ्यधायि ॥

(इसको पढकर पुष्पाजलि छोडनी चाहिये)

श्रीमन्मन्दर सुन्दरे शुचिजले धौते सदर्भाक्षतै
पीठे मुक्तिकरं निधाय, रचित त्वपादपद्मस्रजः
इन्द्रोऽहं निजभूषणार्थकमिदं यज्ञोपवीतं दधे ।
मुद्राकङ्कणशेखरान्यपि तथा जैनाभिषेकोत्सवे ॥

(इस श्लोकको पढकर अभिषेक करनेवालोंको यज्ञोपवीन तथा नाना प्रकार सुन्दर आभूषण धारण करना चाहिये ।)

सौगन्धसंगतमधु व्रतझङ्कतेन, सौवर्ण्यमानमिव गधमनिंद्यमादौ ।
आरोपयामि विबुधेश्वरवृन्दवन्द्यपादार विन्दमभिवन्द्य जिनोत्तमानां

(इसे पढ़कर अभिषेक करनेवालोंको अ गमें चन्दनके नव तिलक करना चाहिये)

ये सन्ति केचिदिह दिव्यकुलप्रसूता नागा पुभूतबलदर्प युता विबोधा । सरक्षणार्थममृतेन शुभेन तेषा प्रक्षालयामि पुरतः स्नपनस्य भूमिम् ॥

(इसको पढ़कर अभिषेकके लिए भमिका प्रक्षालन करे)

क्षीरार्णवस्य पयसां शुचिभिः प्रवाहैः, प्रक्षालितं सुरवरैर्यदनेकवारम्। अत्युद्यमुद्यतमहं जिनपादपीठं प्रक्षालयामि भवसंभवतापहारि ॥ श्रीकारवर्णसुमुखनिर्गतपावपद्मं श्रीमज्जिनेश्वरस्नानजलस्य नित्यं। श्री मस्त्यर्य क्षयतियस्य पिनाशयिन्नं श्रीकारवर्णं लिखितं जिनभद्रपीठे

(इस श्लोकको पढ़कर पीठपर श्रीकार लिखना चाहिये।

इन्द्राग्निदण्डधरनैर्ऋतपाशपाणि वायुत्तरेशशशिमौलिफणीन्द्र चन्द्राः। आगत्य यूयमिह सानुचराः सचिन्हाः स्वं स्वं प्रतीच्छत बलिं जिनपाभिषेके ॥

[नीचे लिखे मन्त्रको क्रमसे दश दिक्पालोंके लिये अर्घ चढ़ाए]

१ ॐ आं क्रौं ह्रीं इन्द्र आगच्छ आगच्छ इन्द्राय स्वाहा।
२ ॐ आं क्रौं ह्रीं अग्ने आगच्छ आगच्छ अग्नये स्वाहा।
३ ॐ आं क्रौं ह्रीं यम आगच्छ आगच्छ यमाय स्वाहा।
४ ॐ आं क्रौं ह्रीं नैऋत आगच्छ आगच्छ नैऋतायस्वाहा।
५ ॐ आं क्रौं ह्रीं वरुण आगच्छ आगच्छ वरुणाय स्वाहा।
६ ॐ आं क्रौं ह्रीं पवन आगच्छ आगच्छ पवनाय स्वाहा।
७ ॐ आं क्रौं ह्रीं कुबेर आगच्छ आगच्छ कुबेराय स्वाहा।
८ ॐ आं क्रौं ह्रीं ऐशान आगच्छ आगच्छ ऐशानाय स्वाहा।
९ ॐ आं क्रौं ह्रीं धरणेन्द्र आगच्छ आगच्छ धरणेन्द्राय स्वाहा।
१० ॐ आं क्रौं ह्रीं सोम आगच्छ आगच्छ सोमाय स्वाहा।

इति दिक्पाल मन्त्र।

दध्युज्ज्वलाक्षतमनोहरपुष्पदीपैः पात्रार्पितं प्रतिदिनं महतादरेण। त्रैलोक्यमंगलसुखानलकामदाह मारार्तिकं तव विभोरवतारयामि ॥

[दधि अक्षत पुष्प और दीप रकाबीमें लेकर मंगलपाठ तथा अनेक वादित्रोंके साथ त्रैलोक्यनाथकी आरती उतारनी चाहिये।]

यः पाण्डुकामलशिलागतमादिदेवमस्नापयन्सुरवरा. सुरशैल मूर्ध्नि। कल्याणमीप्सुरहमक्षततोयपुष्पैः संभावयामि पुरएव तदीयविम्वम्॥

जल अक्षत पुष्प दीपकर श्रीकार लिखित पीठपर जिनविम्वको स्थापनाकर

सत्पल्लवार्चितमुखान्कलधौतरूप्यताम्रारकूटघटितान्पयसा सुपूर्णान्। संवाह्यतामिव गतांश्चतुर समुद्रान् संस्थापयामि कलशान् जिनवेदिकान्ते।

जलपूर्ति सुन्दर पत्तोंसे ढके हुए सुवर्णादि धातुके चार कलश वेदीके चारो कोनोंमें स्थापन करना चाहिये।

आभिः पुण्याभिरद्भिः परिमलवहुलेनामुना चन्दनेन।
श्रीदृक्पेयरमीभिः शुचिसदलचयैं रुद्गमैरेभिरुद्धैः।
हृद्यैरेभिर्निवेद्यैर्मखभवनमिमैर्दीपयद्भिः प्रदीपैः।
धूपैःप्रायोभिरेभि भिरपि फलैरेभिरीश यजामि॥

इस श्लोकको पढकर जिनप्रतिमापर जलके कलशसे धारा छोडनी चाहिये

दूरावनम्र सुरनाथकिरीटकोटी सलग्नरत्नकिरणच्छविधूसराघ्रिं।
प्रस्वेदतापमलमुक्तमपि प्रकृष्टै र्भक्त्या जलैर्जिनपतिं वहुधा भिषिञ्चे

[इसे पढकर जिनप्रतिमापर जलके कलशसे धारा छोडनी चाहिये]

उत्कृष्टवर्णनवहेमरसाभिरामदेहप्रभावलयसङ्गमलुप्तदीप्तिम्। धारां घृतस्य शुभगन्धगुणानुमेया वन्देऽर्हतां सुरभिसंस्नपनोपयुक्ताम्॥

इस श्लोकको पढ़कर घृतके कलशसे स्नपन करना चाहिये॥

सम्पूर्णशारदशशांकमरीचिजालस्यन्दैरिवात्मयशसामिव सुप्रवाहैः क्षीरैर्जिनःशुचितरैरभिषिच्यमाणा.सम्पादयन्तुमम चित्तसमीहितानि।

इस श्लोकको पढ़कर दुग्धके कलशसे अभिषेक करना चाहिये ॥

दुग्धाब्धिवीचिपयसांचितफेनराशिपाण्डुत्वकान्तिमवधारयतामतीव
दुग्धांगता जिनपतेः प्रतिमां सुधारा सम्पद्यतां सपदि वांछितसिद्धये नः ॥

इस श्लोकको पढ़कर दधिके कलशसे अभिषेक करना चाहिये ॥

भक्त्या ललाटतटदेशनिवेशितोच्चैः हस्तैश्च्युताः सुरवरासुर मर्त्यनाथैः । तत्कालपीलितमहेक्षुरसस्य धारा सद्यः पुनातु जिन बिम्ब गतैव युष्मान ॥

इस श्लोकको पढ़कर इक्षुरसके कलशसे अभिषेक करना चाहिये ।

संस्नापितस्य घृतदुग्धदधीक्षुवाहैः सर्वाभिरौषधिभिरर्हत उज्ज्वलाभि
उद्वर्तितस्य विदधाम्यभिषेकमेलाकालेयकुंकुमरसोत्कटवारिपूरैः

इस श्लोकको पढ़कर सर्वौषधिके कलशसे अभिषेक करना चाहिये ।

द्रव्यैरनल्पघनसारचतुः समाढ्यैरामोदवासितसमस्तदिगन्तरालैः ।
मिश्रीकृतेन पयसा जिनपुङ्गवानां त्रैलोक्यपावनमहं स्नपनं करोमि ॥

इस श्लोकको पढ़कर केसरसे बनाये हुए सुगन्धित जलसे स्नपन करे।

इष्टैर्मनोरथशतैरिव भव्यपुंसां पूर्णैः सुवर्णकलशैर्निखिलैर्वसानैः ।
संसारसागरविलंघनहेतु सेतुमाप्लावये त्रिभुवनैकपतिं जिनेन्द्रम् ॥

इसे पढ़कर बचे हुए सम्पूर्ण कलशोंसे अभिषेक करना चाहिये ।

मुक्ति श्रीवनिताकरोदकमिदं पुण्याङ्कुरोत्पादकम् ।
नागेन्द्रत्रिदशेन्द्र चक्रपदवीराज्याभिषेकोदकम् ॥
सम्यग्ज्ञानचरित्रदर्शनलता संवृद्धिसम्पादकम् ।
कीर्तिश्रीजयसाधकं तव जिन ! स्नानस्य गन्धोदकम् ॥

इस श्लोकको पढ़कर आंखों व गले गन्धोदक लगाना चाहिये ॥

१४५—विनय पाठ ।

इहि विधि ठाड़ो होयके प्रथम पढ़ै जो पाठ । धन्य जिनेश्वर

शिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो जन्मजरामृत्यु विनाशनाय जलं । पयसों घिस मलयागिरि चंदन ल्याइये । केशर आदि कपूर सुगंध मिलाइये ॥ पूजौं शिखर सम्मेद । तन्दुल धवल सुउज्ज्वल धासे धोयके । हेम वरन थार भरौं शुचि होयके ॥ पूजौं शिखर०। सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अक्षय पदप्राप्ताय अक्षतं ॥ ३ ॥ फूल सुगंध सु ल्याय हरषसो आन चढ़ायो । रोग शोक मिटजाय मदन सब दूर पलायो॥ पूजौं० पुष्पं षट्रस कर नैवेद्य कनक थारीभर ल्यायो ॥ क्षुधा निवारण हेतु सु पूजौं मन हरषायो ॥ पूजौं शिखर० नैवेद्य ॥ लेकर मणिमय दीप सुज्योति उद्योत हो । पूजत हो स्वज्ञान मोह तम नाश हो ॥ पूजौं शिखर० ॥ दीपं ॥ ६ ॥ दश विधि धूप अनूप अग्निमें खेवहू । अष्ट कर्मोकौं नाश होत सुख पावहू ॥ पूजौं शिखर०धूप ॥ किसा लौंग सुपारी श्रीफल ल्याइये । फल चढ़ाय मनवांछित फल सु पाइये ॥ पूजौं शिखर० । फलं ॥८॥ जलगंधाक्षत फूल सु नेवज लीजिये । दीप धूप फल लेकर अर्घ चढ़ाइये ॥ पूजौं शिखर० । अर्घ ।

पद्धरी छन्द—श्री बीस तीर्थंकर हैं जिनेन्द्र । अरु हैं असंख्य बहुते मुनेन्द्र॥ तिनकौं करजोर करों प्रणाम । जिनको पूजौं तज सकल काम ॥ ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अनर्घ पद प्राप्ताय अर्घं ॥ द्वारयोगी रायसा—श्री सम्मेदशिखर गिरि उन्नत शोभा अधिक प्रमानो । विंशति तिहपर कूट मनोहर अद्भुत रचना जानो ॥ श्रीतीर्थंकर बीस तहांसे शिवपुर पहुंचे जाई । तिनके पद पंकज युग पूजौं प्रत्येक अर्घ चढ़ाई । ॐ ह्रीं श्री सम्मेद शिखर सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥ प्रथम सिद्धवर कूट मनोहर आनन्द मङ्गलदाई । अजित प्रभू जहँते शिव पहुंचे पूजौं मनवचकाई ॥ जोरै

जु अस्सी एक अर्ब मुनि चौवन लाख सुगाई। कर्म काट निर्वाण पधारे तिनकौं अर्घ चढ़ाई। ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखर सिद्धकूटते श्री अजितनाथ जिनेन्द्रादि एक अर्ब अस्सी कोड़ि चौवन लाख मुनि सिद्ध पद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥२॥ धवल कूट सो नाम दूसरो है सबको सुखदाई। संभव प्रभुसों मुक्ति पधारे पाप तिमिर मिट जाई। धवलदत्त है आदि मुनीश्वर नव कोड़ाकोड़ि जानों। लक्ष बहत्तर सहस बयालिस पञ्च शतक ऋषि मानों॥ कर्म नाशकर अमरपुरी गए बन्दौ सीस नवाई। तिनके पद युग जजौं भावसों हरष चितलाई॥ ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखर धवल कूटते सम्भवनाथ जिनेन्द्रादि मुनि नव कोड़ाकोड़ि बहत्तर लाख ब्यालिस हजार पचिसे मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥३॥ चौपाई आनन्द कूट महासुखदाय। प्रभु अभिनन्दन शिवपुर जाय। कोड़ाकोडि बहत्तर जानौ। सत्तर कोड़ि लाख छत्तीस मानौ॥ सहस बयालिस शतकजु सात। कहे जिनागममैं इस भात॥ ये ऋष कर्म काट शिव गये, तिनके पद युग पूजते भये॥ ॐ ह्रीं श्रीआनन्दकूटतें अभिनन्दननाथ जिनेन्द्रादि मुनि बहत्तर कोडाकोडि अरु सत्तर कोड़ि छत्तीस लाख बयालीसहजार सातसै मुनि सिद्धपदप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥४॥ अडिल्ल छन्द—अवचल चौथो कूट महा सुख धामजी। जहते सुमति जिनेश गये निर्वाणजी॥ कोड़कोडी एक मुनीश्वर जानिये। कोड़ि चौरासी लाख बहत्तर मानिये॥ सहस इक्यासी और सातसे गाइये। कर्म काटि शिव गये तिन्हे सिर नाइये सो थानिक मैं पूजो मन वच काय जू। पाप दूर हो जाय अचल पद पाय जू॥ ॐ ह्रीं श्रीअविचलकूटतें श्रीसुमति जिनेन्द्रादि मुनि

एक कोड़ाकोड़ि चौरासी कोड़ि बहत्तरलाख इक्यासी हजार सातसै मुनि सिद्धपदप्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ्यं ॥५॥ अडिल्ल छन्द। मोहन कूट महान परम सुन्दर कह्यो॥ पद्मप्रभु जिनराय जहां शिव पद लह्यो कोड़ि निन्याणवे लाख सतासी जानिये। सहस तैतालिस और मुनीश्वर मानिये॥ कहै जवाहरदास सुधीयकर जोयके। भविजनयो पद वैर कर्मने खोयके॥ ॐ ह्रीं श्रीमोहनकूटते श्री पद्मप्रभु मुनि निन्याणवे कोड़ि सतासीलाख तेतालीस हजार सातसे सैंतालीस मुनि निर्वाणपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥६॥ सोरठा—कूट प्रभास महान सुन्दर जगमणि मोहिनो। श्रीसुपार्श्व भगवान मुक्ति गये अघ नाश कर। कोड़ाकोड़ी उनचास कोड़िचौरासी जानिये॥लाख बहत्तर जान सात सहस अब सातसे। और कहे ब्यालिस गयेतेमुनि मुक्ति गये। तिनकों नमों नित शीश दास जवाहर जोर कर॥ ॐ ह्रीं प्रभासकूटते श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रादि मुनि उनचास कोड़ाकोड़ी बहत्तर लाख सात हजार सातसे ब्यालीस मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥७॥ दोहा—पावन परम उतंग है ललित कूट है नाम॥ चन्द्रप्रभु मुक्ते गये बन्दो आठो याम॥ नवसे अरु चउ जानियो चौरासी ऋषि मान। कोड़िबहत्तर ऋषि कहै, अस्सी लाख परवान। ललितकूटतैं शिव गये बन्दों शीश नवाय। तिन पद पूजों भावसो जिन हित अर्घ चढ़ाय॥ ॐ ह्रीं ललितकूटते चन्द्रप्रभु जिनेन्द्रादि मुनि नवसे चौरासी अर्ब बहत्तर कोड़ि अस्सी लाख चौरासी हजार पांचसै पचपन मुनि सिद्धपद प्राप्ताय अर्घं निर्वपामि॰ स्वाहा ॥८॥ पद्धरीछन्द—सुप्रभप्रभसो कूट जान। जहां पुष्प दन्तको मुक्त थान॥ मुनि कोड़ाकोड़ी कहै हु भाव। अब कहै

न्यानवे चार लाख ॥१॥ सौ सात सतक मुनि कहे सात। अपि
स्सी और कहे विख्यात। मुनि मुक्ति गये वसु कर्म काट। वदौंकर
ोर नवाय माथ ॥ २ ॥ ॐ ह्रीं श्रीसुप्रभकूटतें पुष्पदंत जिनेंद्रादि
ुनि एक कोडाकोडो निन्यानवेलाख सातहजार चारसे अस्सीमुनि
सिद्ध पद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥ ६ ॥ सुंदरी छन्द—सुभग
विद्युत कूट सु जानिये। परम अद्भुतता परमानिये ॥ गये शिवपुर
शीतलनाथजो। नमहुं तिन पद कर धरि माथ जी ॥ मुनि वसु
कोडाकोडि प्रमानिये, और जो लाख व्यालीस जानिये ॥ कहे और
जु लाख वत्तीसजू। सहस व्यालिस कहे यतीशजू। और तहसैनौसै
पाचसु जामिये। गए मुदि शिवपुरको और जु मानिये॥ करहि पूजा
जे मन लायकें। धरहि जन्म न भवमें आयके ॥ ॐह्रीं सुभग विद्युत-
कूटतें श्रीशीतलनाथ जिनेन्द्रादि मुनि अष्ट कोडाकोड़ी व्यालीसलाख
बत्तीस हजार नौसै पाच मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं
॥१०॥ ढाल योगीरासा-कूटजु संकुल परम मनोहर श्रीयांस जिनराई
कर्म नाश कर अमरपुरी गये, वंदों शीश नवाई॥ कोड़ा कोड़जु है
छ्यानवे, छ्यानवे कोड़ प्रमानौ ॥ लाख छ्यानवें साढ़े नवसै इकसठ
मुनिश्वर जानौ। ताऊपर व्यालीस कहे हैं श्रीमुनिके गुन गावें।
विविध योगकर जो कोई पूजै सहजानन्द पद पावे॥ ॐ ह्रीं संकुल
कूटतें श्रेयांसनाथ जिनेन्द्रादि मुनि छ्यानवे कोड़ाकोड़ी छ्यानवेकोड़
छ्यानवे लाख साढ़े नौ हजार व्यालिस मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्ध-
क्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥११॥ कुसुमलता छन्द—श्रीमुनि संकुल कूट परम
सुन्दर सुखदाई। विमलनाथ भगवान् जहा पञ्चम गति पाई ॥सात
शतक मुनि ओर व्यालीस जानिये सत्तर कोड़ सात लाखहजार छ

मानिये ॥ दोहा—अष्ट कर्मको नाश कर, मुनि अष्टम छिति पाय। तिनको मैं वन्दन करौं, जन्म मरण दुख जाय ॥ ॐ ह्रीं श्रीसोहनकूटतैं श्रीविमलनाथ जिने न्द्रादिमुनि सत्तरकोड़ साठलाख छै हजार सातसै ब्यालीस मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥ १२ ॥ अडिल्ल कूट स्वयंप्रभु नाम परम सुंदर कह्यौ। प्रभु अनंत जिननाथ जहांशिव पद लह्यौ। मुनिहु कोड़ाकोड़ी छयानवे जानिये। सत्तरकोड़ सुसत्तर लाख बखानिये ॥ सत्तर सहस सु और सातसै गाइये। मुक्ति गये मुनि तिनपद शीश नवाइये ॥ कहे जवाहरदास सुनो मन लायकै शिखरजीको नित पूजो मन हरषायकै ॥ ॐ ह्रीं स्वयंभू कूटतैं श्री अनन्तनाथ जिनेन्द्रादि मुनि छ्यानवे कोड़ाकोड़ी सत्तरलाख सात हजार सातसै मुनि सिद्ध पद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥ १३ ॥ चौपाई-कूट सुदत्त महा शुभ जानों। श्रीजिनधर्मनाथको थानों ॥ मुनिहु कोड़ाकोड़ि उनतीस। और कहेअपि कोड़ उनीस ॥ नव्वे नौ लाखजु सहस सु जानी। सात शतक पंचानव मानों ॥ मोक्षगये वसु कर्मन चूर। तिनपद रैन हमारी भरपूर ॥ ॐ ह्रीं सुदत्त कूटतैं श्रीधर्म नाथ जिनेन्द्रादि मुनि उनतीस कोड़ाकोड़ी उनतीसकोड़ नव्वेलाख नौ हजार सातसै पंचानवे मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ निर्वपामीति स्वाहा ॥ १४ ॥ है प्रभासी कूट सुन्दर अति पवित्र सो जानिये। शांतिनाथ जिनेन्द्र जहांतें परम धाम प्रमानिये। ॐ ह्रीं प्रभासकूटतें श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्रादि मुनि नौकोड़ाकोड़ी नौलाख नौ हजार नौसै निन्यानवे मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥ १५॥ गीतिका छन्द—ज्ञानधर शुभ कूट सुन्दर परम मनको मोहनो। जहांतें श्रीप्रभुकुन्थु स्वामी गए शिवपुरको धनो ॥ कोड़ाकोड़ीछ्यानवे

मुनि कोड़ि क्ष्यानवे जानिये। लाख वत्तीस सहस क्ष्यानवे अरु सौ सात प्रमानिये ॥ दोहा—और कहे व्यालीस जो तुमरो हिये मझार जिनवर पूजौं भाव सो कर भवदधितैं पार ॥ ॐ ह्रीं ज्ञानधरकूटतै श्रीकुंथुनाथ स्वामी और क्ष्यानवे कोडाकोडी मुनि क्ष्यानवे कोडि वत्तीस लाख क्ष्यानवे हजार अरु सातसौ व्यालीस मुनि सिद्धपद प्राप्तय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥ १६ ॥ दोहा—कूट जुनाटक परम शुभ शोभा अपरपार। जहते अरह जिनेन्द्रजो पहुचे मुक्त मझार। कोडि निन्यानवे जानि मुनि लाख निन्यानवै और। कहे सहस निन्यानवै वंदो कर जुग जोर ॥ अष्ट कर्मको नाश कर अविनाशी पद पाय। ते गुरु मम हृदय वसौ भवदधि पार लगाय ॥ ॐ ह्रीं नाटक कुटते श्रीअरहनाथ जिनेन्द्रादि मुनि निन्यानवै कोड़ि निन्यानवैलाख निन्य-नवै हजार मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥ १७ ॥ अडिल्ल छंद—कूट सवल परम पवित्र जू ॥ गये शिवपुर मल्लि जिनेश जू ॥ मुनिज क्ष्यानवे कोड़ि प्रमानिये। पद जिनेश्वर हृदय मानिये ॥ॐ ह्रीं संवलकूटतैं श्रीमल्लिनाथ जिनेन्द्रादि क्ष्यानवै कोडाकोडि मुनिसिद्ध पद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥१८॥ ढारपरमादीकी चालमें—मुनि सुव्रत जिनराज सदामानंदके दाई। सु दर निर्जरकूट जहातैं शिवपुर पाई ॥ निन्यानवै कोडाकोड़ कहे मुनि कोड़ सतावन। नौलाख जोर मुनेन्द्र कहे नौसे निन्यावन। सोरठा-कर्मनाश ऋषिराज पंचमगतिके सुख लहे। तारन तरन जिहाज मो दुख दूर करो सकल ॥ ॐ ह्रीं श्रीनिर्जरकूटतै श्रीमुनिसुव्रतनाथ जिनेन्द्रादिमुनिनिन्यानवै कोडाकोड संतावन कोड नौलाख नौशतक निन्यानवे मुनि सिद्ध प्राप्ताय अर्घं ढ़ार जोगीरासा—पद मिथ्यर कर प्रनोह [illegible]

धाजमा जिनराज मुनि आदिने सिवपुर पहुंचे जाई । सबको कोड़ा कोडि मुनीश्वर एक सब मानि जानो । साथ सेनापति गणवाहन मद मौसिलपामीन माना । छन्द—चतुष्कमसको माथाकर पवित्रसी पद पाय । पूजो परम समाज सों समतोलिन पन्न पाय ॥ ॐ ह्रीं श्रीमिश्रपासकुन्ना श्रीसमितनाथ जिनेन्द्रादि मुनिसीन कोड़ाकोड़ी एक सब सेनातोमन्नाय सानदशास्त्रोने स्वामिसमुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं ॥२०। दोहा—सुवर्ण भद्र कूटसे श्रीसमुदायम नाथ । अहो जिनगुण्य सब समा आदि सुगदाय ॥ ॐ ह्रीं सुवर्ण भद्रकूटसे पापाश्चनाथ स्वामीसिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निवपामीति स्वाहा ॥२१॥ या विधि बोस जिनन्दके पोसी शिखिर महान ॥ बार असंख्य मुनि महाजो पहुंच शिवपुर थान । ॐ ह्रीं सावीसकूट सहित अनंत मुनि सिद्धपद प्राप्ताय सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥ २२ ॥ ढाल कार्तिकपी—पावो आदीश्वर महाराजजी सहायक शिवथान हो । वासपूज्य जिनराजजी चम्पापुर शिवपद जान हो ॥ प्राणो पूजो अर्घ चढ़ाइके हद नासो भयभीत हो । प्राणी पूजो मन वचकायके ॥ ॐ ह्रीं ऋषभनाथ कैलाशगिरिते श्रीमहावीरस्वामी पावापुरसे श्रीवासुपूज्य चम्पापुरसे नेमिनाथ गिरिनारसे सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥ २३ ॥ दोहा—सिद्धक्षेत्र जे और हैं भरत क्षेत्रके मांहि । और जु अतिशयक्षेत्र हैं कहे जिनागम मांहि । तिनको नामसु लेत ही पाप दूरको जाय । तेसब पूजौं अर्घ ले सब सरनूं सुखदाय । ॐ ह्रीं भरतक्षेत्र सम्बन्धि तीर्थेभ्यो अर्घं सोरठा—द्वीप अढ़ाई मेरु सिद्धक्षेत्र जे और हैं । पूजों अर्घ चढ़ाय भव भवके अघ नाश हैं । ॐ ह्रीं अढ़ाई द्वीपसम्बन्धी सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घ ॥ २४ ॥

सप्तव्यसन चित्रावली

वेश्या गमनका फल।

पर स्त्री गमन का फल।

अथ जयमाला

चौपाई—मन मोहन तीरथ शुभ जानो। पावन परम सुक्षेत्र प्रमानो॥ उनतिस शिखिर अनूप सोहैं। देखत ताहि सुरासुर मोहैं। दोहा—तीरथ परम सुहावनो शिखिर सम्मेद विशाल॥ कहत अल्प वुध उक्तसो, सुखदायक जयमाल॥ २॥ चौपाई—सिद्धक्षेत्र तीरथ सुखदाई। वंदत पाप दूर हो जाई। शिखर शीसपर कूटमनोज्ञ। कहे वीस अतिशय संयोग॥३॥ प्रथम सिद्ध शुभ कूट सुनाभ। अजित-नाथको मुक्ति सुधाम॥ कूट तनौ दर्शन फल कहो। कोड़ि वत्तीस उपास फल लहौ॥४॥ दूजौ धवल कूट है नाम। सम्भव प्रभु जहते निर्वाण॥ कूट दरश फल प्रोषध मानौ। लाख व्यालिस कहैं वखानौ॥५॥ आनन्द कूट महा सुखदाई। जहतें अभिनन्दन शिव जाई॥कूट तनौ वदन हम जानौ। लाख उपवास तनौ फल मानौ॥६॥ अवचल कूट महासुख वेश। मुक्ति गये जह सुमत जिनेश॥कूट भाव धर पूजें कोई। एक कोड प्रोषध फल होई॥७॥ मोहन कूट मनोहर जान। पद्म प्रभु जहते निर्वाण॥ कूट पुन्य फल लहै सुजान। कोड़ उपवास कहैं भगवान॥८॥ मनमोहन शुभ कूट प्रभासा। भक्ति गये जहंते श्रीयासा॥ पूजैं कूट महाफल सोई। कोड़ वत्तीस उपवासफल होई॥९॥ चन्द्रप्रभुको मुक्ति सुधामा। परम विशाल ललित घट नामा॥ दर्शन कूट तनौ हम जानौ। प्रोषध सोला लाख वखानौ॥१०॥सुप्रभ कूट महासुखदाई। जंहते पुष्पदंत शिव जाई॥ पूजें कूट महाफल होय। कोड उपास कहौ जिनदेव॥११॥ सो विद्युतवर कूट महान मोक्ष गये शीतल धर ध्यान॥ पूजै विविध योगकर कोई। कोड़ उपास तनौ फल होई॥ १२॥ संकुल कूट महा शुभ जानौ। जंह

ते प्रोषध भगवानो ॥ संकुल कूट तनो मन सुनो । कोड़ उपवास जिनेश्वर भनो ॥ १३ ॥ संकुल कूट परम सुखदाई । विमल जिनेश्वर यहां शिव जाई ॥ मनवच दर्श करे जो कोई । कोड़ उपवास तनो फल होई ॥१४॥ कूट स्वयंप्रभ सुभगसु ठाम । गये अनन्त अमर पुरधाम ॥ यही कूट कोई दर्शन करै । कोड़ उपवास तनो फल धरे ॥ १५ ॥ है सुदत्तवर कूट महान । शोभते धर्मनाथ निर्वाण ॥ परम विशाल कूट है सोई । कोई उपवास दर्श फल होई ॥ १६ ॥ परम विशाल कूट शुभ कहो । शांतिप्रभुशोभते शिव लहो ॥ कूट तनोदर्शन है सोई । एक कोड़ प्रोषध फल होई ॥ १७ ॥ परम ज्ञानधर है शुभ कूट शिवपुर कुन्थु गये जगभूर ॥ उनको पूजो होयकर जोर । फल उपवास कहो एक कोड़ ॥१८॥ नाटक कूट महा शुभ जान । शोभतें अरह मोक्ष भगवान ॥ दर्शन करे कूटको कोई । छयानवे कोड़ उपवास फल होई ॥१९॥ संबल कूट मल्लि जिनराय । शोभतें मोक्ष गये जिन काय ॥ कूट दरश फल कहो जिनेश । कोड़ि एक प्रोषध फल पेश ॥२० ॥ निर्जर कूट महासुखदाई । मुनिसुव्रत शोभते शिव जाई ॥ कूट तनो दर्शन है सोई । एक कोड़ प्रोषध फल होई॥२१॥कूट मित्र धरतें नमि मोक्ष । पूजत भाव सुरासुर जक्ष कूटतनो फल है सुनव कोड़उपवास कहो जिनराई ॥२२॥ श्रीप्रभु पार्श्वनाथजिनराज । सुर गति ते कूटेमहाराज, सुवर्णभद्र कूटको है नाम । शोभते मोक्षगयेजि नधाम ॥२३॥ तीन लोक हित करत अनूप । मंगलमय जगमें चिद्रूप चिन्तामणी स्वर वृक्ष समान । रिद्ध सिद्ध मङ्गल सुख दान ॥ २४ ॥ पार्श्व मोर कामदार पेम । नानाविध आनन्दको देन । व्याध विकार जांहि सब भाज । मन चिंतें पूरे सब काज ॥ २५ ॥ मनवपि पेम

विनाशक होई। जोपद जगमें और न कोई। निर्मल परम धाम उत्कृष्ट वन्दत पाप भजै अरु दुष्ट ॥ २६ ॥ जोनर ध्यावत पुन्यकमाय। जश गावत ये कर्म नशाय। करे अनादि कर्मके पाप। भजें सकल छिनमें संताप ॥२७॥ सुर नर इंद्र फणिन्द्र जु सवे। और खगेन्द्र महेन्द्र जु नशे। नित सुरसुरी करं उच्चार। नाचत गावत विविध प्रकार ॥२८॥ बहु विधि भक्ति कर मन लाय। विविध प्रकार वाजित्र वजाय ॥२९॥ द्रम द्रुम द्रुम वाजौ मृदङ्ग। घन घन घट वजो मुह चङ्ग। झन झन झनिया करे उच्चार। सरसा रंगी धुन उच्चार ॥३०॥मुरली वीनवजै धन मिष्ट। पट हातुरी स्वरान्वत पुष्ट॥नित सुरगण थित गावतसार सुरगण नाचत बहुन प्रकार ॥ ३१ ॥ झननन झननन नूपुर तान। तननन तननन टोरत तान। ता थेईथेई थेई थेईथेई चाल। सुर नाच निज नाचत भाल ॥ ३२ ॥ गावत नाचत नाना रङ्ग। लेत जहाशुभ आनन्द सङ्ग॥ नित प्रति सुर जहा वन्दे जाय। नाना विध मङ्गलको गाय ॥३३॥ आनन्द धुन सुन मोर जु सोय। प्रापत व्रतकी अति ही होय। तातैं हमकूँ है सुख सोई। गिरिवर वादों कर धर दोई ॥३४॥ मारुत मंद सुगध चलेय। गन्धोदक तहां वरषे सोय। जियकी जात विरोध न होई गिरवर वन्देकर धरदोई ॥३५॥ ज्ञान चरित तपसा धन होई। निज अनुभौको ध्यान धरेई। शिव मन्दिरको धारै सोई। गिर वर वंन्दे कर धर दोई ॥३६॥ जो भव वंदे एकजु वार। नरक निगोद पशू गतिटार। सुर शिवपदकूं पावे सोय। गिरवर वन्दे करधर दोय ॥३७॥ ताको महिमा अगम अपार गणधर कवहु न पवे पार। तुम अद्‌भुत मैं मतिकर हीन। कहो भक्त वसु केवल लीन ॥३८॥ घत्ता-श्रीसिद्धक्षेत्र अति सुखदेत सेवतु नासौ विघ्न हरा। अरु कर्म विनाशै

धवल अक्षत थाल चढ़ावही । करि सुपुञ्ज महामन भावही ।
चरम० । चरण पूजत० ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतं ॥३॥

पुहुप माल बनाय हिरायके । जुगतिसो प्रभु पास लियायके ॥ चरम
देव० । चरण पूजत ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथजिनेन्द्राय कामवाणविनाशनाय पुष्पं ॥४॥

नवल घेवरबावर लायके घृत सुलोलित पूर्व बनायके । चरम० ।
देव० । चरण पूजत० ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशाय नैवेद्यम् ॥५॥

करि अमोलक रत्नमई दिया । जगत ज्योति उद्योतमई किया ॥
चरमदेव० । चरण पूजत० ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं॥६॥

उठत धूम्र घटावलि जासुते । इम सुधूप सुगन्धित तासुते ॥ चरम०
चरण पूजत० ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं ॥ ७ ॥

फलसुदाड़िम आम्र उके भये कनक भाजनमें भरके लये ॥ करक०

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय मोक्षपद प्राप्तयेफलं ॥ ८ ॥

अरघलै शुभ भाव चढ़ायके । धवल मङ्गलतूर बजायकै । चरम०देव

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय सर्वसुखप्राप्तये अर्घं ॥ ९ ॥

अथ पंचकल्याणक गाथा

मास असाढ़ सुदीमें । षष्टोदिन जानि महा सुखकारी ॥
त्रिसला गरभ पधारे । तुमपद जजत अर्घ सारी ॥

ॐ ह्रीं श्रीवीरनाथ जिनेन्द्राय अषाढ़ सुदी६गर्भकल्याणकायअर्घं॥

जय कर्म कुलाचल छेद नमों, जय मोह विना निरखेद नमों।
जय पूज्य प्रताप सदा सुथिरा, प्रगटी चहुंओर प्रशस्त गिरा ॥ ४ ॥
तन सात सुहाथ विशाल नमों, कनकाम महा दसताल नमों ।
शुभमूरति मोमन माहि बसी, सिगरी तबसे भव भ्राति नसी ॥ ५ ॥
जय क्रोध दवानल मेघ नमों, जय त्याग करौ जगनेह नमों।
जय अम्बर छाडि दिगम्बर भी, गति अम्बरकी धरि अम्बर भो ॥६॥
जय धारक पञ्चकल्याण नमों, जय रोजनमें गुणवान नमों।
जय पाद गहें गणराज रहें, सचिनायकसे मुहताज रहें ॥ ७ ॥
जय भौदधि तारण सेत नमों, जय जन्म उधारन हेत नमों।
जय मूरतिनाथ भली दरसी, करुणामय शाति छया करसी ॥८॥
जय सार्थिक नाम सुवीर नमों, जय धर्म धुराधर वीर नमों।
जय ध्यान महान तुरी चढ़के, शिवखेत लिया अति ही बढ़के ॥६॥
जय पारनवार अपार नमों, जय मार विना निरधार नमों। जय रूप रमाधर नो कथनी, कथि पार न पावन नागधणी ॥१०॥ जय देव महा कृतकृत्य नमो, जगजीव उधारण वृत्यनमो। जय भवविनासव लोक जई, ममता तुमते प्रभु दूर गई ॥११॥ जय केवल लब्धि नवीन नमों, सब बातनमें परवीन नमों। जय आतम महारस पीवन हौ, तुम जीवन मूल सजीवन हौ ॥१२॥ जय तारण देव सिपारसमों, सुनिले चित दे इह वार समों। दुख दूखित मो मनकी मनसा, नहिं होन अराम इकौ क्षणसा ॥१३॥ तकितो पद भेषज नाथ भले, तुम पास गरीब निवाज चले। मनकी मनसा सबपूजनको, तुमही इहि लायक दूज न को ॥ १४ ॥ इह कारजके तुम कारण हौ, चित ल्याय सुनो तुमकारण हौ। जगजीवनके रखवाल भले, जय धन्यधन्य किरपाल

मिले ॥१५॥ सबकी मनकी मनसा पुरिहैं, मन और केईव नहीं सुमिहैं । सुमिहैं तुमरे गुन गावनको सुमि हैं तृष्णा नशावनको ॥१६॥

छन्द काव्य—पूरन पद जयमाल भई अन्तिम जिन केरी बहुत सुनत मनप्रभु कहीं नसिहैं मद फेरी । नसिहैं त्रिभुवन माँहि जहाँ काया नहि हेरी । सम्मति मनधान आप है गुण ढेरी ॥ १७ ॥ हरो मोह तमजाल ज्ञान शिवपाठ निहारो । हरो मिथ्यापाठ नाम जग विदित पसारो सारो कारज देहदेह सम्मान न धारो, धारो निज गुण चित्त नित्त जिनराज पुकारो ॥ १८ ॥ मारो न कहो काल माल मिथ्याको डार्यो । डारो गुण भार सुमिपाको धार्यो । धारो नहि निज रीति प्रीति दुर्गतिको मार्यो । मार्यो सम्यक होय होय रत्नत्रय न बिचार्यो ॥ १९ ॥

[यह पढ़कर जयमालाका अर्घ चढ़ावे] छन्द छप्पै ।

होहु मनप्रभु सरूप भूपको पद विस्तार्यो । तार्यो जगमहुँ मुझे मन माया मार्यो । डारहु नहिं निज मानि मानि ममताको गार्यो । गारो ना कुल कानि आदिके मदन प्रहार्यो । मनप्रभु बहुत धन्य धान्य मद पुत्र पौत्र करि पर सारे । श्रीवीरचन्द जिनराजके तुमको यह कारज सरो ॥ २० ॥

[इति आशीर्वाद—यह पढ़कर पुष्प चढ़ावे]

(श्री सरस्वती पूजा नीचे लिखी भांति करे)

श्रीशारदास्तुति ।

भुजंगप्रयात छन्द

जिनादेश जाता जिनेन्द्रा विख्याता । विशुद्धा प्रबुद्धा नमो लोक माता । दुराचार दुर्नैहरा शंकरानी नमोदेवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥१॥

सुधा धर्म संसाधनै धर्मशाला। आताप निर्नाशयी मेघमाला। महा मोह विध्वंसनी, मोक्षदानी नमों देवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥२॥अखै वृक्षशाखा व्यतीताभिलाखा कथासंस्कृता प्राकृतादेशभाषा, चिदानंद भूपालकी राजधानी, नमोंदेवि वागेश्वरी जैनवाणी।३।समाधानरूपा अनूपा अक्षुद्रा। अनेकान्त धा स्याद्वादाक मुद्रा॥ त्रिधा सप्तधा द्वादशांगी बखानी नमों देवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥ ४ ॥ अकोपा अमाना अदम्भा अलोभा श्रुतज्ञानरूपी मतिज्ञान शोभा। महापावनी भावना भव्यमानी। नमों देवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥ ५ ॥ अतीता अजीता सदा निर्विकारा, विषैवाटिका खडिनी खड्गधारा। पुरापाप विक्षेप कर्तृ कृपानी। नमों देवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥६॥ अगाधा अवाधा निरध्रा निराशा। अनंता अनादीश्वरी कर्मनाशा॥ निशंका निरङ्का चिदङ्का भवानी। नमोंदेवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥७॥ अशोका मुदेका विवेका विधानी। जगज्जंतु मित्राविचित्रावसानी। समस्ताव लोका निरस्ता निदानी। नमों देवि वागेश्वरी जैनवाणी ॥८॥

इतना पढकर थालीमें पुष्प चढावे सरस्वती पूजा पीछे छपी है सो करे

१७८—श्री खंडगिरि क्षेत्रपूजन।

अङ्गवङ्गके पास है देश कलिङ्ग विख्यात। तामें खंडगिरी लसत दर्शनभव्य सुहात। दशरथ राजाके सुत अति गुणवानजी। और मुनीश्वर पञ्च सैकड़ा जानना॥ अष्ट करम कर नष्ट मोक्षगामी भये, तिनके पूजहुं चरण सकल मंगल ठये॥ २॥

ॐ ह्रीं श्रीकलिंगदेशमध्ये खंड गिरिजी सिद्धक्षेत्र सिद्धपद प्राप्त दशरथ राजाके सुत तथा पंचशतक मुनि अत्र अवतर अवतर, तिष्ठ तिष्ठ ठ ठ। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

अथाष्टक।

अति उत्तम शुचि जल ल्याय, कंचन कलश भरा। कर धार सुमनमय काय, नाशन जन्म जरा॥१॥ श्री खंडगिरीके शीश दशरथ तनय कहे। मुनि पञ्चशतक शिवलीन देशकलिंग दहे॥
ॐ ह्रीं श्रीखंडगिरि क्षेत्रेभ्यो जन्म जरामृत्यु विनाशनाय जलं॥
केशर मलयागिरि सार, घिसके सुगन्ध किया। संसार तापनिरवार, सुमपद प्रगट दिया॥ श्रीखंड०॥ चन्दनं॥ मुक्ताफलकी उनमान, अक्षत शुद्ध लिया। मम सर्वदोष निरवार, निजगुण मोद दिया॥ श्री खंडगिरि०॥ अक्षतं॥ ले सुमन कल्पतरु धार, गुन गुन ल्यायधरूं। शुभ पद्म ढिग धरतहिं बाण काम समूल हरूं॥ श्रीखंडगिरि०॥ पुष्पं॥ लाडू घेवर शुचि ल्याय, प्रभुपद पूजकरों। धरू चरणन ढिग आय मम क्षुध नाशकरो॥ श्रीखंडगिरी॥ नैवेद्य॥ कीमणिमय दीपक धार, दीपकर जोड़ धरो, मम मोहतिमिर निरवार, ज्ञानप्रकाश करो॥ श्रीखंडगिरि०॥ दीपं०॥ ले दशविधि गंधकुटाय अग्निमझार धरौं मम अष्ट करम वन जाय पातें पाप टरौं॥ श्रीखंडगिरि॥ धूपं॥ श्रीफल पिस्ता सु बदाम, आम नारंगि धरू। ले प्रासुक हेमके थार भवतर मोक्ष वरू॥ श्रीखंडगिरि०॥ जलफल वसु द्रव्य पुनीत, लेकर अर्घ करूं। नाचूं गाऊं इह भांति, भवतर मोक्ष वरूं॥ श्री खंडगिरि०॥ अर्घं॥

अथ जयमाला।

दोहा—देश कलिंगके मध्य है, खंडगिरि सुखधाम।
उदयागिरि तसु पास है, पाऊं जय जय धाम॥

श्रीसिद्धि खण्डगिरि क्षेत्र जान, अति सघन वृक्ष तहां मान।

अति सघन वृक्ष फल रहे आय,तिनकी सुगन्ध दशदिश जु छाय॥१॥ ताके सुमध्यमें गुफा आय नवमुनि सुनाम ताको कहाय तामेंप्रतिमा दश योग धार, पद्मासन है हरि चवर ढार ॥ २ ॥ ता दक्षिण दिशा इक गुफा जान, तामें चौविस भगवान मान । प्रति प्रतिमा इन्द्रखड़े दुओर कर चंवर धरें प्रभु भक्ति जोर ॥ ३ ॥ आजू बाजू खडि देवि द्वार, पद्मावति चक्रेश्वरीसार, करद्वादस भुजिहथियार धार मानहु निन्दक नहिं आवें द्वार ॥ ४ ॥ ताके दक्षिण चलि गुफा आय, सत घरा हैं ताको कहाय । तामें चौवीसी बनीसार,अरुत्रह प्रतिमासब योगधार॥५॥ सबमें हरि चमर सुधरहिं हाथ । नितआय भव्यनावहीं सुमाथ । ताके ऊपर मंदिर विशाल, देखत भविजन होते निहाल॥६॥ ता दक्षिण टूटो गुफाआय,तिनमें ग्यारह प्रतिमा सुहाय । पुनिपवतके ऊपर सुजाय,मंदिर दीरघ मनको लुभाय ॥७॥' बुन्देलखण्डसे यहां आय, परवार जाति भूपण कहाय । "मजू" जु नाम उनका लखाय जिन मंदिर था दीना बनाय ॥ ८॥ तामें प्रतिमा भगवान जान खड्गासन योग धरें महान । ले अष्ट द्रव्य तसु पूज्य कीन, मनवचतन करि मम धोक दीन ॥ ६ ॥ भयो जन्म सफल अपनो सुमाय, दर्शन अनूप देखो जिनाय । अब अष्ट करम होंगे जु चूर जाते सुख पाहैं पूर पूर ॥१०॥ पूरव उत्तर द्विय जिन सुधाम प्रतिमा खड्गासन अति महान । दर्शन करके मन शुद्ध होय, शुभ बन्ध होय निश्चय जु कोय ॥ ११ ॥ पुनि एक गुफामें बिम्बसार, ताको पूजनकर फिर उतार । पुनि और गुफा खाली अनेक तेहैं मुनिजनके ध्यानहेत।१२। सुनि चलकर उदयागिरि सुजाय, भारी भारो गुफा लखाय । इक गुफामाहिं जिनराज जान, पद्मासन धर प्रभु करें ध्यान ॥१३॥ जो

पूजन है भ्रमनाशनकाय, सो मन मनके पातक नशाय। तिनमें इक वापी गुफस्थान प्राचीन जैन शोभै महान ॥१४॥ महाराज खारवेल नाम आस, जिनने जिनमतका किया प्रकाश। बनवाई गुफामंदिर अनेक। मध करी प्रतिष्ठा भी अनेक ॥ १५ ॥ इसका प्रमाण यह शिलालेख बतलाता है जैनस्व पक्ष ॥ प्रारम्भ लेखमें यह बखान, सिद्धोंको वन्दन नव प्रणाम ॥१६॥स्वस्तिकवरका चिन्ह विराजमान जो जैनधर्मका है महान। मथुरापतिसे रनयुद्ध कीन। प्रतिमा भाजी स्वर फेर लीन ॥ १७ ॥ तालाव कूपवापी अनेक, पुरवाई जन कर्तव्य येक। रानी भी दानी थीं विशेष बनवाई गुफा उनने अनेक ॥१८॥ पुनि और गुफामें लेखस्थान पढ़ते जिनमतमानत प्रधान,तहाँ दशरथ नपके पुत्र भाय मुनि सग पाँच सौ भी सहाय ॥ १९ ॥ तप बारह विधिका यह करंत बाईस परीषह यह सहन्त। प्रति समितिपंचयुत चले सार। छयालीस दोष टलकर अहार ॥२०॥ इसविधि तपयुत्त र करन लोप सो उपजे कैवल ज्ञान सोय। तब इन्द्र आय भति भक्ति धार, पूजा कीनी आनन्द धार ॥२१॥ पुनि धर्मोपदेश है भव्य पार नाना देशमें कर विहार। पुनि आये यही गिरनार धाम सो ध्यान योग्य भाना महान ॥ २२ ॥ भये सिद्ध अनन्त गुणमन ईस तिनके युगपदपर धरत शीस। निज सिद्धनको पुनि पुनि प्रणाम जिनगुण अविचल भाना सुधाम ॥२३॥ वन्दन सब पूजा आदि पनाय सेवक अनुक्रम जिनपद सहाय। पूजन करताहूँ मैं जिनदास करजोड़ नमत है सुखवास ॥ २४ ॥ घत्ता—उदयागिरि क्षेत्र भनि गुणवेत सुरतर्दि भवदधि पार करें। जो पूजे ध्यावे करमनशावे वांछित पावे मुक्ति वरें ॥ २५ ॥

ॐ ह्रीं श्रीखण्डगिरि सिद्धक्षेत्रेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा

दोहा—श्रीखण्डगिरि उदयगिरि, जो पूजैं त्रैकाल।

पुत्र पौत्र सम्पति लहै, पावै शिव सुख हाल ॥२६॥

१७६—आराधना पाठ।

मैं देवनित अरहंत चाहूं सिद्धका सुमिरन करौं, मैं सुरगुरु मुनि तीनि पद मैं साधुपद हृदय धरौं। मैं धर्मकरुणामयी चाहूं, जहां हिंसा रञ्जना। मैं शास्त्रज्ञान विराग चाहूं जासुमैं परपंचना ॥१॥ चौबीस श्रीजिनदेव चाहूं और देव न मन बसै। जिन बीस क्षेत्रविदेहचाहूं वंदिते पातिक नसै॥ गिरनार शिखर सम्मेद चाहूं चम्पापुर पावापुरी कैलास श्रीजिनधाम चाहूं भजत भाजैं भ्रम जुरी ॥ २ ॥ नवतत्वका सरधान चाहूं और तत्व न मन धरों षट्द्रव्य गुण परजाय चाहूं ठीक तासों भय हरों॥ पूजा परम जिनराज चाहूं और देव नहू सदा। तिहूंकालकी मैं जाप चाहूं पापनहि लागे कदा॥३॥ सम्यक्त दर्शन ज्ञान चारित्र सदा चाहूं भावसों। दशलक्षणी मैं धर्म चाहूं महाहर्ष उछावसों। सोलहजु कारण दुखनिवारण सदा चाहूं प्रीतिसों॥ मैं चित्त अठाईं पर्व चाहूं लहा मङ्गल रीतिसों ॥ ४ ॥ मैं वेद चारौं सदा चाहू आदि अन्त निवाहसों। पाये धरमके चार चाहूं अधिक चित्त उछाहसों॥ मैं दान चारों सदा चाहू भुवनवशि लाहो लहूं। आराधना मैं चारि चाहूं अन्त मैं जेई गहू ॥५॥ भावन बारह सदा भाऊं भाव निरमल होत हैं। मैं व्रतजु बारह सदाचाहूं त्याग भाव उद्योत हैं॥ प्रतिमा दिगम्बर सदाचाहू ध्यान आसन सोहना। वसुकर्मतें मैं छुटा चाहूं शिव लहूं जहं मोहना ॥ ६ ॥

मैं साधुजनको संग न पाई प्रीति तिनहीं सोकरौं। मैं पर्वके उपवास न पाई मारम्भ मैं परिहरौं ॥ इस दुःख पंचमकाल माहीं कुल श्रावकमैं लह्यो। मद महाव्रत धरि सकौं नाहीं निबल तन मैंने गह्यो ॥ ७ ॥ आराधना उत्तम सदा चाहूँसुनो जिनरायजी। तुम कृपानाथ अनाथ पालत दया करना न्याय जी ॥ वसुकर्मनाश विकाश ज्ञान प्रकाश मोको कीजिये। करि सुगति गमन समाधिमरण सुभक्ति चरणन दीजिये ॥ ८ ॥

१८०—शांति पाठ।

(शांतिपाठ बोलते समय दोनों हाथोंसे पुष्प वृष्टि करो)

दोधकवृत्तम

शांतिजिनं शशिनिर्मलवक्त्रं शीलगुणव्रतसंयमपात्रम्।
अष्टशतार्चितलक्षणगात्रं नौमि जिनोत्तममम्बुजनेत्रम् ॥ १ ॥
पञ्चममीप्सितचक्रधराणां पूजितमिन्द्रनरेन्द्रगणैश्च।
शांतिकरं गणशांतिमभीप्सुः षोडशतीर्थकरं प्रणमामि ॥ २ ॥
दिव्यतरुः सुरपुष्पसुवृष्टिर्दुन्दुभिरासनयोजनघोषौ।
आतपवारणचामरयुग्मे यस्य विभाति च मण्डलतेजः ॥ ३ ॥
तं जगदर्चितशांति जिनेन्द्रं शांतिकरं शिरसा प्रणमामि।
सर्वगणाय तु यच्छतु शांतिं मह्यमरं पठते परमां च ॥ ४ ॥
येऽभ्यर्चिता मुकुटकुण्डलहाररत्नैः शक्रादिभिः सुरगणैः स्तुतपादपद्माः
ते मे जिनाः प्रवरवंशजगत्प्रदीपास्तीर्थंकराः सततशांतिकरा भवन्तु ॥५॥
संपूजकानां प्रतिपालकानां यतीन्द्रसामान्यतपोधनानाम्।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु शांतिं भगवान् जिनेन्द्रः ॥ ६ ॥

स्रग्धरावृत्तम—क्षेमं सर्वप्रजाना प्रभवतु वलवान धार्मिको भूम पाल. । काले काले च सम्य'वर्षतु मघवा व्याधयो यान्तु नाशम् ॥ दुर्भिक्षं चौरमारी क्षणमपि जगता मस्मभूजीवलोके । जैनेन्द्र'धर्म-चक्र'प्रभवतु सतत सर्वसौख्यप्रदायि ॥ ७ ॥

अनुष्टुप्—प्रध्वस्तघातिकर्माण. केवलज्ञानभास्करा. । कुर्वन्तु जगतः शाति वृषभाद्या जिनेश्वरा ॥ ८ ॥ प्रथम करणं चरणं द्रव्यं नम' ।

अथेष्ट प्रार्थना ।

शास्त्राभ्यासो जिनपतिनुतिः सङ्गति सर्वदार्यै. । सद्वृत्तानाँ गुणगणकथा दोषवादे च मौनम् । सर्वस्यापि प्रियहितवचो भावना चात्मतत्वे । समपद्यन्ता मम भवभवे यावदेतेऽपवर्ग' ॥ ६ ॥

आर्यावृत्ताम—तव पादौ ममहृदये, मम हृदयं तव पदद्वये लीनम् तिष्ठतु जिनेन्द्र तावद्यावन्निर्वाणसम्प्राप्ति ॥ १० ॥

आर्या—अक्खरपयत्थहीण मत्ताहीण च जं मये भणियं । तं खमउ णाणदे्व य मज्झवि दुःक्खय दितु ॥ ११ ॥ दुःक्खखओ कम्मखओ समाहिमरणं च वोहिलाहो य । मम होउ जगतवन्धवतव. जिणवर चरणशरणेण ॥ १२ ॥ (परिपुष्पांजलिं क्षिपेत्)

विसर्जन पाठ—ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि शास्त्रोक्त' न कृत मया तत्सर्व पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादाज्जिनेश्वर. ॥१॥ आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम् । विसर्जन' नजानामि क्षमस्व परमेश्वर ॥२॥ म'त्रहोनं क्रियाहीन द्रव्यहीनं तथैव च । तत्सर्वं क्षम्यता देव रक्ष २ जिनेश्वर ॥ ३ ॥ अहूता ये पुरा देवा लब्धभागा यथाक्रमम् ते मया-भ्यर्चिता भक्त्या सर्वे यातु यथास्थितिम् ॥ ४ ॥

१८१—भाषास्तुति पाठ।

तुम तरणतारण भवनिवारण भविकमन आनन्दनों । श्रीनाभिनन्दन जगतवन्दन आदिनाथ निरंजनो ॥ १ ॥ तुम आदिनाथ अनादि सेऊं सेयपद पूजा करूं । कैलासगिरिपर ऋषभ जिनवर पदकमल हिरदै धरूं ॥२॥ तुम अजितनाथ अजीत जीते अष्टकर्म महाबली। यह विरद सुनकर सरण आयो कृपाकीजो नाथजी ॥३॥ तुम चन्द्रवदन सुचन्द्रलक्षण चन्द्रपुरि परमेश्वरो। महासेननन्दन जगतवन्दन चन्द्रनाथ जिनेश्वरो ॥ ४ ॥ तुमशांति पांच कल्याण पूजों शुद्ध मनवच कायजू। दुर्भिक्ष चोरी पापनाशन विघनजाय पलायजू ॥५॥ तुम बालब्रह्म विवेकसागर भव्यकमलविकाशनो। श्रीनेमिनाथ पवित्र दिनकर पाप तिमिरविनाशनो ॥६॥ जिन तजी राजुल राज कन्या कामसेन्या—वश करी। चारित्र रथ चढ़ि भये दूलह जाय शिवरमणी वरी ॥७॥ कन्दर्प दर्प सुसर्प लच्छन कमठशठ निर्मदकिय अश्वसेननन्दन जगतवंदन सकल संघमंगल कियो ॥८॥ जिन धरी बालकपने दीक्षा कमठ मान विदारके। श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रके पद मैं नमों शिरधारके ॥९॥ तुम कर्मघाता मोक्षदाता दीन जान दया करो। सिद्धार्थनन्दन जगतवन्दन महावीर जिनेश्वरो ॥ १० ॥ छत्र तीनसोहैं सुर नर मोहैं वीनती अब धारिये। करजोड़ि सेवक वीनवै प्रभु आवागमन निवारियो ॥ ११ ॥ अब होउ भव भव स्वामि मेरे मैंसदासेवक रहों करजोड़ यों वरदान मांगूं मोक्षफल जावत लहो ॥ १२ ॥ जो एक माहीं एक राजै एक माहि अनेकनो। इक अनेक कि नहीं संख्या नमोंसिद्ध निरंजनो ॥१३॥ मैं तुम चरणकमल गुण गाय। बहुविधि भक्ति करौ मन लाय। जनम २ प्रभु पाऊं तोहि

सप्तव्यसन चित्रावली

जुआ खेलने का फल।

सप्तव्यसन चित्रावली

चोरी का फल।

स्वार्थत्यागकी कठिन तपस्या बिना खेद जो करते हैं,

ऐसे ज्ञानी साधु जगतके दुख समूहको हरते हैं ॥ २ ॥

रहे सदा सत्सङ्ग उन्हींका, ध्यान उन्हींका नित्य रहे,

उन हीं जैसी चर्यामें यह चित्त सदा अनुरक्त रहे ।

नहीं सताऊं किसी जीवको, झूठ कभी नहिं कहाकरूं,

परधन वनिता पर न लुभाऊं, संतोषामृत पिया करूं॥३॥

अहङ्कारका भाव न रक्खूं, नहीं किसी पर क्रोध करूं,

देख दूसरोंकी बढतीको कभी न ईर्षा भाव धरूं ।

रहे भावना ऐसी मेरी, सरल सत्य व्यवहार करू,

बने जहांतक इस [illegible]में औरोंका उपकार करूं ॥४॥

मैत्रीभाव जगतमें मेरा सब जी[illegible]से नित्य रहे,

दीन दुखी जीवोंपर मेरे उरसे करुणास्रोत वहे ।

दुर्जन-क्रूर-कुमार्गरतोंपर क्षोभ नहीं मुझको आवे,

साम्यभाव रक्खूं मैं उनपर ऐसी परिणत हो जावे ॥५॥

गुणीजनोंको देख हृदयमें मेरे प्रेम उमड आवे,

बने जहा तक उनकी सेवा करके यह मन सुख पावे ।

होऊं नहीं कृतघ्न कभी मैं, द्रोह न मेरे उर आवे,

गुण ग्रहणका भाव रहे नित, दृष्टि न दोषोंपर जावे ॥६॥

कोई-[illegible]हे या अच्छा, लक्ष्मी आये या जावे,

[illegible] वर्षोंतक जीऊं या मृत्यु आज हीं आ जावे ।

[illegible] भय या लालच देने आवे,

[illegible]से मेरा कभी न पद डिगने पावे ॥७॥

शुभ स्याद्वादनयका सुपथ सबको दिखाया आपने।
　　दृढ़ आत्मबलका मर्म भी सबको सिखाया आपने॥
समता सभीके साथ सब दिन आपकी रहती रही।
　　इस हेतु सेवा आपकी निष्फल नहीं करती रही॥५॥
यद्यपि अहिंसा धर्म सभीमें श्रेष्ठ सब माना सही।
　　पर वास्तविक उसके निधानोंको कभी जाना नहीं॥
किस भाँति करना चाहिये जगमें अहिंसा धर्मको।
　　अतिशय सरल करके दिखाया आपने इस मर्मको॥६॥
करके कृपा यदि भवतरिन होते न भूपर आप तो।
　　मिटता नहीं संसारका भवकालमें भव ताप तो॥
जितकाम हो निष्काम हो सब शांतिके सुखधाम हो।
　　योगीन्द्र भोगोंसे रहित गुणहीन हो गुणग्राम हो॥७॥
जय जय महावीर प्रभो! जगको जगा कर आपने।
　　संसारके हिंसा मलिन मयको भगाकर आपने॥
इस लोकको सुरलोकसे भी परम पावन कर दिया।
　　अज्ञान भाकर विश्वको प्रकाशका सागर किया॥८॥

१८३—मेरी भावना।

जिसने रागद्वेष कामादिक जीते सब जग जान लिया
　　सब जीवोंको मोक्षमार्गका निस्पृह हो उपदेश दिया।
बुद्ध वीर जिन हरि हर ब्रह्मा या उसको स्वाधीन कहो
　　भक्ति भावसे प्रेरित हो यह चित्त उसीमें लीन रहो॥१॥
विषयोंकी आशा नहिं जिनके, साम्य-भाव धन रखते हैं,
　　निज परके हित साधनमें जो निशदिन तत्पर रहते हैं॥

गजगृह नाम । श्रेणिक राज करे अभिराम ॥ नाम चेलना गृह पटरानि । चंद्ररोहिणी रूप समान ॥ २ ॥ नृप बैठो सिंहासन परे वनमाली फल लायो हरे ॥ कर प्रणाम वच नृपसे कहो चित्त प्रमोद से ठाडो रहो ॥३॥ वर्द्धमान आये जिन स्वामि । जिन जीतो उद्यम अरि काम ॥ इतनी सुनत नृपति उठ चलो । पुरजन युत दलवलसैं मलो ॥ ४ ॥ समोशरण वन्दे भगवान । पूजा भक्ति धारि बहुमान ॥ नर कोठो बैठो नृपजाय । हाथ जोड़ पूछे शिर नाय ॥ ५ ॥ सुगन्ध दशमी व्रत फल भाषि । तानरकी कहिये अब साखि ॥ गणधर कहैं सुनो मगधेश । जम्बद्वीप विजयार्द्ध देश ॥ ६ ॥ शिव मन्दिरपुर उत्तरश्रेणी । विद्याधर प्रीति कर जैनी ॥ कमलावती नारि अति रूप सुरकातासे अधिक अनूप ॥ सागरदत्त वसे तहां साह । जाके जिन व्रतमें उत्साह ॥ धनदत्त वनिता गृह कही । मनोरमा ता पुत्री सही ॥ ८ ॥ सुगुप्ताचार्य गृह आइयो । देख मुनींद्र दु ख पाइयो ॥ कन्या मुनिकी निन्दा करी । कुछ मनमें नहि शङ्का धरी ॥ ९ ॥ नग्न गात दुर्गंध,शरीर । प्रकट पने देहो नहिं चीर । मुख ताम्बूल हतो मुनिअङ्ग मानो सुखको कीनो भङ्ग ॥ १० ॥ भोजन अन्तराय जब भयो मुनि उठ जाय ध्यान वन दियो ॥ समताभावधरैउरमाहि । किञ्चित खेद चित्तमें नाहिं ॥११॥ जोते अवधि समय कछु गयो । मनोरमाका [illegible] सुभयो । भई गधी पुनि कुकरि ग्राम । अपर ग्रामभई सूकरी ॥१२॥ [illegible] तिलकपुर जान । विजसेन तहका नृप [illegible] चित्ररेखा [illegible] गो । ता पुत्री दुर्गन्धा भई ॥१३॥ एक [illegible] विनतीको ठयो ॥ मो पुत्री दुर्गंधा [illegible] ॥ १४ ॥ राजा वचन मनिश्वर

होकर सुखमें मग्न न फूले दुखमें कभी न घबड़ावे

पर्वत-नदी श्मशान-भयानक अटवीसे नहि भय खावे।

रहे अडोल-अकंप निरंतर, यह मन दृढ़तर बन जावे,

इष्टवियोग अनिष्ट योगमें सहनशीलता दिखलावे॥ ८॥

सुखी रहें सब जीव जगतके कोई कभी न घबरावे

बैर पाप अभिमान छोड़ जग नित्य नये मङ्गल गावे।

घर २ चर्चा रहे धर्मकी दुष्कृत दुष्कर हो जावे

ज्ञान चरित्र उन्नत कर अपना मनुज जन्मफल सब पावें॥९॥

ईति भीति व्यापे नहि जगमें वृष्टि समयपर हुआ करे,

धर्मनिष्ठ होकर राजा भी न्याय प्रजाका किया करे।

रोग मरी दुर्भिक्ष न फैले, प्रजा शांतिसे जिया करे

परम अहिंसा धर्म जगतमें फैल सर्वहित किया करे॥१०॥

फैले प्रेम परस्पर जगमें मोह दूरपर रहा करे,

अप्रिय कटुककठोर शब्द नहि कोई मुखसे कहा करे।

बनकर सब युग-वीर हृदयसे देशोन्नति रत रहा करे

वस्तुरूप विचार खुशीसे सब दुख संकट सहा करे॥११॥

तेरहवां अध्याय

१८४—सुगन्ध दशमी व्रत कथा

चौपाई—वर्द्धमान वन्दौं जिनराज। गुरु गौतम वन्दों सुखदाय

सुगन्धदशमीव्रत की कथा नम भाष सुखकारी यथा॥१॥ मगधदेश

विद्यावन्त सुगुणको खान ॥ जो सुगन्ध मदनावलि जाय । सो पुरु षोत्तमको परनाय ॥ २८॥ राजा मदन सुन्दरी बाल । सुखसे जात । जानो काल ॥ एक दिवस मुनिवर वंदियो । धर्म श्रवण मुनिवरपर कियो ॥२६॥ हाथ जोड पूछे तब राय । महा मुनींद्र कहो समझाय मो गृह रानी मदनावली । ता शरीर शोभता भली ॥ ३० ॥ कौन पुन्यसे सुभग सुरूप सुरवनितासे अधिक अनूप ॥ राजा वचनमुनीं-श्वर सुने । सब वृत्तान्त रायसे भने ॥३१॥ जैसे दुर्गन्धा व्रत लहो तैसी विधि नरपतिसे कहो ॥ सुने भवातर जोड़े हाथ । दिक्षाव्रत दीजे मुनिनाथ ॥ ३२॥ राजाने जब दीक्षा लई । रानी तबे अर्जिका भई ॥ तपकर अन्त स्वर्गको गई । सोलम स्वर्ग प्रतेन्द्र सो भई ।३३ बाईस सागर कालजो गयो । अन्तकालना दिवसे चयो॥भरत मु-क्षेत्र मगध तहं देश । वसुधा अमर केतुपुर वेश ॥३४॥ ता नृप गेह जन्म उन लहो । जो प्रतेन्द्र अच्युत दिव कहो ॥ कनककेतु कञ्चन द्युति देह । बनिता भाग करे शुभगेह ॥३५॥ अमरकेतु मुनि आगम भयो कनककेतु तह वदत गयो ॥ सुनो सुधर्म श्रवग सयोग तजे परिग्रह अरु भव भोग ॥ ३६ ॥ घाति घातिया केवल लयो । पुनि अघाति हनि शिवपुर गयो ॥ व्रतसुगन्धदशमी विख्यात । ता फल भयो सुरभि युत गात ॥३७॥ यह व्रत पुरुष नारि जो करे । सोदुख सकट भूल न परे॥शहर गहेली उत्तमवास । जैन धर्मको जहाप्रकाश ॥३८॥ सब श्रावक व्रत सयम धरे । पूजा दानसे पातक हरें ॥ उप-देशी विश्व भूपण सही । हेमराज पडितने कही ॥३६॥ मन वच पढ़े सुने जो कोय । ताको अजर अमर पद होय ॥ यासे भविजन पढो त्रिकाल । जो छूटे विधिके भ्रम जाल ॥ ४० ॥

॥ श्रीसुगन्ध दशमी व्रत कथा भाषा सम्पूर्णम् ॥

सुन । मुनि वृत्तांत रायसे भने । सब वृत्तांत हाकिमो जान । मुनि राजासे कहो बखान ॥१५॥ सुन सुगंधा जोड़े हाथ । मोपर कृपाकरो मुनिनाथ । ऐसा व्रत उपदेशो मोहि । जासे तनु नियोग अव होहि ॥१६॥ दयावंत बोले मुनिराज । सुन पुत्री व्रत जिनराजगाय॥समता भाव चित्तमें धरो ॥ तुम सुगंध दशमी व्रत करो॥१७॥यह व्रतकीजे मनवच काय । जासे रोग शोक सब जाय सुगंधा जिनवैं जिनुराय कहिये सविधि महा मुनिराय ॥ १८ ॥ ऐसी वचन सुने मुनि जवै । तब बोले पुत्री सुन सबै ॥ भादों शुक्ल पक्ष जब होय । दशमी दिन करना जोय ॥१९॥ चारों दसकी धारादेव । मनमैंराखो श्रीजिन देव ॥ शीतलनाथको पूजा करो । मिथ्या मोह दूर परिहरो ॥ २० ॥ दशके दिन छोड़ो आरम्भ । यासे मिटै कर्मका दम्भ ॥ याके करत पाप सब जाय । सो दश वर्ष करो मन लाय ॥२१॥ अब यह व्रत सम्पूर्ण होय उद्यापन कीजे चित जोय। दश श्रीफल मधुरफल जान । नीवू सरस महा फल मान ॥ २२ ॥ दश कीजे पुस्तक लिखवाय । यह विधि सब मुनि दई सनाय ॥ विधि सुन सुगंधा व्रत लयो । सब दुर्गंध तत्क्षण गयो ॥ २३ ॥ व्रतकर आयु जो पूरण करी । इशान स्वर्ग भई अपसरी ॥ जिन चैत्यालय वन्दन करै । सम्यक्भाव सदा उर धरै ॥ २४ ॥ भरतक्षेत्र मई मगध सुदेश । मूनि तिलकपुर वसे महेश ॥ राजा महीपाल तहां जान । मदन सुन्दरी त्रिया बखान ॥२५॥ बड़ो वित्रमैं दैनी भास । ताके पुत्री भई निवास ॥ मदनावली नाम धर तासौं भनि सुरूप नृनु सकल सुवास ॥२६॥ बहुत वानको करी बखान । सुर कन्या मानों उन्मान ॥ कौशांबीपुर मदन नरेन्द्र । रानी सती करै आनन्द ॥ २७ ॥ पुरुषोत्तम सुन सुन्दर जान ।

विद्यावन्त सुगुणको थान ॥ जो सुगन्ध मदनावलि जाय । सो पुरुषोत्तमको परनाय ॥ २८॥ राजा मदन सुन्दरी बाल । सुखसे जात । जानो काल ॥ एक दिवस मुनिवर वंदियो । धर्म श्रवण मुनिवरपर कियो ॥२९॥ हाथ जोड पूछे तब राय । महा मुनींद्र कहो समझाय मो गृह रानी मदनावली । ता शरीर शोभता भली ॥ ३० ॥ कौन पुन्यसे सुभग सुरूप सुरवनितासे अधिक अनूप ॥ राजा वचनमुनीश्वर सुने । सब वृत्तान्त रायसे भने ॥३१॥ जैसे दुर्गन्धा व्रत लहो तैसी विधि नरपतिसे कहो ॥ सुने भवातर जोडे हाथ । दिक्षाव्रत दीजे मुनिनाथ ॥ ३२॥ राजाने जब दीक्षा लई । रानी तबे अर्जिका भई ॥ तपकर अन्त स्वर्गको गई । सोलम स्वर्ग प्रतेन्द्र सो भई ।३३ बाईस सागर कालजो गयो । अन्तकालता दिवसे चयो॥भरत सुक्षेत्र मगध तहं देश । वसुधा अमर केतुपुर वेश ॥३४॥ ता नृप गेह जन्म उन लहो । जो प्रतेन्द्र अच्युत दिव कहो ॥ कनककेतु कञ्चन द्युति देह । वनिता भाग करे शुभगेह ॥३५॥ अमरकेतु मुनि आगम भयो कनककेतु तह वन्दन गयो ॥ सुनो सुधर्म श्रवण सयोग तजे परिग्रह अरु भव भोग ॥ ३६ ॥ घाति घातिया केवल लयो । पुनि अघाति हनि शिवपुर गयो ॥ व्रतसुगन्धदशमा विख्यात । ता फल भयो सुरभि युत गात ॥३७॥ यह व्रत पुरुष नारि जो करे । सोदुख सकट भूल न परे॥शहर गहेली उत्तमवास । जैन धर्मको जहाप्रकाश ॥३८॥ सब श्रावक व्रत सयम धरे । पूजा दानसे पातक हरे ॥ उपदेशी विश्व भूषण सहो । हेमराज पडितने कही ॥३९॥ मन वच पढे सुने जो कोय । ताको अजर अमर पद होय ॥ यासे भविजन पढो त्रिकाल । जो छूटे विधिके भ्रम जाल ॥ ४० ॥

॥ श्रीसुगन्ध दशमी व्रत कथा भाषा सम्पूर्णम् ॥

दश भव इहिविधि थाय दशों जन्म नरकहि गया। दुगति कारण पाय फलो पार वट वोजवत्

दोहा—निशि भोजन करिये नहीं, प्रगट दोष अविलोय।
परभव सव सुख संपजे, यह भव रोग न होय॥

छप्पय (छन्द)

कीडो बुध बल हरे,कम्प गद करे कसारी। मकडी कारण पाय कोढ उपजे दुख भारी॥ जुयाँ जलोद्र जने फांस गल विथा बढ़ावे वाल सवे सुरभंग वमन माखी उपजावे॥ तालवे छिद्र वीछू भखत और व्याधि बहु करहि सव। यह प्रगज दोष निशा असनके परभव दोष परोक्ष फलि॥

जो अघ इहि भव दुख करे, परभव क्यों न करेय, डसत सांप पोड़े तुरत लहर क्यों न दुख देय। सुवचन सुन डाहारजे मूरख मुदित न होय। मणिधर फण फेरे सही नहीं साप नहि होय॥ सुव-चन सत गुरुके वचन और न सुवचन कोय। सत गुरु वही पिछा-नियेआ उर लोभ न होय॥ ५॥ भूधर सुवचन साँभलो स्वपर पक्षकर वीन। समुद्र रेणुका जो मिले नोड़े तें गुण कौन॥ इति॥

१६२—श्रीरविव्रत कथा

चौपई—श्रीसुखदायक पार्श्वजिनेश सुमति सुगति दाता पर-मेश सुमिरों शारद पद अरविन्द। तिनकर व्रत प्रगटो सानन्द॥१॥ वाणारस नगरो सुविशाल। प्रजापाल प्रगटो भूपाल॥ मतिसागर सेठ सुजान, ताका भूप करे सन्मान॥ तासु त्रिया गुणसुन्दरि नाम आठ पुत्र ताके अभिराम। पट् सुत भोग करे परणीत। वाल रूपगुण धर सुविनीत॥२॥ सहस्र कूट शोभित जिन धाम। आये यति पनि

अनन्त चौदस व्रत कथा ।

दोहा—अनन्तनाथ वन्दों सदा, मनमें कर बहु भाव ।
सुर असुर सेवत जिन्हैं, होय मुक्ति पर चाव ॥ १ ॥

जम्बूद्वीप द्वीपनमें सार । लख योजन ताका विस्तार ॥ मध्य सुदर्शन मेरु बखान । भरत क्षेत्र ता दक्षिण जान ॥२॥ मगध देश देशों शिरमणी । राजगृह नगरी अति बनी ॥ श्रेणिक महाराज गुणवन्त । रानी चेलना गृह शोभन्त ॥३॥ धर्मवन्त गुण तेज अपार । राजा राय महागुण सार ॥ एक दिवस विपुलाचल वीर । आये जिनवर गुण गम्भीर ॥४॥ चार ज्ञानके धारक कहे । गौतम गण धर सो संग रहे ॥ छह ऋतुके फल देखे नयन । बनमाली लेचलो ऐन ॥५॥ हर्ष सहित बन माली गयो । पुष्प सहित राजा पर गयो। नमस्कार कर जोड़े हाथ । मो पर कृपा करो नरनाथ ॥६॥ विपुलाचल उद्यान कहन्त । महा मुनीश्वर तहां वसन्त ॥ सुन राजा अति हर्षित भयो । बहुत दान मालीको दयो ॥७॥ सप्त ध्वनि बाजे बाजन्त । प्रजा सहित राजा चालन्त ॥ दे प्रदक्षिणा बैठो राव । जिनवर देख करो चित चाव ॥८ ॥ द्वै विधि धर्म कहो समुझाय । जासों पाप सर्व जर जाय ॥ खग तहां आयो एक तुरन्त । सुन्दर रूप महा गुणवन्त ॥९॥ नमस्कार जिनवरको करो । जय जयकार शब्द उच्चरो ॥ ताहि देख आश्चर्यित भयो । राजा श्रेणिक पूछतभयो ॥१०॥ सेना सहित महागुण खानि । को यह आयो सुन्दर वाणि ॥ याकी बात कहो समुझाय । ज्ञानवन्त मुनिवर तुम आय ॥ ११ ॥ [illegible] बुद्धि अपार । विजय नगर कहो अतिसार ॥ मनो[illegible] । श्रीमती रानीको कन्त ॥ १२ ॥ ताका पुत्र [illegible] प्रयवन्त सुन्दर गुणधाम ॥ पूरव नप कीनो इन [illegible] भुगते शुभ सोय ॥ १३ ॥ नाकी कथा कहूं त्रि[illegible] सार ॥ भरतक्षेत्र तामें सुखकार । कौशल [illegible] ॥ परम सुखद नगरी तह जान । विप्र सोम

ताते मिले स्वर्गका वास ॥ २७ ॥ उद्यापनकी शक्ति न होय। कीजे व्रत दूनों भवि लोइ ॥ विप्र कियो व्रत विधिसों आय। सब दुख तसु गयो विलाय ॥२८॥ अन्तकाल धरके सन्यास। ताते पायो स्वर्ग निवास ॥ चौथे स्वर्गदेव सो जान। महा ऋद्धताके सो वखान ॥२९॥ विजयार्द्ध गिरी उत्तम ठौर। कांचीपुर पत्तन शिर-मौर। राजा तहं अपराजित वीर। विजया तासु प्रिया गम्भीर ॥३०॥ ताको पुत्र अरिञ्जह नाम। तिन यह आय कियो परणाम ॥ कञ्चनमय सिंहासन आन ॥ ता पर भूप बैठो सुख खान ॥ ३१ ॥ व्योम पटल विनशत लख सन्त। उपजो चित वैराग महंत। राज पुत्रको दयो बुलाय। आप लई दीक्षा शुभ भाय ॥ ३२ ॥ सही परीषह द्रड चित धार। ताते कर्म भये अति क्षार ॥ घाति घातिया केवल भयो। सिद्धि वुद्धि सो पद निर्भयौ ॥ ३३ ॥ रानीने व्रत कीनो सही। देव देह दिव अच्युत लही ॥ तहा सु सुख भुगते अधिकाय। तहासे आय भयो नर राय ॥ ३४ ॥ राज ऋद्धि पाई शुभ सार। फिर तप कर विधि कीने क्षार ॥ तहांसों मुक्तिपुर को गयो। ऐसो तिन व्रत को फल लयो ॥ ३५ ॥ ऐसा व्रत पाले जो कोई। स्वर्ग मुक्ति पद पावे सोई ॥ विनय सागर गुरु आज्ञा करी। हरि किल पाठ चित्तमें धरी ॥३६॥ तव यह कथा करी मन ल्याय। यथा शास्त्र मैं वरणी आय ॥ विधि पूर्वक पाले जो कोय। ताको अजर अमर पद होय ॥ ३७ ॥

रत्नत्रय व्रत कथा।

दोहा—अरहनाथको वन्दिके, वन्दों सरस्वति पांय।
रत्नत्रय व्रतकी कथा, कहू सुनो मनलाय ॥ १ ॥

धर्मी गुण जान ॥ सोमिल्या मामिन ता कही। दुख दरिद्रकी पूरित मही ॥ १५ ॥ पूरब पाप किये मनै। ताको दुख भुगतेहो घने ॥ सुन राजा मेघका वृतांत। नगर२ डोलमें दुखवन्त ॥ १६ ॥ देश विदेश फिरै दुखमाहा। तोहु न पावै सुखका निवास ॥ भ्रमतर सो आयो तहां। समोशरण जिनवरको जहां ॥ १७ ॥

दोहा—अनन्तनाथ जिनराजका, समोशरण तिहि बार।

सुर नर मनि हर्षित भये, देख महा द्युति सार ॥१८॥

विप्र देख मति हर्षित भयो। समोशरण वन्दनको गयो ॥ वन्दि जिनेश्वर पूछे सोई। कहा पाप मैं कीनो होई ॥ १९ ॥ दरिद्र पीड़ा यहि शरीर। सोतो व्याधि हरो गम्भीर ॥ गणधर कहैं सुनो द्विजराज। अनन्तव्रत कीजे सुखदाय ॥ २० ॥ तब विप्र बोलाकर भाय। किस विधि होई सो देहु बताय ॥ किस प्रकार या व्रतको करो। कहा विधान चित्तमें धरो ॥ २१ ॥ भादों मास सुकलकी जान। चौदश शुक्ल कही सुख दान ॥ कर स्नान शुद्ध हो जाय। तब पूजे जिनवर सुखदाय ॥ २२ ॥ शुद्ध वन्दना करै जिनराय या विधसो मन प्रेम बढाय ॥ त्रिकाल पूजै श्रीजिनदेव। रात्रि जागरण कर सुख लेव ॥२३॥ गीत व नृत्य महोत्सव जान। धारा जिनवर करो बखान ॥ अर्घ चतुर्दश विधिसे धरै। ता पीछे उद्यापन करै ॥ २४ ॥ करै प्रतिष्ठा चौदह सार। पा से पाप होय बर छार ॥ झारी थारी अधिक अनूप। चरण कलश देवै शुभ रूप ॥ २५ ॥ दी यह प्रकार सहुत भाव। और कीजे उत्तम आव ॥ छत्र सिंघा सन विधि से करै। तातें सबै पाप परिहरे ॥२६॥ चार प्रकार दान दीजिये। याहि मनुष्य सुफल कीजिये ॥ अनन्तावस्था मै उपवास।

चौपाई।

जंबूद्वीप अलंकृत हेर। रह्यो ताहि लवणोदधि घेर॥ मेरु सु दक्षिण दिश है सार। है सो विदेह धर्म अवतार॥१२॥ कच्छवती सुदेश तहां वसे। वीतशोकपुर तामें लसे॥ वस्त्रिव नाम तहाका राय, करे राज सुरपति सम भाय॥१५॥ मालीने आय जनावो दयो। विपुल बुद्धि प्रभु वनमें ठयो॥ इतनी सुन नृप वन्दन गयो दान बहुत मालीको दयो॥१६॥ हे स्वामी रत्नत्रय धर्म। मोसों कहौ मिटै सब भर्म॥ तब स्वामीने सब विध कही। जो पहिले सो प्रकाशी सही॥१७॥ पञ्चामृत अभिषेक सु ठयो। पूजा प्रभुकी कर सुख लयो॥ जागिरनादि ठयो बहु भाव इस विधि व्रत कर विस्त्रिव राय॥१८॥ भाव सहित राजा व्रत करो। धर्म प्रतीत चित्त अनुसरो॥ षोडश भावना भावत भयो। अन्त समाधिमरण तिन करो॥१९॥ गोत्र तीर्थंकर बांध्यो सार। जो त्रिभुवनमें पूज्य अपार॥ सर्वार्थ सिद्धि पहुचो जाय। भयो तहां अहमेन्द्र सुभाय॥२०॥ हस्त मात्र तन ऊचो भयो। तेंतिस सागर आयु सो लयो॥ दिव्य रूप सुखको भण्डार। सत्य निरूपण अवधि विचार॥२१॥ सौधर्मेन्द्र विचारी धरी। यक्षेश्वरको आज्ञा करी॥ वेग देश निर्माप्यो जाय। थापो सुथरापुर अधिकाय॥२२॥ कुम्भपुर राजा तहा बसे। देवी प्रजावती तिस लसे॥ श्रीआदिक तहा देवी आय। गर्भसे सोधना कीनी जाय॥२३॥ रत्न वृष्टि नृप आंगन भई। पन्द्रह मास लो बरसत गई॥ सर्वार्थ-सिद्धिसे सुर आय। प्रजावती सुकुक्ष उपजाय॥२४॥ नेमिनाथ सो नामजो पाय। द्वैज चंद्रसम बढत सुभाय॥ जब विवाह मंगल विधि भई। तब प्रभु चित विरागता

चौपाई—जंबूद्वीप् भरत शुभ क्षेत्र। मगध देश सुख सम्पति हेत। राजगृह तहाँ नगर बसाय। राजा श्रेणिक राज कराय ॥ २ ॥ विपुलाचल जिनवीर कुमार। केवल ज्ञान विराजत सार। माली आय जनायो दयो। तत्क्षण राजा वन्दन गयो ॥ ३ ॥ पूजा वन्दन कर शुभ सार। लागो पूछन प्रश्न विचार। हे स्वामी रत्नत्रय सार। व्रत कहिये जैसा व्यवहार ॥ ४ ॥ दिव्यध्वनि भगवान बताय। भादौं सुदि द्वादश शुभ भाय। कर स्नान स्वच्छ पट श्वेत। पहिलो जिन पूजनके हेत ॥ ५ ॥ मासों द्रव्य श्रेय शुभ लाय। पूजो जिनवर मन वच काय ॥ औरम नूतन जिनके गेह। बिंब धरामो तिनमें तेह ॥ ६ ॥ हेम रुप्य पीतलके यन्त्र। तांबा पत्रा भोजके पत्र ॥ यन्त्र करो बहु मन थिर देय। रत्नत्रयके शुभ लिख लेय ॥ ७ ॥ निर्शंकादि दर्शन गुण सार। संशय रहित सो ज्ञान अपार ॥ अहिंसादि महाव्रत सार। चारित्र के ये गुण हैं धार ॥ ८ ॥ ये तीनोंके गुण हैं आदि। इन्हें आदि अंत गुण बाद ॥ शिव मारगके साधन हेत। ये गुण धारे भवी सुचेत ॥ ९ ॥ भादौं माघ चैत्रमें जान। तीनों काल करो भवि मान ॥ या विधि तेरह वर्ष प्रमाण। मावना माये गुणहि निधान ॥ १० ॥ मवञ्जादि महोत्सव मान। जपो मन्त्र मन कर श्रद्धान ॥ पुनि उद्यापन विधि को यह। कलशा चमर छत्र शुभ देह ॥ ११ ॥ संघ चतुर्विधको आहार। वस्त्राभरण देह शुभसार। बिंब प्रतिष्ठा आदि अपार। पूजो श्री जिन हो भव पार ॥ १२ ॥

दोहा—इस विध श्रीगुरु धर्म सुन, मगध बिस्तपर भाय।
कौन फल पायो प्रभू सो भाषो समभाय ॥ १३ ॥

चौपाई ।

जंबूद्वीप अलंकृत हेर। रह्यो ताहि लवणोदधि घेर॥ मेरु सु दक्षिण दिश है सार। है सो विदेह धर्म अवतार ॥ १२ ॥ कच्छ-वती सुदेश तहां बसे। वीतशोकपुर तामें लसे॥ वस्त्रिव नाम तहाका राय,करै राज सुरपति सम भाय॥१५॥ मालीने आय जनावो दयो। विपुल बुद्धि प्रभु वनमें ठयो॥ इतनी सुन नृप वन्दन गयो दान बहुत मालीको दयो॥ १६ ॥ हे स्वामी रत्नत्रय धर्म। मोसों कहौ मिटै सब भर्म॥ तब स्वामीने सब विध कही। जो पहिले सो प्रकाशी सही ॥१७॥ पञ्चामृत अभिषेक सु ठयो। पूजा प्रभुकी कर सुख लयो॥ जागिरनादि ठयो बहु भाव इस विधि व्रत कर विस्त्रिव राय॥ १८ ॥ भाव सहित राजा व्रत करो। धर्म प्रतीत चित्त अनुसरो ॥ षोडश भावना भावत भयो। अन्त समाधिमरण तिन करो ॥१९॥ गोत्र तीर्थंकर बांध्यो सार। जो त्रिभुवनमें पूज्य अपार॥ सर्वार्थ सिद्धि पहुचो जाय। भयो तहां अहमेन्द्र सुभाय ॥२०॥ हस्त मात्र तन ऊंचो भयो। तेंतिस सागर आयु सो लयो॥ दिव्य रूप सुखको भण्डार। सत्य निरूपण अवधि विचार ॥२१॥ सौधर्मेन्द्र विचारी घरी। यच्छेश्वरको आज्ञा करी॥ वेग देश निर्माप्यो जाय। थापो सुथरापुर अधिकाय॥ २२ ॥ कुम्भपुर राजा तहा बसे। देवी प्रजावती तिस लसे॥ श्रीआदिक तहा देवी आय। गर्भसे सोधना कीनी जाय ॥२३॥ रत्न वृष्टि नृप आगन भई। पन्द्रह मास लो वरसत गई॥ सर्वार्थ-सिद्धिसे सुर आय। प्रजावती सुकु-च्छ उपजाय ॥२४॥ नेमिनाथ सो नामजो पाय। द्वैज चंद्रसम वढत सुमाय॥ जब विवाह मंगल विधि भई। तब प्रभु चित विरागता

धर्म ॥ २५ ॥ दीक्षा धर वनमें प्रभु गये। घाति कर्म हनि निर्मल ठये ॥ केवल ले निर्वाण सो जाय। पूजा करी सुरासब आय ॥२६॥ यह विधान श्रेणिकके सुनो। व्रत कीने चित अपने गुणो ॥ भक्ति विनय कर उत्तम भाय। पढ़ै जे भपनै घरको जाय ॥ २७ ॥ या विधि जो नर नारी कहो। ब्रह्मज्ञान भाया निमही ॥ २१ ॥

दशलक्षण व्रत कथा।

दोहा—प्रथम बन्दि जिनराजके, शारद गणधर पाय।
दशलक्षणव्रतको कथा कहुं अगम सुखदाय ॥ १ ॥

चौपाई—विपुलाचल श्रीवीर कुमार। आये भवभंजन करतार ॥ सुन भूपति तहां वन्दन गयो। सकल लोक मिलि आनन्द भयो ॥ २ ॥ श्रीजिन पूजे मनधर चाव। स्तुति करी जोड़कर भाव ॥ धर्म कथा तहां सुनी विचार। दान शील तप भेद अपार ॥ ३ ॥ भव दुख नाशक दायक शर्म। भाखो प्रभु दशलक्षण धर्म ॥ ताके सुन श्रेणिक हर्षित धरी। गुरु गौतमसे विनती करी ॥ ४ ॥ दशलक्षण व्रत कथा विशाल। मुझसे भाखो दीनदयाल ॥ बोले गुरु सुन श्रेणिक भूप। दिव्य ध्वनि कही वीर जिनेन्द्र ॥ ५ ॥ धातकी खण्डकी पूरव भाग। विदेहकी दक्षिण अनुराग ॥ सीतो दाउ पर्वतें सही। नगरी विशालाक्ष शुभ कही ॥ ६ ॥ नाम प्रीतंकर भूपति बसे। प्रीयकरी रानी सुख लसे। मृगांकलेखा सुता सुजान। मति शेखर नाम सो प्रधान ॥ ७ ॥ शशिप्रभा ताके घर नार। सुता कामसेना निरधार ॥ राजसेठ गुणसागर जान। शील सुभद्रा नारि प्रधान ॥ ८ ॥ सुता मदनवेगा तसु धरी। लक्ष्मी लक्षण शुभ

भरी ॥ लक्षण भद्र नामकुनवाल । शशिरेखा नारी गुणमाल ॥ ६ ॥ कन्या तास घरे रोहनी । ये चारों वरणी गुरु तनी ॥ शास्त्र पढ़े गुरु पास विचार । स्नेह परस्पर वढ़ा अपार ॥ १० ॥ मास वसन्त भयो निरधार । कन्या चारों वनहि मंझार ॥ गई मुनीश्वर देखे तहा । तिनको वन्दन कीनो वहां ॥११॥ चारों कन्या मुनिसे कही त्रिया लिङ्ग ज्यों छूटे सही ॥ ऐसा व्रत उपदेशो अवै । यासे नर तनु पावे सवे ॥ १२ ॥ वोले मुनि दसलक्षण सार । चारों करो होहु भवपार ॥ कन्या वोली किम कीजिये । किस दिन व्रतको लीजिये ॥ ८३ ॥ तव गुरु वोले वचन रसाल । भादो मास कहो गुणमाल ॥ धवल पंचमी दिनसें सार । पंचामृत अभिषेक उतार ॥ १४ ॥ पूजार्चन कीजे गुणमाल । जिन चौवीस तनो शुभ साल । उत्तम क्षमा आदि अतिसार । दशमो ब्रह्मचर्य गुणधार ॥ १५ ॥ पुष्पांजलि इस विधि दीजिये । तीनों काल भक्ति कीजिये ॥ इस विधि दस वासर आचरो । नियमित व्रत शुभ कार्य करो ॥ १६ ॥ उत्तम दश अनशन कर योग । मध्यम व्रत काजी का भोग । भूमि शयन कीजे दस राति । ब्रह्मचर्य पालो सुख पांति ॥ १७ ॥ इस विधि दश वर्ष जव जाय । तव तक व्रत कीजे धर भाय ॥ फिर व्रत उद्यापन कीजिये । दान सुपात्रीको दीजिये ॥ १८ ॥ औषधि अभय शास्त्र आहार । पंचामृत अभिषेकहिसार ॥ माडनों रचि पूजा कीजिये । छत्र चमर आदिक दीजिये ॥ १६ ॥ उद्यापन की शक्ति न होय । तो दूनो व्रत कोजे खोय ॥ पुण्य तनो सचय भण्डार । परभव पावे मोक्ष सो द्वार ॥ २० ॥ तव चारों कन्या व्रत लियो । मुनिवर भक्ति भाव लखि दियो ॥ यथा शक्ति व्रत

पूरण कयो । उद्यापन विधिसे आचरो ॥ २१ ॥ अन्तकाल वै कन्या चार । सुमिरण करो पञ्च नवकार ॥ चारों मरण समाधि सु कियो । सुरगें स्वर्ग जन्म तिन लियो ॥ २२ ॥ षोडश सागर आयु प्रमाण । धर्म ध्यान सेवें तहां जान ॥ सिद्ध क्षेत्रमें करे विहार । क्षायक सम्यक उदय अपार ॥ २३ ॥ सुभग अवन्ती देश विशाल । उज्जैनी नगरी गुणमाल ॥ स्थूलभद्र नामा नरपती । रानी चार सो मति गुणवती ॥ २४ ॥ देव गर्भमें आये चार । ता रानीके उदर मझार ॥ प्रथम सुपुत्र देवप्रभु भयो । दूजो सुत गुणचन्द्र भाषियो ॥ २५ ॥ पद्मप्रभा तीजो बलवीर । पद्म स्वारथी चोथो धीर ॥ अन्य महो त्सव तिनको करे । अशुभ होय सब दोनों हरे ॥ २६ ॥ निकलङ्क प्रभा राजाकी सुता । ते चारों परणी गुण युता ॥ प्रथम सुता सो मालती नाम । दुतिय कुमारी सो गुणधाम ॥ २७ ॥ रूपवती तीजी सुकुमार । मृगाक्ष चौथी सो गुणमाल ॥ करो ब्याह घर कों आइयो । सकल लोक घर आनन्द कियो ॥ २८ ॥ स्थूलभद्र राजा इक दिना । भोग विरक्त भयो मनतना ॥ राजपुत्रको दोनो सार । बनमें जाय योग शुभ धार ॥ २९ ॥ तपकर उपजो केवल ज्ञान । दस विधि हनि पायो निर्वाण ॥ अब पै पुत्र राजको करें । पुण्यका फल पावें ते घरे ॥ ३० ॥ चारों बांधव चतुर सुजान । मन्त्रि मित्रि धर्म नमो पञ्च मान ॥ एक समय विरक्त सो भये । भानम जाये जिनराज हये ॥ ३१ ॥ चारों बान्धव दिक्षा लई । बनमें जाय तपस्या ठई ॥ निज मनमें चिद्रूपाराधि । शुक्ल ध्यानको पायो साधि ॥ ३२ ॥ सर्व विमल केवल ऊपजो । सुरन अमल नवही सों हजो ॥ करो महोत्सव देव कुमार । जय जय शब्द भयो निद्धि

वार ॥ ३३ ॥ शेष कर्म निर्वल तिन करे । पहुचे मुक्तिपुरीमें खरे । अगम अगोचर भव जल पार । दशलक्षण व्रतके फल सार ॥ ३४ ॥ वीर जिनेश्वर कही सुजान । शीतल जिनके वाड़े मान ॥ गौतम गणधर भाषी सार । सुनि श्रेणिक आये दरवार ॥ ३६ ॥ जो यह व्रत नरनारी करे ताके गृह सम्पति अनुसरे ॥ भट्टारक श्री भूषण वीर । तिनके चेला गुण गम्भीर । ३५ ॥ ब्रह्मज्ञान सागर सुविचार । कही कथा दशलक्षण सार ॥ मन वचतन व्रत पाले जोइ । मुक्ति वारागणा भोगे सोइ ॥ ३७ ॥ सम्पूर्ण

मुक्तावली व्रत कथा ।

दोहा—ऋषभनाथके पद नमों, भवि सरोज रवि जान ।
मुक्तावलि व्रतकी कथा, कहूं सुनो धर ध्यान ॥ १ ॥

चौपाई—मगध देश देशोंमें प्रधान । तामें राजगृह शुभ थान । राज्य करे तहां श्रेणिकराय । धर्मवन्त सबको सुखदाय ॥२॥ ता गृह नारि चेलना सती । धर्म शील पूरण गुण वती ॥ इकदिन समोशरण महावीर । आयो विपुलाचल पर धीर ।' ३ ॥ सुन नृप अत्यानन्दित भयो । कुटुम सहित वन्दनको गयो ॥ पूजा कर बैठो सुख पाय । हाथ जोड कर अर्ज कराय ॥ ४ ॥ हे प्रभु मुक्तावलि व्रत कहो । यह कर कोने क्या फल लहो ॥ तव गौतम बोले हर्षाय । सुनों कथा मुक्तावलिराय ॥ ५ ॥ याही जम्बूद्वीप मंझार । भरत क्षेत्र दक्षिण दिशि सार ।। अङ्गदेश सो है रमनीक । नगर बसे चम्पापुर ठीक ॥ ६ ॥ नगर मध्य इक ब्राह्मण बसे । नाम सोम शर्मा तसु लसे ॥ ता गृह एक सुता जो भई । योवन मद

कर पूरण थई ॥७॥ एक दिन ऐसे श्रीगुरु आये। नगन गात सो निरखे तबे ॥ अति कोरे दुर्वचन कहाय। बहुनाही ग्लानि चितमें लाय ॥८॥ ताकरि महा पाप बांधियो। आयु अतीते मरण जु कियो ॥ नरक जाय नाना दुःख सहे। छेदन भेदन जाय न कहे ॥९॥ नरक आयु पूरी कर सोइ। भव भ्रमि फिर गूढ पुत्री होय ॥ निर्नामिका पड़ा तिस नाम। अति दुर्गन्धा देह निकाम ॥ १० ॥ कोई निम आवे नहिं तहां। कमकर बड़ी भई सो यहां ॥ अन्य पापकर दुःखित महा। सूतन अजे कछ अति सहा ॥ ११ ॥ एक दिवस देखे मुनिराय। कर प्रणाम निसधि सिर नाय॥ कौन पाप मैं कौन देव। मैं पायो अति दुःख अभेव ॥ १२ ॥ तब मुनिवर पूरव भव कहे। गुरुकी निन्दासे दुःख लहे। तब दुर्गंधा जोड़े हाथ। ऐसा व्रत दीजै मोहि नाथ ॥ १३ ॥ जासे रोग शोक सब जाय। उत्तम भव पाऊं गुरुराय ॥ तब श्रीगुरु बोले हर्षाय। सुगन्ध-दशमी करो सुभाय ॥ १४ ॥ तासे सर्व पाप जर जाय। सुख सम्पत्ति मिले अधिकाय ॥ तब दुर्गंधा कह्यो विचार। कौन भांति कीजै व्रत सार ॥ १५ ॥ तब मुनिवर इमि वचन कहाय। सुनो भेद व्रतका चितलाय ॥ भादों सुदी सप्तम दिन होय। ता दिन व्रत कीजे भवि लोय ॥ १६ ॥ प्रात समय जिन मन्दिर जाय। पूजा कथा सुनो मन लाय। सब आरम्भ तजो दिन मान। संयम शील सजो गुणखान ॥ १७ ॥ भोर भये जिन दर्शन करे। शुद्ध असन कीजे तब करे ॥ दूजो व्रत पूर्ववत करो। अष्टिम वदि छठि पापनि हरो ॥ १८ ॥ तीजो व्रत कीजे वर धीर। अष्टिम वधि तेरसि सुखकार ॥ कर उपवास पाओ गुण रसी। चौथा

अश्विन सुदी ग्यारसी ॥१६ ॥ पञ्चम व्रत कीजो मनलाय । कार्तिक वदी बारसि सुखदाय ॥ फिर छठवा उपवास सुजान । कार्तिक शुक्ल तीज गुणखान ॥ २० ॥ सप्तम व्रत जिनवरने कहो । कार्तिक सुदि ग्यारसि शुभ लहो ॥ फेर करो अष्टम व्रत लोय । मार्गसिर वदि ग्यारसि जब होय ॥२१॥ नवमों व्रत मार्ग सुदी तीज । ये व्रत धर्म वृक्षके बीज ॥ या विधि करो नव वर्ष प्रमान । मन वच काय शुद्धता ठान ॥ २२ ॥ जब व्रत पूरण होय निदान । उद्यापन कीजे गुण खान ॥ श्री जिनवर अभिषेक कराय । करो माड़नो जिनगृह जाय ॥ २३ ॥ अष्ट प्रकारी पूजा करो । जन्म २ के पातक हरो ॥ यथाशक्ति उपकरण बनाय । श्रीजिन धाम चढ़ाओ जाय ॥ २४ ॥ उद्यापनकी शक्ति न होय । तो दूनो व्रत कीजे लोय ॥ सब विधि सुन दुगंधा बाल । मन वच तन व्रत लीनो हाल ॥ २५ ॥ गुरू भणित तिन व्रत ये कियो । पूर्व भय अघ पानी दियो ॥ ता फल नारि लिङ्ग छेदियो । सौधर्म स्वर्ग देव सो भयो ॥ २६ ॥ तहा आयु पूरण कर सोय । चलत भयो मथुराको लोय ॥ श्रीधर राजा राज करन्त । ताके सुत उपजो गुणवन्त ॥ २७ ॥ नाम पद्मरथ पण्डित भयो । एक दिवस वन क्रीड़ा गयो ॥ गुफा मध्य मुनिवर को देख । वन्दन कर सुन धर्म विशेष ॥ २८ ॥ तहा पूछ मुनिवरसे सोय । तुमसे अधिक प्रभा प्रभु कोय ॥ तब मुनिवर बोले सुन बाल । वासपूज्य दिन दीप्त विशाल ॥ २९ ॥ चम्पापुर राज जिनराज । तेज पुंज प्रभु धर्म जहाज ॥ यह सुन धर्म विषे चित दयो । समोशरण जिन वन्दन गयो ॥ ३० ॥ नमस्कार कर दीक्षा लई । तब कर गणधर पदवी भई ॥ अष्ट कर्म इस विधिसे जार ।

पहुंचो शिवपुर सिद्ध मंझार ॥ ११ ॥ ऐसो भव्य व्रतका सो प्रभाव। राजा भोगि भयो शिवपुर राव ॥ जो नर नारि करै व्रत सार। सुर सुख लहि पावे भव पार ॥ १२ ॥

पुष्पांजलि व्रत कथा।

दोहा—वीर देवको प्रणमि कर, भर्ता करो त्रिकाल।
पुष्पांजलि व्रतकी कथा सुनो भव्य भवपाल ॥

चौपाई—पर्वत विपुलाचलपर आय। समोशरण जिनवरको पाय। तो सुन राजा श्रेणिकराय। वन्दन करी प्रियापुत आय ॥ २॥ वन्दन कर पूछे नप तबै। हे प्रभु पुष्पांजलि व्रत भवे। मोसे कहो कयो चित लाय। कोने करो कहा भई भाय ॥ ३ ॥ बोले गौतम वचन रसाल। जम्बू द्वीप भव्य सो विशाल। सीता नदी दक्षिण दिशि सार। मंगलावती सुदेश अपार ॥ ४ ॥

दोहा—रत्न संचयपुर जहां वज्रसेन नृप आय।
जयवंती वनिता लसे पुत्र बिहनी थाय ॥ ५ ॥

चौपाई—पुत्र चाह जिन मन्दिर गई। ज्ञानोदधि मुनि वंदित भई ॥
हे मुनिनाथ कहो समझाय। मेरे पुत्र होयके नाय ॥ ६ ॥

दोहा—मुनि बोले हे बालको पुत्र होय शुभ सार। मुनि छह खंड सुसाधि है मुक्ति लगो भरतार ॥७॥ सुनके मुनिके वचन तब,उपजो हर्ष अपार। क्रमसे पूरे मास नव पुत्र भयो शुभ सार ॥८॥ यौवन वयस सो पायके, क्रीडा मसाप सार। तहाँ व्योमसे आइयो खग नृप इति सवार ॥ ९ ॥ रत्नशेखरको देखकर, बहुत प्रीति मनहि। मेघवाहनने पांच सो विद्या दीनी ताहि ॥ १०॥

चौपाई—दोनों मित्र परस्पर प्रीति । गये मेरु वन्दन तज भीति ॥ सिद्धकूट चैत्यालय वन्दि । आये पंचपिता आनन्दि ॥११॥ ताको जनाई सार । वेग स्वयम्वर करो तयार ॥ भूरि भूप आये तत्काल माल रत्नशेखर गल डाल ॥ १२ ॥ धूमकेत विद्याधर देख । क्रोध कियो मन माहि विशेष ॥ कन्या काज दुष्टता धरी विद्या वल वहुमाया करी ॥ १३ ॥ रत्नशेखरसे युद्ध सो करो । वहुत परस्पर विद्याधरो । जीतो रत्नशेखर तिसवार । पाणिग्रहण कियो व्यवहार ॥१४॥ मदन मजूषा रानी सङ्ग । आयो अपने ग्रेह असङ्ग व्रजसेनको कर नमस्कार । मात तात मन सुक्ख अपार ॥१५॥एक दिना मंदिर गिर योग । पहुंचे मित्र सहित सव लोग ॥ चारण मुनि वंदे तिहि वार । सुनो धर्म चित भयो उदार ॥१६॥ हे मुनि पूर्व जन्म सम्वन्ध तीनोंके तुम कहो निवन्ध ॥ तव मुनि कहें सुनो चित धार । एक मृणालनगर सुखकार ॥१७॥नृप मंत्री एक तहा श्रुतिकीर्ति । वन्धु मती वनिता अति प्रीति ॥ एक दिना वन क्रीडा गयो । नारी सग रमत सो भयो ।१८। पापी सर्प सो भक्षण करी । मंत्री मृतक लखी निज नरी ॥ भयो विरक्त जिनालय जाय । दिक्षा लीनी मन हर्षाय ॥१९॥ यथाशक्ति तप कुछ दिन करो । पीछे भ्रष्ट गयो तप टरो ॥ गृह आरम्भ करन चित ठनो । तव पुत्री मुख ऐसे भनो ।२०। तात जो मेरु चढ़ो किहि काज । फिर भव सिंधु पड़े तज लाज ॥ यों सुन प्रभावती वच सार । मंत्री कोप कियो अविकार ॥ २१ ॥ तव विद्याको आज्ञा करी । पुत्रीको ले वनमें धरी ॥ विद्या जव वनमें ले गई । प्रभावती मन चिन्ता भई ॥२२॥ अरहन भक्ति चितमें धरी । तव विद्या फिर आई खरी ॥ हे पुत्री तेरा चित जहा । वेग वोल

पहुंचाऊं तहां ॥ २३ ॥ पुनी कही केवलीके साथ । जिन दर्शनको अधिक ही चाव ॥ पूजा करके पठो यहां । पद्मावती भाई सोतहां ॥२४॥ इतने मध्य देव माइयो । प्रभावती से पूछत भयो ॥ हे देवी कहिये किस काज । आये देवी देव सो भाज ॥ २५ ॥ पद्मावती बोली वच सार । पुष्पांजलि व्रत हैं सुखकार ॥ भादों मास शुक्ल पंचमी । पंच दिवस आरम्भ न भमी ॥ २६ ॥ प्रोषध यथा शक्ति व्यवहार । पूजो जिन चौबीसो सार ॥ नाना विधिके पुष्प जो लाय करो एक माला जो बनाय ॥२७॥ तीन काल यह माला देय ॥ बहुत भक्तिसे विनय करेय । जपे जाप शुभ मंत्र विचार । या विधि पंच वर्ष अवधार ॥ २८ ॥ उद्यापन कीजे पुनि सार । चार प्रकार दान अधिकार ॥ उद्यापनकी शक्ति न होय । तो दूनो व्रत कीजे सोय ॥२९॥ यह सुन प्रभावती मन भयो । पद्मावती कृपाकर दयो ॥ स्वर्ग मुक्ति फलका दातार । है यह पुष्पांजलि व्रतसार ।

दोहा—पद्मावती उपदेशसे, लीना व्रत शुभ सार ।

पृथ्वी परसो प्रकाशिके किया भक्ति चित धार ॥१॥
तप विद्या श्रुत कीर्तिने, पाई भक्ति जो प्रचण्ड ।
पद्मावती व्रत कीजिये, भाई सो बलवण्ड ॥२॥

चौपाई—वासर तीन ब्यतीते जबे । पद्मावती पुनि भाई तबे विद्या सब भागी तत्काल । करो सन्यास मरण तिस काल ॥३॥ कल्प सोलहवें सुख्य सो थान । देव भयो सो पुण्य प्रमाण ॥ तहां देवने कियो विचार । मैं तप्यो भाकार ॥ मैं सम्बोधो वाकों जबे । उत्तम गति वह पावे तबे ॥ यही विचार देव मनमें आदये । मरण सन्यास तातको कियो ॥५॥ वही स्वर्ग भयो सो देव । पुण्य प्रभाव भयो

फल एव ॥ वन्धुमती माताका जोव उपजा नाही स्वर्ग अतीव॥३६॥
दोहा—प्रभावतीका जोव तू, रत्नशेखर भयो आय ।
माताका जो जीव हैं, मदन मजूषा थाय ॥ ३७ ॥

श्रुतिकीर्तिको जीव जो तहां । मन्त्री मेघ वाहन है यहां ॥ ये तीनोंके सुन पर्याय । भई सो चिन्ता अङ्ग न माय ॥३८॥ सुन व्रत फल अस गुरुकी वानि । भई सुचित व्रत लीनों जानि ॥ अपने थान वहुरि आइयो । चक्रवर्ति पद भोग सु कियो ॥३९॥ समय पाय वैराग सो भयो । राज भार सब सुतको दयो ॥ त्रिगुप्ति मुनिके चरणों पास । दिक्षा लीनी परम हुलास ॥ ४० ॥ रत्नशेखर दिक्षा ली जवे । भये मेघवाहन मुनि तवे ॥ भवि जीवोंको अति सुखकार केवल ज्ञान उपार्जो सार ॥ ४१ ॥ घाति कर्म निर्मूल सु करे । पाछे मुक्तिपुरी अनुसरे ॥ या विधि व्रत पाले जो कोई । अजर अमरपद पावे सोई ॥४२॥ श्रीपुष्पाजलि व्रत कथा सम्पूर्णम् ॥

नन्दीश्वर व्रत कथा ।

दोहा—चरण नमों जिनरायके, जाते दुरित नशाय ।
शारद वन्दों भावसे, सद्गुरु सदा सहाय ॥ १ ॥

जम्बूदीप सुदर्शन मेरु । रहो ताहि लवणोदधि घेर ॥ मेरुसे दक्षिण भारत क्षेत्र । मगध देश सुख सम्पति हेतु ॥ २॥ राजगृह नगरी शुभ वसे । गढ़ मठ मंदिर सुन्दर लसे ॥ श्रेणिक राज करे सुप्रचड । जिन लीनों अरिगण पर दण्ड ३ पटरानी चेलना सुजान सदा करे जिन पूजा दान ॥ सभा मध्य बैठो सो जाय । वनमाली शिर नायो आय ॥४॥ दो कर जोड करे सो सेव । विपुलाचलआये

जिनदेव ॥ धर्म मारगको आगम सुनो । आस सुफल चित अपनै गुनो ॥५॥ राजा रानी पुरजन लोग । वन्दन चले पूजनै योग ॥ चलत चलत सो पहुंचे तहां । समोशरण जिनवरको जहां॥६॥ देवइसिया भीतर गये धर्म मोमके धरणों नये । पुनि गणधरको कियो प्रणाम हर्षित चित भयो अभिराम ॥७॥ दश विधि धर्म सुने जिन पास । वारी गयो चित्तका त्रास ॥ दोकर जोड़ नृपति वीनयो । अति प्रमोद मैरे मन भयो ॥ ८ ॥ प्रभुदयाल अब कृपा करेव । व्रत मेघोत्सव कहो जिन देव । अरु सब विधि कहिये समझाय । भाव सहित यों पूछो राय ॥९॥प्रवधि ज्ञान धर मुनिवर कहैं । कौशल देशस्वर्ग सम रहैं ॥ ताके मध्य अयोध्यापरी । धनकन सकी छत्तीसी पुरी ॥१०। तिहिपुर राज करै हरसेन । त्याग तेग बल पूरण सैन ॥ वंश इक्ष्वाक प्रगटै कलपे । ताको भानि चण्ड पद थपे ॥११॥ पाटवरण रानी नृप तीन । गन्धारी जेठी गुण लीन ॥ प्रिय मित्रा रूपाओ नाम । सावे धर्म अरु काम ॥ १२॥ सुखसे वहत बहुत दिन भये । ऋतु बसन्त वन राजा गये ॥ जल क्रीड़ा वन क्रीड़ा करें । हास्य विलास प्रीति मनुसरै ।१३ । ता वन मध्य कल्पद्रुम मूल । चन्द्र कांति मणि शिलानुकूल ॥ मण्डप रचा अधिक विस्तार । चारण मुनि आये तिहि बार ।१४।आदिजय अमितञ्जयनाम । सोमप्रभु धर्मके धाम ॥ राजारानी पुरजन नारि । देखि मुनि निजवुधि पसारि ॥ १५ ॥ सब नर नारि आनन्दित भये । क्रीड़ा तज मुनि वन्दन गये ॥ विया पूज्य चरणों मनुसरै अष्ट द्रव्य मुनि पूजे करै ॥१६॥ धर्म ध्यान कहो मुनिराज । श्रद्धा सहित सुनो नर आप ॥ राजा प्रश्न करि मुनि पास । सुनो धर्म भयो चित हुलास ॥ १७ ॥ दस

यल सहित सम्पदा घनो, और भूमि षट खंड जु तनी। महा पुण्य जो यह फल होय। गुरु विन ज्ञान न पावे कोय ॥१८॥ बारवार विनवे कर सेव। पूर्वकही भवान्तर देव ॥ अवधिज्ञान बल मुनिवर कहै। पर अहिक्षेत्र वनिक इक रहै ॥ सुखिन कुवेर मित्रता नाम साधे धर्म अर्थ अरु काम ॥ जेष्ठ पुत्र श्रीवर्म्मा कुमार। मध्यम जयवर्म्मा गुण सार ॥२०॥ लघु जयकीर्ति कीर्ति विख्यात, तीनों शुभ आनन्दित गात। एक दिवस उपजो शुभकर्म। वनमें मुनि वैठे सौधर्म ॥२१॥ सेठ पुत्र मुनिवर वन्दियो, श्रीवर्म्मा जु अठाई लियो ॥ नदीश्वर व्रत विधिसे पाल, भवभव पापपुञ्जको जाल ॥२२॥ अन्त समाधि मरणको पाय। इसपुर वज्रबाहु नृप आय ॥ ताके विमला रानीजान। तुम हरिसेन पुत्रभये आन ॥२३॥ पूरव व्रत पाले अभिराम। ताने लहो सुक्खको धाम ॥ जयवर्म्मा जयकीर्ति वीर। निकट भव्य गुण साहस धीर ॥ २४ ॥ वन्दे गुरु जो धुरंधर देव। मन वच काय करी वहु सेव ॥ नव मुनि पंच अणुव्रत दिये। दोनों भाव सहित व्रत लिये ॥ २५ ॥ अरु नदी-श्वर व्रत तिन लियो। अन्त समाधि मरण तिन कियो ॥ हस्तनाग पुर शुभ जहा वसे। तहां विमल वाहन नृप लसे ॥२६॥ ताके नारि श्रीधरा नाम, आरिंजय अमितञ्जय धाम ॥ पुत्र युगल हम उपजे तहा पुण्य फल पायो जहा ॥२७॥ गुरु समीप जिन दिक्षालई। तप वल चारण पदवी भई। यासे हम तुम पूरव भ्रात, देखत प्रेम उपजो गात ॥२८॥ पूर्व व्रत नन्दीश्वर कियो। ताते राज चक्र पद लियो ॥ अव फिर व्रत नन्दीश्वर करो। ताते अब स्वर्ग मुक्ति पद धरो ॥ २९॥ तब हरिसेन कहे करजोर। व्रत नन्दीश्वर कहो वहोर ॥ मुनि-

अथ तीजो दिन सुनियो लोइ । जिनपूजाकर पात्रहि दान । भोजन पानी भात प्रमान ॥४३॥ नाम त्रिलोकसार दिन कहो । साठ लाख प्रोषध फल लहो ॥ चतुर्थ दिनकर आमोदर्य । नामचतुर्मुख दिन सौहर्य ॥४४॥ तहां उपवास लक्ष फल होइ । पञ्चम दिन विधि करियो सोइ ॥ जिन पूजा एकाम्न करो । हय लक्षण जु नाम दिन धरो ॥४५॥ फल चौरासी लक्ष उपास । जासे जाय भ्रमण भव नास ॥ षष्ठम दिन जिन पूजा दान । भोजन भात आमिली पान ॥४६॥ तादिन नाम स्वर्ग सोपान । व्रत चालीस लक्ष फल जान ॥ सप्तम दिन जिन पूजा दान । कीजे भविजनका सन्मान ॥४७॥ सब सम्पति नाम दिन सोइ । भोजन भात त्रिवेली होय ॥ फल उपवास लक्षको जान । अष्टम दिन व्रत चितमें आन ॥ ४८ ॥ कर उपवास कथा रुचि सुनो पात्र दान दे सुकृत गुनो । इंद्रध्वजव्रत दिन त न नाम । सुमिरो जिनवर आठों जाम ॥४९॥ तीन करोड़ अनि लाख पचास । यह फल होय हरे सब त्रास ।। यह विधि आठ वर्षमें होइ । भाव सहित कीजे भवि लोइ ॥५०॥ उत्तम सातवर्ष विधि जान । मध्यम पांच तीन लघुमान ॥ उद्यापन विधिपूर्वक सचो । वेदीमाण्य माडनोरचो ॥ ५१ ॥ जिन पूजारु महा अभिषेक । चन्द्रोपम ध्वज कलश अनेक ॥ छत्र चमर सिंहासन करो । बहुविधि जिनपूजा अघ हरो ॥ ५२ ॥ चारोंदान सुपात्रहि देउ । बहुत भक्ति कर विनय करेउ ॥ बहु विधि जिनप्रभावना होइ । शक्ति समान करो भविलोय ॥५३॥ उद्यापानकी शक्ति न होय । तो दूनो व्रत कीजो लोइ ॥ जिन यह व्रतकीनो अभिराम । निजपद लयो सुखको धाम ॥५४॥ यहव्रत पूर्व महा फल लियो । प्रथम ऋषभ जिनवरने कियो ॥ अनन्तवीर्य

अपराजित पाय चक्रवर्ति पदवी भई ताम ॥ ५५ ॥ श्रीपाल मैना सुन्दरी । धनकर पुर व्याधि सब हरी ॥ बहुतक नरनारी व्रतकरो तिन सब अमर अमर पद धरो ॥ ५६ ॥ सुनो निधानराय हरसैन । अति प्रमोद सुख उपजै चैन ॥ सब परिवार सहित व्रत कयो । मुनिवर धर्म प्रीतिकर भयो ॥५७॥ व्रतकर फिर उद्यापन करो । धर्म ध्यानकर शुभ पद धरो ॥ अन्त समाधि मरणको पाय । भयो देव हरिषेण सुराय ॥ ५८ ॥ पर्यायान्तर जैहै मुक्ति । ये निश्चय सुनो सकल मत युक्ति ॥ गौतम कह्यो सकल अधिकार । सुनो मगधपति चित्तधार ॥५९॥ जो नर नारी यह व्रत करै निश्चय स्वर्ग मुक्ति पद धरै ॥ सकल रोग शोक सब जाहिं । दुख दरिद्रता दूर पलाहिं ॥ ६० ॥ यह व्रत नन्दीश्वरकी कथा हिरदय शुभकारी यथा ॥ शकर स्वर्गो उत्तम धाम । श्रावक करैं धर्म शुभ ध्यान ॥६१॥ सुनै सदा जे जैन पुराण । गुण्यो जनोंका रावें मान । निश्चिन्त सुना धर्म सरूप । कीनी कथा चौपाई रूप ॥ ६२ ॥ कहैं सुनें देवें उपदेश । कहैं भावसे पुण्य महेश ॥ जावे नाम पाप मिटि जाय । ता जिनवरकै चर्न्नों पाय ॥ ६३ ॥

॥ श्रीनन्दीश्वर व्रत कथा सम्पूर्णम् ॥

वीर गुण गायन

१ श्रीजिनवाणी शारदा स्तुति।

(चाल—अरे रावण तू धमकी०)

प्रभु मुखसे हो आनी जिनवानी तुम्ही, गुरु गौतमने आन प्रचारा करो। ज्ञानभानु दिखाया नसाया भवतम, ऐसी जिनवानी मेरा उद्धारा करो॥ ॥१॥ मैं तो ध्याता मनाता हूं माता तुम्हें, भूले अक्षरका आन सुधारा करो। हूंगा मैं तो अजान मागूं बुद्धीका दान, मात बार न मेरी अवारा करो॥ २॥ पिंगल पेखा नहीं, शास्त्र देखा नहीं, बाल बुद्धि न दोष विचारा करो। कहै वीर मति मन्द बनै उत्तम ये छंद, आन कंठ मैं मेरे उजारा करो॥ ३॥

भजन (कृपा कर दीजै कृपा निधान)

दया मय दो ऐसा वरदान।

बसै हृदयमें सुयश रावरो, होय देश कल्यान—दया० (टेक)

मोह अविद्या अन्धकारसे, रहैं रक्षित ये प्राण।

हटे कुरीति सुरीति बढ़े नित, फैले सम्यज्ञान॥ दया०॥

तज प्रमाद आलस कायरता, बनैं वीर बलवान॥

धर्म, जाति, पावन स्वदेश, का सह न सकें अपमान॥ दया० २ ह

प्रेम परस्पर बढ़े हृदयमें, सत्य मधुर हो ज्ञान।

राग द्वेष या वैर फूटका, रहैं न मनमें ध्यान॥ दया० ३॥

वीर धर्म हो अचल वीरका फहरै अटल निशान।

गुरु मुकंद सब चरण कृपासे, करैं वीर गुण गान॥ ४॥

भजन ३

(चाल—श्रीराम मनुष्या बुलालो मुझे)

प्रभु घोर हरो भव पीर मेरी,
आयो चरण शरण में प्रभुजी तेरी ॥ टेक ॥
अब चौरासी भ्रमण करते काल बीते हैं अनन्त,
भेद कुछ पाता नहीं कर्मों का नहिं होता है अन्त।
कैसी कर्मन की है जंजीर घेरी ॥ प्रभु० १ ॥
अनेक रूप शरीर धारे चतुर्गतिके दुख सहे,
मैं क्या कहूं सबहि आप जानो मुझसे नहिं जाते कहें।
जानो घट घटकी नाथ हो मेरे सेरी ॥ प्रभु० २ ॥
पुष्पकी मेंढक चला ले साथ पूजनमें लगे
गज पग तले मर स्वर्ग पहुंचा कर्म बैरी सब भगे।
दुखी उस पे दया की थी तुमने फेरी ॥ प्रभु० ३ ॥
स्वच्छ निर्मल जलसुरस आदि अष्ट द्रव्योंके लिये
है भावना हृदय यही प्रभु वीरका पूजन किये।
नाशे कर्म कलंक मेरे बैरी ॥ प्रभु० ४ ॥
हाथ जोड़ निवाऊं मस्तक लाऊं ध्यान आठो याम मैं
ये भव भ्रमण मेरा मिटे इस हेत करूं प्रणाम मैं।
वीर जिनके हैं चिन्ह चरण केहरी ॥ प्रभु ५ ॥

भजन ४

(चाल—बहुत जगसे कबड़ाये हैं)

कर्म नचावे नचाये हैं—नाथ चहुंगति हो आये हैं।

जो दुख सहे तिर्यंच गतीमें मुखसे कहे न जाय।
कीडा कीड़ी भौंरा आदिक धरी अनेकी काय॥
कहीं आनन्द न पाये हैं॥ कर्म० १॥

नर्क गतिका कथन कहेसे, चित्त मेरो थर्राय।
तिल तिल खंड देहका करते, असुर दुख दें आय॥
कड़ो वस वेदना पाये हैं॥ कर्म० २॥

अकाम निर्जराके करनेसे देव गती ली पाय।
पर विषय चाहकी अग्नि वहा भी मेरी गई न हाय।
समय ये वृथा गवाये हैं॥ कर्म० ३॥

आज पुरवले पुन्य उदयसे, यह मानुष तन पायो।
सदा वीर भव पीर हरो—जां जासे कर्म नसायो॥
शीश तुम चरणों नाये हैं॥ कर्म० ४॥

भजन ५

(चाल—ना छेडो गाली दूंगी रे०)

मन चेतो चतुर सयाने रे मत कर विषयन का संग।
यह विषय महा दुखदाई नहिं किसीको मिली भलाई।
यह तें क्या कुमत कमाई रे, ये करत भजनमें भंग॥मन० २॥

मत नेह तू इनसे लावै, नहिं अन्त समय पछतावै।
सत गुरु तोहे यों समझावै रे है कारे भोग भुजंग॥ मन० ३॥

चहुंगतिमें तुझे रुलाया, कभि नर्क तिर्यंच दिखाया।
नाना विधि नाच नचाया रे, दुख दे दे कीना तंग॥मन० ४॥

जो नेह न इनसे लाया सिद्धि सत महंत कहाया।
वही अंत मोक्ष पद पायारे, वही रंगा गया शिवरंग॥मन० ४॥

क्यों नरतन पाय गमावे, फेर फेर न अवसर पावे।
थोरै भवसागर तरजावे है, तू म्हांकी मन वच अंग ॥ मन०५ ॥

भजन ६

(चाल—प्रभु तम मन तुमपर अपना वारू वार वार वार)

हम कर्म प्रबल शत्रु नसे प्रभुजी टार टार टार ॥ टेक ॥
पशु गतिमें जो दुख पाये नहि मुखसे जाय सुनाये।
कभी लात और डंडे खाये अरु बहु भार भार भार ॥ हम०१॥
गति नर्कमें यह दुख पाया कभी गिरिपर जाय गिराया।
नहि अन्न जल मैंने पाया पड़ी अति मार मार मार ॥हम० २॥
गति देवकी जब मैं पाई मुरत सम्पति देखि पराई।
नित किये वासना छाई लखि पर नार नार नार ॥ हम० ३ ॥
पुन्य उदयसे नरतन पाया, तन रोगी न धर्में माया।
कभी दुख संतानका पाया कभी सरकार कार कार ॥हम०४॥
नहि चहुंगतिमें सुख पायो, बहु कालसे फिरो भटकायो।
अब वीर शरणमें आयो भवदधि तार तार तार ॥ हम० ५ ॥

भजन ७

(चाल—श्रीराम अयोध्या०—रामुठ की पुकार)

प्रभू मैंमी गिरनार बुलाना मुझे।
दासी चरणों की अपनी बनाना मुझे।
कर्मो फर्मोंसे आज छुड़ाना मुझे ॥ ॥
मद मोर मुकट कंकन तोड़ा है हारको
जाने हैं भोग रोग तजा जग असारको।
ऐसो त्याग की रीति बताना मुझे ॥ २ ॥

गिरनार गिरिपर जाय प्रभु ध्यान लगाया,
महापंच व्रत धार अचल सिद्ध पद पाया।
स्वामी मुक्तीका मार्ग वताना मुझे ॥ ३ ॥
दीनोंके नाथ हो प्रभू दीनन दयाल हो,
विनती करूं मैं इस लिये मेरी प्रतिपाल हो।
कहैं वीर यों राजुल निभाना मुझे ॥ ४ ॥

भजन ८

(चाल—काहेको व्याही विदेश रे सुन वावल मोरे)

मतकर विषयन का सगरे, सुन ज्ञानी जियरा ॥ टेक ॥
यह विषय भाई सदा दुखदाई, करत भजनमें भंगरे-सुन ज्ञानी० १
स्पर्श इन्द्रियनके वश होकर, पडते है कूप मतंग-रे सुन ज्ञानी० २
चक्षु इन्द्री ही के कारण, दीपक जलत पतंग-रे सुन ज्ञानी० ३
कर्ण इन्द्री से राग सुननमें, मारे जात कुरङ्ग-रे सुन ज्ञानी० ४
जिम्या इन्द्रियन ही के कारण, मीन कण्ठ हो भङ्ग-रे सुन ज्ञानी० ५
भ्रमर नाशिका इन्द्रीवश हो, कमल पुष्प दे अङ्ग-रे सुन ज्ञानी० ६
पंच इन्द्री नर अव भी चेतो, न्हाले जिन वच गङ्ग-रे सुन ज्ञानी० ७
कर्म कलक छुटै तेरे वारा, हो शिवपुर सत सङ्ग-रे सुन ज्ञानी० ८

भजन ९

(चाल—उमर सव गफलत में खोई—किया शुभ कर्म न तैं कोई)

अनन्ते गुण अवार माया, पार प्रभु नहि गणधर पाया।
जवै प्रभु गर्भ उदर आये, के स्वप्ने सोलह दिखलाये।
रतन नगरीमें वरसाये, सुरगण हरप हरप धाये।

दोहा—छप्पन कुमारियां मातको, करें सेव चित लाय।
गूढ़ प्रश्न पूछें जबै दे उत्तर समझाय॥
आनन्द होय २ छाया-पार० १॥

जन्म प्रभु जब तुमने पाया इन्द्र सहू इन्द्राणी आया।
मेरु गिरि न्हवन कर हर्षाया भक्तिकर अमृत सुख पाया २

दोहा—निजा लोक लखि इन्द्रने कीनी गोद पसार।
तृप्त न फिर भी होत है कीने नेत्र हजार॥
हर्ष कर जन्म सुफल पाया-पार० २॥

ज्ञान क्षण भंगुर जगसारा, तज्ञासमि राज पाट प्यारा।
दिगम्बर भव भेष धारा करै सुर नर जै जै कारा॥

दोहा—लोकांतिक सुर आनकर, करी चरणकी सेव।
की पूजन पद्म भक्तिसे धन्य धन्य तुम देव॥
विरागी ज्ञान इन्द्र आया-पार० ३॥

प्रकृति जब त्रेसठ विनसाई, घातिया कर्म नसे भाई।
ज्ञान हुआ केवल सुखदाई, रचा समोशरण धनिन्द्र भाई॥

दोहा—केवल ज्ञान जैसा भया प्रभु पदारथ रूप।
जड़ चेतन कर भवरका वही बतलाया स्वरूप॥
धर्मका मेघ बरसाया-पार ४॥

अघातिया प्रकृति विघटायो तभी मोक्ष लक्ष्मीको पायो।
इन्द्र जै ध्वनि करते आयो सभी सुर नर मिल गुण गायो॥

दोहा—आयु वेदनी नाम गोत्र जो दीने कर्म खिपाय।
अष्ट कर्मको नष्टकर, किया मोक्ष पद पाय॥
शीस तुम्हें लीनो ओंक नाया-पार ५॥

अन्त नहि सुरनर मुनि पावै, सभी तुमरे गुणको गावें ।
जो तुमरे चरण कमल ध्यावें, पार भवसागर हो जावें ॥
दोहा—और न कुछ जाचूं प्रभू, दो भक्तोका दान ।
नहिं भव वनमें हो भ्रमण, हो आतम कल्याण ॥
भक्ति वश महावीर गाया-पार प्रभु० ६ ॥

भजन १०

(चाल—मेरे शभू०—एक पतिव्रता स्त्रीका पतिसे कहना)

हतनापुर क्षेत्र दिखाना मुझे,
निशि वन्दन दर्श कराना मुझे ॥
जिन शांति कुंथ अरह मल्लि, ऋषियोंके चरण चूम,
हुआ गर्भ जन्म तप वहा, ऐसी पवित्र भूम ।
ऐसी भूमीको शीश नवाना मुझे ॥ १ ॥
कार्तिक व फागुन साढ़के जो अन्त आठ दिन,
आते हैं चारों खूटसे, दिन रात जात्रिगन ।
जात्रा वेगीसे सुफल कराना मुझे ॥ २ ॥
न गदे नाच गाने, न मेलों में जाऊंगी,
पर तीर्थ क्षेत्रोंमें सदा, सर झुकाऊंगी ।
भक्ति भावसे पूजन कराना मुझे ॥ ३ ॥
क्या आज और कल कर रहे, पल २ की हो अबेर,
दिनका नहीं भरोसा है, स्वासों का है ये फेर ।
पाया औसर भला न गवाना मुझे ॥ ४ ॥
कौरव और पाडवों का जहा जन्म स्थान है,
अर्जुन व भीम योधा को जाने जहान है ।
वीर भूमी की याद दिलाना मुझे ॥ ५ ॥

भजन ११

(चाल—छोटी मोटी सुइयाँ रे जालीका मेरा काढ़ना)

प्रभु गुण गायनारे, फिर नहिं नरतन पावना—टेक।
भ्रमण कियारे जिया लख चौरासिया रे, लख चौरासिया धरि काय अनेकारे, मुझसे यों कहा जायना—प्रभु० १॥ एक तो स्वांरे जिया नरक निगोद में, रे नरक निगोदमें काल अनन्तारे, वहाँ पै दुख ठावना—प्रभु गुण० २॥ पशु रे भया जिया बोझ रे लदाया, जिया बोझ रे लदाया तन छेदा भेदा रे तोपै तो कहा जायना॥ प्रभु० ३॥ देव भया रे जिया पर धन देखा जिया पर धन देखा ते दुखा माना रे, सुरा देव भै सुरांगना—प्रभु० ॥४॥ अब तो मनुष देह प्यारी जिया पाई, प्यारी जिया पाई, वृथा न गमावना रे चित धीर धरन लावना—प्रभु० ॥५॥

भजन १२

(चाल—बालम पै मेरू तार)

जोगी जोग जुगत क्या करता पहिले मनको अपने मार।
मनको अपने मार रे योगी, मनको अपने मार, जोगी० टेक
वस्तर अपने रंगे गेरुआ भी गल सेली डार।
हाथमें चिमटा कांधे झोली, मुद्रे कानों फार ॥१॥ जोगी०
अङ्ग भभूत रमाई तूने सिरपर जटाजी धार।
हाथ सुमरनी, बगल कतरनी पोथी लीनी धार, जोगी० ॥२॥
बनमें बैठे तुम तप करते माड़ो पंच प्रकार।
भंग चरस गांजा पीनेमें माला फिरना डार ॥३॥

इन प्रपंचसे काज न सरता, अपना रूप निहार।
ब्रह्मरूप तेरा स्वरूप है, आतम रूप निहार ॥ ४ ॥
ज्ञान गुदड़ियाको तूं गहले, मन्त्र जपो नवकार।
अरहन्त नामकी फेरले माला, मुखसे वारम्वार ॥ ५ ॥
जैन वैनकी सीख मान तू, हो समकित हियेधार।
हे वीर तुझे जो सतगुरु मिलजां, होजा भवदधि पार ॥६॥

भजन १३

(चाल—एक तीर फेंकता जा)

दया धर्मको न त्यागो, जैनी कहाने वालो।
हो देश पर दयालू, दानी कहलाने वालो ॥ टेक० ॥
भूखोंको अन्न दीजे, पोषन तो उनका कीजे।
आहार दान देलो, सम्पति रखाने वालो ॥ दया० १ ॥
रोगीको चंगा कीजे, औषधिका दान दीजे।
कुछ यश तो जगमें लीजे, प्रेमी कहलाने वालो ॥ दया० २ ॥
अभय दान है ये मेवा, निर्बलकी करिये सेवा।
तुमरा हो पार खेवा, रक्षक कहाने वालो ॥ दया० ३ ॥
विद्याका दान प्यारो, दिल खोल करके वारो।
कालिजकी नीव डारो, ऊंचे कहलाने वालो ॥ दया० ४ ॥
दे दान वीर जावो, तिहु लोक यश जो चाहो।
सच्चा धरम निभाओ, नेकी कमाने वालो ॥ दया० ५ ॥

भजन १४

(राजुलका गिरनार परवत पर नेम प्रभूको देखकर भक्तिवश होना)
मेरी नेम प्रभूसे अखियां, अबतो लडगई लड़गई लड़गई, ॥ टेक०

आये थे जूनागढ़ सुखी छोड़ मेंने दृढ़ किया चित और।
बैठे हैं गिरनार किशोर, मारग पड़गई पड़गई पड़गई, मेरी॰ १॥
देखकर स्वामीका तब ध्यान, मैंने करी मसी पहचान।
यही है मेरे कंथ सुजान आयी बढ़गई बढ़गई बढ़गई, मेरी॰ २॥
देख पशु बंधे दया उर लाये तबही बन्धनको खुलवाये।
सबके प्रभूजी प्राण बचाये, बेड़ी कटगई कटगई कटगई, मेरी॰ ३॥
मेरी नव भवकी है प्रीत, स्वामी करो न ये अनरीत।
मेरे तुम्हीं हो सांचे मीत येही पड़गई पड़गई पड़गई मेरी॰ ४॥
राजुल नाम सुना भवतारी मैं हूं मूरख नार गंवारी।
वीर कहै आई शरणप्रभु प्यारी, चरणों पड़गई पड़गई पड़गई मेरी॰५॥

भजन १५

(चाल—वीरान अयुध्या॰)

(एक स्त्रीका वीर भगवानके चरणोंमें भक्ति वश तल्लीन होना)

मैंतो चरणोंकी दासी हूं प्रभूजी तेरी।
पार भव दधसे नैयाको कीजै मेरी॥

सुनकर शरणमें आई हूं प्रभु नाम आपका।
सिरै सिंह नवकसे ये फल तुमरे प्रतापका॥
सुना गजकी तुम्हींने सुनी थी टेरी-मैंतो॰ १॥

द्रौपदीकी बेर तुमने ही मान कीना सहाई।
थका बस था दुशासनका सती लाज बचाई॥
बढ़ा चीरको क्षणमें करी थी ढेरी-मैंतो॰ २॥

जब सीताको बेर रामने अग्नि कुंड रचाया।
तभी कुंडसे सतीके ये फल तुमने दिखाया॥

जल कमल रचे नहिं कीनी देरी-मैंतो० ३ ॥
अंजनसा चोर पापी कुटिल, दुष्ट घनेरा।
मर अन्तमें उसने भी किया स्वर्गमें डेरा ॥।
अब क्यों देर लगाई है मेरी बेरी-मैंतो० ४ ॥

भजन १६

(चाल—वेदोंका डंका आलममें०)

दया धर्मका झंडा भारतमें फहरा दिया वीर जिनेश्वर ने।
सच्चे शिवपुरके मारगको बतला दिया वीर जिनेश्वर ने ॥
बौद्धोंने देश जब घेरा था, हिंसाका घोर अन्धेरा था।
तभि ज्ञानके सूरजसे जगको चमका दिया वीर जिनेश्वर ने ॥ १ ॥
पशु यज्ञमें धर्म बताते थे, अश्वमेधा यज्ञ रचाते थे।
उपदेश दे सब यज्ञ मंडलको तुडवा दिया वीर जिनेश्वर ने ॥ २ ॥
चहुं ओरमें भ्रमण विहार किया, दयाधर्मका सबको पाठ दिया।
जिन धर्म नकारा भारतमें बजवा दिया वीर जिनेश्वर ने ॥ ३ ॥
जगका पाखंड हटाय दिया सच्चा शिव पथ बताय दिया।
न्याय युक्तीसे सीधा मारग बतला दिया वीर जिनेश्वर ने ॥ ४ ॥
भवसिन्धु से पार लगाय दिया, आपत्तिमें धर्म बचाय दिया।
हर वीरसे अहिंसा धर्मकी जय, बुलवा दिया वीर जिनेश्वरने ॥५॥

भजन १७

(मंदोदरी का रावणको समझाना)

तुम देदो हरकी सीता प्रीतम मान मान मान ॥ टेक ॥
वे योधा हैं बलकारी, पिया मानों सीख हमारी।
नहिं पडजा विपता भारी, छिनमें आन आन आन ॥ १ ॥

रन संग है लछमण भ्राता, रणधीर बड़ा बलकारी।
शत्रु को मसला डारे, धनुको तान तान तान ॥ २ ॥
संग हैं सुग्रीव की सेना सन्मुख कोई शूर पड़ेगा।
रण पीछे पैर धरेगा लेकर प्राण प्राण प्राण ॥ ३ ॥
सीता दे आप यश लीजे छोड़ो वीर हठ्य जा कीजे।
जाते न तुम्हारे छीजें प्रीतम मान मान मान ॥ ४ ॥

भजन १८

(चाल—पीले प्याला हो मतवाला प्याला प्रेम हरी रसका है)
अब प्रभु मालम हो उजियाला वेग छुड़ो तेरे घट घट कारे।
काल अनंत रुल्यो जग भीतर लख चौरासी में भटकारे ॥ अब० १ ॥
नर्क निगोद सहे दुख बहुते, तन तिर्यंच कलेश पटका है।
पशु भया अति बोझ लदाया भूखा न आस चाबुक सटकारे ॥ २ ॥
देव भया अति पुण्य उदयसे मिला न शांति अशुभ फटकारे।
फिरे भ्रमनमें झूठा तू निशदिन लख सुरांगना मन भटकारे ॥ ३ ॥
नर तन पाय गंवाया बालक तरुण कामिनी में अटकारे।
होते ही वृद्ध शिथिल भई इन्द्री, जगत सगा धमका मटकारे ॥ ४ ॥
अब भी चेत अरे मनमूरख पता लगा भवदधि तटकारे।
वीर प्रभो दया धर्मकी नौका जपो मगनमस्त रहि बटकारे ॥ ५ ॥

भजन १९

(चाल—लगो रे मन हरि विमुखन के संग)
करो रे मन सज्जन जनको संग।
नीचकी संगत नीच कहावे उत्तम जन सतसंग ॥ टेक ॥

चिन्तामणि नहिं काच कहावै, धेनु न होत कुरङ्ग ।
हंस न देखो वगुला कहतो, भुरंड न होत भुरंग ॥ १ ॥
चन्दनको कोऊ नीम न कहवत, सागर होत न गङ्ग ।
अमृतको नहि विष उच्चारत, खरको कहै न तुरङ्ग ॥ २ ॥
कोयलको कोई काक न कहवत, महिषि न होत मतंग ।
नहि सितार को कहत सरङ्गी, नहि मृदगको चंग ॥ ३ ॥
दिनको रैन नहीं कोइ कहवत रविको कहै न पतंग ।
चीर चन्द्र नहिं श्वेत दूधकों, कहै कोई कारो रङ्ग ॥ ४ ॥

भजन लावनी २०

चाल—रंगत ख्याल लंगड़ी ।

(एक गृहस्थीको एक महात्माको उपदेश)

पाकर के नरतन को प्राणी वृथा हाथसे नहिं खोना ।
जान सदा कंचन इसको तू कांचके धोके नहिं खोना ।
किये पुन्य शुभ कर्म पुरवले जव तैं यह नर तन पाई ।
तिसपर भी एक हाड़ मासको थैली ही तो है भाई ॥
मात पिताके रज वीरजसों, इस शरीरका उपजाई ।
है अशुचि घिनावनहार सदा जिसको तैं मलमलकर न्हाई ।
अव लागा तेल फुलेल लगानै तनिक ज्ञान लाता क्योंना ॥ १ ॥
वालपना तैं गयो खेल अव युवा अवस्थाने घेरा ।
कामिन संग कामांध हुआ और लगा करन मेरा मेरा ॥
धन कुटुम्ब और पुत्र मेरे हैं सकल सामग्री का डेरा ।
ज्ञानी ध्यानी धर्मी हूं मैं और सकल मान करैं वहुतेरा ॥
अरे वैठकर मदमें हस्ती पार न हो भवदधि छौना ॥जान०२॥

मैं ब्राह्मण हूं मैं क्षत्रिय हूं, मैं श्रेष्ठ मार्ग वैष्णव प्यारा।
भ्रम चौरासी चक्करका नहिं नाम मात्रसे छुटकारा॥
यद्यपि कष्ट होंगे समान सह भीम भस्म खोसा कारा।
पर गुण व नंव शुभ कर्म पूर्वक, देखो तो मानवमें धारा॥
तभी तो प्रात: सुप्रभ भास्कर राखृत चढ़ाते हैं क्योंना ॥श्राम॰३॥
चेत चेत नर है अचेत शिव मार्ग यही तोहे आमा है।
सीधा है मार्ग शुभ कर्म शाग, तेरा मनरुप होय कल्याना है॥
रिपु कर्मभार कर दया धार, सत्गुरु उपदेश सुनाना है।
महावीर मत हो अधीर, सब सुफल कार्य हो जाना है।
कहीं गुड मुकुट अठोनामका सावुन कर्म मैलको से धोना॥ ४॥

भजन २१

(चाल—मत बांधो गठरियां अपयश की)

मत बांधो गठरिया पापनकी।
कर कर अपरम सदा खिलायो महल मदरिया कंचनकी।
तनधन देह सभी क्षणभंगुर,बिनि बिनसै बिजुली घनकी ॥मत॰१॥
मनकी इच्छा सदा रही नहीं नारि सुता सुत धन जनकी।
रैन दिवस चिंतामें बीतत सुलगत ज्यों अग्नी वनकी॥ २॥
कौन है तू और कहांसे आया कौन सुखी इस नर तनकी।
पड़े करम फल सबहि भोगना पापी के मस्तक गिर गनकी॥ ३॥
परोपकार छोरसे धिसपी कूदी ये दया मनमोहन की।
कुड़ी करमकी घोले मनुवां हो बाह को मनवच वतरनकी॥ ४॥
प्राण पखेरू जब ये निकसे रहे आय सभी मनकि मनकी।
महावीर (भागचन्द) मत्रो अब कोई होय रही आपु तनकी॥५॥

भजन २२

(चाल—मै तो पियापै बलहारी पिया बोलै न बोलै)

प्रभु घटहीके पटमें तुम्हारी, जिया कहां कहां रे डोलै—टेक

पर्वत नदि श्मशान गया तू कुवे बावड़ी न्यारी-जिया० ॥ १ ॥

गोकुल जाय वृन्दावन ढूंढ़ा. पुरी अजुध्या सारी-जिया० ॥ २ ॥

भूत प्रेत काली कप्पाली, जंत्र मंत्र किये भारी जिया० ॥ ३ ॥

पीरों फकीरोंकी चादर चढ़ाई, कभी कवरोंपे सर दे मारी ॥ ४ ॥

मन्दिर जाय शिवाला देखा, तीरथ क्षेत्र हजारी ॥ जिया० ५ ॥

अव तो शांति सुधापियो प्यारी, वनो मन मन्दिरके पुजारी ॥ ६ ॥

भजन २३

—()—

गहो अब बांह प्रभु मेरी शरण तुमरी मैं हूं आया।
मोह दुष्ट ग्राहने मुझको भवोदधि आन अटकाया—टेक

मनुष्य तिर्यंच देवो नर्क ये चारों भंवर भारी।
अजी बस अष्ट कर्मों ने, मुझे इन बीच भटकाया ॥ १ ॥

जगत मिथ्यात सब पूजे, अहिंसा धर्मको भूला।।
निजातम त्याग मैं कंचन, वृथा ये कांचको ठाया ॥ २ ॥

दया दृष्टो करो स्वामी, तो उरझी वेग ही सुरझै।
तरन तारन तुम्हीं जिनजी, तुम्हारा ध्यानमें लाया ॥ ३ ॥

दयानिधि दीन रक्षक हो, निकालो दु:ख सागर से।
शरण "महावीर" है तुमरी, तुम्हारा पद कमल भाया ॥ ४ ॥

भजन २४

(चाल—बूढी काले का कैसा बहाना हुआ)

हाय कलियुगका कैसा जमाना हुआ
करके बचपन में ब्याह किया भारत तबाह
सोचे समझे कुछ नाह, हुई विधवा अब आह
कहीं विधवा का किस्सा उठाना हुआ ॥ हाय० १ ॥
बाल विधवा ये नार, रोवें ऐसे जिसप्रकार
कहें परियो परवार, किया हमको ख्वार
मेरे विपता में कोई सगा न हुआ ॥ हाय० २ ॥
सुनो विधवा कोई नार, हो पर पुरुषनके लार
करें छुप २ व्यभिचार, कुरीति होवे प्रचार
फिर तो पानी पुलिसको सुनाना हुआ ॥ हाय ३ ॥
जैनजाति प्रवीन तथा ऐसो क्यों कीन
बनती श्रावक हो दीन रोवें भारत पे दीन
जैनजातिका नाम घटाना हुआ ॥ हाय० ४ ॥
ब्याह बचपन का मात, छोड़ो सौभी समाज
करो विद्या रिवाज, त्यागो सारे कुकाज
होवे भारतको सबको जगाना हुआ ॥ हाय० ५ ॥
प्रथम ब्रह्मचर्य धराय, दूजे विद्या पढ़ाय
तीजे मनुष्य शुभपाय फिर कीजे विवाह
जागो महावीर होवे जमाना हुआ ॥ हाय० ६ ॥

भजन २५

(चाल—वता दे सखी कौन गली गये श्याम)

रे भजले प्राणी श्रीजिनवर गुणधाम (टेक)

हित चितसे तू करले सुमरन, त्याग मोह मद काम-तू० ॥१॥
नरतन पाय वृथा क्यों खोवत, जामन मरण ले थाम-तू० ।२॥
तन धन देख काहेको फूले, लोहू भरी यह चाम-तू० ॥ ३ ॥
गहो (वीर) अनमोल रत्नको, लगे न कछु भी दाम-तू० ॥ ४ ॥

भजन २६

(चाल—एक तीर फेंकता जा)

ऐ जैनके दुलारो ! मोह नींदको विसारो ।
निज देश जातिकी कुछ, अव तो दशा निहारो ॥ टेक ॥
अविद्याने देश सारा, किया नष्ट ये हमारा ।
ऐसी कलङ्कनीका, मुहकारा कर निकारो ॥ १ ॥ ऐ जैन०
आपसमें प्रेम राखो, नहिं फूट फलको चाखो ।
मैत्रिक हो भाव सबमें, सब राग द्वेष टारो ॥ २ ॥ ऐ जैन०
वनिये न तुम प्रमादी, वचपनकी त्यागो शादी ।
ब्रह्मचर्यकी धराकर, सन्तान, निज सुधारो ॥ ३ ॥ ऐ जैन०
विद्या प्रचार कीजै, इसमें न ढील दीजै ।
ब्रह्मचर्य आश्रम को, धन दे करो सहारो ॥ ४ ॥ ऐ जैन०
यदि उन्नति जो चाहो, शिल्पी कला बढाओ ।
मिश्रो स्वदेश वस्तु, मिलकर सभी प्रचारो ॥ ५ ॥ ऐ जैन०
कटि बांध मित्र आओ, कुछ करके तो दिखाओ ।
तभी देश जाति सुधरे, हो वीर जग उजारो ॥ ६ ॥ ऐ जैन०

भजन २७

(चाल—जय जय २ देव महेश पूजैं तुम्हें सकल नरनारी)

दीजै दर्शन आज जिनेश, भव वन भटकत बहु दिन बीते—टेक
क्व चौरासी जूनमें भटका कहिं आनन्द न पाया
आज कर्म शुभ उदय हुआ जो तुम शरणागत आया
निर्मल है तुमरा उपदेश, वैरी कर्म महारिपु जीते—दीजै० ॥ १ ॥
करकैं मिथ्या मतका खंडन सत्य मार्ग दिखलाया
ज्यों भानुकी किरण छिटकते तिमिर मैं करत हटाया
फिर कर तुमने देश विदेश, जगकी पुकारी मनरीतें—दीजै० ॥२॥
ऐसे देव छोड़ मैं सांची शरण काहुकी जाऊं
यह वरदान वीरचन्द मांगू नहिं भव वन भटकाऊं
मिटगये मम सम्पूर्ण कलेश कारज सरे है मोमन चीते—दीजै० ॥३॥

भजन २८

(चाल—यार यों झपि बतलाते है)

सभी स्वारथके नाते है तुम चेतो चेतन सभी सभी स्वारथके नाते हैं
मात कहै मै सेवक तुमरा, कह सेव जिनआप
तनिक भूमिके ऊपर दोनों कट कट मरते हाय
सर्व धन धान्य गंवाते हैं सभी स्वा० ॥ १ ॥
नार कहै मैं तुमरी पत्नी, तुम मेरे भरतार।
पती मारकर सतो होती, करती अत्याचार ॥
भेद नहि इसके पाते हैं सभी स्वा ॥ २ ॥
मित्र कहै बचपनसे हम तुम रहे हैं दोनो साथ
काम पड़े पर धोखा देत शुपकर करते घात ॥

भेद दिलहीमें छुपाते हैं, सभी स्वा० ॥ ३ ॥
पुत्र कहै मैं आज्ञाकारी, हूं चरणोंका दास ।
युवा होतही तनिक बातपर, अलग करे ग्रहवास ॥
बदल फिर नयन दिखाते हैं, सभी स्वा० ॥ ४ ॥
मात तात और कुटुम कबीला. सब स्वारथ संसार ।
महावीर भज श्रीजिनवरको, होजा भवदधि पार ॥
समय चूके पछताते हैं, सभी स्वा० ॥ ५ ॥

भजन २६

(चाल—थी किसे खबर ये धर्म पाल यवनों से आवेगा)

थी किसे खबर अकलंक गुरू आ हमें जगावेगा ?
कर सत्यधर्म परचार आन, जिन धर्म बतावेगा ॥
ब्रह्मचारी रूप निज करके, चटशाल बौद्धकी पढ़कै
दी पोल खोल सब बढके, धर्मका नाद बजावेगा ॥ १ ॥
बौद्धोंने देश जब घेरा, अकलंक बना तब चेरा ।
पा अवसर किया उजेरा, ज्ञान भानू चमकावेगा ॥ २ ॥
अहिंसा परमधर्म बतलाया, फिरसे दयाका वृक्ष बढ़ाया ।
आ सोतेसे हमें जगाया, धर्म उपदेश सुनावेगा ॥ ३ ॥
भाई छोटा सहोदर प्यारा,। निकलंक नयनका तारा ।
प्राण अपने धर्मपर वारा, धडसे सर जुदा करावेगा ॥ ४ ॥
अकलंक ऋषि तुम्हें, धन्य है दिया धर्म प्रचार तनमन हैं ।
रिपुका जो खडक तिरशन हैं, लहू भाईका चटावेगा ॥ ५ ॥
चेतो धर्मी भारत प्यारे, कैसे ऋषि तुमपै बलहारे ।
यशको बारम्बार पकारे. वीर नहटौरो गावेगा ॥

सकल धर्मका सार यही है, लेतू ग्रन्थ टटोल ॥ चेत० ॥ ४ ॥
जो भवसागर उतरा चाहे, नौका दया अमोल ।
कहत अहिंसा यह भारतसे, वीर वजाकर ढोल ॥ चेत० ॥ ५ ॥

भजन ३२

(चाल—छोड़ो न तुम धरमको०)

इतनी कृपा हो प्रभुजी, जव प्राण निकलें तनसे ।
हो समाधि मरण मेरा, छूटूं जनम मरणसे ॥ टेक ॥
यह लख चौरासी योनी, दिन रात घूमी दूनी ।
फिरू चारों गतिमें भ्रमता, दुखो होकै भवके वनसे ॥ १ ॥ इतनी०
धन धान्य मोह माया, परिग्रहने जो फंसाया ।
सवसे ममत्व छूटे, कहूं तन व मन वचनसे ॥ २ ॥ इतनी० ॥
गुरु जनसे नहीं सारे, पितु मात वन्धु प्यारे ।
सवसे क्षमा मैं चाहूं, छोटे वड़े स्वजनसे ॥ ३ ॥ इतनी० ॥
भागें कर्म चोर वैरी, वचै ज्ञान निधि ये मेरी ।
फिर वन्द न करै मुझको, इस चर्म पींजरनसे ॥ ४ ॥ इतनी० ॥
तप दर्श ज्ञान चरना, इनकी ही मुझको शरना ।
चारों करू अराधन, महावीर धीर पनसे ॥ इतनी० ५ ॥

३३ जिनवाणी शारदा स्तुति ।

(चाल—नाथ ऐसा दो आशिर्वाद)

मात दो विमल वुद्धि वरदान
शारद सरस्वति कहैं जिनवाणी, भगवती कृपानिधान ॥ मात०टेक
प्रभु मुखनसे प्रगट हुई, गुरू गौतम किये वखान ।
ज्ञान भानु त्रिभुवनमें फैला, हटा तिमिर अज्ञान ॥ १ मात० १ ॥

जिनेन्द्र गुण गानेमें ,नहिं तूने लगाया मनको
कुमतिके सङ्गहो भोगोमें गवाया धनको
हाय ज्ञान दर्पण न तेरे हाथ आया-जिया०
उत्तम नर देहपा हाय तूने नो योंही खोया
जानै मालूम नहि कवसे पडाथा सोया
अव भी उठहो सचेत मान्ले सत गुरूवानीं
प्यारे कुछ करले नहि कठिनहैं नर तन पानी
वीर चिन्तामणीको क्यों काच वनाया । जिया०

भजन ३६

(चाल—एक तीर फैंकनाजा तिरछी कमान वाले)

चेतन तु चेत प्यारे विरथा क्यों मन डुलावै
वैरीहै कर्म तेरे जिनसे तु नेह लावै ॥ टेक ॥
धन द्रव्य देख निसदिन, किस कारने तु फूला
चक्रीसे होगये है जिनका पता न पावै ॥ चेतन ० १ ॥
अर्जुन और भीम वलमें एक होगये हैं नामी
पर देखतो कहा है, जीवनको क्यों वितावै ॥ चेतन० २ ॥
कुछ कार्य श्रेष्ट करना, नेकीको लेके मरना
चाहे भलातो करले, मुह वाये काल आवै ॥ चेतन० ३ ॥
धन वाले मग्न धनमै, वलवाले मग्न तनमै
वीर हो मगन भजनमें, गुण क्योंन प्रभुके गावै ॥ चेतन० ४ ॥

भजन ३७

(चाल—अव तुम सोचो रे नर ज्ञानी)

अरे सुन मनवारे अभिमानी तने सीख न सतगुरु मानी,

मनुष देव तिर्यंच नर्कको ले चारों गति छानी।
पर वस्तुमें रहा सदा निज वस्तु नाय पिछानी ॥ अरे सुन० १॥
कुगुरु कुदेव कुमार्गमें लग को अपनी नित हानी।
काम मानुषको कभो न मिलो ऐसीकी नादानी ॥ अरेसुन० २॥
दर्शन ज्ञान चरन तोहि सम्पति कर्मोंने है ठगानी।
विषय वासनाके वसमेंहो सुध बुध सारी भुलानी ॥ अरे० ३॥
चतुर विना तोहि डोलत बीत्यो, इस भवदधिके पानी।
दया धर्मकी नौका चढ़के (धीरे) भजो जिनवानी ॥४ अरे० ॥

भजन १८

(चाल—बिदेशियोंको हम समझाने आयेगे)

कबतक भारत को अपने:सुचापे आयोगे
मोहकी निद्रामें सोकरके अंगो काम मार्गों—
और नास्तिक कहाये जाओगे, कब० (टेक)
भारती कुछ लाज नहीं अंग कहाते बाबा
कबतक अपनी को हाय नाम लजाते बाबा
अहिंसा धर्मके अंकुरको उठानेवाले
अबतो तुम जागिये है धर्म धरमे वालो
क्या तुम अंगोकी सच्चा घटाये जाओगे कबतक भारत० १॥
अबतो अवर्द्धमान वीरका तुम ध्यान कीजिये
आलस प्रमाद त्याग देश उपकार कीजिये
उठकरके सत्य धर्मका बस नाद कीजिये
मिथ्यामतकी तरहसे प्राण दान कीजिये
क्या दीपकसे भानु छिपाये जाओगे कबतक भारत २॥

ऊठ अबतो सत्य धर्मका डंका बजाइये
झंडा अहिंसा धर्मका चहुं दिशि फहराइये
नास्तिक और वाममार्गका निश्चय कराइये
जिन धर्मकी जय घोलकर संशय मिटाइये
वीर जबही तो उत्तम गिनाये जाओगे, कबतक भारत० ॥

भजन ३९

बड़ो है मेरो ये आतम बलवान,
निजको परखे लोकको जाने, ऐसो शक्तीवान।
सकल चराचर भेदको जानै हैगो नहीं अजान, बड़ो है मेरो० १॥
आतमामें परमातम पदको, करै आप पहिचान,
जैसी प्रभाहै सिद्ध जिनेशकी, निज करै तैसी बखान, बड़ोहै मेरो० २॥
जड़के बस, पड हुवो नहीं जड, हैं चेतन गुणवान।
कर्म पलटके अलग होतही, चमक उठेगो भान ॥ बडोहै मेरो० ॥३॥
भव बन तबतक भ्रमण करैये, जबतकये रहै मान
महावीर जब मन उचटैगो, जैहैं शिवपुर थान ॥ बडोहै मेरो० ॥४॥

भजन ४०

(चाल—पतीव्रत धर्मको जो पालन किया नार सीताने)
अबतो जागियोरे बहुते सोये जैन दुलारो (टेक)
जिस धनके सचय करनेमें, अतीपरिश्रम भरते,
उसी द्रव्यसे वेश्या नृत्य, और मौज माज हाय करते ॥ अबतो० १॥
बाल विवाह और कन्या विक्रय, वृद्ध विवाह मन भाया
सिरपर पोट पापकी बांधी भारतवर्ष डुबाया ॥ अबतो० २ ॥
[illegible] ल और मदिरा भावे

अपनको हाथ उत्तम कहते सनिक लाज नहीं आवे ॥भवतो०॥३॥

धर्म कर्मको भए किया, जनको बाहर ठहराया।
देव नागरी माया हमारी इसमें प्रेम घटाया ॥ भवतो० ॥४॥

शिल्प कलासे तुम्हें प्रमादी, काम नाम भव कीना।
मोह अविद्याके वस मैंहा तुमने ध्यान न दीना ॥ भवतो० ॥५॥

लाखों धनविना दम भरते, देते एक न पैसा।
जैन गुरुकुल और माश्रमको देते करो भरोसा ॥ भवतो० ६ ॥

दीन हीन भारतकी दशापर, ध्यान नहीं कुछ धरते
कितने भाई दुखी हमारे, भूखों नित्य है मरते ॥ भवतो० ॥७॥

वीर कभी कहलाओ जगमें बिछुड़े कंठ लगाओ
सत्य धर्मका भवतो प्यारो उठकर भाव बढ़ाओ ॥भवतो० ८॥

भजन ४१

जिया तूनो काहेको विरथा गमावे ऐसो नरजन फेर न पावे (टेक)

धारी पर्याय पशु थी सबते, कहो क्या तोहे बन आये
अब नरदेहो पाकर जियरा क्यों न प्रभु गुणगावे ॥जिया तूनो० २॥

इन्द्र धर्णेन्द्रये चाह करे निज कब मानुष तन पावे
करें तपस्या नरदेहीसों अमर मोक्षपद पाव ॥ जिया० तूनो० ३ ॥

तन धन धाम पे धाम सुता सुत, पुण्य उदयसे पावे।
कालके गालमें जगत रहेंहै, समो परी इह आवे ॥जिया तूनो० ॥३॥

सतगुरु सोख न मानरे भैया पार जो भवदधि आवो।
महावीर इस सिप मग चलिये जहांसे लौट न आये जियातूनो०॥४॥

भजन ४२

(चाल—श्रीराम मनुष्या बुलाओ मुझे)

पाके नरतनको,तूनेये क्या रे किया, औसर बढ़केमें फिर पछताओ जिया
तन धन सुता सुत जाल भरो फंस गया परवारमें

मोहके चक्करमें पड़, अटका अरे मझधार मैं
तूने सत गुरुका क्यों न सहारा लिया—पाके० १ ॥
नरतनसे कर उपकार कुछ, परभवमैं तू परवश पड़ै
इस कर्म वैरी संगसे, कहा कहा गले कहा २ लड़े
दया धर्म सुधा कोरे क्योंना पिया पाकै० २ ॥
कालरूपो देख हस्ती आ रहा वोह आ रहा।
आ अचानक कण्ठ दावे, कोई क्षण है जारहा ॥
चेतो वेग तो हे समझा रे दियो-पाके ० ३ ॥
दान पुन्यकर धर्म संचय, धार हिरदेमैं दया
पारहो भवदधसे तू, जप तपसे कर मनको नया
वीरो प्रभु के चरणमें लगाले जिया ॥ ४ ॥ पाकै०

भजन ४२

क्यों भटकै चहुगति चेतन, न सत गुरु सीख मानी है
विषय भोगोमें सुख माने, कुमति ये तूने ठानी है क्यों० १ ॥
भुजंग समभोग कहलावै, क्यों इनसे नेह तू लावै
नहीं फल अन्त कुछ पावै, चेत नहि तेरी हानी है क्यों० २ ॥
यही भव वन में भटकावे, जन्म मरणादि कर पावै
नर्क तिर्यंच दिखलावै, न पावे सुक्ख प्रानी है, क्यों० ३ ॥
जो इनसे प्रीति ना लाया, महत और सेख कहलाया
अचल उसनेही पद पाया, मिली शिव राजधानी है क्यों० ४ ॥
हुवा चेतन क्यों मदमाना, चित्त विषयनमें जो लाना
पाय नरतनको गर्माता, जो जल बुदबुद समाना है क्यों० ५ ॥
चेत चेतन जो बन आवै, फेर अवसर नहीं पावै
वीर तू क्यों नहीं ध्यावै, जो सत ओंकार बानी है क्यों० ६ ॥

भजन ४४

(चाल—अरेमन समझ गाफिल न हो सियाराम को सियाराम को)

अरेमन वृथा क्यों खोवता अरहन्तको २

बीते समय पछतायगा अरहन्तको अरहन्तको

ऐसे जो देव अरहन्त हैं, जिन कर्म कीने अस्त है

मव्योंको दे कोश पंथ हैं अरहन्तको ५ अरेमन० १ ॥

जिन तनकी ऐसी ज्योति है चन्द्र सूर्य फीके होत है

निर्मल ही मुख मुख होत है अरहन्तको २ अरेमन० २ ॥

जाके सदा उपदेशको धारें यति मुनि भेषको

छोडें परिग्रहक्लेशको अरहन्तको २ अरेमन० ३ ॥

मोह नवमें क्यों खोवता अवसर ये हाथसे जो रहा

अब देत कह क्यों जो रहा अरहन्तको २ अरेमन० ४ ॥

भजन ४५

(चाल— पहलूमें यार है मुझे उसकी खबर नहीं)

सबने हाय जैन धर्मको हमने छुपा दिया ॥

सम्मासियोंमें शास्त्र रख ताला लगादिया ॥

ऐसेमतिमन्द हम हुवे कुछ भी न मिली खबर ।

बस दीमकों चूहोंका हाय भोजन बनादिया ॥ १ ॥

चहुँओर शोर अबहुवा काम मार्ग का बड़ा

नहीं तो आपप्रभु वीरने हमको जगा दिया ॥ २ ॥

दिग विजय सकल जब किया मिथ्यातका खंडन

मंडन कर सत्य धर्म का डंका बजा दिया ॥३ ॥

सांचेको आंच है नहीं ये प्रगट जगतमें

उदयहो ज्ञान रविने अज्ञान तम हरा दिया ॥४॥

सता सतका निर्णय हुवा, भ्रम जाल हटगया

इस वीर जैनवानी ने शिवमग लगा दिया

भजन ४६

चाल—मात दो आशिर्वाद।

नाथ अव हरो मेरे भव फंद।

तुम स्वामि मैं सेवक तुमरा, हो तुम आनन्द कन्द।

सेवा करु सदा चरणों का वालक हूं मति मंद ॥ नाथ० १ ॥

मैं सदैव औगुणका धारी, तुम प्रभु गुणके वृन्द।

जन्म २ के पातक विनसै निर्खत जिन मुख चंद ॥ २ ॥

कभी शरीर एक इन्द्री धारा, कभी धरा चौ इन्द्र।

दो और तीनकी क्या है गिन्ती सहे अनेक दुख द्वन्द ॥ ३ ॥

वाल पना खेलतमें खोयो यन्या रहो अति अन्ध।

युवा अवस्थाके होते ही हाय हुवा कामंध ॥ नाथ० ४ ॥

वृद्ध अवस्था देखके रोयो नहिं गुंण गायो जिनंद।

अन्त मैं हाथ पसारे चल दिये छाड़ सकल जग धंध ॥ नाथ० ५ ॥

तुच्छ ये वालक दास आपका महावीर मतिमन्द।

सदा चर्णों में चाहे गिरना जैसे कमल मकरन्द ॥६ ॥

भजन ४७

चाल—ऐसे भौंदूसे फूटे मेरे भागरे।

चलना दूर पथिक तू जागरे

पी मद मोह वृथा क्यों सोवत

आलस अविद्याको वेगि तुम त्यागरे ॥चलना दूर० १॥

सत गुरु सीख धार कर माहीं,

झूठे गपोड़ोंसे दूर ही तू भाग रे ॥ चलना दूर० २ ॥

सत गुरु सीख धार उर माहीं—

काल बिसार विषय विष खावे
छाड़ मरास कयों पावें सु कागरे ॥ चलना दूर० ३॥

भक्ति में तन मन प्रभुको मगाले
गम्दे उधारो न मुलसी तू रागरे ॥चलना दूर० ४॥

आठों दिन होवे तेरा ये पीसे
छाड़ कुमारग सुमारगको लागरे ॥चलना दूर० ५॥

भजन ४८

चाल—मन तिरना भूमि पग धरना

मनुवा प्रभु-नाम सुमिरना
जैसी करनी तैसी भरनी पड़ेकरमोंका फल भरना ॥ मनु० टेक० ॥
तन धन य धाम सुत बंधु धामहो एक दिन सबसे बिछड़ना ॥मनु०१॥
कर पर उपकार नित दयाधार सतगुरु उपदेश ये धरना ॥मनु०२॥
श्री गुरु जिनेश मन भज हमेश जो चाहत भव दधि तरना ॥मनु० ३॥
सब काम काज गाज गये शंकराज रहवत ओऊ वीर समरना ॥मनु० ४॥

भजन ४९

(चाल—श्रीराम मनुष्या मुझको मुझे)

ऐसी छोड़ शरण प्रभु जाऊं कहां
मिले देव दया निधि मुझको जहां

तन मन है शांति मुद्रा-प्रदि नासापर करे
शांति छवि वैराग सूरत पदम आसन को धरे

इनके मैन दरस कर मैंने यहां —ऐसी० १ ॥
शुभ भाग्यसे अवसर मिला कैसे मैं आय बिसार दूं
साथ नहिं छोड़ू या अब तन मन तुम्हीपर वार दूं

मेरा पुन्य पकड़ ले आया यहां ऐसी० २ ॥

लाख चौरासीमें भटक कर सुख कहीं पाया नहीं

नरतन सिवा कहीं मोक्षमारग और वनलाया नहीं

भोगे दुक्ख हैं नर्कोंके मैंने महा ॥ ऐसीं० ३ ॥

हर भवमें रहूं चरणोंका चेरा' दासको ये आस है

छोड़ू नहीं संग एक पल, मुझको वड़ा विश्वास है

वीरा साथमै शिवपुर जाऊं वहां । ऐसी० ४ ॥

भजन ५०

(चाल—मधुवनमें, आज मचीहोरी-माधुवनमै)

दयासागर, मोरी सुनोंवानी, दयासागर

जडके सङ्गमें चेतन फस गया सगरो सुध बुध विसरानी दया० १॥

लेकर चतुर्गतिमें घूमा, अपनी कराई मन मानी दया० २ ॥

लख चौरासी भ्रमण कराया, मिला न कहीं अनजल-पानी दया० ३॥

कहां तक अपनी कहू विथामें, सब तुम जानो अन्तरयामी दया० ४॥

दर्शन ज्ञान चरित्र मेरोधन, कर्म चोर ठगा दुखदानी दया० ५ ॥

वैरन तृष्णा मोहे दुख देवें, मोह जलमें उरझानी दया० ६ ॥

भाग भले तुम दर्शन पाये, अवकृपा करो केवल ज्ञानी दया० ७ ॥

दो ऐसो वरदान वीरको, अन्त मिले शिव-सुख दानी दया० ८॥

भजन ५१

दादरा

वेगि भवदधिसे मोको निकारो प्रभू० (टेक)

पडकर चक्र करमके फन्दे नहि ज्ञान अज्ञान विचारो प्रभू० १ ॥

काल अनन्त चौरासी भटका' अव भुजवल वलहारी प्रभु० २ ॥

पुन्य उदयसे शुभकुल पाकर, अवमैं नरतन धारो प्रभु० ३॥

तिसमें सब स्वारथके साथी, मात पिता परिवारो प्रभु० ४ ॥

सुख सम्पतिके साथी सबके दुखमें नहिं कोउ थारो० ५ ॥

दास वीरको आस तिहारी कर कृपो दयाकी उधारो प्रभु० ६ ॥

भजन ५२

(चाल—ज्ञान दयागर गुणके सागर सीस निवाऊं तुम्हें परमेश)

ज्ञान प्रकाशक, भव तम नाशक, प्रथम मनाऊं तुम्हीं जिनेश ।

तुम गुण गावें, ध्यान लगावें सुर नर सारे शची दिनेश ॥

पापको सुमारे, धर्म विचारे, पाते नित्य शिव यही हमेश ।

मिथ्यात्व हटाया, सत्य दिखाया, दूरकिया सब मानका क्लेश ॥

दिया सोतेसे जगा, देख मोह तम भगा ।

सब मार्गमें लगा, जिन धर्म में लगा ॥

कृपा ऐसीहो जिनन्द छूटे सारी भवके फन्द ।

मति बुद्धिके हैं मंद, शरण आयो वीर चन्द ॥

ज्ञान प्रकाशक, भव तम नाशक, प्रथम मनाऊं तुम्हीं जिनेश ॥

भजन ५३

(चाल—हमारा मेरे कामका मोती)

पहनोरी पहनो धर्मशील धोती

कर्मों की कीच धुलावन कारन सत्यके साबुन धोती-पहनो १ ॥

दया धर्ममें रंगकर पहनो चमक उठेगी ज्योती-पहनो २ ।

सम्यक दर्शन ज्ञान चरणके, बहुत टांकदो मोती-पहनो० ३ ॥

हीरे साड़ी कुविदे पहने पहने न मानी गोती-पहनो० ४ ॥

मैली धरें जो शीलकी साड़ी भव भवमें फिरें रोत-पहनो ५ ॥

पहले पहनी इस साड़ीको सीता द्रोपदीसी होती-पहनो ६ ॥

मिले मनुष भवहीमें ये साड़ी या अवसर क्यों खोती-पहनो ७ ॥

ज्ञान वचन महावीर बोलके, मोह नींद क्यों सोती-पहनो ८ ॥